सूर्योदय : 6:56
सूर्यास्त : 5:28
अधिकतम तापमान : 19.0
न्यूनतम : 10.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-198 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 09 जनवरी 2025
08 रजब 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



## पीएम नरेंद्र मोदी ने आंध्र प्रदेश को दी दो लाख करोड़ रुपये की सौगात

# आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजनः मोदी

**तोहफा**
- पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के साथ रोड शो किया
- भविष्य की तकनीकियों का केंद्र बनेगा आंध्र प्रदेश



**अमरावती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आंध्र प्रदेश को दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी।

विशाखापत्तनम में आयोजित कार्यक्रम में पीएम परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें हरित हाइड्रोजन केंद्र और औषधि पार्क प्रमुखता से शामिल हैं। इससे पहले उन्होंने पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ विशाखापत्तनम में रोड शो किया। पिछले वर्ष लगातार तीसरी बार पीएम का पद संभालने के बाद यह मोदी का राज्य का पहला दौरा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है। आंध्र प्रदेश के लोगों की सेवा हमारा संकल्प है। आंध्र प्रदेश को 2047 तक करीब 2.5 ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस विजन को साकार करने के लिए चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने स्वर्ण आंध्र एट 2047 की पहल की है। इसमें केंद्र की एनडीए सरकार भी आंध्र प्रदेश के हर लक्ष्य के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। इसलिए केंद्र सरकार लाखों करोड़ की योजनाओं में आंध्र प्रदेश को विशेष प्राथमिकता दे रही है। पीएम मोदी ने कहा, आज यहां दो लाख करोड़ से ज्यादा की लागत की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। ये परियोजनाएं आंध्र प्रदेश के विकास को नई ऊंचाई देंगे। मैं इन विकास परियोजनाओं के लिए आंध्र प्रदेश सहित पूरे देश को बधाई देता हूं। आंध्र प्रदेश अपने नवाचार की प्रकृति के कारण आईटी और तकनीकी का इतना बड़ा केंद्र है। अब समय है आंध्र नई और भविष्य की तकनीकियों का केंद्र बने। जो तकनीकी विकसित हो रही है, हम अभी से उसमें आगे रहें। उन्होंने कहा, आज ग्रीन हाइड्रोजन एक उभरता हुआ क्षेत्र है। देश ने 2023 में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन की शुरुआत की थी। हमारा लक्ष्य है कि 2030 तक पांच मिलिनिट मिट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन हो। इसके लिए शुरुआती चरण में दो ग्रीन हाइड्रोजन केंद्र स्थापित होंगे। जिनमें से एक हमारा विशाखापत्तनम है। भविष्य में विशाखापत्तनम दुनिया के उन गिने-चुने शहरों में होगा, जहां इतने बड़े पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की सुविधा होगी।

# अनीता आनंद बन सकती हैं कनाडा की प्रधानमंत्री

- पेशे से वकील
- 2019 से हैं सांसद
- चौतरफा दबाव के बाद ट्रूडो ने प्रधानमंत्री पद छोड़ा था



अनीता आनंद लिबरल पार्टी की सीनियर मेंबर हैं। वह 2019 से कनाडाई संसद की सदस्य भी हैं। उन्होंने ट्रूडो सरकार में कई प्रमुख विभागों को संभाला है, जिसमें पब्लिक सर्विस और खरीद मिनिस्ट्री, नेशनल डिफेंस मिनिस्ट्री और ट्रेजरी बोर्ड के अध्यक्ष की जिम्मेदारी शामिल है। वह 2024 से ट्रांसपोर्ट और इंटरनल ट्रेड मिनिस्टर हैं।

**ओटावा।** कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे के बाद भारतीय मूल की सांसद अनीता आनंद का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए प्रमुखता से लिया जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सत्ताधारी लिबरल पार्टी इस साल होने वाले संसदीय चुनाव से पहले नया प्रधानमंत्री चुन सकती है। बुधवार यानी आज पार्टी के नेशनल कॉकस की बैठक भी होने वाली है।

माना जा रहा है कि पार्टी में अनीता के नाम पर सहमति बन सकती है। अगर ऐसा होता है तो वो कनाडा में प्रधानमंत्री पद पर पहुंचने वाली पहली अश्वेत महिला होंगी। फिलहाल जब तक कोई नया नेता नहीं चुन लिया जाता, तब तक ट्रूडो पद पर बने रहेंगे। पार्टी नेताओं की तरफ से लगातार बढ़ते दबाव के बाद प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने 6 जनवरी को पार्टी लीडर और पीएम दोनों पद से इस्तीफा दे दिया था। वे सितंबर 2021 में तीसरी बार पीएम बने थे। उनकी सरकार का कार्यकाल अक्टूबर 2025 तक था। अनीता के पिता तमिलनाडु जबकि मां पंजाब की रहने वाली थीं। हालांकि, अनीता का जन्म और पालन-पोषण कनाडा के ग्रामीण क्षेत्र नोवा स्कोटिया में हुआ था। उन्होंने क्वीन्स यूनिवर्सिटी से पॉलिटिकल साइंस में आर्ट्स ग्रेजुएशन, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से न्यायशास्त्र में आर्ट्स ग्रेजुएशन, डलहौजी यूनिवर्सिटी से लॉ ग्रेजुएशन और टोरंटो यूनिवर्सिटी से लॉ में मास्टर्स किया।

## न्यूज डायरी

### यूक्रेन ने किया ड्रोन हमला



**कीव।** दो साल से ज्यादा समय से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध में आये दिन कोई ना कोई बड़े हमले की खबर सामने आती रहती है। इसी बीच यूक्रेनी सेना ने बुधवार को कहा कि उसने रूस के सारातोव क्षेत्र में एक ईंधन भंडारण डिपो पर हमला किया, जिसके कारण एक महत्वपूर्ण रूसी हवाई अड्डे की आपूर्ति करने वाली सुविधा में भीषण आग लग गई। रूसी अधिकारियों ने इस हमले को स्वीकार किया और बताया कि इस क्षेत्र में एक बड़े ड्रोन हमले के बाद, आग बुझाने के लिए एक आपातकालीन कमांड सेंटर स्थापित किया गया है।

### तिरुपति मंदिर में भगदड़, चार मरे



**तिरुपति।** तिरुपति मंदिर के विष्णु निवास के पास भगदड़ में 4 लोगों की मौत हो गई है। यह घटना उस काउंटर के पास हुई जहां बैकुंठ एकादशी सर्वदर्शन टोकन जारी किए जाते हैं। इस घटना में दो अन्य लोग घायल हो गए हैं। उन घायलों को इलाज के लिए तिरुपति रुया अस्पताल ले जाया जा रहा है। तिरुपति मंदिर के रामानायुडू स्कूल के पास भगदड़ में सेलम के मल्लिगा (50) के साथ चार लोगों की मौत हो गई। इन मौतों को लेकर उनके रिश्तेदारों ने अस्पताल में प्रदर्शन किया। सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना में घायलों को दिए जा रहे इलाज के बारे में अधिकारियों से फोन पर बात की। उच्च अधिकारियों को घटना स्थल पर जाकर राहत उपाय करने का आदेश दिया है ताकि घायलों को बेहतर उपचार मिल सके।

### दिल्ली में बसपा अकेले लड़ेगी चुनाव

**लखनऊ।** बसपा अध्यक्ष मायावती ने बुधवार को कहा कि उनकी पार्टी दिल्ली विधानसभा चुनाव अपने बलबूते लड़ेगी और बेहतर प्रदर्शन करेगी। मायावती ने उम्मीद जतायी कि चुनाव आयोग सरकारी मशीनरी के दुरुपयोग के साथ ही साम्प्रदायिकता व अन्य घिनौने प्रचार से चुनाव को दूषित होने से बचाएगा। एक्स पर कहा दिल्ली विधानसभा का आमचुनाव आगामी पांच फरवरी को एक चरण में होगा। चुनाव आयोग द्वारा इस बारे में की गयी घोषणा का स्वागत। बीएसपी यह चुनाव अपनी पूरी तैयारी व दमदारी के साथ अकेले अपने बलबूते पर लड़ रही है। उम्मीद है कि पार्टी इस चुनाव में ज़रूर बेहतर प्रदर्शन करेगी।

# वी नारायणन होंगे इसरो के नए चीफ



**चेन्नई।** केंद्र सरकार ने प्रतिष्ठित अंतरिक्ष वैज्ञानिक और एलपीएससी के निदेशक वी नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का अगला अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया है। यहां प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार, कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने मंगलवार शाम को इसकी घोषणा की। नारायणन 14 जनवरी से निवर्तमान प्रमुख एस सोमनाथ का स्थान लेंगे।

केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि श्री नारायणन की नियुक्ति दो वर्षों के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, किया गया है। आम तौर पर वीएसएससी के निदेशक को इसरो का अध्यक्ष बनाया जाता है और शायद पहली बार होगा जब एलपीएससी निदेशक को इस पद पर पदोन्नत किया गया है। उल्लेखनीय है कि सोमनाथ, जिन्होंने वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम निदेशक के पद से पदोन्नत करके जनवरी 2022 से इसरो का नेतृत्व किया, उनके नाम कई सफलताएं हैं, जिनमें ऐतिहासिक तीसरा चंद्र मिशन चंद्रयान-3 जिसने चंद्रमा के अनछुए दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र पर सॉफ्ट लैंडिंग की, जिससे भारत यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला विश्व का पहला देश बन गया, सूर्य के लिए आदित्य-एल1 पहला मिशन और नवीनतम दो स्पैडएक्स उपग्रहों को लॉन्च करके पहला स्पाई डॉकिंग प्रयोग प्रौद्योगिकी प्रदर्शन और पीएसएलवी-सी60 को 30 दिसंबर, 2024 को पूरा करने का लक्ष्य, जिससे भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला विश्व का चौथा देश बन गया, शामिल है। इसरो ने एक्स पर कहा कि अंतरिक्ष डॉकिंग 09 जनवरी को सुबह आठ बजे के बाद शुरू होगी।

# एक देश एक चुनाव पर जेपीसी की पहली बैठक

## एक राष्ट्र-एक चुनाव पर सदस्यों को सूटकेस में सौंपी 18 हजार पन्नों की रिपोर्ट

- बिल की निष्पक्ष और खुले दिमाग से जांच करेंगे



**नई दिल्ली।** एक देश एक चुनाव संबंधी दो विधेयकों के लिए गठित संसदीय समिति ने बुधवार को अपनी पहली बैठक की। इस बैठक में भाजपा सदस्यों ने इस अवधारणा की सराहना की, जबकि विपक्षी सांसदों ने इस पर सवाल उठाए। कानून मंत्रालय की तरफ से जेपीसी के सदस्यों को पढने् के लिए नीले सूटकेस में 18 हजार पन्नों की विस्तृत रिपोर्ट रिपोर्ट दी गई। मीटिंग के बाद भाजपा सांसद संबित पात्रा, आप सांसद संजय सिंह सहित कई सांसद यह रिपोर्ट सूटकेस में ले जाते दिखे।

कांग्रेस ने विधेयक को असंवैधानिक और लोकतांत्रिक ढांचे का उल्लंघन बताया। बैठक के बाद आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने एक्स पर पोस्ट में भी उस सूटकेस के साथ अपनी फोटो शेयर की है, जिसमें जेपीसी सदस्यों को पढने् के लिए रिपोर्ट दी गई है। आम सांसद ने फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि एक देश-एक चुनाव की जेपीसी में हजारों पन्ने की रिपोर्ट मिली है। आज एक देश-एक चुनाव की जेपीसी मीटिंग की पहली मीटिंग हुई। बैठक में कानून मंत्रालय के अधिकारियों ने प्रस्तावित कानूनों के प्रावधानों पर प्रेजेंटेशन दी। भाजपा ने बिल का समर्थन करते हुए कहा कि यह देशहित में है। वहीं, कांग्रेस सहित कई विपक्षी दलों ने इसे संविधान के मूल ढांचे के खिलाफ और लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया। जेपीसी को बजट सत्र के पहले हफ्ते के आखिरी दिन तक अपनी रिपोर्ट संसद में पेश करनी होगी। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हर फैसला देश के हित में होता है। लगातार चुनाव देश के विकास में बाधा हैं। हम हमेशा चुनाव की तैयारी करते रहते हैं। कांग्रेस की तरफ से जेपीसी के सदस्य सांसद सुखदेव भगत ने कहा कि यह सरकार और पीएम मोदी की जिद का नतीजा है। वे बहुमत में हैं इसलिए जेपीसी में बातचीत कम होगी। बहुमत के बल पर अपने विचार देश पर थोपने की कोशिश की जा रही है। भाजपा सांसद और जेपीसी अध्यक्ष पीपी चौधरी ने कहा कि हम सरकार के बिल की निष्पक्ष और खुले दिमाग से जांच करेंगे। हमारी कोशिश आम सहमति बनाने की होगी।

# वक्फ है या भू-माफियाओं का बोर्ड एक-एक इंच लैंड वापस लेंगे : योगी

- वक्फ के नाम पर जमीन कब्जाने वालों की खैर नहीं
- गरीबों के लिए बनाएंगे आवास : मुख्यमंत्री

### धर्म और परंपरा के प्रति जागरूकता का संकेत



सीएम ने कहा कि संभल में श्रीहरि विष्णु का दसवां अवतार कल्कि का उल्लेख पुराणों में मिलता है। वहां धार्मिक स्थलों को तोड़कर कब्जा करने का प्रयास हुआ। हमारी सरकार ने न्यायालय के आदेश के अनुसार कार्रवाई की। यहां दंगाइयों को सख्त संदेश दिया। यदि कोई अंतर्मन से अपने धर्म में लौटना चाहता है, तो उसका स्वागत होना चाहिए। यह धर्म और परंपरा के प्रति जागरूकता का संकेत है।

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में सीएम ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत की सनातन धर्म की जो मान्यता है, यह दुनिया के सबसे प्राचीन संस्कृति है। इसकी तुलना किसी मत मजहब और संप्रदाय से नहीं हो सकती। सनातन की परंपरा आकाश के भी ऊंची है।

सीएम ने कहा कि यह समझना मुश्किल है कि वक्फ बोर्ड है या भू-माफियाओं का बोर्ड। हमारी सरकार ने वक्फ अधिनियम में संशोधन किया है। एक-एक इंच जमीन की जांच करवा रही है। जिन लोगों ने वक्फ के नाम पर जमीन कब्जाई है, उनसे जमीन वापस ली जाएगी। गरीबों के लिए आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पताल बनाए जाएंगे। सीएम ने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि अगर भारत को समझना है, तो राम, कृष्ण और शिव की परंपरा को पढ़ो। जो नेता लोहिया जी के नाम पर राजनीति करते हैं, उन्होंने इनकी बातों को कभी नहीं समझा। जो लोग अयोध्या के विकास का विरोध कर रहे थे, उन्हें वहां जाने का नैतिक अधिकार नहीं है। वहीं प्रयागराज महाकुंभ पर सीएम ने कहा कि महाकुंभ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। इसके आयोजन के दौरान भारत के ऋषि-मुनि एकत्र होकर उस समय की सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों पर चिंतन करते थे। यह आयोजन न केवल परंपरा का सम्मान है, बल्कि इसे भविष्य की पीढ़ियों के लिए संरक्षित करना भी आवश्यक है। सीएम ने कहा कि 2019 के प्रयागराज कुंभ में यह देखा गया कि कैसे आधुनिक तकनीक, प्रबंधन और संस्कृति का सामंजस्य किया गया। यही प्रयास आने वाले महाकुंभ में भी होगा। इसे भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। इस आयोजन से न केवल देश के नागरिक, बल्कि दुनियाभर के लोग भी आकर्षित हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 10 वर्षों में जो प्रगति की है, महाकुंभ इसका सशक्त माध्यम बनेगा।

# लोकसभा चुनाव तक के लिए ही था इंडिया गठबंधनः तेजस्वी



**बक्सर।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इंडिया गठबंधन को लेकर बड़ा बयान है। उन्होंने कहा है कि इंडिया गठबंधन लोकसभा चुनाव के लिए बना था। इसके गठन के पीछे का उद्देश्य ही लोकसभा चुनाव था। यह पहले से ही तय था। बिहार के परिपेक्ष्य में बात करें तो यहां पर विपक्ष की सभी पार्टियां शुरू से ही एकजुट है। हमलोग साथ में काम कर रहे। आगे भी करेंगे। दिल्ली विधानसभा चुनाव में राजद के चुनाव लड़के के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि दिल्ली में चुनाव लड़ेंगे या नहीं यह फैसला राष्ट्रीय जनता दल करेगा। अब तक हमारे दल ने इस पर फैसला नहीं किया है। पार्टी की स्थिति जल्द ही स्पष्ट होने की संभावना है। दरअसल, तेजस्वी यादव बुधवार को बक्सर पहुंचे। उन्होंने संवाद कार्यक्रम में भाग लिया। राजद कार्यकर्ताओं से बातचीत की। आगामी विधानसभा चुनाव पर चर्चा की। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने सीएम नीतीश कुमार पर जमकर हमला बोला। तेजस्वी यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार टायर्ड हो चुके हैं। प्रगति यात्रा पर सवाल उठाते हुए कहा कि हमारे प्रदेश के मुख्यमंत्री अभी यात्रा पर निकले हुए है। चार बार यात्रा का नाम बदल चुका है। अंत में प्रगति यात्रा के नाम पर निकले हुए हैं। उन्होने कहा कि यह दुर्गति यात्रा है। जिस प्रकार से मुख्यमंत्री को अपने ही जनता से संवाद करने के लिए रिटायर्ड अधिकारियों का सहारा लेना पड़ रहा है।

# आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद जैसे दानवों के खिलाफ मिलकर लड़ेंगे : जयशंकर

- जयशंकर ने बताईं एससीओ की प्राथमिकताएं

### आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई पर जोर

विदेश मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि उन्हें पूर्ण रूप से भरोसा है कि क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरंचना (आरएटीएस) की मदद से एससीओ द्वारा आतंकवाद के खिलाफ मजबूत कार्रवाई की जा सकती है। डॉ. एस जयशकंर ने कहा कि अस्ताना में हुए शिखर सम्मेलन में आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई पर चर्चा की गई और इस बात से वे बहुत खुश हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष दिल्ली में एससीओ शिखर सम्मेलन हुआ था। उस दौरान आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद को बढ़ावा देने वाले कट्टरपंथ से संयुक्त रूप से मुकाबले पर जोर दिया गया था। विदेश मंत्री ने आगे कहा कि कजाखस्तान में भी शिखर सम्मेलन के दौरान इस प्रतिबद्धता के उद्देश्य को आगे बढ़ाया गया है।

**अस्ताना।** भारत के विदेश मंत्री डॉक्टर एस जयशंकर ने वैश्विक शांति के लिए आतंकवाद को एक बहुत बड़ा खतरा बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया है कि आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले प्रायोजकों, वित्तपोषकों की तलाश कर उन्हें सख्त सजा देना बेहद जरूरी है। विदेश मंत्री ने इस दौरान प्रत्यक्ष रूप से पाकिस्तान पर कटाक्ष किया।

कजाखस्तान के अस्ताना में हाल की में एक साक्षात्कार के दौरान डॉ. एस जयशंकर ने ये बातें कहीं थीं। डॉ. जयशकंर ने जोर देते हुए कहा, 'तीन दानवों (आतंकवाद, अलगाववाद और उग्रवाद) के खिलाफ लड़ने की बेहद आवश्यकता है।' दरअसल, चार जुलाई को अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का शिखर सम्मेलन आयोजित करवाया गया था। इस दौरान जयशंकर ने भारतीय प्रतिनिधि मंडल का प्रतिनिधित्व किया था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लिया था। डॉक्टर एस जयशकंर ने कहा, 'इस बात में कोई शक नहीं है कि आतंकवाद आज विश्व के लिए सबसे प्रमुख चुनौती बन गया है। यह वैश्विक और राष्ट्रीय शांति के लिए एक खतरा बन गया है। हम सभी को आतंकवाद के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। आतंकवाद से लड़ने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है।



# ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट से की सजा पर रोक लगाने की अपील



जज जुआन एम मर्चन को करना है फैसला

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की कि न्यूयॉर्क में गोपनीय भुगतान (हश मनी) मामले में शुक्रवार को होने वाली सजा को रोक दिया जाए। ट्रंप के वकीलों ने बुधवार को शीर्ष कोर्ट का रुख किया, क्योंकि न्यूयॉर्क के अदालतें सजा टालने की उनकी अपील को खारिज कर चुकी थीं। हश मनी मामले में सजा न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन तय करेंगे, जिन्होंने मई में ट्रंप को 34 आपराधिक आरोपों में दोषी ठहराया था। ट्रंप पर आरोप थे कि उन्होंने अपने व्यापारिक लेन-देन को छिपाने या गलत तरीके से दिखाने के लिए कुछ दस्तावेजों में हेरफेर की। न्यायाधीश मर्चन ने यह संकेत दिया है कि वह ट्रंप को जेल की सजा, जुर्माना या परोल (शर्तों पर रिहाई) नहीं देंगे। ट्रंप के वकील सुप्रीम कोर्ट के एक पुराने फैसले का हवाला दे रहे हैं, जिसमें यह कहा गया था कि राष्ट्रपति को कुछ मामलों में आपराधिक आरोपों से सुरक्षा (इम्युनिटी) मिलती है। उनका कहना है कि इस फैसले के आधार पर ट्रंप के खिलाफ जो सबूत न्यूयॉर्क के हश-मनी मामले में इस्तेमाल हुए हैं, उन्हें राष्ट्रपति की सुरक्षा के तहत छिपाया जाना चाहिए।

# कांग्रेस का एक और बड़ा ऐलान लॉन्च की 'जीवन रक्षा योजना'




**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने दिल्ली में सत्ता में आने पर बुधवार को ''जीवन रक्षा योजना'' के तहत 25 लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि प्रस्तावित योजना क्रांतिकारी साबित होगी। उन्होंने कहा, ''दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनने की संभावनाएं बढ़ रही हैं। मेरा मानना है कि यह देश के लिए भी जरूरी है।'' गहलोत ने यह भी कहा कि प्रस्तावित योजना दिल्लीवासियों की स्वास्थ्य देखभाल संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के वास्ते पार्टी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस घोषणा के दौरान पार्टी के चुनाव प्रचार अभियान का नारा ''होगी हर जरूरत पूरी, कांग्रेस है जरूरी'' प्रमुखता से प्रदर्शित किया गया, जिसमें सभी के लिए आवश्यक सेवाएं सुनिश्चित करने के कांग्रेस के ''वादे'' पर प्रकाश डाला गया। गहलोत ने कहा कि प्रस्तावित योजना का उद्देश्य परिवारों को व्यापक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करना है जिसके दायरे में गंभीर बीमारियों, अस्पताल में भर्ती होने और उपचार के लिए चिकित्सा व्यय को शामिल किया जाएगा। दिल्ली में 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच फरवरी को होगा और मतगणना आठ फरवरी को होगी।

# मिशन मैदान से स्कूली बच्चों की निखरेगी प्रतिभा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अनूठी पहल ÷मिशन मैदान÷ अब जमीन पर आकार लेने लगी है। इस ऑपरेशन के तहत रूफटॉप पर तैयार किए जा रहे निर्माणाधीन इनडोर गेमिंग जोन की प्रगति जानने के उद्देश्य से बुधवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीडीओ अभिषेक कुमार संग नगर क्षेत्र के ईदगाह और काशीराम कॉलोनी में संचालित परिषदीय विद्यालय में निर्माणाधीन इनडोर गेमिंग जोन की प्रगति जानी और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए परिषदीय विद्यालय ईदगाह और काशीराम कॉलोनी पहुंची, जहां उन्होंने विद्यालय की छत पर तैयार हो रहे इंडोर गेमिंग जोन की प्रगति जानी और उनके निर्माण के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। गेमिंग जोन निर्माण में सुरक्षा मानकों को शत प्रतिशत सुनिश्चित कराया जाए। उन्होंने गेमिंग जोन में फ्लोर मैट, गेमिंग जोन की बाहरी व आंतरिक दीवारों पर खेल से संबंधित चित्रण आदि के संबंध में जरूरी दिशा निर्देश दिए। गेमिंग जोन में उपलब्ध कराई जाने खेल सामग्री और गतिविधियों के संबंध में भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि इसे तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अनूठी पहल मिशन मैदान (MaiDAN—Maintaining and Developing Arenas for NextGen) के तहत प्रथम चरण में जिले के 1000 परिषदीय विद्यालयों को अपना खेल मैदान (गेमिंग जोन) मिलेगा। वृहद स्तर पर स्थान उपलब्धता वाले 205 परिषदीय विद्यालयों में हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित किए जाएंगे। 765 विद्यालयों में खो-खो कबड्डी वालीबाल और बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित होगे। वही खेल मैदान की अनुपलब्धता वाले 30 विद्यालय चिन्हित किए गए हैं, जहां रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन विकसित किए जाएंगे, इसमें कैरम, चेस, माइंड गेम, सिमेट्री गेम, टेबल टेनिस खेल गतिविधियां होंगी बताते चलें कि छात्रों के शारीरिक स्वास्थ्य और समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने 1,000 स्कूलों में उच्च गुणवत्ता वाले आउटडोर खेल के मैदान बनाने की एक अभिनव परियोजना शुरू की है। परियोजना का उद्देश्य वॉलीबॉल, बैडमिंटन और कबड्डी जैसे खेलों के लिए सुरक्षित, टिकाऊ और स्पष्ट रूप से चिह्नित खेल क्षेत्रों का निर्माण करना है। साथ ही सीमित स्थान वाले स्कूलों के लिए रचनात्मक समाधान प्रदान करना है। ऐसे स्कूलों में मजबूत और आधुनिक ढांचे का उपयोग करते हुए, छत पर खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं, जो सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए जगह का अधिकतम उपयोग करते हैं। इस पहल में स्थानीय संसाधनों के उपयोग और मनरेगा टीमों की भागीदारी के माध्यम से सामुदायिक सहयोग, स्थिरता और विस्तार की संभावनाओं को भी सुनिश्चित किया गया है। ये खेल के मैदान छात्रों में टीमवर्क, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देंगे, जिससे उनके समग्र विकास और कल्याण में योगदान मिलेगा।



## दुष्कर्म के अभियुक्त को दस साल के सश्रम करावास व अर्थदंड की सजा

**सहारनपुर।** न्यायालय अपर-सत्र न्यायाधीश एडीजे-14 ने दुष्कर्म के मामले में नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म के मामले में एक अभियुक्त को 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 10,000 रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनायी है। शासकीय अधिवक्ता मेघराज सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 दिसम्बर 2019 को वादिया की तहरीर पर अभियुक्त जीशान पुत्र शमशेर निवासी ग्राम टोडरपुर थाना चिलकाना के खिलाफ वादिया के घर में घुसकर उसकी नाबालिग पुत्री को चाकू से डरा धमकाकर जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के मामले में थाना मण्डी पर धारा 376, 506भादवि व 3/4 पोक्सों अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि पत्रावली पर आये साक्ष्यों व सशक्त पैरवी के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एडीजे-14 द्वारा अभियुक्त जीशान को धारा 376, 506भादवि में दोषी पाते हुए 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

# न मझगईं थानाध्यक्ष सस्पेंड होगा और न ही 30 लाख रुपये मुआवजा देंगे: सीओ पीपी सिंह

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मझगईं थाना क्षेत्र के हुलासीपुरवा गांव निवासी गैंगस्टर रामचंद्र की मौत के मामले ने तूल पकड़ लिया है। सोमवार को रामचंद्र की संदिग्ध हालात में मौत हुई थी। परिजनों ने पुलिस पर पिटाई करने का आरोप लगाया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव घर पहुंचा तो नाराज परिजनों व ग्रामीणों ने मंगलवार को पलिया मार्ग पर बाइक और ट्रैक्टर-ट्रॉली खड़ी कर जाम लगाने का प्रयास किया। शव का अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। इस पर पुलिस अफसरों और परिजनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई सीओ धौरहरा पीपी सिंह अपना आपा खो बैठे। उन्होंने मृतक के परिजन से कहा कि न मझगईं थानाध्यक्ष सस्पेंड होगा और न निघासन न ही 30 लाख रुपये मुआवजा देंगे सीओ ने आगे कहा कि जितने दिन रखना है डेड बॉडी को रख लो। हम यहां से जा रहे हैं, जो करना है कर लेना। इसके बाद सीओ समेत सभी पुलिसकर्मी वहां से चले गए। इसका वीडियो वायरल हो रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने इस वीडियो को एक्स पर साझा करते हुए भाजपा पर निशाना साधा। सपा मुखिया ने भाजपा को हृदयहीन पार्टी बताया हुलासीपुरवा गांव निवासी दिनेश कुमार ने आरोप लगया था कि मझगईं थाने और निघासन कोतवाली के पुलिसकर्मी उसके भाई रामचंद्र और उसके एक साथी को थाने ले गए, जहां रामचंद्र को बुरी तरह पीटा। हालत बिगड़ने पर पुलिसकर्मी उसे निघासन सीएचसी में छोड़कर चले गए, जहां मौत हो गई। पोस्टमॉर्टम के बाद बम्हनपुर से शव लेकर हुलासीपुरवा गांव पहुंचे वाहन को ग्रामीणों ने घेर लिया। अधिकारियों के समझाने के बावजूद परिवार वाले अंतिम संस्कार को राजी नहीं थे। पहले प्रभारी निरीक्षक मझगईं दयाशंकर द्विवेदी से बहस हुई। इंस्पेक्टर ने कहा था कि पूरे गांव पर हत्या के प्रयास का मुकदमा लिखकर जेल भेजूंगा। इनका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। प्रभारी निरीक्षक खुद पर ट्रैक्टर चढ़ाने का आरोप लगाते हुए चालक पर गैंगस्टर की कार्रवाई करने की बात कहते दिखे। रात में परिजनों को समझाने के दौरान सीओ धौरहरा पीपी सिंह भड़क गए। सीओ यह कहते हुए वहां से उठकर चले कि न मुआवजा देंगे और न कोई सस्पेंड होगा। जितने डेड बॉडी करना है रख लो। पूरे घटनाक्रम का वीडियो वायरल हो रहा है।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पलिया पुलिस द्वारा मु0सं0 441/2013 अ0सं0 454/2012 धारा 302/201/120बी/404 भादवि में वारण्टी अभियुक्त फूलकेवल पुत्र पुत्तू दास को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया है।

# एसपी सिटी अभिमन्यु मांगलिक का जनपद भदोही हुआ स्थानान्तरण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक का स्थानांतरण जनपद भदोही के पुलिस अधीक्षक के पद पर होने पर जनपद में तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने उनका माल्यार्पण कर व स्मृति चिन्ह भेंटकर उनकी कार्यशैली की सराहना की। पुलिस लाइन स्थित सभागार में आयोजित विदाई समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सागर जैन, पुलिस अधीक्षक यातायात सिद्धार्थ वर्मा, सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य पुलिसकर्मियों ने अभिमन्यु मांगलिक को फूल मालाएं पहनाकर और प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अधिकारियों ने कहा कि अभिमन्यु मांगलिक जैसे अधिकारी पुलिस को नई ऊर्जा और प्रेरणा देते हैं। उन्होंने अपने दो साल के कार्यकाल में संगठित अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए विशेष ऑपरेशन चलाए। उनके नेतृत्व में पुलिस ने कई वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया।

## एनडीए परीक्षा पास करने पर छात्रा प्रिंसी को की 51 हजार की नगदी भेंट

**सहारनपुर।** महानगर की प्रमुख शिक्षण संस्था शैमफोर्ड फ्युचिरिटिक स्कूल की छात्रा प्रिन्सी चौहान ने अपने पहले ही प्रयास में एनडीए की परीक्षा पास कर कीर्तिमान स्थापित किया है। प्रिंसी चौहान की इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंध समिति ने उन्हें 51 हजार रूपये की धनराशि देकर सम्मानित किया है।

गौरतलब है कि महाराजा गार्डन निवासी रामवीर सिंह एवं श्रीमती मिथिलेश सिंह की बेटी प्रिंसी चौहान ने प्राइमरी से बारहवीं तक की शिक्षा शैमफोर्ड फ्युचिरिटिक स्कूल में प्राप्त की है। प्रिंसी हमेशा से ही कक्षा के साथ-साथ खेल कूद में भी प्रथम स्थान प्राप्त करती रही है। प्रिंसी चौहान के एनडीए की परीक्षा में सफल होने की सूचना मिलते ही स्कूल प्रबंधन एवं परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गयी।

# हथियारों की नोक पर परिवार को बंधक बनाकर बदमाशों की लूट, दो बदमाश पकड़े, दो फरार



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** थाना गागलहेड़ी क्षेत्रान्तर्गत शत्रुध्न कॉलोनी में बीती रात्रि चार हथियार बंद बदमाशों ने एक घर में घुसकर तांडव मचाते हुए लूट की घटना को अंजाम दिया। ग्रामीणों ने घेराबंदी कर दो बदमाशों को दबोचकर पुलिस को सौंप दिया। मिली जानकारी के अनुसासर थाना गागलहेड़ी क्षेत्रान्तर्गत शत्रुध्न कॉलोनी में बीती रात्रि चार हथियारबन्द बदमाश सैफ अली खान पुत्र स्व. शफक्कत खान के मकान में घुस गए तथा तमंचों की नोक पर घर मे सो रहे शोएब व उसक मां को बंधक बना लिया। मकान में बदमाशों के घुस जाने की आशंका के चलते सैफ अली ने पड़ौसियों को सूचना दी, जिस पर पड़ौसी जावेद, अल्फाक, मुजम्मिल समेत आसपास के कई लोग आ गए, लेकिन बदमाशों ने उन्हें गेट नही खोलने दिया। जब पड़ौसी छत के रास्ते से आने लगे, तो अपने को घिरता देख बदमाशों ने फायर झोंक दिए। जिसमें पीड़ित के मामा मुजम्मिल और उसके भाई मुस्तकीम के नाती अल्काफ पुत्र हारून निवासी ग्रीन सिटी थाना कोतवाली देहात घायल हो गये और उन्होंने साहस का परिचय देते हुए दो बदमाशों को पकड़ लिया। जबकि अन्य दो बदमाश पचास हजार रुपये की नगदी व एक आईफोन लेकर फरार हो गए। पकड़े गए बदमाशों में मोनू पुत्र नवाब सिंह गुर्जर निवासी वंशीपुरा थाना दौराला जिला मेरठ व तौसीफ पुत्र जमीर निवासी गफ्फार रोड कैलाशपुर थाना गागलहेड़ी शामिल है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस को ग्रामीणों ने दोनों बदमाश सौंप दिये। पुलिस ने बदमाशो के कब्जे से तमंचा, जिंदा कारतूस, चाकू व बाइक बरामद कर ली। इस संबंध में एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि बदमाशों से पूछताछ में फरार आरोपियों की पहचान हो गई है। फरार बदमाशों पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

## जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थल का किया निरीक्षण, लापरवाही पर कार्रवाई के निर्देश



**बरेली।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने विकास खंड मझगवां के ग्राम भोजपुर मढ़ी में स्थित अस्थाई गौ आश्रय स्थल का दौरा कर शीतकालीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि आश्रय स्थल पर शीतकालीन व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं थीं और साफ-सफाई में भी लापरवाही बरती जा रही थी।

जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौ आश्रय स्थलों पर ठंड से बचाव के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं, हरे चारे की उपलब्धता और साफ-सफाई को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही, सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तुरंत सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

### जिम्मेदारी तय करने के निर्देश

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि गौ आश्रय स्थलों की देखरेख में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जल्द से जल्द सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए, ताकि गौवंश को ठंड के मौसम में कोई समस्या न हो।

यह निरीक्षण जिलाधिकारी कार्यालय और सूचना विभाग बरेली की निगरानी में किया गया। मुख्य विकास अधिकारी ने भी इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की बात कही।

इस कदम से प्रशासन गौ संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को लेकर सतर्क नजर आ रहा है।

## शाहगंज पुलिस द्वारा 53 प्रकरणों में बरामद 906 लीटर अवैध शराब की गई नष्ट

**आगरा।** थाना शाहगंज के मालखाना में 53 प्रकरणों में रखी अवैध शराब को नष्ट किया गया। ऑपरेशन क्लीन के तहत थाना शाहगंज के मालखाना में 53 प्रकरणों में रखी अवैध शराब के नष्टीकरण के लिए थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आगरा के समक्ष प्रभावी पैरवी करते हुए अवैध शराब के नष्टीकरण के प्राप्त आदेश पर थाना शाहगंज पुलिस टीम द्वारा (96 ली0 अंग्रेजी शराब), (310 ली0 देशी शराब) एवं (500 ली0 मिलावटी कच्ची शराब) कुल 906 लीटर अवैध शराब को नष्ट किया गया। जानकारी अनुसार, ऑपरेशन क्लीन के तहत पुलिस उपायुक्त नगर, कमिश्नरेट आगरा द्वारा अवैध शराब को नष्ट करने हेतु टीम गठित की गयी। दिनांक 08.01.2025 को गठित टीम सहायक पुलिस आयुक्त, लोहामंडी, अभियोजन अधिकारी, कमिश्नरेट आगरा, प्रभारी निरीक्षक थाना शाहगंज, निरीक्षक अपराध थाना शाहगंज, व0उ0नि0 थाना शाहगंज एवं हेडमोहर्रिर मालखाना थाना शाहगंज की उपस्थिति में 53 प्रकरणों में बरामद कुल 906 लीटर अवैध शराब सम्बन्धी माल को थाना शाहगंज परिसर में खाली पड़ी जमीन में जेसीबी द्वारा गड्?ढा कराकर नष्ट कराया गया।

# तेज रफ्तार का कहर: पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही युवती की दर्दनाक मौत, बाइक ने मारी थी टक्कर



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** अलीगंज के पाकड़ गांव में नया साल एक परिवार के लिए कभी न भूलने वाला दर्द लेकर आया। 25 वर्षीय फरीन, जो पुलिस भर्ती की तैयारी में जुटी थी, अब इस दुनिया में नहीं रही। अलीगंज थाना क्षेत्र के पाकड़ मोहल्ले में दौड़ लगाने के बाद घर लौटते समय एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। अस्पताल में कई घंटों तक जिंदगी और मौत से लड़ने के बाद, फरीन ने आखिरकार दम तोड़ दिया।

**सपनों के साथ बुझ गया जीवन का दीपक**

फरीन तीन बहनों में सबसे बड़ी और घर की जिम्मेदारी संभालने वाली थी। पिता सज्जाद हुसैन ने बताया कि उनकी बेटी बेटों से बढ़कर थी। उसने पुलिस भर्ती के फिजिकल टेस्ट में सफलता हासिल कर ली थी और अब सिर्फ दौड़ का टेस्ट बाकी था। उसका सपना था कि फरवरी में खाकी वर्दी पहनकर वह परिवार का सिर गर्व से ऊंचा करे।

सज्जाद हुसैन का कहना है, ÷मेरी बेटी न केवल हमारी आशा थी बल्कि हमारे परिवार का सहारा भी थी। हमने उसके सपने पूरे करने के लिए हर मुमकिन कोशिश की, लेकिन भगवान ने हमसे सब छीन लिया।

**मां का बुरा हाल, मोहल्ले में शोक**

फरीन की मां समीम गहरे सदमे में हैं। उन्होंने कहा, ÷फरीन घर का कामकाज भी संभालती थी और अपने सपनों को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत करती थी।÷ उसकी मौत से पूरे मोहल्ले में शोक की लहर है।

**तेज टक्कर से गंभीर चोटें, बचाई नहीं जा सकी जान**

दुर्घटना के बाद फरीन के सिर में गंभीर चोटें आई थीं। डॉक्टरों ने तुरंत ऑपरेशन किया और उसे वेंटिलेटर पर रखा गया, लेकिन हालत बिगड़ती चली गई। आखिरकार, देर रात उसने दम तोड़ दिया।

**पुलिस जांच में जुटी, परिवार मांग रहा इंसाफ**

घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। परिवार ने दोषी बाइक सवार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

**तेज रफ्तार ड्राइविंग का सबक**

यह हादसा एक चेतावनी है कि तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि जीवन के लिए एक बड़ा खतरा है। यह घटना समाज को सड़क सुरक्षा और जिम्मेदार व्यवहार के प्रति जागरूक करती है।

फरीन जैसे युवा, जो अपने परिवार और समाज के लिए एक प्रेरणा बनते हैं, की असमय मृत्यु ने सबको झकझोर दिया है। यह हादसा हम सभी को सोचने पर मजबूर करता है कि लापरवाही से कितने सपने अधूरे रह जाते हैं।

## बीएल एग्रो ने अपनी सीएसआर पहल के तहत राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 के विजेताओं को पांच साल तक समर्थन देने का संकल्प लिया



*अवधनामा संवाददाता*

**कानपुर।** पेरिस पैरालिंपिक 2024 में उत्तर प्रदेश के एथलीटों की अभूतपूर्व उपलब्धियों का जश्न मनाते हुए बीएल एग्रो इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2024 विजेताओं के लिए एक व्यापक पांच वर्षीय सहायता कार्यक्रम की घोषणा की है। बीएल एग्रो के कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम का एक हिस्सा यह पहल पैरा-एथलीटों को अधिक से अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए सशक्त बनाने का लक्ष्य रखती है। बीएल एग्रो के प्रबंध निदेशक और यूपी पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संरक्षक आशीष खंडेलवाल ने पैरा-एथलेटिक्स की प्रशंसा करते हुए कहा हमारे पैरा-एथलीटों द्वारा प्रदर्शित धैर्य और दृढ़ संकल्प वास्तव में प्रेरणादायक है। उन्होंने हमें और भारत को गौरवान्वित किया है। बीएल एग्रो में, हम इस प्रतिभा को पोषित करना चाहते हैं और इन चैंपियनों को उत्कृष्टता की उनकी यात्रा जारी रखने में मदद करना चाहते हैं। इस पहल के साथ, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके पास और भी अधिक ऊंचाइयों को छूने के लिए आवश्यक सभी संसाधन हों। इस पहल की खेल समुदाय के दिग्गजों ने सराहना की। यू.पी. पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की चेयरमैन डॉ. दीपा मलिक ने कहा, सम्मान महत्वपूर्ण है, लेकिन निरंतर समर्थन ही वह चीज है जो क्षमता को स्थायी प्रभाव में बदल देती है।

# गड्ढे ने ली स्कूटी सवार की जान, आगरा नगर निगम पर लगा लापरवाही का आरोप

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा में नगर निगम की लापरवाही कोई नई बात नहीं है



बेजुबान जानवरों से लेकर इंसानों तक नगर निगम की लापरवाही आए दिन सामने आती रहती हैं। पर इस बार नगर निगम की लापरवाही के कारण एक जान जाने का आरोप लगा है। मामला मंगलवार की रात शाहगंज क्षेत्र की शंकर गढ़ की पुलिया का हैं जहां बीच सड़क पर गड्ढे में स्कूटी सवार फंस गया। सिर पर गंभीर चोट लगने पर उसे इलाज के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इलाज के दौरान बुधवार की सुबह उसकी मृत्यु हो गई।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, प्रकाशनगर के रहने वाले 45 वर्षीय राजेश कुमार मंगलवार रात करीब नौ बजे स्कूटी से घर जा रहे थे। अंधेरे के कारण शंकरगढ़ की पुलिया पर बीच सड़क के गड्ढे को देख नहीं सके। स्कूटी का अगला हिस्सा गड्ढे में घुस गया और राजेश उछल कर दूर जा गिरे।

हादसे में उनके सिर पर गंभीर चोट आई। बेसुध हालत में लोगों ने उन्हें उठाया। पुलिस को सूचना देकर एसएन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। इस मामले में पूर्व पार्षद राहुल चौधरी ने मीडिया को बताया की घायल राजेश की बुधवार सुबह इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी कई बार वाहन चालक यहां चोटिल हो चुके हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों के साथ कई बार नगर निगम के अधिकारियों इसकी शिकायत की थी। अधिकारियों ने शिकायत को ठंडे बस्ते में डाल दिया।

## भाजपा पार्षद पर हमला

**बरेली।** बरेली के प्रेमनगर थाना क्षेत्र में एक गाड़ी चालक ने भाजपा पार्षद पर हमला कर दिया। उन पर फायर झोंका। गनीमत रही कि फायर मिस हो गया। पीड़ित पार्षद ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बरेली के प्रेमनगर थाना क्षेत्र में एक चालक व उसके साथियों ने भाजपा पार्षद के कुत्ते को कार से कुचलकर मार डाला। पार्षद ने इसकी शिकायत की तो आरोपियों ने उन पर तमंचे से फायर झोंक दिया। पार्षद ने प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। वार्ड 42 चौधरी मोहल्ला के पार्षद चंद्र प्रकाश गुप्ता ने बताया कि बीते साल अक्तूबर में पड़ोसी विशाल कश्यप ने कार से कुत्ते को टक्कर मार दी थी। शिकायत के बाद मोहल्ले के लोगों ने समझौता करा दिया था। दिसंबर में विशाल के भाई आशीष ने उनके दूसरे कुत्ते को कुचलकर मार डाला। इस पर उन्होंने प्रेमनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मंगलवार को विशाल कश्यप ने चंद्र प्रकाश को घर के बाहर बुलाया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

# 3 महीने पहले लूट की वारदात को अंजाम देने वाला गिरफ्तार, रकम व सामान बरामद

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा कमिश्नरेट की पुलिस साल 2025 में नए कलेवर में नजर आ रही है। आगरा पुलिस कमिश्नर ने पुलिसकर्मियों के पब्लिक व्यवहार को लेकर एक गाइडलाइन जारी की है। गाइडलाइन के तहत अब पुलिसकर्मी किसी पीड़ित के साथ गलत व्यवहार नहीं कर सकेंगे। अब थाने और चौकी में तैनात पुलिसकर्मी जनता से तू-तड़ाक में नहीं बल्कि 'आप' संबोधन लगाकर बात करेंगे। तो वही अपराधिओं के प्रती सख्त नजर आ रही है।

अक्टूबर में लूट की घटना को अंजाम देने वाले एक अभियुक को गिरफ्तार कर लूट की रकम व सामान बरामद किया। पुलिस के अनुसार दिनांक 10.10.2024 को शिवम द्वारा थाना निबोहरा पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 09.10.2024 की शाम करीब 8



बजे शिवम फतेहाबाद से अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में लालपुरा चौराहे पर मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा पीछे से आकर वादी की मोटरसाइकिल को रोक लिया और शिवम की जेब से 20,000 रुपये, 01 रेडमी का मोबाइल व बैग से 01 सैमसंग की टैब को लूट कर भाग गये। उक्त घटना के सम्बन्ध में थाना निबोहरा पर मु0अ0सं0 73/24 धारा 309 (4) बीएनएस पंजीकृत किया गया था। उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। इसी क्रम में दिनांक 08.01.2025 को थाना निबोहरा पुलिस टीम द्वारा चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस टीम को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि उक्त घटना से संबंधित 1 अभियुक्त शाहवेद चौराहे के पास खाद की दुकान पर बैठा है। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये अभियुक्त प्रशान्त कुमार को शाहवेद चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त से पूछताछ करने पर अभियुक्त द्वारा अपना नाम प्रशान्त कुमार मीना व अपने साथी का नाम अँकी उर्फ अंकित बताया गया। बरामद मोबाइल व रुपये के बारे में पूछने पर अभियुक्त द्वारा बताया गया कि करीब 3 माह पहले अभियुक्त ने साथी के साथ मिलकर लालपुरा चौराहे से 01 व्यक्ति से 01 मोबाइल रेडमी, 01 टैब सैमसंग व 20,000 रुपये लूट लिये थे। अभियुक्त के साथी अँकी ने 01 मोबाइल रेडमी व 10,000 रुपये अभियुक्त को दिये थे, ये वही मोबाइल व रुपये है।

## जिला जेल में बंदियों को मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश, जैकेट व कंबल का वितरण



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जिला न्यायाधीश ,जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का निरीक्षण कर बंदियों को मूलभूत आवश्यक सुविधाओं को देने के निर्देश दिए। जिला कारागार उरई का एक संयुक्त निरीक्षण किया गया, जिसमें जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ दुर्गेश कुमार ने कारागार की स्थिति का जायजा लिया। इस निरीक्षण के दौरान, संबंधित अधिकारियों ने बंदियों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान केंद्रित किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए, बंदियों को जैकेट और कंबल वितरित किए गए। कारागार की साफ-सफाई और अलाव की व्यवस्था समुचित मिली। बंदियों की सुविधा के लिए विशेष ध्यान दिया गया और यह सुनिश्चित किया गया कि सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हों। जनपद न्यायाधीश ने यह निर्देश दिए कि जिन बंदियों के पास पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हैं, उनकी शीघ्र व्यवस्था की जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि इन मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए ताकि किसी भी बंदी को न्याय मिलने में कोई बाधा न आए। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अभिषेक खरे, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजीव शरण, जेल अधीक्षक नीरज देव, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, कारापाल प्रदीप कुमार, उप कारापाल अरविन्द कुमार सिन्हा, उप कारापाल अमर सिंह के साथ-साथ समस्त कारागार स्टाफ उपस्थित रहा।

# ग्राम पंचायतों का कायाकल्प करने में लगीं हैं मोदी और योगी सरकार

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** माधौगढ एवं उरई विधानसभा क्षेत्र में शामिल विभिन्न ग्राम पंचायतों में करोड़ों की धनराशि से कराए गए विकास कार्यों का लोकार्पण खंड विकास कार्यालय कोंच में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान माधौगढ विधायक मूलचंद्र निरंजन एवं उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

उक्त कार्य मनरेगा योजना के तहत कराए गए हैं। विधायक द्वय ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार मिलकर ग्राम पंचायतों का कायाकल्प करने में तेजी से काम कर रहीं हैं। लगभग सभी ग्राम पंचायतों में संपर्क मार्ग या तो नए बन गए हैं या फिर उनकी मरम्मत कर दी गई है। परिषदीय स्कूलों की हालत ठीक कर शिक्षा का स्तर सुधारा गया है। मनरेगा के अंतर्गत श्रमिकों को रोजगार के अवसर



प्राप्त हो रहे हैं। ब्लॉक परिसर में संजोए गए लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक द्वय ने शिलापटों पर पूजन किया और फीता काटकर इन कामों का लोकार्पण किया। संचालन राजीव रेजा ने किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रानी देवी, प्रतिनिधि सत्येंद्र निरंजन शीलू पड़री, बीडीओ सर्वेश कुमार रवि, भाजपा नेता सुनील शर्मा, विनोद वर्मा, एडीओ नरेशचंद्र, देवेंद्र निरंजन, रमेश वर्मा, हरीश निरंजन, कुसुम, टीए हरीशंकर, हरिश्चंद्र, सचिव हेमंत कुमार, नरेंद्र पटेल, वसीम खान, पवन सिंह, सूरजभान, हेमंत कुमार, शिल्पी राजपूत, पूनम राजपूत आदि उपस्थित रहे। विधायक द्वय मूलचंद्र निरंजन और गौरीशंकर वर्मा ने कोंच विकास खंड क्षेत्र के गांवों अंडा, भदेवरा, पहाड़गांव, धमसेनी, पिंडारी में अन्नपूर्णा भवन, भड़ारी, गेंदोली, छिरावली में

**विधायकों ने किया मनरेगा के कामों का लोकार्पण**

अंत्येष्टि स्थल, ग्राम पचीपुरा, कैंथी में आंगनबाड़ी केंद्र, ग्राम परैथा, सामी, भेंपता, जमरोही खुर्द में इंटरलॉकिंग, ग्राम सतोह में पंचायत भवन, ग्राम बिलायां में सीसी सड़क निर्माण कार्य शामिल हैं। नदीगांव विकास खंड क्षेत्र की 16 ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना से कराए गए 20 अलग-अलग विकास कार्यों का भी लोकार्पण माधौगढ विधायक मूलचंद्र निरंजन ने किया। ग्राम अनघौरा, खकसीस, नावली, धंजा, तूमरा, कुदारी, छिरिया, रेंढर, गिदवासा, भकरौल, सिकंदरपुर, बंगरा, रवा, अखनीबा, मऊ, ककरौली शामिल हैं। खंड विकास कार्यालय में संजोए गए कार्यक्रम में बीडीओ मानूलाल यादव सहित ब्लॉक कर्मी, प्रधान, सचिव आदि उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित साइकिल रैली का रश्मि दुबे अर्चना चौहान शीलू पठान ने स्वागत किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के कायमगंज क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित साहसिक साईकिल यात्रा शकुंतला देवी टीचर्स कॉलोनी कायमगंज से प्रारम्भ हुई जिसका ग्राम रायपुर में समाजसेवी रश्मि दुवे अर्चना चौहान द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। समाजसेवी शीलू पठान लड्डन खान और उनके सहयोगियों के द्वारा यात्रा का स्वागत और जलपान वितरण किया गया, कम्पिल में मुख्य मार्गो का भ्रमण और पर्यटन केंद्र पर समापन सुभाष दीक्षित /नगर /खण्ड प्रचारक चंद्रेश द्वारा संघ और यात्राके विषय में बताया गया, जलपान और यात्रा विश्राम हुई। राजेश त्रिपाठी, मनोज भारद्वाज, ऋषिपाल सिसोदिया, शिवनन्दन सिंह, नीरज गंगवार, विपिन यादव, रामनारायण दुवे सहित एक सैड़का से अधिक लोग यात्रा में मौजूद रहे।

## समाजवादी युवजन सभा की मासिक बैठक हुई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद आज समाजवादी युवजन सभा की मासिक बैठक का आयोजन आवास विकास स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर किया गया। जिला अध्यक्ष युवजनसभा शिवम यादव ने बताया की बैठक का मुख्य एजेंडा पीडीए जन पंचायत को सेक्टर वार करवाना है और 2027 से पहले विधानसभा के प्रत्येक गांव में पहुंचकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने कहा की युवजन सभा समाजवादी पार्टी का एक महत्वपूर्ण अंग है और इसके एक-एक युवा कार्यकर्ता को वह निर्देशित करते हैं की फर्रुखाबाद जनपद में अपनी पूरी कार्यकारिणी के साथ विधानसभा वार जन पंचायत आयोजित कर लोगों तक समाजवादी पार्टी के विचारों और नीतियों को पहुंचाने का काम करें जिससे आने वाले 2027 के चुनाव में जनता सजग होकर के अपना वोट समाजवादी पार्टी के पक्ष में डाले। इस अवसर पर प्रमुख रूप से युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक शाक्य, फ्रंटल के प्रभारी जिला सचिव रामपाल यादव एवं समाजवादी युवजन सभा की कमेटी उपस्थिति रही।

# सशस्त्र बलों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रहीं महिलाएं : कुशवाहा

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत 'सशस्त्र बलों में महिलाओं की भूमिका' विषय पर व्याख्यान में मुख्य वक्ता श्री गोरखनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य कर्नल (सेवानिवृत्त) डॉ. अरविंद सिंह कुशवाहा ने कहा कि आज के दौर में महिलाएं सशस्त्र बलों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर रही हैं।

डॉ. कुशवाहा ने कहा कि भारतीय सेना में महिलाओं की भर्ती, भारत सरकार की सकारात्मक पहल रही है। महिलाओं में रचनात्मक सृजन और नवाचार, निर्णय लेने और परिणाम के प्रति समर्पण भाव अर्पण किया है। वर्तमान आंकड़ों में भारतीय थलसेना, वायुसेना और नौसेना में कुल नौ हजार चौरासी महिला कार्मिक सेवारत हैं, जो अपने अदम्य साहस और कर्तव्य निष्ठा



से रक्षा क्षेत्र में स्वर्णिम इतिहास लिख रही है। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में महिलाओं के लिए अनंत स्वर्णिम द्वार खुले हुए हैं। आज, महिलाएं भारतीय सैन्य बलों में महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत हैं और उनकी भूमिका न केवल युद्धक गतिविधियों तक सीमित है, बल्कि वे रणनीतिक निर्णय लेने में भी शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अंडर आफिसर अंशिका सिंह ने किया। इस अवसर पर रूप से फार्मेसी संकाय के प्राचार्य डॉ. शशिकांत सिंह, सहायक आचार्य डॉ. अभिषेक सिंह, जूही तिवारी, अंडर आफिसर अंशिका सिंह, आशुतोष मणि त्रिपाठी, अस्मिता सिंह अभिषेक चौरसिया, खुशी यादव, शालिनी चौहान, संजना शर्मा, अमृता कन्नौजिया, अनुभव पांडेय, नीलेश यादव, अभिषेक मिश्रा, शिखर पाण्डेय, उजाला सिंह, पार्वती साहनी, अनुराधा विश्वकर्मा सहित संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय के सभी शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## शिव पुराण कथा की निकली भव्य कलशयात्रा,

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** उरई रोड पर पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने आयोजित शिव पुराण कथा एवं ज्ञान यज्ञ की भव्य कलशयात्रा निकाली गई जिस पर यात्रा मार्ग में जगह-जगह पुष्प वर्षा हुई। कलशयात्रा का शुभारंभ महाकालेश्वर मंदिर नायक के मठ से हुआ। कलशयात्रा में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। यह कलशयात्रा नायक के मठ से प्रारंभ होकर रेलवे क्रॉसिंग, मारकंडेयश्वर तिराहा होते हुए उरई रोड पर स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के सामने, कुशवाहा ट्रांसपोर्ट, पर पहुंची, जहां राष्ट्रीय कथा व्यास पं. प्रदीप मिश्रा कानपुर वाले ने अपने मुखारविंद से कथा का शुभारंभ किया। पहले दिन की कथा में व्यासपीठ से कथा श्रवण कराते हुए पं. प्रदीप मिश्रा ने श्रद्धालुओं को शिव पुराण का महात्म्य बताया। आगामी 14 जनवरी को शिव बारात भ्रमण एवं प्राण प्रतिष्ठा, 15 जनवरी को हवन पूर्णाहुति और 16 जनवरी को भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## संभल के बाद अब अलीगढ़ की जामा मस्जिद को हिंदू किला बताकर याचिका दायर

अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** संभल, बागपत, बदायूं, फिरोजाबाद और बरेली के बाद अब अलीगढ़ में भी मंदिर-मस्जिद का नया विवाद सामने आया है। यहां की ऐतिहासिक ऊपरकोट जामा मस्जिद के मंदिर होने का दावा किया गया है। आरटीआई कार्यकर्ता का कहना है इस स्थान पर पहले शिव मंदिर था. सोमवार को उन्होंने सिविल जज कोर्ट में याचिका दाखिल की। उनकी याचिका को स्वीकार कर लिया गया है. मामले में 15 फरवरी को सुनवाई होनी है। आरटीआई एक्टिविस्ट और भ्रष्टाचार विरोधी सेना के नेता पंडित केशव देव गौतम का दावा है कि ऊपरकोट इलाके में पहले हिंदू राजाओं का बड़ा किला हुआ करता था। किले के स्थान पर कूट रचित दस्तावेजों के आधार पर जामा मस्जिद की स्थापना की गई।

उन्होंने पुरातत्व विभाग और नगर निगम से आरटीआई के माध्यम से जानकारी प्राप्त की. इसमें इस स्थान पर पहले बौद्ध स्तूप, जैन मंदिर या शिव मंदिर होने का उल्लेख किया गया। दरअसल, पंडित केशव देव ने नगर निगम से आरटीआई के जरिए पूछा था कि जामा मस्जिद किसकी जमीन पर बनी है, इसका निर्माण कब हुआ और मस्जिद पर मालिकाना हक किसका है। नगर निगम ने जवाब दिया कि मस्जिद सार्वजनिक भूमि पर बनी है और इसके निर्माण के संबंध में कोई रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। निगम ने यह भी स्पष्ट किया कि मस्जिद का मालिकाना हक किसी व्यक्ति के पास नहीं है। बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में निचली अदालतों को आदेश दिया है कि मंदिर-मस्जिद विवादों में बिना स्पष्ट अनुमति के कोई भी सर्वेक्षण आदेश पारित न किया जाए. कोर्ट ने कहा कि पहले पूजा स्थल अधिनियम, 1991 पर याचिकाओं का निपटारा होना चाहिए, ताकि इन विवादों को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सके।

## पुलिस ने पिकप पर लदे सात गौवंशो को किया बरामद

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवां पुलिस ने गौवंशो की तस्करी कर बिहार बेचने ले जा रहे एक पशु तस्कर को गिरफ्तार करते हुए। पिकप पर लदे 7 गौवंशो को बरामद कर उन्हें चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद गहासाड गौशाला भेज दिया। मिली जानकारी से थानेदार विशाल उपाध्याय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक धनश्याम उपाध्याय, उपनिरीक्षक वैभव मिश्र,कास्टेबिल मृत्युंजय कुमार ,दीपू प्रसाद, दिनेश यादव संदिग्ध और वारंटियों की तलाश में गस्त पर निकले हुए थे। तभी जानकारी मिली कि पिकप पर लदा गौवंश जो बिहार तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। पुलिस ने पिपरा तिराहे पर वैरियर लगाकर पिकप आने का इंतजार करने लगी। पिकप आता देखकर पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह भागने का प्रयास करते हुए डिवाइडर से टकरा गया। पुलिस ने पिकप को चारो तरफ से घेर लिया।पिकप चालक भोला शाह पुत्र अच्छेलाल शाह निवासी पुरखास थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज जिला बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। तथा पिकप में तलाशी के दौरान 7 गौवंशो को बरामद कर चिकित्सीय परीक्षण कराने के बाद गहासाड गौशाला भेज दिया।

## छात्रा को प्रेमजाल में फंसाकर शादी करने से कर रहा इंकार

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक 11वीं की छात्रा को सहजनवा थाना क्षेत्र के एक गांव का युवक उसे प्रेमजाल में फंसा कर शादी करने से इंकार कर था है। पीड़िता ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दिया है। वही पुलिस समझौता न होने पर कारवाई करने का आश्वासन दिया है। मिली जानकारी से सहजनवां थाना क्षेत्र के एक युवक का हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी है। युवक हमेशा यहां आता जाता रहता था। उसी दौरान 11वी की छात्रा जिसकी उम्र 17 वर्ष से अधिक है। उससे प्रेम करने लगा। प्रेम इतना बढ़ गया था कि दोनों जीने मरने की कसम खा लिए थे। जैसे ही नजदीकिया आगे बढ़ी छात्रा शादी करने के लिए अड़ गई। जब युवक के स्वजन को इस बात की जानकारी हुई तो शादी करने से इंकार करने लगे। युवक भी स्वजन के झांसे में आकर शादी करने से इंकार करने लगा। मामला पुलिस तक पहुंचा तो छात्रा को नाबालिक देख हाथ खड़ा कर दिए और कहा कि दोनों पक्ष समझौता नहीं करता है तो युवक पर कानूनी कारवाई की जायेगी। इस संदर्भ में थानेदारविशाल उपाध्याय ने कहा कि मामला अभी मेरे सामने नहीं आया। यदि आता है तो जांच कराकर कारवाई की जाएगी।

## ग्राम पंचायतों में लगेंगी ग्राम चौपाल

**अलीगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह द्वारा सभी विकासखण्डों की चिन्हित ग्राम पंचायतों में माह जनवरी से मार्च तक विभिन्न तिथियों में लगने वाली 'ग्राम चौपाल'' का रोस्टर जारी किया गया है। उन्होंने ग्राम चौपाल के सफल आयोजन के लिए डीडीओ एवं पीडी डीआरडीए को नोडल अधिकारी नामित करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने संबंधित बीडीओ को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथियों में चिन्हित ग्रामों में चौपाल का आयोजन कराते हुए सूचना रूरल सॉफ्टवेयर पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 10 जनवरी को ब्लॉक बिजौली के ग्राम पीढ़ौल महमूदपुर एवं पीपली, टप्पल के ग्राम आदमपुर एवं भौजाका, इगलास के ग्राम मौहकमपुर एवं भीलपुर, जवां के ग्राम पोखरगढ़ी एवं पिलौना, खैर के ग्राम राजपुर एवं अर्राना, अकराबाद के ग्राम भीमपुर हरीपुर एवं गांगरौल, चण्डौस के ग्राम बाहरपुर एवं उदयपुर, गंगीरी के ग्राम सिंहावली एवं निनामई ओजीपुर, धनीपुर के ग्राम हाजीपुर एवं दिहौली, गोंडा के ग्राम मदहौरा एवं तलेसरा, लोधा के ग्राम डिग्सी एवं मनोहरपुर कायस्थ, अतरौली के ग्राम सूरजपुर एवं धुर्रा प्रेमनगर में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा।

## रामस्वरूप रावत मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में संस्कार पटेल का शानदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** एट रोड स्थित पं. रामस्वरूप रावत मैमोरियल इंटर कॉलेज में जारी तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगताएं दूसरे दिन भी जारी रहीं। कक्षा 9 और कक्षा 10 की टीमों के बीच सेमीफाइनल हुआ जिसमें 9 की टीम को हरा कर 10 की टीम ने फाइनल में जगह बना ली। इसके बाद फाइनल मैच में कक्षा 10 की टीम को कक्षा 11 की टीम ने हराकर क्रिकेट मैच प्रतियोगता अपने नाम कर ली। फाइनल जितने के बाद कक्षा 11 के खिलाड़ी खुशी में झूम उठे और जमकर जश्न मनाया।

दूसरे दिन की प्रतियोगताओं में पहले कक्षा 9 और कक्षा 10 की टीमों के बीच सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें कक्षा 10 ने 9 को हराकर फाइनल में अपनी जगह बना ली। पहले ही फाइनल में पहुंच चुकी कक्षा 11 की टीम से फाइनल मैच कक्षा 10



की टीम से हुआ जिसमें कक्षा 11 के कप्तान निखिल पटेल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने करने का फैसला लिया और निर्धारित 12 ओवर में एक वॉल शेष रहते 98 रनों पर कक्षा 11 की टीम ऑल आउट हो गई।

जिसमें संस्कार पटेल ने 25, वरुण पाल ने 20 रन बनाए। कक्षा 10 के गेंदबाज हर्ष पटेल व हर्ष यादव ने तीन-तीन एवं रानू पटेल व पीयूष पटेल ने दो-दो विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करते हुए कक्षा 10 की टीम महज 9. 5 ओवर में 78 रन पर ही ऑल आउट हो गई। गेंदबाज संस्कार पटेल ने 6 विकेट लिए। कक्षा 11 ने फाइनल मैच जीत कर क्रिकेट मैच प्रतियोगता अपने नाम कर ली। मैन ऑफ द मैच संस्कार पटेल को चुना गया जिन्होंने 25 रन बनाए और 6 विकेट भी लिए। अंपायर की भूमिका में सचिन झा, अमित तिवारी, पुनीत निरंजन, साहबसिंह यादव रहे। स्कोरर की भूमिका में ब्रजेंद्र झा और अशोक शर्मा रहे। इस दौरान पर राममोहन तिवारी, मोहन, प्रेमेंद्र, प्रमोद, राम जी, दिनेश पटेरिया, संतराम, रामदास आदि व्यवस्थाओं में रहे।

## वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के तहत दी गयी नसीहत

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान के तहत बगैर हेलमेट व सीटबेल्ट लगाए वाहन चालकों को माला पहनकर लज्जित करते हुए ट्रैफिक नियमों का पालन करने की नसीहत दी गई। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत शहीद भगत सिंह चैराहे पर सीट-बेल्ट, हेलमेट का प्रयोग करने हेतु जागरुकता अभियान चलाया गया। उक्त अभियान में राजेश कुमार वर्मा, नगर मजिस्टेऊट, अर्चना सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर/ट्राफिक, राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, बीर बहादुर सिंह, यातायात प्रभारी, रवि वर्मा, अध्यक्ष ई-रिक्शा एसोसिएशन, इं0 अजय इटोदिया, गुडसेमेरिटन पुरस्कार से पुरस्कृत समाज सेवी ममता स्वर्णकार, लक्ष्मण दास बबानी, महाबीर तरसौरिया, शान्ती स्वरुप महेश्वरी, युद्धवीर कंथारिया, डा0 नरेश वर्मा, सी0पी0 गुप्ता, इरफान अली एक्टिव वेलफेयर सचिव, मन्नू आदि उपस्थित रहे। इस मौके पर समस्त दो पहिया व चार पहिया वाहन चालको व राहगीरों से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की अपील की गयी व जो भी वाहन चालक बिना हेलमेट व सीट बेल्ट के वाहन संचालन करते मिले उनको फूल देकर व माला पहनाकर सरकार, परिवहन विभाग व समाजसेवियों की ओर से आग्रह किया गया कि दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बैल्ट का प्रयोग करें, वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करें, नशे की हालत व तेज रफ्तार ,एवं रांग साइड में वाहन न चलायें, गलत ढंग से ओवरटेक न करें। इसके साथ ही समस्त वाहन चालकों को रात्रि में हेड लाइट के हाई बीम/लो बीम के प्रयोग के बारे में जानकारी मुहैया करायी गयी।



## पेंशनरों के लिए आवश्यक सूचना

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** कोषागार निदेशक उप्र ने बताया कि वर्तमान में पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के द्वारा आन लाईन जीवित प्रमाण-पत्र जमा करने के उपरान्त स्वतः निरस्त हो जा रहे है, क्योकि पेंशनरों द्वारा बैंक शाखा परिवर्तित करने के कारण आई0एफ0एस0सी0 कोड परिवर्तित हो जा रहें है तथा कोषागार सर्वर में पूर्व के ही आई0एफ0एस0सी0 कोड फीड होने के कारण निरस्त हो रहे है। अतः सभी कोषागार के समस्त पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि बैंक शाखा परिवर्तन करने पर कोषागार को सूचित करते हुए समस्त औपचारिकाएं पूर्ण अवश्य कर ली जायें जिससे आन लाईन जीवित प्रमाण-पत्र निरस्त न हों।

## बिधूड़ी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करे प्रशासन: मंजू

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** भाजपा नेता और दिल्ली में कालकाजी सीट से उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी द्वारा प्रियंका गांधी पर की गई अभद्र टिप्पणी से नाराज कांग्रेस पार्टी श्रम प्रकोष्ठ की प्रदेश महासचिव मंजू पाण्डेय ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर बिधूड़ी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराने की मांग किया है। कांग्रेस नेता ने कहा प्रियंका गांधी पर की गई टिप्पणी आधी आबादी का अपमान है। प्रिंयका गांधी देशभर के महिलाओं की आवाज हैं और लगातार उनके लिये संघर्ष कर रही हैं।

## संघ के प्रांतीय पदाधिकारी को मातृशोक

**उरई (जालौन)।** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम इमलौरी के मूल निवासी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व पूर्वी उप्र क्षेत्र के प्रचार प्रमुख राजेंद्र सिंह निरंजन की 91 वर्षीय मां किशोरी देवी का रात्रि में निधन हो जाने पर क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई। निधन की खबर मिलने पर तमाम लोगों ने गांव स्थित घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। इस दौरान संघ के प्रांत प्रचारक श्रीराम, राजेंद्र सक्सेना बांदा, विभाग संघ चालक द्वय चित्रकूट गोपालदास और ओमनारायण जालौन, जिला संघ चालक रामकृष्ण निरंजन, जिला कार्यवाह गौतम त्रिपाठी, जिला प्रचारक जालौन शिवम, माधौगढ विधायक मूलचंद्र निरंजन, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. घनश्याम अनुरागी, पूर्व विधायक संतराम सिंह सेंगर, पूर्व नगर कार्यवाह कोंच शैलेश सोनी, रामबहादुर भदारी, पूरनलाल, वीरेंद्र चमरसैना, अमित निरंजन, ब्रजेंद्र कुशवाहा आदि राजनेता, संघ और भाजपा के तमाम नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एएमयू द्वारा सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी ने शैक्षणिक सत्र 2025-2026 के लिए कई पाठ्यक्रमों के लिए अपने प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। एएमयू के परीक्षा नियंत्रक द्वारा जारी एक सार्वजनिक अधिसूचना के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन संकाय में फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश और अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन में बीए (ऑनर्स) के लिए प्रवेश परीक्षा 9 अप्रैल, 2025 को आयोजित की जाएगी, जबकि कृषि विज्ञान संकाय में बीएससी (ऑनर्स) कृषि (स्व-वित्तपोषित योजना के तहत), विज्ञान एवं जीवन विज्ञान संकाय में बीएससी (ऑनर्स), वाणिज्य संकाय में बीकॉम और कला एवं सामाजिक विज्ञान संकाय में बीए (ऑनर्स) के लिए प्रवेश परीक्षा 13 अप्रैल को होगी। बीएससी एवं डिप्लोमा इन पैरामेडिकल कोर्स व बीआरटीटी के लिए प्रवेश परीक्षा 16 अप्रैल को होगी और बी टेक व बी आर्च (पेपर-फस्ट) और बीएएलएलबी के लिए प्रवेश परीक्षा 20 अप्रैल को होगी और बीएससी नर्सिंग में प्रवेश के लिए परीक्षा 22 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। डिप्लोमा इन इंजीनियरिंग, सीनियर सेकेंडरी स्कूल (विज्ञान स्ट्रीम), सीनियर सेकेंडरी स्कूल (मानविकी एवं वाणिज्य स्ट्रीम) और किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड या एएमयू मान्यता प्राप्त मदरसा से 10.2 के समकक्ष ओरिएंटल योग्यता रखने वाले उम्मीदवारों के लिए ब्रिज कोर्स - सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट के लिए प्रवेश परीक्षा 27 अप्रैल, 2025 को आयोजित की जाएगी। अधिसूचना में आगे कहा गया है कि आवेदन पोर्टल 2 जनवरी को खोला जा चूका है और उपरोक्त पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवार बिना विलंब शुल्क के 31 जनवरी तक और विलंब शुल्क के साथ 7 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी परीक्षा नियंत्रक की वेबसाइट www.amucontrollerex-ams.com पर जाकर प्राप्त की जा सकती है।

# पिता की पुण्यतिथि पर राकेश श्रीवास्तव ने किया विशाल भण्डारे का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** क्रान्टम ग्रुप ऑफ कम्पनीज के प्रबंध निदेशक एवं समाजसेवी राकेश श्रीवास्तव ने अपने पिता स्व. रमेश चन्द्र श्रीवास्तव की 10वीं पुण्यतिथि पर सुबाष तिराहे पर विशाल भण्डारे का आयोजन कर सैकड़ों गरीबों को भेजन कराया और कम्बल बांटकर उनका आशीर्वाद लिया। राकेश श्रीवास्तव ने कहा आज हमारे पास जो कुछ है वह पिता के आशीर्वाद का प्रतिफल है।

पिछले 10 वर्षो से ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर हमे जो संतुष्टि मिलती है वह मंदिरों में मत्था टेकने से भी नही मिलती। माता पिता का आशीर्वाद सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे ये पूंजी गंवाई वह दरिद्र है। उन्होने कहा प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम और विस्तार के साथ आयोजित हो रहा है। इसमे स्वजनों और मित्रों की बढ़चढ़कर भागीदारी हमे उतसाहित करती है और



समाजसेवा के लिये प्रेरित करती है। राकेश श्रीवास्तव के अनुज एवं क्रान्टम ग्रुप के निदेशक इंजी. आशीष श्रीवास्तव ने कहा सक्षम व्यक्तियों को दूसरों के बारे में सोचना चाहिये और समय समय पर योगदान देना चाहिये। इस अवसर पर दीपक श्रीवास्तव, इन्दराज सिंह, अवनीश सिंह, रिंकू श्रीवास्तव, सतीश पाल, राय अंकुरम श्रीवास्तव, अशोक सिंह, युनुस आलम, एहतेशाम, अजय श्रीवास्तव, कैलाश मोहन श्रीवास्तव सहित परिवार के देवेन्द्र श्रीवास्तव, अम्किश्वर श्रीवास्तव, संदीप श्रीवास्तव, सचिन लहरी, प्रभात श्रीवास्तव, विनोद चंद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

**सूचना**

मैं रेनू देवी निवासिनी ग्राम मिजापुर बिसवां सीतापुर ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम अन्नू उर्फ रेनू देवी कर दिया है। भविष्य में इसी नाम से जानी व पहचाना जाए।

**सूचना**

न्यायालय मा. अपर ज़िला जज कक्ष स.11 सहारनपुर फौजदारी रिविजन स.171 सन 2023 शादाब खान पुत्र स्व. इकराम नि. मो0 शेख़ ज़ादगान, ननोता ज़िला सहारनपुर बनाम सरकार सैशन केस स. 1688 सन 2024 हरगाह वादी ने उक्त आवेदन वास्ते फौजदारी रिविजन इस न्यायालय में दायर किया है लिहाज़ा आपको हुक्म होता कि कि आप दिनांक 12 मार्च 2025 को दिन में दस बजे असालतन या वकालतन मेरे न्यायालय में हाज़िर होकर उत्तर पत्र अपना पेश करें आपको लाज़िम है कि नियत तिथि पर हाज़िर हो कर कुल शहादत व दस्तावेज़ पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्ब दर्खास्त से सादिर होगा आज मेरे द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम/ प्रस्तुतकर्ता**
**(न्याय.अपर जिला जज कक्ष स.11.सहारनपुर)**

**सूचना**

न्यायालय मा. सिविल जज सीडी सहारनपुर प्रकीर्ण वाद संख्या 93 सन 2024 राजेश कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 श्री जनेश्वर प्रसाद निवासी मौहल्ला अफगानान कस्बा व तहश नकुड जिला सहारनपुर (आवेदक)....बनाम 1- बालेश अग्रवाल पुत्र स्व0 श्री जनेश्वर प्रसाद नि. अफगानान कस्बा व त0 नकुड, सहारनपुर। 2-मिनाक्षी मित्तल पुत्री स्व0 श्री जनेश्वर प्रसाद पत्नी निशू मित्तल नि. लक्ष्मी ट्रेडिंग कं0 रेलवे रोड देवबंद जि.सहारनपुर 3.सुदेश पुत्री स्व0 श्री जनेश्वर प्रसाद पत्नी सुभाष गुप्ता नि.केशव नगर लक्सर जि. हरिद्वार 4- सरिता पुत्री स्व0 श्री जनेश्वर प्रसाद पत्नी सुनील गुप्ता नि. शफीपुर रूडकी जि. हरिद्वार हाल निवासीगण मौहल्ला अफगानान कस्बा व तह.नकुड जिला सहारनपुर 5- आम जनता (विपक्षीगण) दरखास्त मुसम्मा राजेश कुमार अग्रवाल वास्ते हुसूल सर्टिफिकेट वसूल जर 4,78,183/- रूपये किफायत द्वारा दरखास्त मुसम्मा राजेश कुमार अग्रवाल मुतवफ्फा जनेश्वर प्रसाद व श्रीमती मन्जुला अपने वसूजिब एक्ट 7 सन 1889 ई. वकैद 4,78,183/- रूपये- हरगाह मुसम्मा राजेश कुमार ने अदालत में पेश की है लिहाजा आपको हुक्म होता कि आप दिनांक 30.1.2025 को दस बजे दिन असालातन या वकालतन न्यायालय में हाज़िर हो कर उज़र अपना पेश करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्ब दर्खास्त से सादिर होगा। अलमरकूम 2.1.2025

**आज्ञा से मुंसरिम**

# अयोध्या में 273-मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव 2025 की तैयारी शुरू



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह की अध्यक्षता में 273-मिल्कीपुर (अ0जा0) विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन 2025 को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजनीतिक दलों को भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों से अवगत कराते हुए निर्वाचन प्रक्रिया की सही तरीके से तैयारी करने की अपील की गई।जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों से कहा कि सभी गाइडलाइनों का पालन करते हुए जनसभा, रैलियों और प्रचार सामग्रियों के प्रसारण से पहले गठित समिति से स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, लाउडस्पीकर के उपयोग पर रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पूरी तरह प्रतिबंध होगा।उन्होंने यह भी बताया कि अगर कोई राजनीतिक दल आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवार को नामित करता है तो उसे तीन बार अपने विवरण का प्रकाशन करना होगा। इसके अलावा, मतदान स्थल से 200 मीटर के भीतर कार्यालय बनाने की अनुमति नहीं दी जाएगी।जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन प्रक्रिया की सफलता के लिए सभी अधिकारियों की ड्यूटी भी निर्धारित कर दी है। उन्होंने सेक्टर मजिस्टेऊटों को मतदान केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।आखिर में, निर्वाचन की महत्वपूर्ण तारीखों की घोषणा की गई- अधिसूचना 10 जनवरी 2025 को जारी होगी, नामांकन की अंतिम तिथि 17 जनवरी 2025, नाम वापसी की तिथि 20 जनवरी 2025, मतदान 5 फरवरी 2025 को, और मतगणना 8 फरवरी 2025 को होगी।इस उपचुनाव के लिए कुल 3,70,829 मतदाता होंगे और 255 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। अयोध्या पुलिस ने चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी रूप से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

### पॉलिटेक्निक में पदोन्नति रद्द करने के लिए विरोध जारी

**अयोध्या।** प्रदेश के राजकीय पॉलीटेक्निक संस्थानों में विभागाध्यक्ष पद पर हुई पदोन्नति के खिलाफ प्रवक्ता संवर्ग द्वारा कड़ी प्रतिक्रिया दी जा रही है। यह विरोध काली पट्टी बांधकर किया जा रहा है, जिसमें उपाशा (उप्र. तकनीकी शिक्षा अप्लाइड साइंस एवं मानविकी सेवा संघ) के प्रदेश महामंत्री भोलेनाथ प्रसाद ने पदोन्नति को नियमों के खिलाफ बताते हुए इसे रद्द करने की मांग की है।भोलेनाथ प्रसाद ने कहा कि इस पदोन्नति में एआईसीटीई के नियमों का उल्लंघन हुआ है। 1 मार्च 2019 को जारी राजपत्र में एआईसीटीई के नियमों को 3 मई 2018 से लागू कर दिया गया था, जिसके तहत विभागाध्यक्ष पद को लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती से भरा जाना चाहिए था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विभाग ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में 30 मई 2024 को शपथ पत्र दायर किया था, जिसमें कहा गया था कि विभागाध्यक्ष के पद पर कोई पदोन्नति नहीं की जाएगी।

# अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिली सर्वाधिक सवारी

■ **अयोध्या में नौ माह के दौरान 20.37 लाख यात्रियों ने ई-बसों पर की यात्रा**

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अयोध्या में रामलला की कृपा से परिवहन निगम की बल्ले-बल्ले हो रही है। नौ माह में जमकर झूमकर राजस्व आया है। ई-बसों के संचालन के बाद सर्वाधिक सवारी राम मंदिर के लिए ही मिली है। 22 बसों ने दिन भर फेरे लगाकर न सिर्फ भक्तों को उनके आराध्य के द्वार तक पहुंचाया है बल्कि सवारियों के हिसाब से सभी मानकों पर खरी भी उतरी हैं।रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने से पहले ही केंद्र की मोदी सरकार ने यहां अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट की सौगात दे दी। इसके साथ ही अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन का कायाकल्प भी करा दिया। इसके बाद प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या में ई-बसों की एक बड़ी खेप उतार दी। रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होते ही प्रदेश सरकार की कई योजनाओं के तहत टैक्सी-ई-रिक्शा व आस्था रथ भी उतार दिया गया। सहादतगंज से नया घाट तक के लिए ई-बसों ने रफ्तार पकड़ ली। नतीजा यह रहा कि नौ माह में 20.37 लाख यात्रियों ने इस पर सवारी की, लेकिन बड़ी बात यह है इसमें सर्वाधिक सवारी राम मंदिर के लिए रही। लगभग 15 लाख सवारियों ने राम मंदिर तक के लिए टिकट कटाई।

**एयरपोर्ट पर भी लगा दीं ई-बसें**

अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर आने-जाने वाले यात्रियों की संख्या को देखते हुए तीन ई-बसों को एयरपोर्ट पर लगा दिया गया। ये तीन बसें एयरपोर्ट से सिविल लाइन्स रामपथ होते हुए नया घाट को जानी शुरू हुई हैं।

**लखनऊ से आईं बसें हैं अत्याधुनिक**

प्राण प्रतिष्ठा के समय ये बसें लखनऊ से आईं। यह काफी अत्याधुनिक हैं। पूरी तरह से वातानुकूलित बसों के आटोमेटिक दरवाजे हैं, जो स्वयं ही। खुल जाते हैं। परिवहन निगम अयोध्या क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि ई-बसों को बड़ी संख्या में सवारियां मिल रही है। भविष्य में ई-बसों को अन्य रूट पर भी उतारने की योजना है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी की मिली अर्धनग्न लाश

**गोसाईंगंज।** गोसाईंगंज कोतवाली इलाके में बुधवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में एक किशोरी की अर्धनग्न लाश गांव के समीप नहर में पायी गयी। किशोरी के वस्त्र, चप्पल व शाल शव से 100 फिट की दूरी पर अलग बिखरे पड़े थे। मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर गोसाईंगंज पुलिस ने हत्या की धारा में केस दर्ज किया है। तहरीर में पड़ोस के गांव के एक युवक पर आशंका व्यक्त की गई है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूंछतांछ कर रही है। घटना गोसाईंगंज व महराजगंज सीमा के सादुल्लहपुर गांव का है। गोसाईंगंज कोतवाली इलाके के गोकुलपुर के मजरे सादुल्लापुर के रामगणेश की पुत्री चांदनी मंगलवार को रात में खाना पीना खाकर घर मे अपनी छोटी बहन के साथ सोयी। सुबह गांव के बाहर घर से लगभग तीन सौ मीटर दूर पौसारा रजबहा में महराजगंज थाना क्षेत्र के कंचनपुर के समीप उसका अर्धनग्न शव पानी मे औंधे मुंह पड़ा हुआ था।

### जरगावाँ में होने वाली सालाना मजलिस को लेकर हुई बैठक



**सिद्धौर बाराबंकी।** सैय्यदवाड़ा क्षेत्र के ग्राम जरगावाँ में अंजुमन मोईनुल मजालिस रजि. की जानिब से होने वाली सालाना मजालिस की बैठक शानिवार को इमाम बारगाह हुसैनिया अमानत अली आलमपुर में की गई। इस वर्ष यह मजालिस का 58 वां दौर होगा। ÷तशनगाने फुरात का मातम÷ के उन्वान से हर साल होती हैं। इस साल यह सालाना मजालिस के सिलसिले में एक मीटिंग अंजुमन के सद्र अमानत अली साहब और मुन्तज़िम आला शुजा अब्बास साहब की जानिब से हुसैनिया अमानत अली आलमपुर में मुनक्दि की गई , जिसमें इस साल होने वाली सालाना मजालिस की तारीखों का ऐलान किया गया। मीटिंग में मौजूद मिम्बरान की राय से अंजुमन की सालाना मजालिस 23,24,25 मई तय की गई । तारीखों का ऐलान करते मुन्तज़िम आला शुजा अब्बास ने बताया कि अंजुमन बेहतरीन ज़ाकिरीन और मोमनीन व मोमिनात के लिए बेहतर से बेहतर इन्तेज़ाम करने की पूरी कोशिश रहेगी । मुन्तज़िम आला ने मौजूद सभी लोगों से गुज़ारिश की है। प्रोग्राम पूरे सैय्यदवाड़ा का है आप सभी इसमें हमेशा बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते आए हैं और लेते रहेंगे, इसका अज़्र आप सभी को शहज़ादि-ए-कौनैन इंशा अल्लाह ज़रूर देंगी। मीटिंग में डा.नसीम (छोटे मियां), मौलाना मो. मुज्तबा मीसम, मौलाना अयाज़ हुसैन, फ़ज़ल मेंहदी, इंतेज़ार मेंहदी, अब्बास हुसैन, शिफाउल हसन, मास्टर असद अब्बास, समर अब्बास, अहसन मेंहदी, सैय्यद मोहम्मद वसी ज़ैदी, अली जाफ़र ज़ैदी, मो. शहीर, मो.अब्बास, अख्तर अली, इसरार मेंहदी, मौलाना फ़ज़्ले, सफ़ीर हैदर , गुड्डू आर्मी, गुलफाम मेंहदी, नफीस हैदर, जाहिद हुसैन, जावेद ज़ैदी, अली मियां, कामिल हुसैन मोहम्मद मियां, मो जाफर, के अलावा आलमपुर वा सैय्यदवाडे के सभी मोमनीन मौजूद रहे ।

# अभद्र व्यहार पर केनरा बैंक पहुची जांच, कार्यवाही न होने पर होगा धरना प्रदर्शन

■ **शिकायतकर्ताओं ने कहा शाखा में पुलिस थाना जैसा होता है बर्ताव**

*अवधनामा संवाददाता*




**बाराबंकी।** तहसील रामनगर के कस्बा त्रिलोकपुर की केनरा बैंक शाखा में मनमानी हावी है। ग्राहकों सरेआम बेइज्जत कर दिया जाता खास ग्राहकों को प्रतिबंधित जगह पर बैठकर काम करना और विधवा वृद्धा को नजरअंदाज कर दिया जाता। इसी तरह के कई मामलो को लेकर ग्रामीणों ने केनरा बैंक हेड आफिस के मंडल प्रबंधक से पंजीकृत डाक से शिकायत की थी। इस बाद आरओ से जांच टीम मौके पर भेजकर सच का पता लगाया। सबसे पहले महिला ग्राम प्रधान राम रानी गुप्ता के पास जांच टीम पहुची। महिला ग्राम प्रधान रामरानी गुप्ता ने जांच टीम को बताया कि सम्मानित व्यवसायियों शिक्षको बुजुर्गों विकलांगो जनप्रतिनिधियों अन्य ग्राहकों से बेढंगे व्यवहार समेत कई तरह की आपत्तिजनक शिकायते मिल रही है। बताया कि शाखा में कार्यरत अभिषेक श्रीवास्तव द्वारा सुंदर महिलाओ छात्राओं बह बेटियों के प्रति अच्छी नजर नहीं रखते है। कहा यह बेहद गंभीर मामला है। अगर इस पर अंकुश न लग पाया तो जिला मुख्यालय पर शाखा के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कर्मचारियों द्वारा ग्राहकों से बदसलूकी की जाती है। बहस लड़ाई झगड़ा आये दिन की बात है। ग्राहकों को बैंक शाखा से बाहर भगाना और विक्लांग वृद्ध महिला पुरुष को इस खिलाड़ी से उस कर्मचारी फिर दूसरे कर्मचारी के पास दौड़ाकर नियम के खिलाफ परेशान किया जाता है। शिकायतकर्ताओं ने कहा गरीब लाचार कमजोर ग्राहकों के साथ अच्छा व्यवहार तो अलग बात हो गयी आपके कर्मचारी क्षेत्र के संभांत व्यक्तियों को अपमानित कर देते है। यही नही शाखा प्रबंधक भी समस्या का निस्तारण करने के बजाय उसी भाषा के समर्थन में खड़े होकर कड़े लहजे में व्यवहार करते है। रामरानी ने कहा कि वह मौके की प्रधान उसके पति के साथ भी दो बार अपमान किया जा चुका है। मेरे पति पूर्व प्रधान बाबू लाल जो कि बीमार रहते है से भी अभद्रता की गई।

**औपचारिकता निभाकर लौट गई जांच टीम**

आम ग्राहकों ने बताया कि आरओ से आई जांच टीम ने आम ग्राहकों का दर्द नही सुना ग्राम प्रधान के घर जाकर टीम लौट गई ग्राहकों की माने तो शाखा प्रबंध आरोपी कर्मचारी अभिषेक श्रीवास्तव के बचाव में सक्रिय रहे। इस बाबत मैनेजर आसिफ अंसारी ने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आया है जिसको जरूर हल किया जाएगा।

## मुकेश चंद्रकार की हत्या पर लामबंद हुए पत्रकार, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन



**महराजगंज।** जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के तत्वावधान में बुधवार को जनपद के पत्रकारों ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ के बस्तर में युवा पत्रकार मुकेश चंद्रकार के निर्मम हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुए अपराधियों पर कठोर कार्यवाही करने की अपील करते हुए देश में पत्रकारों की सुरक्षा व्यवस्था की मांग की। क्लब के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने कहा कि मुकेश चंद्रकार ने निर्भीकता और निष्ठा के साथ अपने कर्तव्य का पालन करते हुए कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उजागर किया था। उनकी हत्या उन ताकतों का परिणाम प्रतीत होती है जो सच्चाई को सामने आने से रोकना चाहती थीं। यह घटना पत्रकारों की सुरक्षा की अनदेखी और उन्हें मिल रही लगातार धमकियों और हमलों का प्रतीक है। पदेन संरक्षक सुनील श्रीवास्तव ने कहा कि पत्रकारों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा कानून लागू किया जाए, जिसमें पत्रकारों को उनकी रिपोर्टिंग के दौरान पूरी सुरक्षा प्रदान की जाए। विशेष सुरक्षा प्रकोष्ठ की स्थापना की जाए, जो पत्रकारों की धमकी या हमलों के मामलों पर त्वरित कार्रवाई करे। संरक्षक शैलेश पाण्डेय, महामंत्री विनय नायक, तहसील अध्यक्ष विपिन श्रीवास्तव, जितेंद्र बहादुर शाही, हरिनरायण पटेल, जाकिर अली, प्रभात जयसवाल, नवीन मिश्रा, सुनील यादव, विवेक जयसवाल, अंकित पांडेय, राहुल पांडेय, बजहूल हुदा खान, राकेश प्रजापति, कमलेश, सहित काफी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

### विदेश भेजने के नाम कई लोगो से वसूले लाखो रुपये, वापस मांगने पर देता भद्दी भद्दी गाली

■ **पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत, दिये जाँच के आदेश**

*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** विदेश भेजने के नाम ठगी करने वालों के विरुद्ध एसपी से शिकायत के बाद जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

पीड़ित इब्राहीम पुत्र अब्दुल रहमान निवासी तुरकानी थाना सफदरगंज ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुये बताया कि हमारे दूर के रिश्तेदार सुहेल पुत्र पीर मोहम्मद निवासी बुनकर कालोनी, कस्बा व थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी जो कुवैत गये हैं। फोन पर प्रार्थी से वार्ता हुई तो उन्होंने कहा कि आपके और कमरु?द्दीन के लड़कों के सऊदी अरब के दूध पैकिंग के काम पर मैं भेजूंगा, जिसमें उनको 1500 रियाल प्रतिमाह मिलेगा। इसके लिए आप दोनों लोगों को 2 लाख 20 हजार रुपये का खर्चा आयेगा। तब प्रार्थी व कमरुद्दीन ने कहा कि आप विदेश में है, मेरा यहां काम कौन करेगा, विपक्षी ने अपने ससुर शकील पुत्र अज्ञात निवासी बुनकर कालोनी कस्बा व थाना जैदपुर बाराबंकी के पास भेजा तथा शकील भी प्रार्थी के दूर के रिश्तेदार हैं। शकील ने वादा किया कि यदि तुम्हारे लड़के का काम नहीं हुआ तो तुम दोनों लोगों का पूरा रूपया वापस कर दिया जायेगा।। जिस पर प्रार्थी व उसके मित्र कमरु?द्दीन ने विपक्षी शकील को मु-1 लाख10 हजार रुपया दे दिया और कहा कि शेष रूपया एक दो दिन में व्यवस्था करके आपका पहुंचा दूंगा। प्रार्थी ने जब रुपयों की व्यवस्था की तब शकील के पुत्र वकील पुत्र शकील को 50 हजार रुपया दिये तथा शेष बचा 60 हजार रुपया की जब व्यवस्था हो गयी तब फोन करने पर कहा कि मेरे घर जाकर पैसा दे आओ। तब प्रार्थी व कमरु?द्दीन गये जहां पर सुहैल की पत्नी बिलकीश जो शकील की पुत्री है, प्रार्थी एवं उसके मित्र ने उसी को रूपया देकर बात कराकर वहां से चले आये। विपक्षी ने 8 सितम्बर 2024 का एक कागज भेजा जो बुकिंग इन्फार्मेशन का था. जिस पर दोनों के पुत्र अनवर पुत्र इब्राहिम व अलाउ?द्दीन पुत्र कमरुद्दीन उसी कागज के आधार पर दिल्ली गये और वहां पर 15 दिन रुकने के बाद वापस घर आ गये और वहां पर कोई काम न ही हुआ, उसके बाद 6 अक्टूबर 2024 का बुकिंग इन्फार्मेशन का कागज भेजकर पुनः दिल्ली बुलाया किन्तु 8,10 दिन रोकने के बाद पुनः वापस बाराबंकी भेज दिया गया और कहा गया कि तुम्हारा काम और नहीं हो पायेगा। तुम लोग घर जाओ तुम्हारा पैसा तुम्हें मिल जायेगा। प्रार्थी व उसके मित्र के पुत्र ने दिल्ली में लगभग दोनों लोगों का मिलाकर 50 रुपया खर्च हुआ। प्रार्थी व उसके मित्र आकर सारी बात बतायी तब प्रार्थी ने विपक्षी सुहैल व शकील से बात की जिस पर उक्त विपक्षी ने कहा कि जो भी तुम्हारा खर्चा आया है उसे मैं वापस कर दूंगा जिसकी कुछ फोन रिकॉर्डिंग प्रार्थी के मोबाइल में उपलब्ध हैं व रुप्ये देने की कुछ वीडियों भी उपलब्ध हैं। प्रार्थी दिनाक 14 नवंबर 2024 को जब विपक्षी शकील के घर पैसे मागने गया तो विपक्षी शकील नाराज हो गया और कहने लगा कि तुम लोगों का पैसा वापस नहीं करूंगा जब कभी बीजा मिल जायेगा तो दूंगा अन्यथा नहीं दूंगा। प्रार्थी ने जब उक्त विपक्षी की बातों का विरोध किया और कहा कि आपने वादा किया था कि तुम्हारा समस्त पैसा वापस कर दूंगा। अब मना कर रहे हो, तो विपक्षी नाराज हो गया और प्रार्थी को मां-बहन को की गन्दी गन्दी गालियां देते हुए धमकी दी कि चुपचाप यहां से चले जाओ नहीं तो जैसे पैसा नहीं मिला है. उसी तरह अपने पुत्र को ढूंढते रह जाओगे।

शकील, वकील व सुहैल द्वारा मिलकर इसी प्रकार की ठगी की जा रही है। प्रार्थी ने इसकी सूचना थाने पर दी, जहां पर प्रार्थी व विपक्षी को बुलाकर सुलह समझौता कराया गया था कि विपक्षी शकील प्रार्थी को दिनाक 31 दिसम्बर 2024 तक कुल 2 लाख 20 हजार रुपया वापस कर देगा। परन्तु अभी तक प्रार्थी को एक भी पैसा नहीं दिया गया है। दिनाक 1 जनवरी 2025 को प्रार्थी अपने द्वारा दिया गया 2 लाख 20 हजार रूपया मागा तो प्रार्थी को माँ बहन की भद्दी भ?द्दी गालिया देते हुए कहा कि इतने पैसों में तुम्हारी लाश का पता नहीं चलेगा।

# सुरेन्द्र बने देवीगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में खुशी

*अवधनामा संवाददाता*



**सिद्धौर बाराबंकी।** क्षेत्र के बबुरीगांव निवासी सुरेन्द्र मिश्र को भाजपा मंडल देवीगंज का अध्यक्ष घोषित किए जाने पर कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। गत माह मंडल अध्यक्षों के हुए सांगठनिक चुनाव के बाद बीती रात भारतीय जनता पार्टी द्वारा इसके चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए । क्षेत्र के बबुरीगांव निवासी वरिष्ठ नेता सुरेन्द्र मिश्र को देवीगंज मंडल का अध्यक्ष घोषित किया है ।उनके मंडल अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश अवस्थी , राजू शुक्ल और रामबाबू चतुर्वेदी आदि ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। इसी क्रम में बुधवार को देवीगंज चौराहा पहुंचे नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्र का कार्यकर्ताओं ने जोरदार ढंग से स्वागत किया। मंडल महामंत्री मनोज सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका माल्यार्पण किया और अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। अपने स्वागत से अभिभूत मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र मिश्र ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। इनके मान-सम्मान में कभी कोई कमी नहीं आएगी। इस अवसर पर समाजसेवी देवानंद मिश्र, राजू मिश्र, राहुल सिंह, विवेक सिंह, हरिहर सिंह, पवन मिश्र और विनय तिवारी समेत तमाम पार्टीजन मौजूद रहे ।

### ग्राम प्रधानों का एक दिवसीय प्रशिक्षण 10 को

**महराजगंज (मिठौरा)।** विकास खण्ड मिठौरा के समस्त ग्राम प्रधानों का चार महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर आधारित एक दिवसीय प्रशिक्षण विकास खण्ड सभागार में 10 जनवरी को होगा। जिसमें प्रधानों को आनलाइन जूम और प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए एडीओ पंचायत मिठौरा विनय पाण्डेय ने बताया कि इस एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में ब्लॉक क्षेत्र के समस्त ग्राम प्रधानों की समय से उपस्थिति अनिवार्य होगी। क्योंकि इसमें उन्हें उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 15 के अनुसार ग्राम पंचायत के कार्य , 1947 की धारा 95 ( 1 ) ( छ ) के प्राविधान अनुसार प्रधान को पद से हटाया जाना, प्रधान को स्वयं के आयकर रिटर्न दाखिल करने की जानकारी तथा महिला ग्राम प्रधान को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के सम्बन्ध में विशेष रूप से जानकारी दी जाएगी।

## रोहिन नदी के किनारे बोल्डर पिचिंग के लिए विधायक ने सौंपा पत्र

**महाराजगंज।** रोहिन नदी की कटान से जगपुर उर्फ सलामतगढ़ ग्राम सभा को सुरक्षित रखने के लिए नदी के किनारे बोल्डर पिचिंग कार्य कराने के लिए सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से उनके आवास पर मिलकर पत्र दिया। विधायक ने कहा कि प्रति वर्ष बाढ़ में रोहिन नदी की कटान से गांव के अस्तित्व पर खतरा बढ़ गया था। रोहिन नदी पर बोल्डर पिचिंग हो जाने से गांव सुरक्षित हो जायेगा। विधायक ने कहा कि पिछली बार आपके द्वारा राजगढ़ माता मंदिर के समीप बोल्डर पिचिंग का कार्य हुआ था जिससे मंदिर सहित अन्य क्षेत्र सुरक्षित हो गया है। विधायक ने कहा कि पिछली सरकारों ने नदी की कटान और बाढ़ नियंत्रित करने के लिए कोई कार्य नहीं किया। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आश्वस्त किया कि जल्द ही इस कार्य को कराया जाएगा। इस अवसर पर संजीव शुक्ला भी मौजूद रहे।

# चार साल से ध्वस्त है 1.80 करोड़ की पेयजल योजना

## 2020 में 1.80 करोड़ खर्च कर नए सिरे से बिछाई गई पाइपलाइन लीकेज की चढ़ी भेट



*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल ( महराजगंज)।** ठूंठीबारी इंडो नेपाल सीमा पर बसा कस्बा ठूठीबारी में स्वच्छ पेयजल की समस्या से ग्रामीण आज भी जुझ रहे है। भारी भरकम धनराशि 1.80 लाख खर्च करने के बाद भी हर घर को जल पहुंचाने की योजना बेपानी हो गई है। स्थिति यह है कि वर्ष 2020 में नए सिरे से पाइप लाइन बिछाने के करीब एक साल तक ही ओवरहेड टैंक से पानी की आपूर्ति मिल सकी। सप्लाई बहाल होने के बाद जगह जगह लीकेज की शिकायतें जल निगम को पहुंचने लगी। लीकेज को ठीक कराने के लिए विभाग ने दो तीन बार ठेकेदारों को काम पर लगाया। जगह जगह गड्ढे खोदे गए। पर लीकेज बंद नहीं हुई। उसके बाद जल निगम ने आंख मूंद लिया। जिसके चलते पिछले चार साल से ठूठीबारी के कई मोहल्ले में पाइप लाइन के सहारे पानी नहीं पहुंच पा रही है। लोग पीने के लिए स्वच्छ पेयजल खरीदने को मजबूर हो गए हैं। स्नान व कपड़ा या बर्तन धोने के लिए साधारण हैंडपंप के पानी का इस्तेमाल कर रहे हैं। तहसील की सबसे बड़ी ग्राम पंचायतों में शुमार ठूठीबारी की अंतरराष्ट्रीय पहचान भी है। करीब पंद्रह से सोलह हजार की आबादी वाला यह ग्राम सभा भारत नेपाल सीमा पर बसा है। इस गांव की भौगोलिक महत्व को देखते हुए केंद्र सरकार यहां राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 एस का निर्माण करा रही है। इस गांव से नेपाल के साथ कारोबारी रिश्ते को मजबूत करने के लिए कस्टम विभाग ने ऑफिस खोल रखा है। सरहद की सुरक्षा के लिए एसएसबी व ठूठीबारी में कोतवाली के साथ स्वस्थ्य सुविधा के लिए सीएचसी भी है। रोज नेपाल से हजारों लोग खरीदारी करने ठूठीबारी में आते हैं। इससे इस बाजार की सूरत सोनौली जैसी है। वर्ष 2001 में पूर्व मुख्यमंत्री राजनाथ सिंह ने ठूठीबारी कस्बा में स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए ओवरहेड टैंक का शिलान्यास किया। इसके जरिए 1860 घरों में पेयजल आपूर्ति शुरू कराई गई। वर्ष 2020 में हाईवे चौड़ीकरण के लिए कस्बे के मुख्यमार्ग पर तोड़फोड़ हुई। जिसमें पेयजल आपूर्ति के लिए बिछाई गई पाइप टूट कर क्षतिग्रस्त हो गई। इसके बाद स्वच्छ पेयजल मिशन योजना के तहत हर घर के नल तक पानी पहुंचाने के लिए 1.80 करोड़ की परियोजना को स्वीकृति दी गई। पाइप लाइन को नए सिरे से बिछाया गया लेकिन स्थिति यह बनी कि जगह जगह लीकेज से ओवरहेड टैंक से पेयजल आपूर्ति पिछले चार साल से ठप है। ठूठीबारी कस्बा के अलावा धमौली, सड़कहवा, काली गंज आदर्शनगर, शांतिनगर, कालीगंज, गौतम नगर, अराजी बैरिया में पाइप के जरिए नल तक स्वच्छ पानी का एक बूंद भी नहीं पहुंच पा रहा है। ग्रामीणों की पेयजल समस्या को देख ग्राम प्रधान अजीत उर्फ अजय कुमार ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग किया लेकिन सरहदी क्षेत्र के लोगों की समस्या की फाइल जिला प्रशासन के ठंडे बसे में चली गई। इस बाबत जेई अखिलेश सिंह ने बताया कि समस्या से अवगत हुआ हूं जल्द ही जलकल से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समस्या का समाधान जल्द करा दिया जाएगा।

### समान कार्य के लिए समान वेतन को लेकर पीआरडी जवानों ने सौंपा ज्ञापन

**महराजगंज।** पीआरडी जवानों ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें। उन्होंने समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग की हैं। पीआरडी जवानों ने कहा कि वर्तमान में 395 रुपए दैनिक भत्ता मिलता है जिससे जीविकोपार्जन करना बहुत ही मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवानों का 2023 में उच्च न्यायालय इलाहाबाद से होमगार्ड के सामन सुविधाएं देने के लिए आदेश हो चुका हैं एक वर्ष बीत जाने के बाद भी उसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने यह मांग भी किए कि उत्तराखंड सरकार पीआरडी जवानों के सामन सुविधाएं उत्तर प्रदेश सरकार भी दे। प्रांतीय रक्षक दल विभाग के वर्दीधारी महानिदेशक आईपीएस स्टाफ का नियुक्त करते हुए जिला स्तर पर भी जिला कमांडेंट नियुक्त किए जाएं व पीआरडी विभाग को गृह विभाग से जोड़ा जाए और इसे युवा कल्याण विभाग से अलग किया जाए।

# समान कार्य के लिए समान वेतन को लेकर पीआरडी जवानों ने सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** पीआरडी जवानों ने बुधवार को जिला मुख्यालय पर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें। उन्होंने समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग की हैं।

पीआरडी जवानों ने कहा कि वर्तमान में 395 रुपए दैनिक भत्ता मिलता है जिससे जीविकोपार्जन करना बहुत ही मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि पीआरडी जवानों का 2023 में उच्च न्यायालय इलाहाबाद से होमगार्ड के सामन सुविधाएं देने के लिए आदेश हो चुका हैं एक वर्ष बीत जाने के बाद भी उसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने यह मांग भी किए कि उत्तराखंड सरकार पीआरडी जवानों के सामन सुविधाएं उत्तर प्रदेश सरकार भी दे। प्रांतीय रक्षक दल विभाग के वर्दीधारी महानिदेशक आईपीएस स्टाफ का नियुक्त करते हुए जिला स्तर पर भी जिला कमांडेंट नियुक्त किए जाएं व पीआरडी विभाग को गृह विभाग से जोड़ा जाए और इसे युवा कल्याण विभाग से अलग किया जाए। पीआरडी जवानों को पूर्व की भांति वर्ष में 2 सेट वर्दी उपलब्ध कराई जाए। पीआरडी जवान होमगार्ड जवानों के बराबर ही कार्य करते हैं इसलिए समान वेतन का सिद्धांत लागू करते हुए उनके बराबर दैनिक ड्यूटी भत्ता दिया जाए। इस दौरान पीआरडी जवान ओंकार सिंह ,अजयचंद, मातवर, सुदर्शन, शहादत हुसैन, बद्री, रामसूचित, छेदी प्रसाद, महात्म, शेषमणि, रामावतार शर्मा सहित कई पीआरडी जवान मौजूद थे।

# ब्लॉक परिसर में शौचालय बन जाने से ज़रूरतमंदो को मिलेगी निजात

अवधनामा संवाददाता



**जलालपुर अम्बेडकरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला के निर्देशन की कड़ी में ब्लॉक जलालपुर परिसर में महिला पुरुष शौचालय का निर्माण शुरू हो गया है अब ब्लॉक परिसर में महिला पुरुष शौचालय हो जाने से जरूरतमंदों को समस्या से निजात मिलेगी।

खंड विकास अधिकारी रामविलास ने निर्माणाधीन शौचालय स्थल पर जाकर मजदूरों से जानकारी ली और 2 दिन में शौचालय का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया खंड विकास अधिकारी रामविलास ने बताया कि निर्माण कार्य की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत अधिकारी राजित राम यादव को दी गई है और समय रहते पूरा करने का निर्देश दिया गया है गौरतलब हो कि विगत तीन जनवरी शुक्रवार को मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने विकासखंड मुख्यालय के विभिन्न कार्यायलयों पटलों एंव परिसर का निरीक्षण किया था जिसमें महिला पुरुष शौचालय न होने से नाराजगी जताई थी और 3 दिन में शौचालय निर्माण करने का निर्देश दिया था जिसकी कड़ी में अलग-अलग महिला पुरुष शौचालय का निर्माण शुरू किया गया है।

ब्लॉक परिसर में महिला पुरुष शौचालय हो जाने से अब जरूरतमंदों को समस्या से निजात मिलेगी।

# संस्कार भारती के संस्थापक पद्मश्री बाबा योगेन्द्र जी की मनायी जयंती

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** संस्कार भारती के संस्थापक कला ऋषि पद्मश्री बाबा योगेंद्र जी की 101वी जयंती के अवसर पर सिद्धार्थनगर जिला इकाई द्वारा चिल्ड्रेन एजुकेशन गार्डेन पब्लिक स्कूल परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांत उपाध्यक्ष राणा प्रताप सिंह ने बाबा जी के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उन्होंने बाबा जी के व्यक्तित्व पर विस्तार से चर्चा किया तथा उनके बताए गए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। जिला अध्यक्ष पवन जायसवाल द्वारा इस अवसर पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए संकल्प लिया की सदस्यता अभियान और प्राचीन कलाओं को संरक्षित एवं प्रोत्साहित किया जाएगा। जिला महामंत्री डॉ अरुण कुमार त्रिपाठी ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी के प्रति आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में कंचनलता जायसवाल, कल्पना त्रिपाठी, प्रतिभा, कमलेश, योगेंद्र, आलोक, साक्षी, माहेश्वरी, दानिश, आशुतोष, सुनीता, पूनम आदि की उपस्थिति रही।

# बिजली चेकिंग अभियान में बकायादारों के कटे कनेक्शन

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज विद्युत वितरण उपखंड के अंतर्गत बुधवार को आयोजित मेगा डिस्कनेक्शन अभियान के दौरान हल्लौर गांव में विद्युत विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1.22 लाख रुपये

**1.22 लाख रुपये की वसूली 85 कनेक्शन पेड मिले**

की वसूली की और 22 बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए। जांच अभियान के दौरान हल्लौर गांव पहुंची जिला स्तरीय टीम, जिसमें कमल शर्मा, अंकित त्रिपाठी, शैलेन्द्र शाक्यवार सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे। जिन्होंने स्थानीय अवर अभियंता अवनीश मिश्रा के नेतृत्व में गांव में भ्रमण कर बकायादारों की पहचान की और उनके कनेक्शन काट दिए। स्थानीय विद्युत कर्मचारियों का भी इस अभियान में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस संबंध में अवर अभियंता अवनीश मिश्रा ने बताया कि इस अभियान के दौरान कुल 120 कनेक्शन चेक किए गए, जिनमें से 85 कनेक्शन पेएड मिले। बाकी बकायेदारों के कनेक्शन काट दिए गए और बकाया राशि की वसूली की गई। इस अभियान से क्षेत्र में बिजली चोरी रोकने और विभाग की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। इस मौके पर राहुल त्रिपाठी, ज्ञान प्रकाश, जय सिंह, अमर नाथ, शैलेन्द्र, शशांक पाण्डेय, मनोज कुमार, पप्पू रिजवी, ज्ञान अख्तर हुसैन, रमजान आदि उपस्थित रहे।

## गरीबों को भोजन कराया

**बस्ती।** क्वान्टम ग्रुप ऑफ कम्पनीज के प्रबंध निदेशक एवं समाजसेवी राकेश श्रीवास्तव ने अपने पिता स्व. रमेश चन्द्र श्रीवास्तव की 10वीं पुण्यतिथि पर सुबाष तिराहा सहित इन्दिरानगर, कम्पनीबाग, रौता चौराहे पर एक साथ विशाल भण्डारे का आयोजन कर हजारों गरीबों को भोजन कराया और कम्बल बांटकर उनका आशीर्वाद लिया। राकेश श्रीवास्तव ने कहा आज हमारे पास जो कुछ है वह पिता के आशीर्वाद का प्रतिफल है। पिछले 10 वर्षो से ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर हमे जो संतुष्टि मिलती है वह मंदिरों में मत्था टेकने से भी नही मिलती।

माता पिता का आशीर्वाद सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे ये पूंजी गंवाई वह दरिद्र है। उन्होने कहा प्रत्येक वर्ष कार्यक्रम और विस्तार के साथ आयोजित हो रहा है। इसमे स्वजनों और मित्रों की बढ़चढ़कर भागीदारी हमे उत्साहित करती है और समाजसेवा के लिये प्रेरित करती है।

## झगड़े के मामले मे आरोपी गिरफ्तार



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना कोतवाली टांडा पुलिस टीम ने अभियुक्त शारिक उर्फ अमन को गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी थाना कोतवाली टांडा में पंजीकृत मुकदमा संख्या 06/25 से संबंधित है। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बांस का टुकड़ा और बांस का डंडा भी बरामद कर लिया है। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में अभियुक्त शारिक उर्फ अमन ने बताया कि 6 जनवरी 2025 को उसकी बकरी पड़ोसी शहाबुद्दीन के अमरूद के पौधे के पत्ते खा गई थी। इस पर शहाबुद्दीन की पत्नी जुबैदा खातून और उनका बेटा शहनवाज गाली-गलौच करने लगे। शारिक ने बताया कि उसने माफी मांगी, लेकिन इसके बावजूद दोनों ने उसे मारना शुरू कर दिया। पुलिस ने अभियुक्त शारिक उर्फ अमन (24 वर्ष) पुत्र रियाजुद्दीन, निवासी ग्राम छोटा चिंतौरा, थाना कोतवाली टांडा, को चिन्तौरा पंचायत भवन के पास से गिरफ्तार किया। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त बांस का टुकड़ा और डंडा बरामद किया, जो मूसी सेठ के घेरा में छिपाकर रखा गया था।

## एसडीएम एवं एसडीएम न्यायिक पद पर किया कार्यभार ग्रहण



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील बांसी में एसडीएम एवं एसडीएम न्यायिक पद पर कार्यभार ग्रहण करते हुए अधिकारी द्वय ने बताया कि शासन की मंशा के अनुरूप ही होगा कार्य। फरियादियों एवं जरूरतमंदों को त्वरित गति से मिलेगा न्याय।बुधवार को एसबी सिंह ने एसडीएम न्यायिक पद पर कार्यभार ग्रहण किया। एसबी सिंह जिले की शोहरतगढ़ तहसील में उप जिला अधिकारी रहे। नवागत उप जिलाधिकारी शशांक शेखर राय ने बांसी के एसडीएम का पदभार ग्रहण किया है। इससे पूर्व मुख्यालय की सदर तहसील में अपर उप जिलाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। उसके पहले जिले पर एसओसी चकबंदी के पद पर भी कार्य कर चुके हैं।

## कल्याण सिंह मौर्य बनाये गये उप जिलाधिकारी सदर



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ राजा गणपति आर ने बुधवार को जिले के पांचों तहसीलों के उप जिलाधिकारी के कार्यक्षेत्र में फेरबदल किया है। जारी आदेश में उपजिलाधिकारी इटवा कल्याण सिंह मौर्य को एसडीएम सदर की जिम्मेदारी दी है, सदर तहसील में तैनात उप जिलाधिकारी डा ललित कुमार मिश्र को अपर उपजिलाधिकारी नौगढ़ बनाया है। अपर उप जिलाधिकारी नौगढ़ शशांक शेखर राय को उपजिलाधिकारी बांसी बनाया है। उपजिलाधिकारी बांसी प्रदीप कुमार यादव को उपजिलाधिकारी न्यायिक डुमरियागंज बनाया है।उपजिलाधिकारी न्यायिक बांसी कुणाल को उपजिलाधिकारी इटवा की जिम्मेदारी दी है। उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ चन्द्रभान सिंह को उपजिलाधिकारी न्यायिक बांसी बनाया है, उपजिलाधिकारी न्यायिक शोहरतगढ़ राहुल सिंह को उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ बनाया है। सभी नियुक्ति उपजिलाधिकारी अपने अपने तैनाती तहसीलों में कार्यभार ग्रहण कर लिया है।

# 21 गर्भवती व 24 बच्चों का जांच व टीकाकरण हुआ

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक अंतर्गत मन्नीजोत व वीरपुर कोहल में बुधवार को वीएसएचएनडी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 21 गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच व टीकाकरण कर गोद भराई का रस्म पूरा किया गया साथ ही 24 बच्चों का टीकाकरण किया गया।

मन्नीजोत में एएनएम संध्या श्रीवास्तव के द्वारा गांव के पांच गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच व टीकाकरण किया गया,वहीं चार बच्चों का टीकाकरण किया।इसीक्रम में वीरपुर कोहल में एएनएम रेश्मा शर्मा के द्वारा 16 गर्भवती महिलाओं का जांच व टीकाकरण करते हुए 20 बच्चों का टीकाकरण किया। मन्नीजोत में अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा व वीरपुर कोहल में बीओसी सुषमा द्विवेदी के द्वारा गर्भवती महिलाओं का गोद भराई की रस्म पुरी की गई।इस दौरान डॉ.शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि स्वास्थ एवं सुरक्षित प्रसव के लिए टीकाकरण व प्रसव पूर्व जांच जरूरी है।जांच के दौरान उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका समय से इलाज कर जच्चा बच्चा को सुरक्षित किया जा सकता है।

इस दौरान शशिकला, गीता, रागनी श्रीवास्तव, जूही, बिट्टा देवी आदि उपस्थित रहे।

# पीएम आवास योजना का सर्वे समय से करें पूरा : आलोक दत्त उपाध्याय

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र लाभार्थियों के सर्वे का शुभारंभ बुधवार को किया गया। खंड विकास अधिकारी भनवापुर आलोक दत्त उपाध्याय ने क्षेत्र के हटवा में पंहुच कर सर्वे का शुभारंभ किया।

इस दौरान बीडीओ ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र में पीएम आवास के लिए लगे सर्वेयर समय से सर्वे का कार्य पूरा करे जिससे पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ समय से दिया जा सके। आलोक दत्त उपाध्याय ने बताया कि ब्लाक क्षेत्र में पीएम आवास के लिए 38 सर्वेयर को लगाया गया है। एक सर्वेयर को अधिकतम तीन ग्राम पंचायतों का सर्वे करना है। सर्वे के लिए सर्वेयर के रूप में एडीओ पंचायत, सचिव, अवर अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण, कृषि विभाग प्राविधिक सहायक,नलकूप चालक, लेखपाल आदि लगाया गया है। सभी सर्वेयर को 28 फरवरी 2025 तक सर्वे का कार्य पूरा कर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया।सर्वे के दौरान निर्धारित पात्रता श्रैणी का विशेष ध्यान देने का निर्देश भी दिया गया है। भनवापुर के हटवा में सर्वे अभियान के दौरान एडीओ पंचायत संजय पटेल, सचिव हरीराम चौधरी, प्रधान चंद्रभान चौधरी आदि मौजूद रहे।

## बीडीओ की मौजूदगी में प्रधानमंत्री आवास के लिए किया गया सर्वे



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खण्ड लोटन क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत लोटन मे बुधवार को प्रधानमंत्री आवास के लिए प्रथम लाभार्थी के रूप में सुशीला पत्नी फूल चन्द के रूप में खण्ड विकास अधिकारी ओमप्रकाश गुप्ता के मौजूदगी मे चैन करके सर्वेक्षण किया गया। खण्ड विकास अधिकारी द्वारा सचिव को बताया गया की मोबाईल द्वारा कैसे सर्वेक्षण करना है और प्रशिक्षण दिया गया एवं सचिवो को लाभार्थी की पात्रता के बारे में भी सचिवो को बताया गया कि किस तरह से अपने अपने ग्राम पंचायत मे जाकर आवास के लिए पात्र व्यक्तियों का सर्वेक्षण करना है। इस दौरान सचिव रविन्द्र कुमार जाटव, विनोद कुमार चौधरी, मनोज कुमार, ईश्वर देव, प्रियंका गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

**मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सघन टीबी अभियान की समीक्षा बैठक**

# कम से कम दो मरीजो को पोषण पोटली उपलब्ध कराये

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** मण्डल को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में तेजी लाने के लिए मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में विगत दिवस 100 दिवसीय सघन टीबी अभियान की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। यह अभियान विगत 07 दिसम्बर से 24 मार्च 2025 तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य टीबी के उन्मूलन में तेजी लाना है। उन्होने कहा कि इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के साथ-साथ शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, आयूष विभाग के अधिकारियों से अपेक्षित सहयोग लिया जाये। उन्होने कहा कि खासी, बुखार, रात में पसीना आना, मुँह से खून आना, वजन कम होना, भूख ना लगना, गर्दन में गिल्टी/गॉठ, बाझपन आदि टीबी के लक्षण है। बैठक में उपस्थित विभागाध्यक्षों से उन्होने कहा कि विभागों में उपस्थित समस्त अधिकारियो व कर्मचारियों में उक्त लक्षण पाये जाने पर तत्काल स्क्रिनिंग/जॉच कराया जाय। उन्होने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि कैम्प के माध्यम से उक्त लक्षण वाले लोगों को चिन्हित कर स्क्रिनिंग करायी जाये। उन्होने यह भी कहा कि टीबी के मरीजो को पोषण पोटली, मुँगफली, भूना चना, गुड, तिल, गजक, बोनबीटा उपलब्ध कराया जाये। उन्होने मण्डलीय अधिकारियों से कहा कि आप सभी लोग भी कम से कम दो मरीजो को पोषण पोटली उपलब्ध कराये। इसके लिए स्वयं सहायता समूह का सहयोग भी लिया जाय। बैठक के अन्त में टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शपथ भी दिलाया। बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त बलराम कुमार ने किया। इसमें अपर निदेशक स्वास्थ्य डा. विनीता राय, संयुक्त निदेशक स्वास्थ्य डा. नीरज पाण्डेय, तीनों जिलों के सीएमओ सहित संबंधित विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## मनरेगा कार्यों में भ्रष्टाचार के दीमक कर रहे योजनाओं का बंटाधार

**ग्राम पंचायत सिसवा उर्फ शिवभारी की दासतां सुर्खियों में**

नंदलाल आजाद

**बढ़नी सिद्धार्थ नगर।** बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सिसवा उर्फ शिवभारी में मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्यरत मजदूरों के हाजिरी में जमकर घोटाला किए जाने की चर्चा जोरों पर है जिम्मेदारों की मेहरबानी कहे या निगहबानी इस ग्राम पंचायत पर कुछ विशेष होने की बात बताई जा रही है। मंगलवार को बढ़नी ब्लॉक के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी शाहिद सिराज ने बताया कि ग्राम पंचायत सिसवा उर्फ शिवभारी में मनरेगा कार्यो की जॉच करने आज गए थे जहां दो साइटों पर कार्य चल रहा था। एपीओ ने कहा कि एक साइट पर 39 मनरेगा मजदूर कार्यरत पाए गए। वहीं उक्त के संबंध में जब रोजगार सेवक संजय कुमार से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने बताया कि आज ग्राम पंचायत सिसवा उर्फ शिवभारी में कुल 83 या 84 मनरेगा के मजदूर कार्यरत रहे। जानकारों का कहना है कि यदि अपलोड की गयी साइटों की पड़ताल की जाए तो कुछ और ही संख्या बयां कर रही है। बहरहाल लोगों का कहना है कि जॉच और जिम्मेदार दोनों की गलबहियां गठजोड़ और गुणा भाग की बदौलत सब कुछ दौड़ रहा है। बहरहाल मामला जो कुछ भी हो सब कुछ जांचोपरांत ही मामला स्पष्ट होगा।

## टांडा पालिका प्रशासन द्वारा जगह-जगह गिरी अलाव के लिये लकड़ी बिल्कुल गीली



**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** देश व प्रदेश में सत्तारूढ़ दोहरी इंजन की सरकार के टांडा नगर कार्यालय के नीचे नगरपालिका परिषद टांडा द्वारा अलाव की व्यवस्था है। परन्तु नगरपालिका परिषद टांडा के ठेकेदार द्वारा गीली व ना जलने वाली लकड़ी गिराकर सरकारी धन का दोहन किया जा रहा है। इतना ही नहीं सत्ताधारी पार्टी के किसी भी नेता व नगरपालिका परिषद टांडा के अधिकारियों की दृष्टि इस ओर नहीं हो रही है। दोनों पर ही मदमस्त सत्ता का नशा चढ़ा हुआ है। आम जनता ठंड से मरे तो मरे इससे न तो ठीकेदार को कोई मतलब न तो पालिका प्रशासन को।

## 14 जनवरी को जुलूस ए हैदरी का होगा आयोजन

**जलालपुर अवधनामा संवाददाता।** इस्लाम धर्म के आखरी पैगम्बर हज़रत मुहम्मद साहब के उत्तराधिकारी हज़रत अली अलैहिस्सलाम की विलादत (जन्म दिवस) 13 रजब के अवसर पर मौलूद -ए-हरम कमेटी के बैनर तले 14 जनवरी को अपराह्न 2 बजे जाफराबाद स्थित रौजा हज़रत अब्बास से भारी भरकम जुलूस-ए-हैदरी का आगाज होगा। नगर का भ्रमण करता जुलूस सराय चौक होता हुआ डाक्टर सुरेश यादव के सामने से थाना मार्ग होता हुआ यादव चौराहा पहुंचेगा। कुछ समय पश्चात जुलूस रौजा हज़रत कासिम पहुंचकर कसीदा ख्वानी के बीच समाप्त होगा। 13 रजब की पूर्व संध्या पर जाफराबाद स्थित बड़ा इमामबाड़ा में अंजुमन हुसैनिया के तत्वावधान में जश्न मौलूद-ए-काबा में शायरों का जमावड़ा होगा। वहीं शिया समुदाय अपने पहले इमाम के जन्मदिन के मौके पर अपने घरों इमामबाड़ा व मस्जिदों में सजावट कर महफ़िल व नज़र नियाज़ का आयोजन करेंगे।

# सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत जनता को किया जागरूक



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** अकबरपुर पुरानी तहसील तिराहा पर विभागीय कर्मचारियों के साथ टीआइ यह जय बहादुर यादव गुलाब का फूल लेकर खड़े नजर आए। तभी बिना हेलमेट के मोटरसाइकिल से जा रहे दो युवकों को टी आइ यस जय बहादुर यादव ने हाथ देकर रोक लिया। उन्हें गुलाब का फूल भेंट किया। इसके बाद ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। कहा कि जीवन अनमोल है यातायात के नियमों का पाठ पणाया जनपद के साथ ही पूरे देश में 50 प्रतिशत से अधिक लोग बिना हेलमेट के वाहन चलाते समय सड़क हादसों में अपनी जान गवां रहे हैं। टीआइयस ने फूल भेंटकर यातायात नियम के पालन करने की सलाह दी। बिना हेलमेट सीट बेल्ट के वाहन न चलाने की नसीहत दी। इसके बाद पुरानी तहसील तिराहा अयोध्या मार्ग, दोस्तपुर मार्ग और पटेल नगर तिराहा राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी वाहन चालकों को जागरूक किया। शराब पीकर वाहन न चलाने, ओवरटेक करते समय हॉर्न बजाने, स्टंट न करने समेत अन्य नियमों का वाहन चलाते समय पालन करने की सलाह दी।

# डीएम की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गर्भधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम के तहत हुई बैठक

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी (पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीकी) अधिनियम 1994 की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक में पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी डॉ संजय वर्मा ने पीसीपीएनडीटी अधिनियम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस अधिनियम को लागू करने का उद्देश्य गर्भाधान से पहले अथवा बाद में लिंग चयन तकनीक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाना और लिंग चयनात्मक गर्भपात के लिए प्रसव पूर्व निदान तकनीक के दुरुपयोग को रोकना है। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं संबंधित चिकित्सकों को पीसीपीएनडीटी अधिनियम का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि अधिनियम का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि अधिनियम के नियमानुसार सभी केंद्रों पर रजिस्टर बनाया जाए जिसमें जांच के लिए आए समस्त महिलाओं एवं पुरुषों का विवरण अंकित किया जाए प्रत्येक अनुवांशिक/अल्ट्रासाउंड सेंटर द्वारा जांच करने वाले प्रत्येक महिला का रिकॉर्ड रखा जाए और किसी भी कानूनी कार्यवाही के दौरान अंतिम निर्णय जाने तक अभिलेखों को सुरक्षित रखा जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड हेतु निर्धारित रेट लिस्ट के साथ-साथ अल्ट्रासाउंड करने वाले चिकित्सक का नाम एवं समय अवधि को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिनियम के नियमानुसार सभी केंद्रों पर यहां भ्रूण के लिंग की जांच नहीं किया जाता व अधिनियम के तहत लिंग निर्धारण कानूनी अपराध है का नोटिस बोर्ड स्थानीय भाषा में अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी केंद्रों पर अधिनियम और नियमों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन न हो। और कोई भी चिकित्सा केंद्र, स्त्री रोग विशेषज्ञ या कोई भी व्यक्ति अथवा तकनीकी सेवाएं प्रदान करने वाले द्वारा किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करते हुए पाया जाए तो उसके ऊपर तत्काल कड़ी से कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी को संबोधित करते हुए बताया रजिस्टर्ड चिकित्सक द्वारा ही सभी केंद्रों पर जांच किया जाए ऐसा न करने पर त्वरित कार्यवाही किया जाएगा।

# नक्सलवाद अभी जिंदा है

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बार-बार दावा करते रहे हैं कि मार्च, 2026 तक नक्सलवाद का अस्तित्व खत्म कर दिया जाएगा। इस लड़ाई में हमारे जांबाज जवानों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। नक्सलवाद घुटने टेक रहा है, नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। एक दिन ऐसा होगा कि नक्सलवाद का नामलेवा भी शेष नहीं रहेगा। देश चाहता है कि गृहमंत्री का दावा एक दिन साकार हो, चरितार्थ हो, क्योंकि नक्सलवाद भी एक खास किस्म का आतंकवाद है, लेकिन छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के अंबेली गांव में नक्सलियों ने आईईडी विस्फोट करके जिस तरह 8 जवानों और एक वाहन चालक को 'शहीद' किया है, वह रुह कंपा देने वाला हमला है। यह अप्रैल, 2023 के बाद का सबसे बड़ा, घातक हमला है और 2025 का पहला जानलेवा हमला है। छत्तीसगढ़ के ही दंतेवाड़ा क्षेत्र में 26 अप्रैल, 2023 को आईईडी विस्फोट करके 10 पुलिसकर्मियों को 'शहीद' किया गया था। इस बार सुरक्षा बल अबूझमाड़ के जंगल में एक सफल ऑपरेशन में 5 नक्सलियों को मार कर लौट रहे थे। हालांकि 'रोड ओपनिंग पार्टी' रास्ते को साफ करती चल रही थी। काफिले में कुछ और वाहन भी थे, जो वैकल्पिक रास्ते पर चले गए। नक्सलियों ने एक वाहन को निशाना बनाया और विस्फोट में वाहन के परखच्चे उड़ गए। बताया जाता है कि हमले में करीब 70 किलोग्राम विस्फोटक का इस्तेमाल किया गया। लिहाजा बेहद महत्वपूर्ण और गंभीर सवाल है कि 'रोड ओपनिंग पार्टी' इतने विस्फोटक को देख और पकड़ क्यों नहीं सकी? यदि रास्ते को गंभीरता से साफ किया जाता, तो विस्फोटक पकड़ में आ सकता था और उसे निरस्त, निष्प्रभावी किया जा सकता था। यह स्पष्ट लापरवाही, अनदेखी थी, जिसने हमारे जवानों की जिंदगी छीन ली। अब एक बार फिर बहस शुरू होगी कि सुरक्षा बलों की आवाजाही सड़क मार्ग के बजाय हवाई उड़ान के जरिए क्यों नहीं हो सकती? यह सवाल फरवरी, 2019 के पुलवामा (कश्मीर) आतंकी हमले के बाद भी उठा था, जिसमें हमारे 40 सुरक्षाकर्मियों को 'शहीद' कर दिया गया था। बीजापुर जिले में इस बार का विस्फोट इतना ताकतवर था कि वाहन के पुर्जे 400 मीटर दूर तक बिखर गए। वाहन का एक हिस्सा करीब 30 फुट दूर पेड़ पर लटका मिला। घटनास्थल पर ही करीब 10-12 फुट गहरा और चौड़ा गड्ढा बन गया। जवानों के शव भी क्षत-विक्षत हो गए। नक्सली विस्फोट करके भाग निकले। धमाका होते ही रोड ओपनिंग पार्टी के जवानों ने मोर्चा संभाल लिया, लेकिन शहादत तो हो चुकी थी। यह हमला ही साबित करता है कि नक्सलवाद अभी जिंदा है। उनकी रणनीति कारगर साबित हो रही है। उनके पास हथियार और हत्यारे विस्फोटक हैं, लिहाजा सवाल है कि 2026 तक नक्सलियों का बिल्कुल खात्मा कैसे संभव है? बीते साल 2024 में 287 नक्सली मारे गए, करीब 1000 गिरफ्तार किए गए, 837 ने आत्मसमर्पण किया, लेकिन हमारे जवान भी 'शहीद' हुए हैं। हमारे लिए यह चिंताजनक बात है। नक्सलवाद अब भी देश के 30 जिलों में मौजूद है। इनमें 8 जिले छत्तीसगढ़ के हैं। दंतेवाड़ा और बस्तर क्षेत्र तो नक्सलियों के गढ़ माने जाते रहे हैं। नक्सलवाद के कारण करीब 94 फीसदी वारदातें और मौतें इन्हीं जिलों में होती हैं। इस हमले में जो जवान 'शहीद' हुए हैं, वे जिला रिजर्व गार्ड के थे। यह राज्य पुलिस की ही एक ईकाई है, लेकिन हमें वे घटनाएं भी याद हैं, जब 6 अप्रैल, 2010 को नक्सलियों ने एक ही हमले में सीआरपीएफ के 76 जवानों को मौत की नींद सुला दिया था।

# सीरिया और इस्लामिक स्टेट सावधानी और सतर्कता की ज़रूरत

**प्रो. बन्दिनी कुमारी**

सीरिया में हाल ही में महत्वपूर्ण राजनीतिक और सैन्य परिवर्तन हुए हैं। 08 दिसंबर 2024 को विद्रोही गुटों ने राष्ट्रपति बशर अल असद के 24 वर्षीय शासन को समाप्त कर दिया, जिससे वे रूस भागने पर मजबूर हुए। इस तख्तापलट के बाद, हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) विद्रोही गुट ने मोहम्मद अल-बशीर को अंतरिम प्रधानमंत्री नियुक्त किया है। चिंताजनक बात यह है कि कुछ कट्टरपंथियों द्वारा इन घटनाओं को इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) की जीत के रूप में चित्रित करने या उन्हें व्यापक, दैवीय स्वीकृत अभियान के हिस्से के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया जा रहा है और मध्य एशिया के युवाओं से अपील की जा रही है कि वे इस अभियान में शामिल हों। यह व्याख्या झूठी, भ्रामक और एक खतरनाक जाल है, जो युवाओं और संवेदनशील दिमाग के व्यक्तियों को गुमराह करने के लिए बनाया जा रहा है। मध्य पूर्व में कई अन्य लोगों की तरह, सीरियाई संघर्ष बहुआयामी है, जिसमें विभिन्न गुट नियंत्रण, प्रभाव और अस्तित्व के लिए होड़ कर रहे हैं। आईएसआईएस के अवशेषों सहित कुछ चरमपंथी समूह इन घटनाक्रमों को अपने तथाकथित ''खिलाफत'' के हिस्से के रूप में प्रस्तुत करने की कोशिश कर रहे हैं, और उसकी व्याख्या अपने कुत्सित उद्देश्यों को पूरा करने के लिए कर रहे हैं जो उनकी कट्टरपंथी विचारधारा में निहित एक अवधारणा है। गौरतलब है कि इस्लामिक शासन और खिलाफत की वास्तविक अवधारणा को विकृत करके मध्य एशिया के तमाम कट्टरपंथी समूह अपने अपने राजनीतिक मंसूबों के लिए युवाओं को बलि का बकरा बना रहे हैं। इस्लामिक शासन की अवधारणा इस्लाम के धार्मिक और सामाजिक सिद्धांतों पर आधारित है। इसे आमतौर पर ''इस्लामी राज'' या ''खिलाफत'' के रूप में जाना जाता है। इस्लामिक शासन प्रणाली में परामर्श का सिद्धांत लागू होता है। इसे ''शूरा'' कहा जाता है, जहां शासक और प्रजा के बीच विचार-विमर्श किया जाता है। यह लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं का आधार है। आईएसआईएस के तहत तथाकथित ''इस्लामिक स्टेट'' विनाश, उत्पीड़न और आतंकवाद पर बनाया गया था। यह एक राजनीतिक इकाई थी जिसने इस्लाम के मूल सिद्धांतों का उल्लंघन किया जैसे न्याय, दया और मानवीय सम्मान के लिए सम्मान। मुसलमानों में शांति और समृद्धि लाने के बजाय, आईएसआईएस ने पीड़ा, रक्तपात और विभाजन लाया। इस्लाम के नाम पर आतंकवाद, सांप्रदायिक हिंसा और क्रूरता की इसकी रणनीति ने न केवल आस्था को कमजोर किया है, बल्कि दुनिया भर के कई मुसलमानों का मोहभंग भी किया है। कुछ कट्टरपंथी और चरमपंथी अब सीरिया में हो रहे घटनाक्रम को तथाकथित इस्लामिक स्टेट की जीत के में पेश करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका उद्देश्य भावनाओं को भड़काकर और खुद को इस्लाम के ''सच्चे'' रक्षक के रूप में पेश करके मुस्लिम युवाओं को अपने साथ जोड़ना है। वे विजयी खिलाफत के पुनर्जन्म की तस्वीर पेश करने के लिए लड़ाई, नारे और यहां तक कि ''जिहाद'' के संदर्भों का उपयोग कर सकते हैं। हालाँकि, यह कथा इस्लाम क्या सिखाता है और जिहाद की अवधारणा का वास्तव में क्या अर्थ है, इस बारे में गलत समझ पर आधारित है। इस्लामी परंपरा में जिहाद मुख्य रूप से व्यक्तिगत सुधार और समाज में न्याय और धार्मिकता को बनाए रखने का प्रयास है। यह बेवजह हिंसा या आतंकवाद के माध्यम से सत्ता स्थापित करने का आह्वान नहीं है। सच्चा जिहाद उत्पीड़न, अन्याय और अत्याचार से लड़ने के बारे में है, और यह कई रूपों में किया जा सकता है- शिक्षा, दान, शांतिपूर्ण प्रतिरोध या अपने समुदाय को आक्रामकता से बचाने के माध्यम से। यह कभी भी ऐसे समूह में शामिल होने के बारे में नहीं है जो धार्मिक कर्तव्य की आड़ में हिंसा और अराजकता को बढ़ावा देता है। सीरियाई संघर्ष और इसी तरह के संकटों को खिलाफत की स्थापना के रूप में पेश करने का कट्टरपंथी प्रयास बेहद भ्रामक है। ऐसे आंदोलनों में शामिल होने वाले युवा खुद को एक वैचारिक जाल में उलझा हुआ पा सकते हैं जो हिंसा, विनाश और व्यक्तिगत नुकसान की ओर ले जाता है, यह सब इस्लाम की विकृत समझ के नाम पर होता है। इस्लाम का सच्चा मार्ग ही भलाई को बढ़ावा देता है न वह है जो शांति, न्याय और मानवता न कि निरर्थक संघर्ष या सांप्रदायिक हिंसा को। मुस्लिम युवाओं को खुद को शिक्षित करने, ज्ञानी विद्वानों से मार्गदर्शन प्राप्त करने और इस्लाम की सच्ची शिक्षाओं को समझने की आवश्यकता है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।
पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन
स्थानीय संपादक
मोहम्मद आलम रिज़वी
RNI No UPHIN/2010/31173
टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716
avadhnamahindi@gmail.com,

# दिल्ली के चुनाव 'आप' के लिये परीक्षा की घड़ी



ललित गर्ग

**देश का दिल कहे जाने वाली राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव-2025 का बिगुल बज चुका है, कड़कड़ाती सर्दी में भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच राजनीतिक दंगल के आगाज के साथ राजनीतिक पारा भी चढ़ने लगा है। उम्मीद की जा रही है कि ठण्ड का पारा गिरने-चढ़ने का रिकॉर्ड बनाने वाली दिल्ली इस बार मतदान का नया रिकॉर्ड बनाने के साथ राजनीति उठापटक का भी नया इतिहास बनायेगी। दिल्ली में चुनावों के ऐलान के साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है। एक दूसरे की कलई खोलने की कोशिशें हो रही हैं। 'आप' दिल्ली में हैट्रिक लगाने की तैयारी में है, तो भाजपा सत्ता विरोधी लहर, शीश महल, भ्रष्टाचार के आरोप को आधार बनाकर उसे रोकना चाहती है।**

कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को पाने की जद्दोजहद में जुटी है। सबसे दिलचस्प एवं रोमांचक इस चुनाव में देखना है दिल्ली की जनता किसके सर पर ताज पहनाती है? चुनाव की घोषणा से पहले ही तीनों राजनीतिक दल आम मतदाता को लुभाने के लिये तरह-तरह की घोषणाएं करते हुए जनता से मुखातिब हो रहे हैं, जनता के बीच जा रहे हैं, सभाएं कर रहे हैं, यात्रा निकाल रहे हैं। 'आप' तमाम तरह की संकट एवं संघर्षपूर्ण स्थितियों के बावजूद मजबूती बनाये हुए है, क्योंकि आप-सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम, जैसेकि सरकारी स्कूलों का कायाकल्प, मोहल्ला क्लीनिक और मुफ्त बिजली, साथ ही महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और वरिष्ठ नागरिकों को फ्री में तीर्थ यात्रा कराना उसकी ताकत बनी हुई है।

नयी घोषणाओं के साथ वह अपनी इस ताकत को बढ़ाते हुए 'आप' ने महिलाओं को 2100 रुपये हर महीने देने, बुजर्गों को फ्री इलाज, ऑटो चालकों को 10 लाख का बीमा देने, पंडितों एवं ग्रंथियों को 18 हजार प्रतिमाह जैसी कई योजनाओं का ऐलान किया है, जो पूरे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। 'रेवड़ी पर चर्चा' जैसी मुहिम से 'आप' हर वोटर के घर तक पहुंच रही है। पब्लिक को बार-बार याद



दिला रही है कि उनकी सरकार ने क्या-क्या काम किए हैं। लेकिन 'आप' के खिलाफ सरकार में 10 साल रहने की वजह से सत्ता विरोधी लहर काफी बढ़ गई है। कई वोटर बदलाव की जरूरत महसूस करते हैं। दिल्ली का विकास अवरुद्ध है, वायु प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है, यमुना प्रदूषित हो चुकी है, जनता को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है, सड़के गड्ढों में तब्दील हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं की भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। 'शीश महल' विवाद ने अरविंद केजरीवाल की छवि को नुकसान पहुंचाया है। इससे पार्टी की साफ सुथरी छवि धूमिल हुई है। इसके अलावा मतभेद की वजह से कई नेता छोड़ गए, इससे केजरीवाल की जीत की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है। लगता है कि 'आप' की उलटी गिनती तो शुरु हो गयी है, देखना है वह कहां जाकर रूकती है। दिल्ली में जीत के नये कीर्तिमान गढ़ने वाली नई नवेली 'आप' ने साल 2013 में अपने पहले चुनाव में 70 में से 28 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था। उस समय भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी लेकिन 'आप' ने कांग्रेस से मिलकर सरकार बनाई। लेकिन यह सरकार सिर्फ़ 49 दिनों तक चल पाई। अरविंद केजरीवाल ने फ़रवरी 2014 में ये कहते हुए इस्तीफ़ा दे दिया कि दिल्ली विधानसभा में संख्या बल की कमी की वजह से वो जन लोकपाल बिल पास कराने में नाकाम रहे हैं, इसलिए फिर से चुनाव बाद पूर्ण जनादेश के साथ लौटेंगे। 2015 में जब चुनाव हुआ तो दिल्ली की राजनीति में इतिहास रचते हुए 'आप' ने 70 में से 67 सीटें जीत लीं। वर्ष 2020 में भी आप ने जीत का कीर्तिमान बनाते हुए 62 सीटें जीती। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार का चुनाव काफ़ी रोचक होने वाला है लेकिन यह 'आप' के लिये चुनौतीपूर्ण होने के साथ संकटपूर्ण है। जिस भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अन्ना आंदोलन के बीच से आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ, इसी मुद्दे पर भाजपा केजरीवाल को घेरने की पुरज़ोर कोशिश कर रही है। आप को भाजपा ही नहीं, कांग्रेस से भी बड़ा खतरा है। भाजपा ने अभी अपने पूरे उम्मीदवारों की सूची भी जारी नहीं की है लेकिन चुनाव प्रचार अभियान के लिए पार्टी ने अपने स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उतार दिया है और उन्होंने अपनी पहली ही चुनावी सभा में आम आदमी पार्टी पर आक्रामक हमला बोलते हुए उसे दिल्ली के लिये 'आप-दा' यानी बड़ा संकट कह दिया है। आप के नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, एलजी ऑफिस के साथ टकराव और कई अन्य फैसले 'आप' की विश्वसनीयता एवं सुदृढ़ता को नुकसान पहुंचा रहे हैं। दिल्ली विधानसभा का चुनाव इसलिए ज्यादा ही महत्वपूर्ण है कि इसका असर राष्ट्रव्यापी होता है। दिल्ली सरकर की सांविधानिक शक्तियां भले ही सीमित हों, मगर राष्ट्रीय मीडिया के केंद्र में होने के नाते इसके नेताओं को तुरंत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान बन जाती है। इसमें कोई दो राय नहीं हो सकती कि दिल्ली को एक मॉडल स्टेट बनना चाहिए था, मगर न यह विकास का मॉडल बन सका और न ही सुचारू सुशासन प्रणाली का। दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था एवं विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर देश की राजधानी की दुर्दशा एवं ठहरा हुआ विकास एक बदनुमा दाग है, विडंबना यह है कि इसके लिए 'आप' सरकार दोषी होते हुए भी क्या आम जनता की अदालत में दोषी साबित होगी? भाजपा, कांग्रेस और आप तीनों के लिए यह विधानसभा चुनाव करो या मरो की स्थिति वाला है। पिछले तीन लोकसभा चुनावों से केंद्र में सरकार बनाने वाली और दिल्ली की सभी संसदीय सीटें लगातार जीतने के बावजूद भाजपा पिछले 26 वर्षों से राजधानी की सत्ता से दूर है। यही नहीं, दिल्ली नगर निगम में दशकों से कायम उसकी सत्ता भी छिन चुकी है। ऐसे में इस टीस को वह इस विधानसभा चुनाव में जरूर दूर करना चाहेगी और इसके लिये उसकी तैयारी ही केजरीवाल के लिये संकट का बड़ा कारण है। विश्लेषकों का कहना है कि यह चुनाव इसलिए भी रोचक होने जा रहा है क्योंकि इसके नतीजे राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करेंगे।

# महिला सम्मान की उम्मीद और इनसे?



निर्मल रानी

> "हमारे समाज में महिला हितों व उनके सम्मान की बातें यदि किसी वर्ग द्वारा सबसे अधिक की जाती हैं तो वह है देश का राजनैतिक वर्ग। इन्हीं के मुंह से समय समय पर महिला सम्मान में ऐसे ऐसे लुभावने शब्द गढ़े व निकाले जाते हैं जिन्हें सुनकर एक बार तो यही धोखा होता है कि भारतीय पुरुषों विशेषकर राजनेताओं से अधिक महिला सम्मान की चिंता तो शायद पूरी दुनिया में किसी को भी नहीं होगी। कभी कन्या पूजन, कभी देवी कभी पूज्या कभी लाडली बहना, कभी लखपति दीदी तो कभी प्यारी दीदी कभी आधी आबादी जैसे अनेक लोकलुभावन नामों से पुकारा जाता है तथा उनके हित में ऐसे ही नामों की योजनायें भी चलाई जाती हैं। परन्तु सही मायने में यह सभी राजनैतिक प्रपंच केवल महिलाओं के वोट बैंक साधने मात्र के लिए ही किये जाते हैं।

इस पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं की वास्तव में क्या इज़्ज़त है इसे समझने के लिये केवल एक ही तर्क पर्याप्त है कि भारत में प्रचलित लगभग सभी गलियां महिलाओं को ही केंद्रित कर गढ़ी गयी हैं। मां बहन की गालियां तो लोग देते ही हैं परन्तु यदि सबसे हल्की गाली यानी कोई किसी को साला भी कहता है तो भी वह उसकी बहन को ही गरिया रहा होता है। सदियों से ऐसे ही धारणा पाले हुये इस पुरुष प्रधान समाज से महिलाओं द्वारा मान सम्मान आदर सत्कार सुरक्षा या संरक्षण की उम्मीद करना क़तई बेमानी है और यह महिलाओं द्वारा केवल अपने को धोखे में रखना है।

काफ़ी दिनों से एक प्रवृति यह भी देखी जा रही है कि पहले लोग अपनी विकृत सोच को अपने ज़हरीले बोल के द्वारा बाहर निकलते हैं। उसके बाद जब उन की बदकलामी के चलते उनपर दुनिया थूकने लगती है तो बड़ी ही चतुराई से यह सधे हुये शब्दों में मुआफ़ी मांगकर बगुला भगत बन जाते हैं। जैसे अभी पिछले दिनों दिल्ली भाजपा नेता रमेश बिधूड़ी द्वारा



किया गया। रमेश बिधूड़ी 2014 व 2019 में दो बार दक्षिणी दिल्ली से सांसद रह चुके हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें लोकसभा प्रत्याशी तो नहीं बनाया था परन्तु इस बार बिधूड़ी को भाजपा ने कालकाजी विधानसभा सीट से संभवतः अपना प्रत्याशी तो बनाया है परन्तु उनकी बदज़ुबानी के चलते उन्हें चुनावी मैदान से हटाये जाने की ख़बरें सुनाई देने लगी हैं। पिछले दिनों रमेश बिधूड़ी ने अपने चुनाव क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुये कहा कि- लालू ने वादा किया था कि बिहार की सड़कों को हेमा मालिनी के गालों जैसा बना दूंगा, लेकिन वे ऐसा नहीं कर पाया। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं, जैसे ओखला और संगम विहार की सड़कें बना दी हैं, वैसे ही कालकाजी में सारी की सारी सड़कें प्रियंका गांधी के गाल जैसी बना दूंगा। दूसरी सभा में विधुड़ी ने अपने विरुद्ध आम आदमी पार्टी की प्रत्याशी व दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के सरनेम को लेकर इसी तरह की ओछी टिप्पणी करते हुये उनके बुज़ुर्ग पिता तक को अपनी घटिया टिप्पणी में शामिल कर लिया। उसके बाद बड़ी ही शातिराना अंदाज़ में मुआफ़ी मांगकर मामले को रफ़ा दफ़ा करने की कोशिश की परन्तु तब तक उनके भीतर का विकार बाहर निकल चुका था। अपनी व अपनी पार्टी की घोर फ़ज़ीहत के बाद विधुड़ी ने यह कहकर अपना मुंह छुपाने की कोशिश की कि मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था। परंतु फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो मैं खेद प्रकट करता हूँ। इसी भाजपा के दिल्ली के नेता प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के पिछले विधानसभा चुनावों के दौरान शाहीन बाग़ के आंदोलन का ज़िक्र करते हुये यहाँ तक कह दिया था कि -दिल्ली के लोगों को सोच-समझकर फैसला लेना होगा। ये लोग आपके घरों में घुसेंगे, आपकी बहन-बेटियों को उठाएंगे, रेप करेंगे, उनको मारेंगे। इसी तरह भाजपा के बंगलुरु से फ़ायर ब्रांड सांसद तेजस्वी सूर्य ने 2015 में ट्वीट कर अपना अधकचरा ज्ञान सांझा करते हुये कहा था कि - 95 प्रतिशत अरब महिलाएं ऐसी हैं जिन्होंने पिछले कई वर्षों में ऑर्गज़्म (कामोत्तेजना की चरम अवस्था ) का अनुभव नहीं किया है। हर मां ने बच्चे बस सेक्स की वजह से पैदा किए हैं न कि प्यार की वजह से। सूर्या की इस घटिया व निम्न स्तरीय टिप्पणी के बाद कई अरब देशों ने इस बयान पर आपत्ति जताई थी। गोया ऐसे बयानों से न केवल महिलाओं के प्रति इनकी दुर्भावना व ओछापन ज़ाहिर होता है बल्कि यह देश की बदनामी का भी सबब बनते हैं। याद कीजिये हमारे देश में महिलाओं को नमन करने का ढोंग करने वाले ऐसे नेताओं द्वारा कौन कौन से भद्दे बोल नहीं बोले गये? किसी नेता ने कांग्रेस की विधवा शब्द का इस्तेमाल किया किसी ने 50 करोड़ की गर्लफ्रेंड कहकर महिला समाज को नीचा दिखने का प्रयास किया। कभी विधवा विलाप शब्द इस्तेमाल किये गये तो किसी ने महिलाओं को टंच माल बताया। कभी मंगलसूत्र पर प्रहार किया गया तो कभी महिलाओं को मुजरा करने से जोड़ा गया। किसी ने मंडी का भाव पूछा तो किसी ने महिलाओं के लिये परकटी शब्द का प्रयोग किया। न जाने कितने सांसद, विधायक व मंत्री, पाखंडी धर्मगुरु, उच्चाधिकारी आदि महिलाओं के यौन शोषण के आरोपी हैं और रहे हैं। कोई अपनी पत्नी को त्याग कर देश की महिलाओं के कल्याण की बातें कर रहा है तो कई बिन ब्याहे नेता लोगों को घर गृहस्थी का सलीक़ा सिखा रहे हैं। मणिपुर में देश की महिलाओं के साथ जो दुष्कृत्य वहां की शासन व्यवस्था की नाकामी के कारण लंबे समय से होते आ रहे हैं उसे लेकर पिछले दिनों 18 महीने बाद राज्य के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने ऐसी घटनाओं पर पीड़ितों से मुआफ़ी मांग कर अपनी ज़िम्मेदारी पूरी कर दी। और इन सबसे शर्मनाक बात यह भी है कि महिलाओं के पक्ष विपक्ष की बातें भी अब दलीय स्तर पर होने लगी हैं। यानी मणिपुर की महिलाओं से नग्न परेड कराई जाती है तो भाजपाई महिला नेत्रियाँ मणिपुर की महिलाओं पर चिंता व्यक्त करने या उन हालत पर आक्रोशित होने के बजाये यह ढूंढने लग जाती हैं कि किस ग़ैर भाजपा शासित राज्य में महिलाओं के साथ ज़्यादती हुई है। उस तरह के मामलों को उठा कर मणिपुर की महिलाओं के हालात का काउंटर करने की कोशिश की जाती है। ऐसे में इन अवसरवादी व सत्ता लोभी राजनीतिज्ञों से महिला सम्मान की उम्मीद रखना कितना व्यवहारिक है यह स्वयं सोचा जा सकता है।

# भ्रष्टाचार के प्रति हर नागरिक को जागरूक होना जरूरी



किशन सनमुखदास

**वैश्विक स्तरपर आज भारत के नाम प्रतिष्ठा होल्ड और वर्चस्वता का आधार बढ़ता ही जा रहा है, जिसके दम पर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक मुख्य पक्ष माना जाता है जो हम बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष के भारत के साथ बॉडी लैंग्वेज से समझ मेंआता है और हम प्रोत्साहित होकर विज़न 2047, विजन नए भारत, विज़न 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं परंतु जिस तरह हमने हाल के कुछ दिनों में बंगाल के मंत्री, जबलपुर के आरटीओ, एमपी के चपरासी के यहां करोड़ों रुपए, एमपी में पोषण घोटाला सहित अनेकों भ्रष्टाचार के तथाकथित मामले मीडिया के माध्यम से हमने पढ़े और देखें और ऐसे अनेक मामलों की रिसर्च करेंगे तो हमें पता चलेगा कि इस तरह के भ्रष्टाचार जारी रहे तो हम उपरोक्त विज़नस को पूर्ण नहीं कर पाएंगे? इसलिए अब जरूरी हो गया है कि भारत को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक निर्णायक कालखंड में कदम रखना अनिवार्य है।**

अब सीबीआई ईडी के साथ अन्य एजेंसियों को आय से अधिक संपत्ति रखने वालों का तेजी से पता लगाना होगा। सेवा क्षेत्र के हर चपरासी से लेकर बाबू और बड़े अधिकारियों तक की आर्थिक स्थिति की जांच तेजी से करनी होगी क्योंकि सरकारी क्षेत्र के लोगों के पास ही भ्रष्टाचार का कुबेर खजाना होगा तो अन्य निजी लोगों की बात ही क्या? हालांकि लाल किले से माननीय पीएम ने भी भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी और अब मिशन 2024 को भी अबकी बार भ्रष्टाचार पर वार का निर्णायक कालखंड बनाने की तैयारी है, इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस आर्टिकल के माध्यम से भ्रष्टाचार पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार की करें तो, हमारे देश के लिए यह बड़ी ही दुर्भाग्यपूर्ण विडंबना है कि युधिष्टिर, हरिश्चंद्र जैसे धर्मनिष्ठ शासकों व साधु-संतों की इस पावन धरती पर आज भ्रष्टाचार का विष फैला हुआ है। छोटे से छोटे कर्मचारियों से लेकर देश की सत्ता पर बैठे हमारे शीर्षस्थ भी आज भ्रष्टाचार में लिप्त होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता । भ्रष्टाचार हमारी राष्ट्रीय समस्या है । ऐसे व्यक्ति जो अपने कर्तव्यों की अवहेलना कर निजी स्वार्थ में लिप्त रहते हैं भ्रष्टाचारी' कहलाते हैं। आज हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरे तक समाहित हैं। साथियों मनुष्य कितना भी कुछ हासिल कर ले परंतु उसकी और अधिक प्राप्त कर लेने की लालसा कभी समाप्त नहीं होती है।किसी वस्तु की आकांक्षा रखने पर यदि उसे वह वस्तु सहज रूप से प्राप्त नहीं होती है तब वह येन-केन प्रकारेण उसे हासिल करने के लिए उद्?यत हो जाता है। इस प्रकार की परिस्थितियाँ भ्रष्टाचार को जन्म देती हैं। किसी उच्च पद पर आसीन अधिकारी प्राय~ गुणवत्ता की




अनदेखी कर अपने समाज, परिवार अथवा संप्रदाय के लोगों को प्राथमिकता देता है तो उसका यह कृत्य भ्रष्टाचार का ही रूप है। भ्रष्टाचार में लिप्त व्यक्ति सदैव न्याय की अनदेखी करता है। साथियों बात अगर आम भ्रष्टाचार की चुनौतियां और प्रारूप की करें तो, देश के सामने दो बड़ी चुनौतियां-पहली चुनौती - भ्रष्टाचार दूसरी चुनौती - भाई- भतीजावाद, परिवारवाद भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा है, उससे देश को लड़ना ही होगा। देश की कोशिश है कि जिन्होंने देश को लूटा है, उनको लौटाना भी पड़े देश इसकी कोशिश कर रहे हैं। देश में चारों ओर व्याप्त सांप्रदायिकता, भाषावाद, भाई-भतीजावाद, जातीयता आदि से पूरित वातावरण भ्रष्टाचार के प्रेरणा स्त्रोत हैं। भ्रष्टाचार के कारण ही कार्यालयों, दफ्तरों व अन्य कार्यक्षेत्रों में चोरबाजारी, रिश्वतखोरी आदि अनैतिक कृत्य पनपते हैं। दुकानों में मिलावटी सामान बेचना, धर्म का सहारा लेकर लोगों को पथभ्रमित करना तथा अपना स्वार्थ सिद्ध करना, दोषी व अपराधी तत्वों को रिश्वत लेकर मुक्त कर देना अथवा रिश्वत के आधार पर विभागों में भरती होना आदि सभी भ्रष्टाचार के प्रारुप हैं। साथियों बात अगर हम कुछ दिनों पूर्व महालेखाकार रिपोर्ट में खुलासा हुए एक घोटाले और आरटीओ के यहां रेड की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुसार 2018 से 2021 के बीच करीब 1.35 करोड़ महिलाओं को 2393 करोड़ का 4.05 मीट्रिक टेक होम राशन वितरित किया गया है। ऑडिट रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि टेक होम राशन बड़ी मात्रा में सिर्फ कागजों में बांट दिया गया। साथ ही करीब 58 करोड़ का नकली पोषण आहार का उत्पादन किया गया।रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि राशन बनाने वाली 6 फर्मो से परिवहन के नाम बाइक, कार, ऑटो और टैंकर के नंबरों को ट्रक बताकर करीब 6.94 करोड़ का 1125.64 मीट्रिक टन राशन के परिवहन होना बताया गया है। ऑडिट रिपोर्ट में उत्पादन और वितरण में घोटाला होना बताया जा रहा है। जबलपुर में ईओडब्लयू यानी इकॉनमिक ऑफेंस विंग ने एक आरटीओ अधिकारी के घर छापा मार आय से अधिक संपत्ति का खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि आरटीओ अधिकारी की संपत्ति उनकी आय से 650 गुना ज्यादा है। छापामारी में उनके 6 आलीशान मकानों का पता चला है। उनके पास एक डेढ़ एकड़ में फैला फार्म हाउस भी है। ईओडब्लयू की रेड के दौरान उनके घर से 16 लाख रुपये कैश मिलने की भी बात सामने आई थी। साथियों बात अगर हम भारत के महाशक्ति बनने के आंकलन की करें तो, भारत के महाशक्ति बनने की सम्भावना का आंकलन अमरीका एवं चीन की तुलना से किया जा सकता है। महाशक्ति बनने की पहली कसौटी तकनीकी नेतृत्व है। दूसरी कसौटी श्रम के मूल्य की है। महाशक्ति बनने के लिये श्रम का मूल्य कम रहना चाहिये। तब ही देश उपभोक्ता वस्तुओंका सस्ता उत्पादन कर पाता है और दूसरे देशों में उसका उत्पाद प्रवेश पाता है। चीन और भारत इस कसौटी पर अव्वल बैठते हैं जबकि अमरीका पिछड़ रहा है। तीसरी कसौटी शासन के खुलेपन की है। वह देश आगे बढ़ता है जिसके नागरिक खुले वातावरण में उद्यम से जुड़े नये उपाय क्रियान्वित करने के लिए आजाद होते हैं। बेड़ियों में जकड़े हुये अथवा पुलिस की तीखी नजर के साये में शोध, व्यापार अथवा अध्ययन कम ही पनपते हैं। भारत और अमरीका में यह खुलापन उपलब्ध है। चौथी कसौटी भ्रष्टाचार की है। सरकार भ्रष्ट हो तो जनता की ऊर्जा भटक जाती है। देश की पूंजी का रिसाव हो जाता है। भ्रष्टअधिकारी और नेता धन को स्विट्ज़रलैण्ड भेज देते हैं। ट्रान्सपेरेन्सी इंटरनेशनल द्वारा बनाई गयी रैंकिंग में अमरीका को 19वें स्थान पर रखा गया है जबकि चीन को 79वें तथा भारत को 84वां स्थान दिया गया है। साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार के समाधान की करें तो, भ्रष्टाचार के समाधान के लिए आवश्यक है कि भ्रष्टाचार संबंधी नियम और भी सख्त हों तथा भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को कड़ी से कड़ी सजा मिले। इसके लिए सख्त और चुस्त प्रशासन अनिवार्य है । इस समस्या के निदान के लिए केवल सरकार ही उत्तरदायी नहीं है, इसके लिए सभी धार्मिक, सामाजिक व स्वयंसेवी संस्थाओं को एकजुट होना होगा । सभी को संयुक्त रूप से इसे प्रोत्साहन देने वाले तत्वों का विरोध करना होगा। साथियों बात अगर हम 15 अगस्त 2022 को माननीय पीएम के लाल किले से भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार की करें तो उन्होंने कहा था,कई लोग तो इतनी बेशर्मी तक चले जाते हैं कि कोर्ट में सजा हो चुकी हो, भ्रष्टाचारी सिद्ध हो चुका हो, जेल जाना तय हो चुका हो, जेल गुजार रहे हो, उसके बावजूद भी उनका महिमामंडन करने में लगे रहते हैं, उनकी शान-ओ-शौकत में लगे रहते हैं, उनकी प्रतिष्ठा बनाने में लगे रहते हैं।

# आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा: योगी

**महाकुम्भ-2025**

■ देवासुर संग्राम के बाद अमृत की बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरीं: मुख्यमंत्री



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि भारत की सनातन धर्म की परंपरा दुनिया की सबसे प्राचीन संस्कृति है और इसकी तुलना किसी मजहब और संप्रदाय से नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि हजारों वर्षों की विरासत उनके पास है जिसके सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आयोजन भी उतने ही प्रचीन हैं। उन्होंने कहा ''आकाश से भी ऊंची है सनातन की परंपरा, इसकी तुलना नहीं की जा सकती।''

यहां जारी एक एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आयोजित महाकुम्भ महासम्मलेन कार्यक्रम में बोल रहे थे। महाकुम्भ के बारे में मुख्यमंत्री ने कहा ''देवासुर संग्राम के बाद अमृत की बूंदें प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में गिरीं। इन स्थानों पर महाकुम्भ के आयोजन भारत के ज्ञान, चिंतन और सामाजिक दिशा तय करने का अवसर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ केवल धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह भारत की आध्यात्मिक विरासत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। योगी के अनुसार, 2019 के प्रयागराज कुम्भ में यह देखा गया कि कैसे आधुनिक तकनीक, प्रबंधन और संस्कृति का सामंजस्य किया गया। उन्होंने कहा कि यही प्रयास आगामी महाकुम्भ में भी होगा। उन्होंने कहा ''हमारी सरकार ने वक्फ अधिनियम में संशोधन किया है और एक-एक इंच जमीन की जांच करवा रही है। जिन लोगों ने वक्फ के नाम पर जमीन कब्जाई है, उनसे जमीन वापस ली जाएगी और गरीबों के लिए आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पताल बनाए जाएंगे।'' संभल में धार्मिक स्थलों पर विवाद का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि संभल में श्रीहरि विष्णु के दसवें अवतार कल्कि का उल्लेख पुराणों में मिलता है। उन्होंने कहा कि वहां धार्मिक स्थलों को तोड़कर कब्जा करने का प्रयास हुआ।

उन्होंने कहा ''हमारी सरकार ने न्यायालय के आदेश के अनुसार कार्रवाई की और दंगाइयों को सख्त संदेश दिया।'' धर्म परिवर्तन और घर वापसी के मुद्दे पर बोलते हुए योगी ने कहा कि अगर कोई अंतर्मन से अपने धर्म में लौटना चाहता है, तो उसका स्वागत होना चाहिए। ''यह धर्म और परंपरा के प्रति जागरूकता का संकेत है।''

## स्वच्छ गरिमा विद्यालय विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

**लखनऊ।** प्रदेश के माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबन्धन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ''स्वच्छ गरिमा विद्यालय'' विषय पर समग्र शिक्षा (माध्यमिक) उ0प्र0 एवं यूनीसेफ के संयुक्त तत्वावधान में होटल गोल्डन ट्यूलिप, लखनऊ में दो दिवसीय (7-8 जनवरी 2025) कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला का उद्घाटन महानिदेशक स्कूल शिक्षा सुकंचन वर्मा द्वारा किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं को समय-समय पर माहवारी स्वच्छता प्रबंधन और उससे संबंधित उपलब्ध उपायों, अवशोषकों के बारे में बताये जाने पर बल दिया। कार्यशाला में यूनीसेफ के विशेषज्ञों ने कहा कि माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर चर्चा किशोरियों को सशक्त करने के साथ ही किशोरियों को समाज में व्याप्त कुरीतियों के प्रति आवाज उठाने के लिए प्रेरित करता है।

# मनरेगा श्रमिकों को किया जाएगा जल्द भुगतान

मनरेगा श्रमिकों के लिए मिले रु 267 करोड़, बहुत जल्द ही मनरेगा श्रमिकों के खातों में पहुंचेगी श्रमांश की धनराशि

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सरकार श्रमिकों के हितों सर्वोपरि रखते हुए लगातार उनके हितों के काम कर रही है। मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी उनके खाते में समय से पहुंचे इसे सुनिश्चित किया जा रहा है। श्रमिकों के बकाये का अब बहुत जल्द ही भुगतान होगा। उप मुख्यमंत्री के निर्देशों के करीब रू 267 करोड़ की धनराशि शीघ्र ही श्रमिको के खाते मे भेजी जायेगी।

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदेश के मनरेगा श्रमिकों के लिए 267 करोड़ रुपये जारी हुआ है। जारी किये गये 267 करोड़ रुपए जिससे अकुशल श्रमिकों को भुगतान किया जाएगा। इस धनराशि से उनकी बकायदारी भी उतरेगी और कच्चे-पक्के कार्य में भी तेजी आएगी।मनरेगा श्रमिकों के श्रमांश हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के दूसरे भाग की दूसरी किस्त के लिए करीब 267.47 करोड़ रुपए ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार से जारी किये गये हैं। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि मानव दिवस सृजित करने में यूपी अग्रणी राज्य है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 26 करोड़ मानव दिवस का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिस लक्ष्य को प्राप्त करते हुए इस वर्ष अब तक 27.39 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस सृजित कर लिये गये हैं। इस वर्ष मानव दिवस सृजन में देश में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक प्रदेश में योजनांतर्गत 3,13,076 परिवारों द्वारा 100 दिवस का रोजगार भी पूर्ण किया जा चुका है, 100 दिन का रोजगार देने में भी उत्तर प्रदेश सबसे आगे है।आयुक्त, ग्राम्य विकास उ0प्र0 जी0एस प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा योजना के अंतर्गत कार्य करने वाले जॉब कार्ड होल्डर श्रमिकों की मजदूरी हेतु भारत सरकार द्वारा करीब 267.47 करोड़ की धनराशि निर्गत की गई है, इस धनराशि से श्रमिकों का बकाया भुगतान किया जा सकेगा। बहुत जल्द ही श्रमिकों के खाते में भुगतान पहुंचेगा।

# यूपी के उत्पादों को अंतर्राष्ट्रीय बाजार उपलब्ध कराने को कटिबद्ध: दिनेश प्रताप सिंह

■ कृषि विपणन एवं निर्यात मंत्री ने इंडसफूड एक्सपो-2025 यूपी पवेलियन का किया उद्घाटन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बुधवार को ग्रेटर नोयडा में आयोजित तीन दिवसीय (8 से 10 जनवरी तक) इंडसफूड एक्सपो-2025 में कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार विभाग द्वारा स्थापित यू0पी0 पवेलियन का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि यह एक्सपो कंपनियों को वैश्विक खरीदारों से जुडने, नए बाजारों की खोज करने और अपनी पहुंच का विस्तार करने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय मंच प्रदान कर रहा है।

सिंह ने कहा कि उ0प्र0 के उत्पादों की पहुँच विदेशी बाजारों तक सुलभ हो सके, इसके लिए यूपी सरकार कटिबद्ध है। उत्तर प्रदेश के कृषि क्षेत्र 20 भौगोलिक उपदर्शन (जी0आई0 उत्पा्दों) की स्थापित गैलरी में उत्पाद प्रदर्शित किये गये है। यू0पी0 पवेलियन में उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति, 2019 (यथा संशोधित 2024) के प्रोत्साहनों को आगन्तुकों को डिजटली क्यूआर कोड के द्वारा उपलब्ध करायी जा रही है, साथ ही अन्तर्राष्ट्रीय आगन्तुकों के दृष्टिगत कई भाषाओं में यथा रसियन, अरेबिक, स्पैयनिश व अंग्रेजी फोलडर्स तैयार कर आगन्तुकों को उनकी भाषा में उपलब्ध कराये जा रहे है, जिससे विदेशी खरीददार आकर्षित हो रहे है।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि प्रदेश में 05 निर्यात क्लस्टर (50 से 100 हे0 क्षेत्रफल) गठित हैं। जिसमें से 04 बासमती (02 मुजफ्फरनगर, 01 शामली व एक मेरठ में) व एक आम क्लस्टर सीतापुर में है। उन्होंने एक्सपो में उपस्थित विदेशी एवं अन्य आगन्तुकों को मा0 यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के कुशल नेतृत्व में प्रयागराज महाकुम्भ-2025 आयोजन में प्रतिभाग करने का आमंत्रण भी किया गया।

## केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल को महाकुंभ का दिया निमंत्रण

**लखनऊ।** प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को नई दिल्ली में सहकारिता राज्य मंत्री, भारत सरकार, कृष्ण पाल से भेंट कर उन्हें महाकुंभ 2025 में सहभागिता के लिए औपचारिक निमंत्रण दिया।

इस अवसर पर कपिल देव अग्रवाल ने महाकुंभ 2025 के विशेष महत्व और इसकी तैयारियों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह आयोजन भारतीय संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता का भव्य परिचायक है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ से केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि वे इस आयोजन में उपस्थित होकर इसे अपनी गरिमामयी उपस्थिति से अलंकृत करें।

महाकुंभ 2025 का आयोजन प्रयागराज में होगा, जिसमें देश-विदेश से करोड़ों श्रद्धालु और पर्यटक शामिल होंगे। योगी सरकार इस आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए भव्य तैयारियां कर रही है।

# मात्र 100 रुपए में होगा स्टाम्प कमी वाले लंबित वादों समाधान: रवींद्र जायसवाल

■ राजस्व वसूली बढ़ाने तथा लंबित वादों की संख्या घटाने में आएगा सुधार



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में लंबित स्टाम्प वादों के त्वरित निस्तारण और राजस्व वसूली में तेजी लाने के उद्देश्य से 'स्टाम्प कमी समाधान योजना' को पुनः लागू करने का निर्णय लिया है। यह योजना 31 मार्च 2025 तक प्रभावी रहेगी। इसके तहत पक्षकार मात्र 100 रूपए के न्यूनतम अर्थदंड और नियमानुसार ब्याज अदा कर लंबित वादों का समाधान करवा सकते हैं।

प्रदेश के स्टांप तथा पंजीयन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल द्वारा विधान भवन में प्रेसवार्ता आयोजित कर यह जानकारी दी गई कि स्टांप पंजीयन विभाग द्वारा एकमुश्त समाधान योजना भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के तहत लंबित मामलों के निस्तारण के लिए तैयार की गई है। राज्य के स्टाम्प कलेक्टर और सीसीआरए के न्यायालयों में हजारों मामले लंबित हैं, जिनसे राज्य को राजस्व की क्षति हो रही है। इन वादों का शीघ्र निपटारा न केवल राज्य के राजस्व में वृद्धि करेगा, बल्कि जनता को न्याय में देरी और आर्थिक बोझ से भी राहत प्रदान करेगा।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री जी की अपेक्षा अनुसार शासन को जनता के लिए सुगम बनाने की पहल के अंतर्गत एकमुश्त समाधान योजना संचालित की जा रही है। इससे पूर्व स्टाम्प कमी के मामलों में चार गुना तक का अर्थदंड वसूला जाता था, जो पक्षकारों के लिए भारी आर्थिक बोझ बन जाता था। नई योजना के तहत यह अर्थदंड घटाकर मात्र 100 रुपये कर दिया गया है। इससे पक्षकारों को आर्थिक राहत मिलेगी। इसके अतिरिक्त, वाद लंबित रहने से बढ़ने वाले ब्याज का बोझ भी कम होगा।योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित न्यायालय पक्षकारों को नोटिस भेजेंगे, ताकि उन्हें योजना की जानकारी मिल सके। इच्छुक पक्षकार निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। संबंधित अधिकारी आवेदनों पर एक सप्ताह के भीतर तिथि निर्धारित कर आवश्यक कार्यवाही करेंगे। इससे न केवल वादों की संख्या घटेगी, बल्कि जनता को त्वरित समाधान का लाभ मिलेगा। योजना के तहत राज्य की राजस्व आय में भी वृद्धि होगी।

## पशुचिकित्सालयों के भवन निर्माण हेतु 1.3 करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशुचिकित्सा सेवाएं तथा पशु स्वास्थ्य के लिए जनपद जौनपुर के पशुचिकित्सालय देवकली, उन्नाव के पशुचिकित्सालय मवई हेतु आवासीय भवन के निर्माण तथा बदायूँ के प0स0के0 नवीगंज पशुचिकित्सालय के अनावासीय भवन के उच्चीकृत हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 01 करोड़ 03 लाख 03 हजार 05 सौ मात्र रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है।

शासनादेश में मुख्य पशुचिकित्सा अधिकारी जौनपुर, उन्नाव तथा बदायूँ को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत धनराशि का व्यय उसी प्रयोजन हेतु किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। धनराशि का व्यय निर्माण संबंधी शासनादेशों में निहित व्यवस्थानुसार/निर्धारित मानकों के अधीन किया जायेगा। स्वीकृत की जा रही धनराशि से कार्यदायी संस्था द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित विशिष्टयों एवं मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य सम्पादित कराया जायेगा।

# राइट ऑफ वे पोर्टल का शुभारंभ

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में दूरसंचार (राइट ऑफ वे) नियम, 2024 के अंतर्गत 01 जनवरी 2025 को राइट ऑफ वे पोर्टल (ूएचतवूएपद) का शुभारंभ किया गया। इस पोर्टल का उद्घाटन रवि रंजन, आईएएस, प्रबंध निदेशक, उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (न्व्स्ब) द्वारा किया गया। यह पोर्टल राज्य में दूरसंचार अवसंरचना को अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं कुशल बनाने के उद्देश्य से विकसित किया गया है।

यह पोर्टल संचार मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 17 सितंबर 2024 को जारी अधिसूचना के अनुरूप तैयार किया गया है और दूरसंचार विभाग के निर्देशों के अनुसार राइट ऑफ वे नियमों के एक समान एवं अनिवार्य कार्यान्वयन को सुनिश्चित करता है। इसका मुख्य उद्देश्य राज्य में दूरसंचार से जुड़ी प्रक्रियाओं को सरल, सुव्यवस्थित एवं प्रौद्योगिकी आधारित बनाना है, जिससे निवेश, नवाचार और नेटवर्क विस्तार को प्रोत्साहन मिल सके।

पोर्टल की प्रमुख विशेषताओं में आवेदन प्रक्रिया को पूर्णतः डिजिटल बनाया गया है, जो समय और संसाधनों के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करता है। सर्वेक्षण कार्य हेतु अनुमतियां सात दिनों के भीतर प्रदान की जाएंगी और सभी प्रकार की अनुमतियां 67 दिनों के भीतर जारी की जाएंगी। सात दिनों तक कोई कार्रवाई न होने की स्थिति में अनुमोदन स्वतः स्वीकृत माना जाएगा। इसके अतिरिक्त, सेवा प्रदाताओं को संपत्ति पुनर्स्थापना या मुआवजा प्रदान करने का विकल्प दिया गया है।

यह पोर्टल शासन और सेवा प्रदाताओं के बीच पारदर्शिता को बढ़ावा देने हेतु अस्वीकृति के कारणों को सार्वजनिक करने और सेवा प्रदाताओं को प्रत्युत्तर देने का अवसर प्रदान करता है। सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु व्यापक सुरक्षा मानकों को लागू किया गया है।

## इरान में मौलाना कल्बे जवाद ने कई अहम हस्तियों से की मुलाकात

**लखनऊ।** मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने इन दिनों ईरान यात्रा पर हैं। ईरान में मौलाना ने कई अहम हस्तियों से मुलाकात की और कई संस्थानों का दौरा भी किया। ईरान यात्रा पर गये मौलाना कल्बे जव्वाद ने इस्लामिक जगत की हस्तियों और मरजा-ए-तकलीद आयतुल्लाह नासिर मकारिम शीराजी, आयतुल्लाह जवाद लंकारानी और आयतुल्लाह जवाद शहरस्तानी से उनके आवास पर मुलाकात की। इसी के साथ उन्होंने आयतुललाह साफी गुलपाएगानी के बेटे आयतुल्लाह हसन गुलपाएगानी से भी मुलाकात की। उलमा के साथ मुलाकात में मौलाना ने मुस्लिम जगत की समस्याओं और हिन्दुस्तान में मुसलमानों विशेष कर शियों की सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक स्थिति पर चर्चा की। इन मुलाकातों में मौलाना कल्बे जव्वाद के साथ मौलाना गुलाम रजा भी मौजूद थे।

# छोटे इमामबाड़े के दोनों गेटों की बदहाली को लेकर उच्च न्यायालय ने अपनाया सख्त रुख

■ गेटों के संरक्षण में आने वाले खर्च का एस्टीमेट तैयार कर दो सप्ताह में पेश करने का आदेश



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हुसैनाबाद स्थित ऐतिहासिक छोटे इमामबाड़े के दोनों गेटों के संरक्षण और बदहाल स्थिति को दुरुस्त कराने को लेकर उच्च न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है। उच्च न्यायालय ने मोहम्मद हैदर रिजवी एडवोकेट की ओर से दायर जनहित याचिका पर इमामबाड़े के दोनों गेटों से अतिक्रमण हटवाने और गेटों के संरक्षण में आने वाले खर्च का एस्टीमेट तैयार कर दो सप्ताह में पेश करने का आदेश दिया है।

हुसैनाबाद स्थित छोटे इमामबाड़े के दोनों ओर बने प्रवेश द्वार बहुत ही बदहाल अवस्था में हैं।मोहम्मद हैदर रिजवी एडवोकेट की जनहित याचिका पर उच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन और अन्य प्राधिकारियों से दोनों गेटों से अतिक्रमण हटवाने के साथ ही भारतीय पुरातत्व सर्वे को गेटों का सर्वे कर संरक्षण में आने वाले खर्च का एस्टीमेट दो सप्ताह में पेश करने का आदेश दिया है। मोहम्मद हैदर रिजवी ने बताया कि जस्टिस अताउर्रहमान मसूदी और जस्टिस सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने एएसआई को एक सप्ताह और अधिकमत दो सप्ताह के भीतर पूर्वी और पश्चिमी गेटों के संरक्षण का विस्तृत ब्यौरा उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। श्री हैदर ने बताया कि मुकदमे के दौरान कोर्ट ने हुसैनाबाद ट्रस्ट की वार्षिक आय के विवरण का संज्ञान लिया। मोहम्मद हैदर ने कहा कि ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण का काम एएसआई के जरिए ही कराए जाने चाहिए, जिससे गुणवत्तापूर्ण काम हो सकें और धरोहरें अपने मूल स्वरूप में संरक्षित रहें।

# श्रद्धालुओं की सुविधाओं के साथ कोई समझौता नहीं: जयवीर सिंह



अवधनामा ब्यूरो

■ सनातन संस्कृति के सबसे बड़े आयोजन के लिए उत्तर प्रदेश तैयार: जयवीर सिंह

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज विश्व के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक समागम महाकुम्भ-2025 की तैयारियों का जायजा लिया। प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण के तत्पश्चात मंत्री जयवीर सिंह ने सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ भारतीय आस्था के स्पंदन का प्रतीक है। राज्य सरकार का प्रयास है कि महाकुम्भ से लौटने वाला प्रत्येक श्रद्धालु एक सुखद अनुभूति लेकर जाए। उन्होंने कहा, सनातन संस्कृति में आस्था रखने वाले लगभग 40 से 50 करोड़ श्रद्धालुओं के इस महाकुम्भ में आने की संभावना है।

मीडिया बंधुओं को संबोधित करते हुए जयवीर सिंह ने कहा, कुंभ क्षेत्र में श्रद्धालुओं के ठहरने, आने-जाने में कोई कठिनाई न हो इसके लिए समुचित प्रबंध किए गए हैं। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं का निरीक्षण किया। तैयारियां हमारे मनोनुकूल है। नेत्र चिकित्सालय भी देखा। योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस आशा और उम्मीद से महाकुम्भ के लिए कदम बढ़ाया था, सकारात्मक रुख के साथ निरंतर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, प्रयागराज शहर में 20 लघु मंचों के माध्यम से प्रदेश की विभिन्न लोक कलाओं, क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा 45 दिनों तक भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने ये भी कहा कि महाकुम्भ में भव्य ड्रोन शो और लेजर शो भी आयोजित कराया जाएगा, जल्द तारीखों की घोषणा की जाएगी।

जयवीर सिंह ने बताया कि महाकुम्भ के दौरान 13 जनवरी से 26 फरवरी तक प्रयागराज देशभर के कलाकारों के संगम का भी अवसर प्रदान करेगा। श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए विविध विधाओं के शीर्ष कलाकार प्रस्तुति देंगे। महाकुम्भ में भव्यता, दिव्यता एवं अलौकिकता का अनुभव कर सके।

# पिपराघाट से शहीद पथ के बीच बंधा व 4 लेन सड़क का निर्माण जल्द



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ग्रीन कॉरीडोर परियोजना पार्ट-3 के तहत पिपराघाट से शहीद पथ के बीच बंधा व 4 लेन सड़क का निर्माण जल्द शुरू होगा। लखनऊ विकास प्राधिकरण व सेना के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने बुधवार को बंधे के एलाइनमेण्ट में आ रही भूमि का पैदल सर्वे किया। इसमें तय हुआ कि जमीन का चिन्हिकरण कर कल से पिलर लगाए जाएंगे। यहां बंधे का निर्माण होने से बारिश के मौसम में सैन्य भूमि पर होने वाले जलभराव से स्थायी निजात मिलेगी। साथ ही छावनी में रहने वाले सेना के अधिकारियों व आम नागरिकों को एयरपोर्ट आने-जाने के लिए सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। लविप्रा उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि ग्रीन कॉरीडोर परियोजना पार्ट-3 के तहत पिपराघाट से शहीद पथ के बीच गोमती नदी के दाहिनें तट पर 5.8 किमी. लम्बे बंधे का निर्माण होना है। इसमें बंधे का 2.8 किमी. हिस्सा छावनी क्षेत्र में आ रहा है। सेना की भूमि पर बंधा व 4 लेन सड़क निर्माण की अनुमति सैन्य मंत्रालय ने लविप्रा को प्रदान कर दी है। बुधवार को लविप्रा व सेना के अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कर्नल श्रीकांथ गोविंद कुमार के नेतृत्व में प्राधिकरण के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा, पीआईयू प्रभारी ए.के. सिंह सेंगर, अधिशासी अभियंता अजीत कुमार सिंह व डिफेंस एस्टेट्स ऑफिसर की संयुक्त टीम ने एलाइनमेण्ट में आ रही जमीन का पैदल सर्वे किया। इसमें तय किया गया कि गुरुवार से एलाइनमेण्ट में आ रही जमीन के दोनों तरफ पिलर लगाने का काम शुरू करा एक सप्ताह के भीतर पूरा कराया जाए। 3 अण्डरपास-रोटरी होंगी विकसित

लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि बंधा बनने से सेना की भूमि दो हिस्सों में बंट जाएगी। छावनी क्षेत्र में आंतरिक आवागमन के लिए बंधे में 3 अण्डरपास या रोटरी बनाई जाएंगी। इसके लिए स्थान चिन्हित करते हुए मार्किंग का काम कराया जाएगा। इसके अलावा छावनी क्षेत्र में सुरक्षा के मद् देनजर संबंधित क्षेत्र में बैरीकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। लिंक होगा दिलकुशा छावनी में रहने वाले सेना के अधिकारियों व जवानों के सुगम आवागमन के लिए ग्रीन कॉरीडोर से दिलकुशा तक एक लिंक प्रदान किया जाएगा। इसके लिए प्राधिकरण ने बंधे के एलाइनमेण्ट से पहले ही जरूरी बदलाव कर लिये हैं।

# परिवहन मंत्री ने दिया महाकुंभ-2025 का निमंत्रण




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एवं केंद्रीय जलशक्ति राज्यमंत्री राजभूषण चौधरी को उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महाकुंभ-2025 में आने का निमंत्रण दिया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज में होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इसे दिव्य, भव्य और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए विशेष तैयारियां की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि महाकुंभ 2025 को स्वच्छ और हरित बनाने के लिए पूरे मेला क्षेत्र में डेढ़ लाख से अधिक शौचालय बनाए गए हैं, सिंगल-यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाया गया है, और पर्यावरण संरक्षण के लिए तीन लाख पौधे लगाए गए हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सात स्तरीय सुरक्षा चक्र, 2,750 सीसीटीवी कैमरे और अत्याधुनिक एआई आधारित निगरानी प्रणाली का उपयोग होगा। स्वास्थ्य सुविधाओं के तहत 100 बेड का अस्पताल और आईसीयू की व्यवस्था की गई है।

## अग्रिम बुकिंग कराने पर दो यात्री कर सकेंगें फ्री यात्रा: दयाशंकर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम द्वारा महाकुंभ-2025 मेला हेतु अग्रिम बस बुकिंग कराने पर विशिष्ट प्रोत्साहन योजना का लाभ प्रदान किया जायेगा। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम की बसों में ग्राम प्रधान/प्रेरक/किसी यात्री द्वारा अपने समूह के लिए बुकिंग स्थल से माघ मेला क्षेत्र तक एकमुश्त 50 यात्रियों की अग्रिम बुकिंग कराने पर 02 यात्रियों को बिना किराया यात्रा करने का लाभ मिलेगा।परिवहन मंत्री ने बताया कि उक्त योजना का लाभ लेने के लिए प्रतिबंध यह होगा कि बुकिंग स्थल से गंतव्य स्थल तक बुक होने वाले सभी 50 टिकट में 05 मिनट का समय लिया गया है अर्थात प्रथम टिकट और अंतिम टिकट के मध्य 05 मिनट का ही समय अंतराल हो। उन्होंने बताया कि परिवहन निगम की बसों को अधिक से अधिक जनोपयोगी बनाने के लिए परिवहन निगम द्वारा यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उन्होंने इस योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाये जाने के लिए लोगों से आग्रह किया है।



मुबीन अहमद खान, सहायक निर्देशक टैक्सेशन रेक्स रेमेडीज़ पुलिस अधीक्षक अमरोहा को सुल्तानपुर की जिम्मेदारी मिलने पर फूल पेश करके मुबारकबाद पेश करते हुए।

# कोर्ट के आदेश पर योगेश को सेवा दिलाने में नाकाम रहा प्रशासन

अवधनामा संवाददाता

- गोस्वामी समाज के लोगों ने प्रशासन के अधिकारियों के समक्ष जताया विरोध
- मंदिर के गर्भगृह के सामने किया प्रदर्शन
- दोपहर में डेढ़ घंटे बंद रहे मंदिर के पट, शाम को आधा घंटे पहले खुले दर्शन
- गर्भगृह में राधाजी के दर्शन होने से श्रद्धालुओं को हुई परेशानी

**बरसाना (मथुरा)।** लाडली मंदिर बरसाना की स्व.हरवंश गोस्वामी की छह माह की सेवा को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। आज दोपहर मे डेढ़ घंटे मंदिर बंद रहा वही शाम को समय से पहले मंदिर के पट खोल दिए। लेकिन राधाजी के दर्शन गर्भग्रह के अंदर दूर से कराने के चलते श्रद्धालुओं को राधाजी के दर्शन नहीं हो पा रहे थे। दूसरी तरफ कोर्ट के आदेश पर स्व. हरवंश गोस्वामी के निकटतम संबंधी योगेश शर्मा को सेवा दिलाने पहुंचे एसडीएम गोवर्धन, सीओ गोवर्धन, तहसीलदार ने गोस्वामी समाज के लोगों से मंदिर परिसर व थाना परिसर में वार्ता करके समझने का प्रयास किया। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। अब गोवर्धन तहसील के सभी अधिकारी उच्चाधिकारियों से वार्ता करके कोर्ट के आदेश को किस तरह हल कराया जाए को लेकर देर शाम तक मंथन करते रहे। शांति व्यवस्था बनाने के लिए मंदिर में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

बरसाना के विश्व प्रसिद्ध लाडलीजी मंदिर में हरवंश गोस्वामी की छह माह की सेवा को लेकर योगेश बनाम दाऊजी केस में महत्वपूर्ण फैसला अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) न्यायालय 02 सत्यप्रकाश तिवारी ने दिया है कि जिसमें कोर्ट ने हरवंश गोस्वामी के पिता रामनारायण के सगे भाई गंगाधर की बेटी के नाती को योगेश व ब्रजराज को हरवंश गोस्वामी का निकटतम वंशज मानते हुए सेवा करने का अधिकार प्रदान किया है। साथ ही अन्य प्रतिवादी गणों को आदेशित किया है कि वे ठा. लाडलीजी महाराज की सेवा करने में किसी भी प्रकार का हस्तक्षेप नहीं करेंगे। इस सबंध में कोर्ट ने एसओ बरसाना को योगेश शर्मा को मंदिर की सेवा हस्तानांतरण करने के आदेश दिए हैं। इसके बाद पुलिस की रिपोर्ट पर डीएम मथुरा ने एसडीएम गोवर्धन, सीओ गोवर्धन व तहसीलदार गोवर्धन को इस संबंध में कार्यवाही करने के आदेश दिए हैं कि योगेश शर्मा को सेवा दिलाई जाए।

लाडलीजी मंदिर की सेवा वर्तमान में सुरेश चंद गोस्वामी के परिवार के लोग कर रहे हैं। जबकि दाऊजी गोस्वामी ने अपनी सेवा की अवधि समाप्त होने पर अक्षय राम थोक के सेवायतों को हरवंश गोस्वामी के हिस्से की सेवा सौंप दी। उस समय पुलिस व एसडीएम के समक्ष तय हुआ था कि जो भी कोर्ट का आदेश ले आएगा उसको थोक के लोग सेवा सौंप देंगे।

अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) न्यायालय 02 के न्यायधीश सत्यप्रकाश तिवारी के आदेश का पालन कराने के लिए आज दोपहर एसडीएम गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव, सीओ गोवर्धन आलोक कुमार, तहसीलदार गोवर्धन मनीष कुमार, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अरविंद निर्वाल मय पुलिस फोर्स के वहां पहुंचे। इस अवसर पर दोनों पक्षों के लोग मंदिर में उपस्थित रहे। गोस्वामी समाज के लोगों ने कहा कि सेवा कोई दूसरा नहीं कर सकता है। यह उनकी परम्परा है। हम किसी भी कीमत में सेवा नहीं देंगे। इसके बाद दोनों पक्षों के लोगों को थाना में वार्ता के लिए बुलाया गया लेकिन गोस्वामी समाज के लोग सेवा देने के लिए सहमत नहीं हुए। विवाद को देखते हुए आज सुबह 11 बजे से मंदिर के पट डेढ घंटे के लिए बंद रहे। वहीं थाने में हुई वार्ता के बाद मंदिर के सेवायतों ने लाडलीजी मंदिर के पट शाम को आधा घंटे पहले ही खोल दिए। इस दौरान मंदिर के दर्शन गर्भ गृह में होने से श्रद्धालुओं को राधाजी के दर्शन करने में परेशानी हुई।

## सपा लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक का आयोजन



**ललितपुर।** महरौनी में समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बताते चलें कि सपा प्रदेश कार्यालय के निर्देशानुसार प्रत्येक माह की भांति इस बार मासिक बैठक महरौनी में आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष परवेज पठान द्वारा की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष द्वारा सभी पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए प्रदेश कार्यालय की गाइडलाइन को विस्तार पूर्वक सभी के बीच रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधानसभा महरौनी के पूर्व प्रत्याशी रामविलास रजक रहे। उनके द्वारा बूथ स्तर को मजबूत करने जैसी बातें बैठक में रखी गई। कार्यक्रम का संचालन लोहिया वाहिनी के जिला महासचिव सचिन सोलंकी द्वारा किया गया। सपा वरिष्ठ नेता एड.बृजभान सिंह, एड.कालका यादव, नाथूराम पाल, सोहनलाल अहिरवार, संजय रजक, गौरव सिंह, राजवेंद्र, चंद्रभूषण अहिरवार, बृजेश कुशवाहा, राघवेंद्र गंधर्व, स्वामी सिंह लोधी, शिवम, शिवेंद्र सिंह, चाली, रामकृपाल, नरेश, प्रसन्न यादव, सौरभ आदि उपस्थित रहे। अंत में रामविलास रजक ने आभार जताया।

# हत्याकांड में फरार पांच अभियुक्त पुलिस ने दबोचे

- पूराकलां क्षेत्र के बलरगुवां में गोली मारकर हुयी थी वृद्ध की हत्या
- बारह बोर की अद्दी, 2 जिन्दा कारतूस व एक खोखा कारतूस हुआ बरामद



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** विगत दिनों थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम बलरगुवां में शराब के नशे में हुये विवाद के दौरान वृद्ध की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। प्रकरण में दो अभियुक्तों को पुलिस ने घटना के तत्काल बाद गिरफ्तार कर लिया था, तो वहीं एक बदमाश को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया था। हत्याकाण्ड के बाद से फरार पांच अभियुक्तों को भी पूराकलां पुलिस ने पकड़ने में सफलता हांसिल की है। बताया गया है कि हत्याकाण्ड के सभी अभियुक्तों को पकड़ने के लिए एसपी मो.मुश्ताक के आदेश, एएसपी अनिल कुमार व सीओ तालबेहट अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में सौजना पुलिस लगातार दविश दे रही थी। प्रकरण में मृतक अमर सिंह के भतीजे धर्मेंद्र उर्फ मुन्ना पुत्र केहर सिंह ठाकुर की तहरीर पर अभियुक्तों के खिलाफ पूराकलां पुलिस ने बीएनएस की धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 352, 351(3), 109, 103(2), 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज की थी। पूराकलां थानाध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी ने पुलिस टीम के साथ दविश के दौरान बलरगुवां निवासी जजपाल सिंह पुत्र जगभान सिंह, मनोहर सिंह पुत्र रामराजा, सुखपाल उर्फ हल्के पुत्र जागभान सिंह, सोनू पुत्र मनोहर सिंह, चन्द्रपाल पुत्र बहादुर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जजपाल के कब्जे से आलाकत्ल 12 बोर अद्दी व 02 अदद जिन्दा करातूस व 01 अदद खोखा कारतूस 12 बोर बरामद किये गये है। पूछताछ के दौरान जजपाल ने बताया कि 5 जनवरी को उसके परिवार के बलवीर व विपक्षी ठुल्ले उर्फ हजवेन्द्र के बीच शराब के नशे में विवाद हुआ था। झगड़ा होने की बात ठुल्ले में घर में बतायी, जिसके बाद वह 12 बोर की अद्दी व नन्हे राजा तमंचा और अन्य लोग लाठी, कुल्हाड़ी आदि लेकर रामसिंह के घर पहुंचे, जहां ठुल्ले नहीं मिला, उसे सबक सिखाने के लिए गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान वहीं खड़े राजपाल सिंह पुत्र केहर सिंह, अमर सिंह पुत्र जुगराज व धर्मेंद्र उर्फ मुन्ना पुत्र केहर सिंह ने उसको बचाने का प्रयास कर रोका तो आवेश में आकर सभी ने मारपीट कर दी और जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया, जिससे अमर सिंह को गोली लग गयी और उसकी मौत हो गयी।

## ईट से ईट बजादेंगे किसी को सेवा नहीं देंगे

**बरसाना।** कोर्ट के निर्णय के बाद बरसाना के गोस्वामी समाज के लोगों के समर्थन में आज नंदगांव व वृंदावन के गोस्वामी समाज के लोग लाडलीजी मंदिर व प्रशासनिक अधिकारियों से वार्ता के लिए पहुंचे। सभी गोस्वामी जनों ने कहा कि वे परम्परा के विरूद्ध कोई कार्य नहीं करेंगे।

# एआइपीएमएम ने मनाया शेख भिखारी का शहादत दिवस

अवधनामा संवाददाता



**रांची।** ऑल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज की झारखंड इकाई ने शेख भिखारी शहादत दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर राज्य के अकीदतमंद चुटूपालू घाटी, रांची में शहीद टिकैत उमराव सिंह और शहीद शेख भिखारी को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे।

झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अब्बू शहीद अंसारी ने बताया कि शहीद शेख भिखारी का जन्म 2 अक्टूबर 1819 को झारखंड के रांची जिले के ओरमांझी प्रखंड के खुदिया लोटोवा गांव में एक बुनकर अंसारी परिवार में हुआ था। 8 जनवरी 1858 को अंग्रेजों ने शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह को फांसी पर चढ़ाकर उनकी शहादत को अमर कर दिया।

प्रदेश प्रभारी ई. शफकत अली ने अपने संबोधन में कहा कि शहीद शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह का शहादत स्थल आज भी सरकारी उपेक्षा का शिकार है। उन्होंने कहा कि इन महान स्वतंत्रता सेनानियों के नाम पर केवल राजनीति हुई है। उनके परिवार के सदस्य आज भी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शमीम अख्तर ने कहा कि शहीदों के बलिदान को व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। झारखंड महापुरुषों और शहीदों की भूमि है। इनके पदचिन्हों पर चलकर ही एक सशक्त राज्य का निर्माण संभव है। प्रदेश प्रधान महासचिव इसराइल अंसारी ने कहा कि शेख भिखारी और टिकैत उमराव सिंह स्वतंत्रता संग्राम के महानायक थे। 1857 के विद्रोह में उनकी बहादुरी और शौर्य ने अंग्रेजों को झुकने पर मजबूर कर दिया। उनकी शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता।प्रदेश उपाध्यक्ष कादरी साहब ने कहा कि इन वीर सपूतों के आदर्श और समर्पण से ही समाज, राज्य और देश को सशक्त बनाया जा सकता है। इस अवसर पर प्रदेश प्रभारी ई. शफकत अली, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शमीम अख्तर, प्रदेश प्रधान महासचिव इसराइल अंसारी, प्रदेश महासचिव एहसान अंसारी, आरिफ कुरैशी, एके सुल्तान, हैदर अली, प्रदेश सचिव मक्सीर आलम, उपाध्यक्ष कादरी साहब, सचिव सिराज अंसारी, खुसरू परवेज, रांची जिला अध्यक्ष सैफ आलम, लोहरदगा जिला अध्यक्ष मनव्वर अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।

## रिश्ते का मौसा करता रहा नाबालिग से दरिंदगी, पीड़िता माँगती रही रहम की भीख

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** वृंदावन कोतवाली क्षेत्र में नौ साल की बालिका से दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मौसा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। बालिका का मेडिकल कराने के साथ ही पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

दरअसल, कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में रहने वाली नौ साल की बालिका नए साल के अवसर पर मौसा के घर गई थी। आरोप है कि एक जनवरी की रात को घर पर अकेले रहने वाले मौसा ने बालिका से दुष्कर्म किया। वारदात को अंजाम देने के बाद बालिका को यमुना में डुबोकर जान से मारने की धमकी दी और कहा कि वह दुष्कर्म के बारे में किसी को न बताए। 2 जनवरी को बालिका से मिलने उसकी मां मौसा के यहां पहुंची। यहां बालिका ने मां को आपबीती सुनाई तो मां उसे साथ ले आई। प्रभारी थाना प्रभारी व अपराध निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बालिका की मां की तहरीर पर मौसा के विरुद्ध दुष्कर्म, पॉक्सो एवं जान से मारने की धमकी के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आरोपी पोशाक का कारोबार करता है और मूलरूप से मथुरा का रहने वाला है। उसकी पत्नी डेढ़ साल पहले उसे छोड़कर चली गई। तभी से वह घर पर अकेले रहता है। वहीं बालिका के पिता की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है।

# जागरूकता अभियान जारी

अवधनामा संवाददाता

**राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह**

**मथुरा।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन श्रीमती नीतू सिंह ने अवगत कराया है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सड़क दुर्घटनाओं में वर्ष 2023 की अपेक्षा 2024 में हुई वृद्धि के दृष्टिगत सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाए जाने हेतु दिनांक 01 जनवरी से 31 जनवरी तक राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया जा रहा है। उक्त के दृष्टिगत जनपद में नो हेल्मेट-नो फ्यूल रणनीति लागू है, जिससे कि उक्त रणनीति न केवल हेल्मेट पहनने को अनिवार्य बनाने में सहायक होगी, बल्कि सड़क सुरक्षा के प्रति नागरिकों में जिम्मेदारी और अनुशासन की भावना को प्रोत्साहित भी करेगी।सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन श्रीमती नीतू सिंह द्वारा डीटीआई वृन्दावन में दो पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों को हेल्मेट एवं सीटबेल्ट लगाने हेतु जागरुक किया तथा सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में जागरुकता अभियान चलाया। वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश राजपूत द्वारा महुअन टोल प्लाजा, ईट मण्डी तथा मथुरा सादाबाद बस स्टैण्ड पर सड़क सुरक्षा सम्बन्धी नियमों से आम जनमानस को जागरुक करते हुए यातायात नियमों का शत प्रतिशत पालन कराने हेतु जागरुक किया गया तथा वीडियो क्लिप तैयार कर हेल्मेट, सीटबेल्ट, ओवरस्पीडिंग, मोबाइल फोन का प्रयोग, डंकन ड्राइविंग, रॉन्ग साइड ड्राइविंग, अवैध पार्किंग, अनधिकृत संचालन, रैश ड्राइविंग, नाबालिग बच्चों पर वाहन संचालन एवं ओवरस्पीडिंग इत्यादि न किए जाने के लिए सजग किया गया, तथा वीडियो क्लिप के माध्यम से अवगत कराया कि नियमों का उल्लंघन किये जाने की दशा में नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी, दो पहिया वाहन पर हेलमेट न लगाने वाले चालकों को रोक कर उन्हें विनम्रता पूर्वक गुलाब का फूल भेंट करते हुए उनसे हेलमेट एवं सीट बेल्ट लगाने की अपील की गयी। श्री राजपूत ने वाहनों पर एक स्टीकर जिस पर लिखा था ÷मुझे मेरे परिवार की चिंता नहीं है इसलिए मैं हेल्मेट व सीट बेल्ट नहीं लगाता÷ वाहन चालक हेल्मेट एवं सीटबेल्ट का प्रयोग करते हुए नहीं पाए गए उनको रोककर उन्हें सीटबेल्ट एवं हेल्मेट की महत्ता के बारे बताया और अपील की कि वाहन चलाते समय हेल्मेट एवं चार पहिया वाहन चलाते समय सीटबेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, ताकि कोई दुर्घटना होने पर हमारे सिर पर चोट न पहुंचे और हमारे जीवन की रक्षा हो सके। यात्री / मालकर अधिकारी संदीप चौधरी द्वारा शहर की छाता तहसील में स्थित श्रीजी इण्टरनेशनल स्कूल कोहरे में वाहन चलाते समय सावधानी बरतने के लिए आम जनमानस को जागरुक किया गया, यात्री/ मालकर अधिकारी पूजा सिंह द्वारा वाहन स्वामियों को जागरुकता अभियान के अंतर्गत धीमी गति से वाहन चलाने तथा अपनी लेन में ही वाहन चलाने, वाहन की हेडलाइट को लो बीम पर ही चलाने शून्य दृश्यता की स्थिति में पेंटेड लेन मार्किंग (सफेद पट्टी) के सहारे चलाने हेतु जागरुक किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमो का पालन करने हेतु किया गया जागरूक



**हरदोई।** सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) ने बताया है कि आज सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, हरदोई मे आई हुई जनता को सुशील कुमार, संभागीय निरीक्षक (प्राविधिक), हरदोई द्वारा सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई सड़क दुर्घटनाओ को रोकने हेतु क्या उपाय किया जाय। हेलमेट सीटबेल्ट न लगाने से क्या-क्या नुकसान है उसकी जानकारी प्रदान की गई एवं पम्पलेट, लीफलेट एवं बुकलेट बॉटे गये। जनपद के विभिन्न स्थानो पर यात्री कर अधिकारी विवेक सिंह द्वारा आम जनमानस को सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमो का पालन करने हेतु जागरूक किया गया तथा पम्पलेट, लीफलेट एवं बुकलेट बॉटे गये। उक्त कार्यक्रम में विवेक सिंह, यात्री कर अधिकारी, प्रमोद कुमार यादव, यातायात निरीक्षक, कार्यालय स्टॉफ एवं प्रवर्तन कर्मचारी उपस्थित रहें।

### डीएम ने की फेमिली आईडी की प्रगति की समीक्षा

**हरदोई।** जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने वर्चुअल माध्यम से खण्ड विकास अधिकारियों के साथ फेमिली आईडी के कार्य की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि फेमिली आईडी बनाने के कार्य में तेजी लायी जाये। कार्य की नियमित समीक्षा की जाये। लापरवाह कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जाये। उन्होंने मल्लावां, कछौना, बिलग्राम, सांडी, टड़ियावां, हरियावां, टोडरपुर, माधोगंज, भरावन व कोथावां के खण्ड विकास अधिकारियों को ख़राब प्रगति को लेकर कड़ी फटकार लगायी। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार उपस्थित रहे।



### विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन



**हरदोई।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदोई के अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश संजीव शुक्ला सचिव/अपर जिला जज भूपेंद्र प्रताप जी के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति सदर सचिव/तहसीलदार सचिन्द्र कुमार शुक्ला के निर्देशन में महिला सशक्तिकरण व लिंग निर्धारण रोकथाम पी . सी.पी.एन.डी.टी. एक्ट व पोश एक्ट 2013 विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन आर्य कन्या इंटर कॉलेज हरदोई में किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य श्रीमती सुदामा जी ने की जिसमें पी.एल.वी.श्यामू सिंह के द्वारा पोश एक्ट 2013 के विषय में जानकारी दी गई व पी . एल.वी.अमित सिंह द्वारा महिला सशक्तिकरण के विषय में वूमेन हेल्पलाइन नंबर 1090, 1091व आदि के बारे मे जानकारी दी गई पी. एल .वी. कीर्ति कश्यप द्वारा गर्भ निर्धारण एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (पी . सी.पी.एन.डी.टी.) अधिनियम 1994 भारत की संसद का एक अधिनियम है जिसमें भारत में कन्या बोर्ड हत्या को रोकने और घटते लिंगानुपात को रोकने के लिए अधिनियम बनाया गया के विषय में जानकारी दी व नालसा द्वारा चलाई जा रहीं। मुख्य योजनाओं के विषय में जानकारी दी शिविर में अध्यापक गण व अधिक संख्या मे छात्राएं उपस्थित रहे।

### ई रिक्शा पलट ने से मजदूर हुए घायल

**संभल।** ई रिक्शा पलटने से रिक्श मे बैठे मजदूर घायल हो गये जिनको संयुक्त चिकित्सालय मे उपचार के लिए भर्ती कराया गया है जानकारी के मुताबिक सदर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिचौली मे ई रिक्शा मे सावर हो कर खेतो मे मजदूरी करने जा रहे लगभग दस मजदूर ई रिक्शा मे सावर हो कर जा रहे थे ई रिक्शा को पी एसी की गाडी ने टक्कर मार दी जिससे रिक्शा पलट गया जिससे रिक्शा चालक समेत सभी सवर लोग घायल हो गये जिनको पुलिस ने जिला संयुक्त चिकित्सालय मे उपचार के लिए भर्ती कराया गया है, जहॉ उनका उपचार किया जा रहा है।

### निधन पर भाजपा ने शोक जताया

**ललितपुर।** भाजपा की एक शोकसभा जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुयी। सभा में चिकित्सा प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक डा.रजनीश समैया के आकस्मिक निधन तथा भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष भगवत दयाल सिन्धी के बड़े भाई किशोर कुमार सिंधी फोटोग्राफर के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त कर दिवंगत पवित्र आत्माओं की शान्ति हेतु ईश्वर से प्रार्थना कर दो मिनिट का मौन रखा गया। सभा में अनेकों भाजपाई मौजूद रहे।

# संविधान विरोधी सरकार को जड़ से उखाड़ने का लें संकल्प



अवधनामा संवाददाता

- युवजन सभा की मासिक बैठक में कार्यकर्ताओं में भरा जोश
- पीडीए के नारे को बुलन्द करने पर दिया बल

**ललितपुर।** समाजवादी युवजन सभा की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष अरशद की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव मौजूद रहे। बैठक में भाजपा सरकार पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाते हुए उसे जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि हम सभी की जिम्मेदारी है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों को जनता तक पहुंचाएं। साथ ही पीडीए को मजबूत करने का काम करें। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की सरकार गरीब, किसान, नौजवान, व्यापारी, अल्पसंख्यक और संविधान विरोधी सरकार है। इस सरकार का किसी से कोई लेना देना नहीं है। भाजपा सरकार में हत्या, लूट, बलात्कार, घूसखोरी भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से ऐसी संविधान विरोधी सरकार को जड़ से उखाडने का संकल्प दिलाया। इस दौरान आकिब, पुष्पेन्द्र सिंह, शहरोज खान, रिजवान खान, हरीशंकर निषाद, अमित कुशवाहा, नसीम मंसूरी, मोहम्मद आसिफ, राघवेन्द्र यादव, ओमप्रकाश कुशवाहा, आकाश कुशवाहा, राजेश कुशवाहा, तिलक कुशवाहा, गौरव सेन, हर्ष कुशवाहा, इमरत कुशवाहा, फैजान खां, फिरोज खां, राहुल रैकवार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युवकों के दो गुटों में जमकर हुआ पथराव, भगदड़

**मथुरा।** कोतवाली क्षेत्र की झींगुरपुरा कॉलोनी में सोमवार रात को पेटीज खाने को लेकर युवक भिड़ गए। बात बढ़ने पर पथराव होने लगा। सूचना पर पहुंची पुलिस को आरोपी भाग गए। पुलिस ने दोनों पक्षों के 16 नामजद समेत 21 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगालने में जुटी है। झींगुरपुरा कॉलोनी में अर्जुन और योगेश के बीच पेटीज खाने को लेकर विवाद हो गया। बात बढ़ी तो दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक युवक मौके पर आ गए और पथराव होने लगा। इससे कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई। चर्चा है कि आधे घंटे तक दोनों पक्ष के युवक एक-दूसरे पर पत्थरबाजी करते रहे। इस दौरान एक युवक भागते हुए बाग बहादुर चौकी पहुंचा और पुलिस को सूचना दी। चौकी प्रभारी मांगेराम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस को देखकर आरोपी भाग गए। थाना प्रभारी ने बताया है कि अर्जुन, कुनाल उर्फ कुन्नू, करन, शुभम, हिमांशु, शक्ति, लक्की, कृष्णा और दूसरे पक्ष के योगेश, कौशल, गोलू, गोलू का भाई, नमन, सागर, आशू समेत पांच से सात अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। अज्ञात पत्थरबाजों की शिनाख्त की जा रही है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# एसएसपी एवं ब्लाक प्रमुख ने बाइक सवारों को पहनाए हेलमेट

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** बलदेव कस्बा के हनुमान चौराहे पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिक सिंह भरंगर में बाइक सवारों को सुरक्षित जीवन के लिए हेलमेट वितरण किए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे व एसपी ट्रैफिक मनोज कुमार यादव, रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर मुरारीलाल अग्रवाल, आराजनीतिक राजकुमार तोमर आदि लोगों ने संयुक्त रूप से योगदान किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को सख्त चेतावनी भी दी है। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक



शैलेश कुमार पांडे व ब्लॉक प्रमुख प्रतीक सिंह भरंगर ने लगभग 350 बाइक सवारों को हेलमेट वितरण किया।एसएसपी शैलेश कुमार पांडे ने कहा इसका एकमात्र उद्देश्य यही है कि लोग हेलमेट लगाने के लिए जागरूक हो और अपने जीवन को सुरक्षित रखते हुए यात्रा करें हेलमेट प्राप्त करने वाले बाइक चालकों ने संकल्प लिया कि इसका प्रयोग अवश्य करेंगे।

## गैस सिलिंडर में लगी आग धमाके से घर में आईं दरारें

**मथुरा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के घनी आबादी वाले छत्ता बाजार स्थित मौहल्ला रामजी द्वारा निवासी एक व्यक्ति के घर में मंगलवार रात 11 बजे अंगीठी जलाने पर गैस सिलिंडर में आग लग गई। देखते-देखते ही सिलिंडर तेज धमाके के साथ फट गया। इससे जहां घर का सारा सामान जल कर राख हो गया तो वहीं आसपास के घरों की दीवारों व छतों में भी दरारें आ गईं। बाइक सवार दमकल कर्मियों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।छत्ता बाजार के निवासी राजाराम का बेटा किसी काम से बाहर गया था। सर्दी में राजाराम रोज की तरह ही मंगलवार को अंगीठी जलाकर घर में बैठे थे। इसी दौरान गैस सिलिंडर ने आग पकड़ ली। देखते ही देखते सिलिंडर में तेजी से आग की लपटें उठनें लगीं। साथ ही सिलिंडर तेज धमाके के साथ फट गया। आसपास के लोगों की भीड़ यहां जुट गई और किसी ने अग्निशमन विभाग को सूचना दे दी। कोतवाली थाना प्रभारी देवपाल सिंह पुंडीर ने बताया है कि घटना में किसी की हताहत नहीं हुई है, लेकिन घर का सामान जलकर राख हो गया है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

# प्रथमा बैंक गुढ़ा में चोरी का प्रयास करने वाले तीन पकड़े

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** विगत दिनों प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा गुढ़ा के मैनेजर लोकेश कुमार मीणा ने पुलिस में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात बदमाशों ने बैंक में चोरी करने का प्रयास किया है। मैनेजर के अनुसार अज्ञात चोरों ने चैनल के दो ताले व शटर का एक ताला तोड़ दिया था, लेकिन पुलिस पिकेट के गुजरने के कारण चोरी की घटना को अंजाम नहीं दे सके थे। पुलिस ने बैंक मैनेजर की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ धारा 303 (2) व 62 बीएनएस के तहत एफआईआर दर्ज कर पड़ताल शुरू की। प्रकरण में एसपी मो.मुश्ताक के आदेश पर तीन टीमों का गठन किया गया था। टीम ने सीसीटीवी फुटेज व सर्विलांस (मैन्युअली व टेक्निकली) व अन्य तकनीकी साक्ष्यों को एकत्र कर जांच शुरू की। जांच के दौरान प्रकाश में आये संदिग्धों को पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की तो मामले का खुलासा हो गया। जांच के दौरान सौजना पुलिस ने ग्राम सड़कौरा में रहने वाले सुखदीन पुत्र खित्ता अहिरवार, राहुल कुमार उर्फ बेटा पुत्र गरीबा अहिरवार व राहुल रजक पुत्र रतीराम रजक को हिरासत में लिया है। पुलिस ने पकड़े गये बदमाशों के पास से चोरी के प्रयत्न में प्रयुक्त एक अदद हथौडी, एक अदद आरी का पत्ता (ब्लेड) व दो अदद रॉड (लोहा) बरामद किया है। पूछताछ के दौरान बदमाशों ने बताया कि रूपयों की आवश्यकता पड़ने पर उन्होंने ग्रामीण बैंक से चोरी करने की योजना बनायी और 31 दिसम्बर की रात उन्होंने घटना को अंजाम देने का प्रयास किया।

# इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन में उतरेगा सबसे बड़ा भारतीय दल, ये खिलाड़ी होंगे शामिल

14 जनवरी से योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज होने जा रहा है। इस टूर्नामेंट में लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू की अगुवाई में भारत का अब तक का सबसे बड़ा दल में भाग लेगा। ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन, एन से यंग और दुनिया के नंबर एक शी युकी जैसे शीर्ष सितारों के साथ भारत के 21 खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इसमें पुरुष एकल में तीन, महिला एकल में चार, पुरुष युगल में दो, महिला युगल में आठ और मिश्रित युगल में चार जोड़ियां चुनौती पेश करेंगी।




इंदिरा गांधी स्टेडियम के केडी जाधव इंडोर हॉल में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट में चैंपियंस के लिए साढ़े नौ लाख डॉलर (लगभग 8.15 करोड़ रुपये) का पुरस्कार पूल और 11,000 रैंकिंग अंक दांव पर लगे होंगे। भारतीय बैडमिंटन संघ के महासचिव संजय मिश्रा ने यहां जारी एक विज्ञप्ति में कहा, सुपर 750 प्रतियोगिता में इतने सारे भारतीय खिलाड़ियों का प्रतिस्पर्धा करना विश्व मंच पर भारतीय बैडमिंटन के विकास और उन्नति का प्रतीक है। साथ ही उन्होंने कहा यह सिर्फ शुरुआत हैं। इस साल हमारे स्थापित खिलाड़ियों के साथ नये नाम भी भारतीय बैडमिंटन की चमक को बढ़ायेंगे। इस टूर्नामेंट को 2023 में सुपर 750 श्रेणी में बढ़ा दिया गया था। भारत के 14 खिलाड़ियों ने इसके पिछले दो सत्र में हिस्सा लिया था। टूर्नामेंट के पिछले आयोजन में चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी पुरुष युगल फाइनल में पहुंचे थे जबकि एचएस प्रणय का 2024 में पुरुष एकल सेमीफाइनल में पहुंचे थे। चीन मास्टर्स 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले चिराग और सात्विक पुरुष युगल में एक बार फिर खिताब के प्रबल दावेदार होंगे। चोट से वापसी कर रहे सात्विक पेरिस ओलंपिक के बाद अपनी लय दोबारा हासिल करने की कोशिश करेंगे। सात्विक-चिराग के अलावा भारत की उम्मीदें पूर्व चैंपियन लक्ष्य सेन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू पर भी टिकी होंगी। इस प्रतियोगिता में विश्व के शीर्ष-20 पुरुष एकल खिलाड़ियों में से 18 और शीर्ष-20 महिला एकल बैडमिंटन खिलाड़ियों में से 14 भाग लेंगे। पुरुष युगल जोड़ियों में ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन के लियांग वेइकेंग एवं वांग चांग और इंडोनेशिया के फजर अल्फियान एवं मुहम्मद रियान अर्दिआंतो शामिल हैं।

**योनेक्स-सनराइज इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी**

***पुरुष एकल-*** लक्ष्य सेन, एचएस प्रणय, प्रियांशु राजावत महिला एकल - पीवी सिंधू, मालविका बंसोड़, अनुपमा उपाध्याय, आकर्षी कश्यप

***पुरुष युगल-*** चिराग शेट्टी/सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी, के साई प्रतीक/पृथ्वी के रॉय

***महिला युगल-*** त्रिसा जॉली/गायत्री गोपीचंद, अश्विनी पोनप्पा/तनीषा क्रास्टो, रुतुपर्णा पांडा/श्वेतापर्णा पांडा, मनसा रावत/गायत्री रावत, अश्विनी भट्ट/शिखा गौतम, साक्षी गहलावत/अपूर्वा गहलावत, सानिया सिकंदर/रश्मि गणेश, मृण्मयी देशपांडे/प्रेरणा अलवेकर

मिश्रित युगल- ध्रुव कपिला/तनीषा क्रास्टो, के सतीश कुमार/आद्या वरियाथ, रोहन कपूर/जी रुथविका शिवानी, अशिथ सूर्या/अमृता प्रमुथेश।

# गौतम गंभीर देना चाहेंगे संजू सैमसंग को मौका, टीम इंडियासे राहुल-जडेजा की हो सकती है छुट्टी, ये खिलाड़ी हो सकते हैं शामिल

अगले महीने से चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज होने जा रहा है। वहीं इस टूर्नामेंट में रोहित शर्मा और विराट कोहली के भारत की वनडे टीम के बल्लेबाजी कोर का हिस्सा बने रहने की संभावना है लेकिन कम से कम तीन सीनियर खिलाड़ियों को पत्ता कट सकता है। दरअसल, 50 ओवर के प्रारुप में इन खिलाड़ियों के भविष्य पर बहस हो सकती है। जब चयनकर्ता चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम चुनेंगे। केएल राहुल, मोहम्मद शमी और रविंद्र जडेजा का चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम में होना तय नहीं है। हालांकि, वे 2023 वनडे वर्ल्ड कप का हिस्सा थे। फाइनल के बाद से भारत ने 6 वनडे मैच खेले हैं और शमी और जडेजा को आराम दिया गया था। जबकि राहुल को साउथ अफ्रीका और श्रीलंका के खिलाफ दोनों द्विपक्षीय सीरीज के लिए टीम में चुना गया था। हालांकि, श्रीलंका के



खिलाफ उन्हें बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के कारण सीरीज के बीच में ही बाहर कर दिया गया था। ये भी नहीं भूलना चाहिए कि 100 से ज्यादा गेंदों खेलने के बाद उनका धीमा अर्धशतक 19 नवंबर 2023 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे वर्ल्ड कप फाइनल में भारत की हार का मुख्य कारण बना था। ऐसा माना जा रहा है कि यशस्वी जायसवाल के पास वनडे टीम में जगह बनाने का बहुत अच्छा मौका है। उनके होने से टॉप चार में बाएं हाथ के बल्लेबाज की जगह पक्की हो जाएगी, लेकिन अगर ऋषभ पंत पहली पसंद के विकेटकीपर हैं तो क्या राहुल को बैकअप के तौर पर रखने का कोई मतलब होगा? अगर राहुल विकेटकीपिंग नहीं करते हैं तो बल्लेबाज के तौर पर उनकी जगह पक्की नहीं है। पीटीआई के अनुसार राहुल के सबसे करीबी प्रतिद्वंद्वियों में से इशान किशन ने विजय हजारे ट्रॉफी में पर्याप्त रन हीं बनाए हैं, जबकि संजू सैमसन को केरल ने शुरुआती मैचों में नहीं चुना है। अगर टीम चयन में कोच गौतम गंभीर की चली तो व्यक्तिगत तौर पर उनके पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक सैमसन निश्चित तौर पर टीम में जगह बना लेंगे। भारत चैंपियंस ट्रॉफी के अपने सभी मैच दुबई में खेलेगा, जिसकी शुरुआत 20 फरवरी को बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबले से होगी। ऐसा तब हुआ जब टीम ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए मूल मेजबान पाकिस्तान की यात्रा करने से इन्कार कर दिया था।

# पाकिस्तान गंवा सकता है चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी, 3 स्टेडियम का काम अधर में लटका


आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले पाकिस्तान को बड़ा झटका लग सकता है। दरअसल, पाकिस्तान से चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी छिन सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक पाकिस्तान के 3 स्टेडियमों का काम पूरा नहीं हो सका है। इन स्टेडियमों का निर्माण काम चल ही रहा है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के 3 स्टेडियम का निर्माण अगस्त 2024 में शुरू हुआ था, इसे 31 दिसंबर तक पूरा कर लेना था, लेकिन तस्वीरें पाकिस्तान और पीसीबी की बदइंतजामी को दिखा रही हैं।



इन बदतर इंतजामों का खामियाजा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को भुगतना पड़ सकता है। लिहाजा, ऐसा माना जा रहा है कि पाकिस्तान को चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी से हाथ धोना पड़ सकता है। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी शुरू होने में महज 35 दिनों का समय रह गया है। लेकिन काम अभी भी जस का तस है। वहीं ऐसा माना जा रहा है कि अगर पाकिस्तान से चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी छिनती है तो संयुक्त अरब अमीरात को मेजबानी का मौका मिल सकता है। हालांकि, इससे पहले आईसीसी ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अल्टीमेटम दिया है। जिसमें कहा गया है कि हर हाल में अधूरे स्टेडियम के कामों को 25 जनवरी तक पूरा कर लेना होगा इसके बाद आईसीसी के अधिकारी इन स्टेडियमों का जायजा लेंगे। फिर वो अपनी रिपोर्ट में बताएंगे कि स्टेडियम टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार है या नहीं।

# स्मिथ का ये हैरतअंगेज कैच देखा? बाउंड्री पर लगाई सुपरमैन जैसी डाइव

न्यूजीलैंड ने श्रीलंका के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में अजेय बढ़त हासिल की है। मेजबान न्यूजीलैंड ने बुधवार को बारिश से प्रभावित दूसरे वनडे में 113 रनों से विजयी परचम फहराया। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर नाथन स्मिथ ने हैमिल्टन के मैदान पर एक खतरनाक कैच पकड़ा, जिसने सभी को हैरत में डाल दिया। उन्होंने बाउंड्री के नजदीक सुपरमैन जैसी डाइव लगाई। इस दौरान उन्होंने एशन मलिंगा को आउट करने में अहम भूमिका निभाई। मलिंगा ने विलियम ओरुर्के द्वारा डाले गए 29वें ओवर की आखिरी गेंद पर बड़ा शॉट मारने का प्रयास किया। हालांकि, बाएं हाथ से बल्लेबाजी करने वाले मलिंगा सही से बॉल कनेक्ट नहीं कर पाए। ऐसे में गेंद थर्ड मैन की दिशा में चली गई, जहां स्मिथ ने गजब की फुर्ती दिखाई। वह बाउंड्री पर दौड़ने के बाद चीते की तरह झपटे और कैच कंप्लीट कर लिया। कुछ पल के लिए उनकी पूरी बॉडी हवा में थी। स्मिथ के कैच की खूब तारीफ हो रही है। फिलहाल, बारिश के कारण दूसरा वनडे 37 ओवर का कर दिया गया था। न्यूजीलैंड ने 37 ओवर में 9 विकेट गंवाकर 255 रन बटोरे। ऑलराउंडर रचिन रविंद्र (79) और मार्क चैपमैन (62) ने अर्धशतक जमाया। श्रीलंका की ओर से सबसे ज्यादा विकेट स्पिनर महेश थीक्षाना ने चटकाए। उन्होंने साल 2025 की पहली हैट्रिक ली। थीक्षणा ने ग्लैन फिलिप्स, कप्तान मिचेल सैंटनर और नाथन स्मिथ को आउट कर हैट्रिक पूरी की। वहीं, लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम 30.2 ओवर में 142 रनों पर ढेर हो गई। श्रीलंका के लिए कुसल मेंडिस ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए।



# टेस्ट क्रिकेट में टू-टियर स्ट्रक्चर पर घमासान, पूर्व क्रिकेटरों ने दी अपनी-अपनी प्रतिक्रिया

आईसीसी टेस्ट क्रिकेट में टू टियर स्ट्रक्चर पर विचार कर रही है, जिसके लिए आईसीसी लगातार बीसीसीआई, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के संपर्क में है। दरअसल, ऐसा इसलिए भी माना जा रहा है कि इस महीने के आखिर तक फैसला हो जाएगा। लेकिन आईसीसी के इस प्लान पर पूर्व क्रिकेटर्स ने सवाल उठाए हैं। वहीं ग्रीम स्मिथ का मानना है कि कैसे महज टॉप 3 टीमें एक-दूसरे के खिलाफ टेस्ट खेलेंगी? वहीं, श्रीलंका के पूर्व कप्तान अर्जुन रणातुंगा का कहना है कि वैश्विक स्तर पर क्रिकेट को बहतर करने की जरूरत है। बता दें कि, पिछले दिनों ऑस्ट्रेलियाई अखबार सिडनी मॉर्निंग में दाबा किया गया था कि आईसीसी बीसीसीआई, ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट बोर्ड और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड के साथ टू टियर टेस्ट स्ट्रक्चर पर काम कर रही है। जिस पर आखिरी फैसला जनवरी के आखिर में होना है। लेकिन अर्जुन रणातुंगा और ग्रीम स्मिथ जैसे दिग्गजों ने इस पर नाराजगी जताई है। स्काई स्पोर्ट्स के साथ बातचीत में ग्रीम स्मिथ ने कहा कि आप हमेशा टॉप-3 टेस्ट टीम कहां ढूंढ़ते फिरेंगे? उन्होंने कहा कि आप भारत के चयन को उचित ठहरा सकते हैं क्योंकि इससे आपको आर्थिक फायदा मिलेगा।



श्रीलंका के पूर्व कप्तान अर्जुन रणातुंगा ने कहा कि मैं इकोनॉमिक्स को समझता हूं इससे 3 बोर्ड को फायदा होगा, लेकिन खेल पाउंड, डॉलर्स और रुपये के लिए नहीं है। इस खेल से जुड़े लोगों को निश्चित तौर पर बेहतरी के लिए काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत हमेशा से वर्ल्ड क्रिकेट को आकार देता आया है। जगमोहन डालमियां, राज सिंह डुंगरपुर, शरद पवार और शशांक मनोहर जैसे प्रशासकों ने क्रिकेट की बेहतरी पर काम किया, जिसके बाद भारत को आज इसी सोच की जरूरत है।

# कन्नड़ स्टार यश के 39वां बर्थडे पर रिलीज हुआ टॉक्सिक का टीजर, वीडियो को मिले लाखों व्यूज

साउथ के रॉकिंग स्टार यश का आज 8 जनवरी को जन्मदिन है। अभिनेता अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर यश की आगामी एक्शन फिल्म टॉक्सिक का टीजर फैंस के बीच आ चुका है। इस टीजर की बात करें तो इसमें यश एक नाइट कल्ब में लड़कियों के साथ मस्ती करते नजर आ रहे हैं। जानकारी के लिए बता दें कि, केवीएन प्रडोक्शन ने कुछ ही देर पहले टॉक्सिक का का म्यूजिकल टीजर रिलीज किया है। फिल्म के निर्माताओं ने एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें यश की फिल्म के लुक का ही एक पोस्टर दिखाई दे रहा है। इस पोस्टर का लुक रेड रंग का है, जिसमें यश टोपी पहने हुए है। यश के लुक साथ निर्माताओं ने लिखा, स्वागत है आपका अदम्य संसार में सटॉक्सिकदमूवी इसके साथ ही फिल्म टॉक्सिक का म्यूजिक टीजर का यूट्यूब लिंक दिया गया है।



टीजर में आप देख सकते हैं कि यश एक नाइट क्लब में नजर आ रहे हैं। रॉक स्टार का स्वैग प्रशंसकों को बेहद पसंद आ रहा है। यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म दिसंबर 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इस फिल्म में शानदार कलाकारों और गीतू मोहनदास के निर्देशन के साथ ही, इस फिल्म का निर्माण केवीएन प्रोडक्शंस द्वारा किया जा रहा है।

यश के फैंस इस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉक्सिक में कियारा आडवाणी, नयनतारा, हुमा कुरैशी और तारा सुतारिया जैसे कई बेहतरीन अभिनेत्रियां दिखाई दे सकती हैं। हाई-ऑक्टेन गैंगस्टर ड्रामा फिल्म टॉक्सिक को बड़े पैमाने पर बनाया जा रहा है। इसके साथ ही इस टीजर को यूट्यूब पर दो घंटे के अंदर ही लाखों व्यूज मिल गए हैं।

# पाकिस्तानी गायक आतिफ असलम के साथ हनी सिंह की पोस्ट ने बढ़ाई हलचल, दोनों साथ करने वाले हैं काम?

रैपर और लोकप्रिय गायक यो यो हनी सिंह ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पाकिस्तानी गायक आतिफ असलम के साथ एक तस्वीर साझा की। उन्होंने बे इंतेहान गायक को अपना बॉर्डरलेस ब्रदर कहा। उनकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और प्रशंसक दोनों के बीच संभावित संगीत सहयोग के लिए उत्साहित हैं। 7 जनवरी, 2025 को, यो यो हनी सिंह और आतिफ असलम ने एक तस्वीर पोस्ट की जो वायरल हो गई।

तस्वीर में, हनी सिंह और आतिफ असलम ने एक साथ तस्वीर के लिए पोज दिया और वे खूबसूरत लग रहे थे। सिंह ने मैचिंग पैंट के साथ स्टाइलिश ब्लैक टी-शर्ट पहनी थी, जबकि असलम ने कार्गो पैंट के साथ सफेद टी-शर्ट पहनी थी। उन्होंने हाफ-जैकेट और मैचिंग कैप के साथ अपने स्टाइल गेम को और बेहतर बनाया। उन्होंने तस्वीर के साथ कैप्शन दिया, बॉर्डरलेस ब्रदर्स!! मार्च में जन्मे भाई।



कुछ ही समय में, प्रशंसकों ने कमेंट सेक्शन भर दिया और दोनों के साथ होने पर अपनी खुशी साझा की। एक यूजर ने लिखा, एक फ्रेम में दो दिग्गज, जबकि दूसरे ने टिप्पणी करते हुए कहा, यह बहुत रोमांचक है! तीसरे यूजर ने कहा, उनके साथ काम करने का इंतजार नहीं कर सकता।

पाकिस्तानी गायक आतिफ असलम ने कई बॉलीवुड ट्रैक गाए हैं जैसे पिया ओ रे पिया, तू जाने ना, तेरा होने लगा हूँ, दूरी, मैं रंग शरबतों का, बखुदा तुम्ही हो और भी बहुत कुछ। वहीं, यो यो हनी सिंह की डॉक्यूमेंट्री, यो यो हनी सिंह~ फेमस 20 दिसंबर, 2024 को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग होगी। फिल्म में रैपर के स्टारडम के सफर को दिखाया गया है और मानसिक स्वास्थ्य के साथ उनकी लड़ाई पर ध्यान केंद्रित किया गया है। हनी अपने ब्लॉकबस्टर गानों जैसे ब्लू आइज़, एंग्रेज़ी बीट, देसी कलाकार, लुंगी डांस, हाई हील्स, हाय मेरा दिल और लक 28 कुड़ी दा के साथ इंटरनेट सनसनी बन गए हैं।

# गोविंदा की पत्नी यशवर्धन आहूजा ने पति को लेकर किए बड़े खुलासे, कहा- कोई भी उनकी सलाह नहीं सुनता, वे 90 के दशक में अटके हुए हैं

बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा के बेटे यशवर्धन आहूजा 2025 में बॉलीवुड में डेब्यू करने की तैयारी कर रहे हैं, ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि क्या वे अपने पिता की सलाह पर भरोसा करते हैं। इस पर बात करते हुए अभिनेता की पत्नी सुनीता आहूजा ने खुलासा किया कि वास्तव में कोई भी उनकी सलाह नहीं सुनता।

सुनीता हाल ही में यूट्यूब चैनल हिंदी रश पर इसी बारे में चर्चा करते हुए दिखाई दीं। उन्होंने कहा, कोई भी गोविंदा की सलाह नहीं सुनता क्योंकि वे 90 के दशक में अटके हुए हैं। मैं 2024 के लिए उपयुक्त सलाह देती हूं। हम उन्हें 90 के दशक से आगे बढ़ने के लिए कहते रहते हैं। गोविंदा की जीवनशैली और निर्देशक डेविड धवन के साथ उनके मशहूर सहयोग के बारे में बात करते हुए, सुइता ने 18 सफल फिल्मों के बाद उनके बीच हुए मतभेदों पर भी बात की। सुनीता ने बाहरी प्रभावों को दोषी ठहराते हुए कहा, उस समय,



अभिनेताओं के पास बहुत से चमचे (चापलूस) होते थे जो उनकी साझेदारी को लेकर गलतफहमियाँ और ईर्ष्या पैदा करते थे जिससे नकारात्मकता पैदा होती थी। ऐसे लोगों के साथ खुद को घेरने से उनकी नकारात्मकता ही बढ़ती है। उन्होंने इस दरार के बीच डेविड धवन का बचाव किया, और कहा कि गोविंदा को दी गई उनकी सलाह व्यावहारिक और उद्योग-केंद्रित थी। सुनीता ने खुलासा किया, डेविड ने कुछ भी गलत नहीं कहा। उन्होंने कहा कि 90 के दशक में, सोलो-हीरो फ़िल्में सफल रहीं, लेकिन अब ऐसा नहीं है। आज वे शायद ही सफल हों।

उन्होंने कहा, डेविड ने बदलते रुझानों के साथ तालमेल बिठाने का सुझाव दिया, क्योंकि 90 के दशक की सोलो-हीरो फ़िल्में अब शायद ही सफल हों। उन्होंने सेकेंड-लीड भूमिकाओं की भी सिफारिश की, जैसा कि गोविंदा ने बड़े मियाँ छोटे मियाँ में सफलतापूर्वक किया था। सुनीता ने गोविंदा के लोगों की चापलूसी करके उन्हें गुमराह करने के लिए आलोचना की, और कहा, उन्होंने उन्हें यह कहकर उकसाया, तुम हीरो हो। मुझे इस बात से गुस्सा आता है कि इन लोगों ने उनके करियर को किस तरह नुकसान पहुंचाया। गोविंदा और सुनीता 1987 से शादीशुदा हैं और उनके दो बच्चे हैं उनकी बेटी टीना आहूजा और बेटा यशवर्धन आहूजा।

# कंगना रनौत ने प्रियंका गांधी को फिल्म इमरजेंसी देखने के लिए किया आमंत्रित, कहा आपको पसंद आएगी, जानें सांसद का या था जवाब?

अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा को अपनी आगामी फिल्म इमरजेंसी देखने के लिए आमंत्रित किया, जिसमें कंगना प्रियंका की दादी और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का किरदार निभा रही हैं। संसद में अपनी साथी सांसद के साथ बातचीत के दौरान कंगना ने उन्हें यह आमंत्रण दिया।

कंगना ने बताया, मैं वास्तव में संसद में प्रियंका गांधी जी से मिली थी और मैंने उनसे पहली बात यही कही थी कि आपको इमरजेंसी देखनी चाहिए। वह बहुत विनम्र थीं और उन्होंने जवाब दिया, हां, शायद। मैंने कहा, आपको यह काफी पसंद आएगी।



अभिनेत्री ने इंदिरा गांधी और उस समय के चित्रण में लाई गई संवेदनशीलता और गहराई पर जोर दिया, जब इंदिरा गांधी सरकार ने भारत में आपातकाल लगाया था। मेरा मानना है कि यह एक घटना और एक व्यक्तित्व का बहुत संवेदनशील और समझदारी भरा चित्रण है। मैंने श्रीमती गांधी को गरिमा के साथ चित्रित करने का बहुत ध्यान रखा है, कंगना ने कहा।

अपनी शोध प्रक्रिया पर विचार करते हुए, कंगना ने कहा, अपने शोध के दौरान, मैंने पाया कि उनके निजी जीवन पर बहुत अधिक ध्यान दिया गया है - उनके पति, दोस्तों और विवादास्पद समीकरणों के साथ उनके रिश्ते। मैंने खुद से सोचा, एक व्यक्ति में और भी बहुत कुछ होता है। मैंने विशेष ध्यान रखा है, यहाँ तक कि उन दिशाओं में भी नहीं गया, क्योंकि जब महिलाओं की बात आती है, तो उन्हें हमेशा अपने आस-पास के पुरुषों के साथ उनके समीकरण और सनसनीखेज मुठभेड़ों तक सीमित कर दिया जाता है।

भारतीय राजनीतिक इतिहास के सबसे उथल-पुथल भरे दौर में सेट, इमरजेंसी 1975 में इंदिरा गांधी द्वारा घोषित आपातकाल की स्थिति को दर्शाती है। कंगना द्वारा निर्देशित और अभिनीत इस फिल्म में अनुपम खेर और श्रेयस तलपड़े भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। इमरजेंसी 17 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# वी. नारायणन होंगे इसरो के नए प्रमुख

## 14 जनवरी को लेंगे एस. सोमनाथ का स्थान......

एजेंसी



**नई दिल्ली।** वी. नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का अगला अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया गया है। वह 14 जनवरी को इसरो के मौजूदा प्रमुख एस. सोमनाथ का स्थान लेंगे। इसरो के एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक नारायणन वर्तमान में केरल के वलियामाला में लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम में लगभग चार दशकों के अनुभव के साथ, नारायणन ने इसरो में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। उन्हें मुख्य रूप से रॉकेट और स्पेसक्राफ्ट प्रोपल्शन का विशेषज्ञ माना जाता है। मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति के एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, नारायणन को अगले दो वर्षों तक इन भूमिकाओं में सेवा देने के लिए नियुक्त किया गया है।

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 14 जनवरी, 2025 से दो साल की अवधि के लिए या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, अंतरिक्ष विभाग के सचिव और अंतरिक्ष आयोग के अध्यक्ष के रूप में वी. नारायणन, निदेशक, लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर, वलियामाला की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

वे रॉकेट और स्पेसक्राफ्ट प्रोपल्शन विशेषज्ञ हैं और 1984 में इसरो में शामिल हुए और एलपीएससी के निदेशक बनने से पहले विभिन्न पदों पर कार्य किया। लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम्स सेंटर, जिसके प्रमुख नारायणन हैं, लॉन्च वाहनों के लिए लिक्विड, सेमी-क्रायोजेनिक और क्रायोजेनिक प्रोपल्शन चरणों, उपग्रहों के लिए रासायनिक और इलेक्ट्रिक प्रोपल्शन सिस्टम, लॉन्च वाहनों के लिए नियंत्रण प्रणाली और अंतरिक्ष प्रणालियों की निगरानी के लिए ट्रांसड्यूसर विकास में लगा हुआ है।

वे प्रोजेक्ट मैनेजमेंट काउंसिल-स्पेस ट्रांसपोर्टेशन सिस्टम (पीएमसी-एसटीएस) के अध्यक्ष भी हैं, जो सभी लॉन्च वाहन परियोजनाओं और कार्यक्रमों में निर्णय लेने वाली संस्था है, और भारत के नियोजित मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन गगनयान के लिए राष्ट्रीय स्तर के मानव रेटेड प्रमाणन बोर्ड (एचआरसीबी) के अध्यक्ष हैं।

प्रारंभिक चरण के दौरान, उन्होंने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) में साउंडिंग रॉकेट और संवर्धित उपग्रह प्रक्षेपण यान (एएसएलवी) और ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान (पीएसएलवी) के ठोस प्रोपल्शन क्षेत्र में काम किया। उन्होंने आगे एब्लेटिव नोजल सिस्टम, कम्पोजिट मोटर केस और कम्पोजिट इग्नाइटर केस की प्रक्रिया नियोजन, प्रक्रिया नियंत्रण और प्राप्ति में योगदान दिया। वर्तमान में, नारायणन लिक्विड प्रोपल्शन सिस्टम सेंटर (एलपीएससी) के निदेशक हैं, जो इसरो के प्रमुख केंद्रों में से एक है। इसका मुख्यालय तिरुवनंतपुरम के वलियामाला में है, जिसकी एक इकाई बेंगलुरू में है। तमिल माध्यम के स्कूलों में पढ़ाई करने वाले नारायणन ने आईआईटी, खड़गपुर से क्रायोजेनिक इंजीनियरिंग में एम.टेक और एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में पीएचडी पूरी की।

# सीएम आवास दिखाने पहुंचे आप नेताओं को पुलिस ने रोका, धरने पर बैठे

एजेंसी



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी नेता सौरभ भारद्वाज और संजय सिंह अपने कुछ कार्यकर्ताओं और मीडिया के लोगों के साथ दिल्ली के मुख्यमंत्री आवास के लिए निकले थे। जिन्हें पुलिस ने वहां पहुंचने से पहले ही रोक लिया। इसके बाद आम आदमी पार्टी (आप) के नेता वहीं धरने पर बैठ गए। काफी देर तक वहां पर बैठने के बाद आम आदमी पार्टी के नेता प्रधानमंत्री आवास के लिए रवाना हुए हैं।

आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज का कहना है कि पुलिस वालों से जब बात की गई तो उन्होंने कहा कि हमें ऊपर से आदेश मिला है और हम आपको मकान के अंदर नहीं जाने दे सकते। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि मैं यह सोच रहा हूं कि भारतीय जनता पार्टी तो यही चाहती थी। रोज नए नए फोटो और वीडियो भेजते थे, तो आज हम भी आ गए। साथ में सभी कैमरे वाले भी हैं। अब भारतीय जनता पार्टी उल्टा भाग रही है। थ्री लेयर बैरिकेडिंग लगा दी है। पानी फेंकने वाले फव्वारे लगा दिए। डीसीपी, एडिशनल डीसीपी को खड़ा कर दिया। आपने इसको छावनी बना दिया। ताकि मीडिया अंदर न जा सके।

उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा है कि आप दिखाओ कि स्विमिंग पूल कहां पर है, ताकि मीडिया वाले भी देख लें, बार कहां पर है, हमें भी पता चल जाए। उन्होंने कहा कि हम तो अंदर जाते थे हमें तो दिखा नहीं। टॉयलेट सोने के हैं, हमने तो देखे नहीं, हमने तो इस्तेमाल भी नहीं किए। उन्होंने कहा कि अगर है तो ढूंढा जाए और अगर नहीं हैं तो इन सब को हम प्रधानमंत्री आवास पर ढूंढें।

## क्विक न्यूज

### असम के उमरंगसो कोयला खदान से एक शव बरामद

**गुवाहाटी।** असम के दिमा हसाओ जिले के उमरांगसो इलाके में कोयला खदान में फंसे मजदूरों में से एक का शव पैरा गोताखोरों ने बरामद कर लिया है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को यह जानकारी दी। सीएम सरमा ने कहा, 21 पैरा गोताखोरों ने कुएं के तल से एक शव बरामद किया है। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं शोकाकुल परिवार के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बचाव अभियान जोरों पर है और सेना तथा एनडीआरएफ के जवान कुएं में उतर गए हैं। इस बीच, एसडीआरएफ के डी-वाटरिंग पंप उमरंगशु से घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। इसके अलावा, ओएनजीसी के डी-वाटरिंग पंप को कुंभीग्राम में एमआई-17 हेलीकॉप्टर पर लोड किया गया है, जिसे तैनाती के लिए मौसम संबंधी मंजूरी का इंतजार है। इससे पहले मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि जिस स्थान पर मजदूर फंस गए, वहां अवैध कोयला खनन किया जा रहा था और संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने अवैध कोयला खनन के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

### दिल्ली पुलिस ने अब तक करीब 100 बांग्लादेशियों को किया डिपोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस अवैध रूप से दिल्ली में डेरा जमाने वाले बांग्लादेशियों पर लगातार कार्रवाई कर रही है। अब तक दिल्ली पुलिस ने करीब 100 बांग्लादेशियों को डिपोर्ट कर चुकी है। ये लोग अवैध तरीके से दिल्ली में छिपकर रह रहे थे। वहीं करीब 500 से ज्यादा संदिग्धों के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। लगातार दूसरे महीने दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेशियों पर शुरू की गई अपनी मुहिम जारी रखी हुई है। वहीं दिल्ली पुलिस ने एक और बांग्लादेशी नागरिक को वापस बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया है। यह व्यक्ति पिछले चार महीनों से अवैध तरीके से दिल्ली में इधर-उधर छिप कर रह रहा था। साउथ वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के स्पेशल स्टाफ ने इमोन अली नाम के शख्स को पकड़ा।

# देश के मशहूर एक्टर का भीषण एक्सीडेंट, हवा में उड़े कार के परखच्चे

**नई दिल्ली।** साउथ फिल्मों के अभिनेता 53 वर्षीय अजित कुमार भयंकर हादसे का शिकार हो गए। इस दौरान उनकी कार के परखच्चे उड़ गए। लेकिन गनीमत रही कि उन्हें कोई चोट नहीं आई। दरअसल, अजित दुबई में हो रही कार रेसिंग में हिस्सा लेने आए थे। इस दौरान एक्टर रेसिंग कार में सवार होकर जैसे ही उसे ड्राइव कर रहे थे तो कार के परखच्चे उड़ गए। ये कार दीवार से गोल-गोलकर घूम कर टकराई। इस खौफनाक हादसे को देखकर लोगों की आंखें फटी की फटी रह गईं। इस एक्सीटेंड का भयानक वीडियो अजित कुमार के फैन ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जिसमें अजित रेस शुरू होने से पहले प्रैक्टिस कर रहे थे। इसी दौरान उनकी रेसिंग कार का इतना खतरनाक एक्सीडेंट हो गया। रिपोर्ट के मुताबिक एक्टर ठीक है और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई है।

# प्रियंका गांधी को दिया इमरजेंसी देखने का आमंत्रण, इंदिरा गांधी की गरिमा पर पूरा फोकस : कंगना

एजेंसी

**मुंबई।** अभिनेत्री कंगना रनौत की आगामी फिल्म इमरजेंसी' रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में अभिनेत्री पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की भूमिका में नजर आएंगी। रिलीज से पहले उन्होंने कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा को इमरजेंसी' के लिए आमंत्रण दिया है। आगामी इमरजेंसी' 1975 से 1977 के 21 महीने की अवधि पर आधारित है, जब पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आंतरिक और बाहरी खतरों का हवाला देते हुए पूरे देश में इमरजेंसी की घोषणा की थी। अभिनेत्री ने कहा, मैं संसद में प्रियंका गांधी से मिली थी और पहली बात जो मैंने उनसे कही, वह यह थी कि आपको इमरजेंसी' देखनी चाहिए'। इस पर उन्होंने कहा, हां हो सकता है। तो देखते हैं कि क्या वह फिल्म देखना चाहेंगी। मुझे लगता है कि यह एक प्रकरण और एक व्यक्तित्व का बहुत ही संवेदनशील और समझदारी भरा चित्रण है और मैंने इंदिरा गांधी को बहुत गरिमा के साथ फिल्म में चित्रित करने का बहुत ध्यान रखा है।

अभिनेत्री ने कहा, जब मैंने रिसर्च करना शुरू किया, तो मैंने पाया कि उनके निजी जीवन के बारे में जानने के लिए बहुत सी चाजें थीं। चाहे वह उनके पति, दोस्तों या विवादास्पद समीकरणों के साथ उनका रिश्ता हो। उन्होंने आगे कहा, मैंने खुद से सोचा कि हर व्यक्ति में बहुत कुछ है। जब महिलाओं की बात आती है तो उन्हें खासकर अपने आस-पास के पुरुषों के हिसाब से सीमित कर दिया जाता है और वास्तव में अधिकांश विवादास्पद कंटेंट इसी बारे में थे। लेकिन मैंने उन्हें बहुत गरिमा और संवेदनशीलता के साथ चित्रित किया है और मुझे लगता है कि सभी को यह फिल्म देखनी चाहिए। कंगना ने इंदिरा गांधी को प्रिय नेता बताते हुए कहा, आपातकाल के दौरान हुई कुछ बहुत ही अजीबो गरीब चीजों के अलावा मुझे लगता है कि उन्हें बहुत प्यार और सम्मान मिला।

# ...........मोदी सरकार का बड़ा फैसला...........

## राजघाट में बनेगी प्रणब मुखर्जी की समाधि..............................................

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लेते हुए दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की समाधि बनाने के लिए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में %राष्ट्रीय स्मृति' परिसर यानी राजघाट परिसर के अंदर एक विशेष स्थल को चिन्हित करने को मंजूरी दी है। लेखिका और प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है।

उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की और बाबा के लिए एक स्मारक बनाने के उनके सरकार के फैसले के लिए दिल से आभार और कृतज्ञता व्यक्त की। यह और भी अधिक सराहनीय है, क्योंकि हमने इसके लिए नहीं कहा था। प्रधानमंत्री के इस अप्रत्याशित दयाभाव और कृतज्ञता से मैं बहुत प्रभावित हूं। शर्मिष्ठा ने इसके साथ ही पीएम मोदी से अपनी मुलाकात और केंद्रीय शहरी एवं आवास मंत्रालय की चिट्ठी भी सोशल मीडिया पर साझा किया है। उन्होंने लिखा है, बाबा (प्रणब मुखर्जी) कहते थे कि राजकीय सम्मान के लिए कहा नहीं जाना चाहिए, बल्कि वह खुद ऑफर किया जाता है। मैं बहुत आभारी हूँ कि प्रधानमंत्री मोदी ने बाबा की याद और सम्मान में ऐसा किया। हालांकि, इससे बाबा पर कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि वह अब इस दुनिया में नहीं हैं और वह प्रशंसा या आलोचना से परे रहे हैं लेकिन उनकी बेटी होने के नाते मैं अपनी खुशी को शब्दों में बयां नहीं कर सकती।

प्रणब मुखर्जी जुलाई 2012 से जुलाई 2017 तक देश के राष्ट्रपति रहे थे। उन्हें 2019 में भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। कुछ दिनों पहले पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद जब कांग्रेस कार्यसमिति ने एक बैठक कर उनके निधन पर दुख जताया था और उनका स्मारक बनाने के लिए प्रस्ताव पारित किया था, तब शर्मिष्ठा मुखर्जी ने यह सवाल भी उठाया था कि उनके पिता के निधन के बाद कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की कोई बैठक क्यों नहीं बुलाई गई और कोई प्रस्ताव क्यों नहीं पारित किया गया? शर्मिष्ठा ने कहा था कि उन्हें बुरा लगा था जब उनके पिता के निधन के बाद सीडब्ल्यूसी की कोई बैठक नहीं बुलाई गई। सीडब्ल्यूसी कांग्रेस की निर्णय लेने वाली सर्वोच्च इकाई है। उन्होंने सवाल किया, %%कांग्रेस को इसके लिए जवाब देना होगा। मैं केवल तथ्य बता सकती हूं। लेकिन मैं बस इतना जोड़ना चाहती हूं कि मुझे नहीं पता कि यह जानबूझकर किया गया या ये सरासर लापरवाही थी।

# मध्य प्रदेश में कांग्रेस एकजुट, कोई विवाद नहीं : कमलनाथ

एजेंसी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कांग्रेस में अंदर खाने चल रही खींचतान की चर्चाओं के बीच पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने सफाई दी है। साथ में कहा है कि राज्य में कांग्रेस एकजुट है और किसी तरह का विवाद भी नहीं है।

बीते दिनों प्रदेश कांग्रेस कमेटी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक हुई थी और उसके बाद इस बात की चर्चा जोरों पर थी कि कमलनाथ और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कुछ मसलों पर अपनी नाराजगी जताई है। नाराजगी की चर्चाओं के बीच कमलनाथ ने कहा कि कांग्रेस की मजबूती के लिए और प्रदेश की व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए हम सब कांग्रेस जन एक हैं। विवाद का कोई प्रश्न ही नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि पिछले दिनों हुई प्रदेश की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक को लेकर मीडिया में नाराजगी के जो कयास लगाए जा रहे हैं, वह निराधार हैं।

ज्ञात हो कि राज्य में विधानसभा चुनाव के बाद प्रदेश अध्यक्ष की कमान जब से जीतू पटवारी को सौंपी गई है, उसके बाद से वरिष्ठ नेताओं और नई पीढ़ी के नेताओं के बीच दूरी होने के आरोप लगते रहे हैं। कार्यकारिणी के गठन से लेकर अन्य नियुक्तियों में वरिष्ठ नेताओं की सहमति न लिए जाने की चर्चाएं भी जोरों पर रही। इसी बीच बीते दिनों और राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक हुई और इस बैठक के दौरान कुछ मसलों पर विचार विमर्श हुआ।

बैठक के बाद कुछ ऐसी बातें सामने आई जिसमें कहा गया कि वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी अपने वरिष्ठ नेता कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की राय को अहमियत नहीं देते हैं।

# नर्क के दरवाजे खोल दूंगा, हमास को डोनाल्ड ट्रंप की आखिरी वार्निंग, शपथ से पहले बंधकों को रिहा करने को कहा

एजेंसी



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के नव निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को चेतावनी दी है कि अगर उनके शपथ ग्रहण से पहले बंधकों को रिहा नहीं किया गया, तो वह मिडिल ईस्ट में नर्क के दरवाजे खोल देंगे।

दरअसल हमास ने 7 अक्टूबर 2023 को 100 से ज्यादा लोगों को बंधक बना लिया था, जिसमें अमेरिकी नागरिक भी शामिल थे। हालांकि अधिकारियों का मानना है कि इनमें से कई बंधकों की मौत हो चुकी है।

डोनाल्ड ट्रंप फ्लोरिडा स्थित अपने आवास मार-ए-लागो में पत्रकारों से बात कर रहे थे। वह 20 जनवरी को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेंगे। इस दौरान अमेरिकी नागरिकों की रिहाई के लिए हमास के साथ चल रही बातचीत के सवाल पर उन्होंने यह बात कही।

मिडिल ईस्ट में उनके विशेष दूत चार्ल्स विटकॉफ हाल ही में वहां से लौटे हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि यह अपने अंतिम कगार पर है। मैं चर्चा नहीं करना चाहता कि इसमें देरी क्यों हुई। निगेटिविटी में जाने का कोई मतलब नहीं है।

कहर टूट पड़ेगा। अगर बंधकों को रिहा नहीं किया गया। मैंने समझौते के बीच में नहीं आना चाहता, लेकिन अगर मेरे शपथ ग्रहण से पहले वह नहीं लौटे, तो मिडिल ईस्ट में नर्क के दरवाजे खुल जाएंगे।

आपको बता दें कि हमास और इजरायल के बीच कतर में बातचीत हो रही है। हमास ने गाजा में बंधक बनाए गए 34 लोगों के नाम बताए हैं, जिसमें दो अमेरिकी नागरिक भी शामिल हैं। हमास सीजफायर के बदले में बंधकों को रिहा करने के लिए तैयार है।

डोनाल्ड ट्रंप ने एक सवाल के जवाब में हमास को 20 जनवरी से पहले बंधकों को रिहा करने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, %यह हमास के लिए सही नहीं होगा। यह किसी के लिए भी सही नहीं होगा। कहर टूटेगा। मैं कुछ और कहना नहीं चाहता।%

बाइडन प्रशासन एक साल से भी अधिक समय से गाजा में युद्धविराम की असफल कोशिश कर रहा है। 7 अक्टूबर के हमले के कुछ सप्ताह बाद पहले युद्धविराम में दर्जनों बंधकों को रिहा किया गया, लेकिन बाद में लड़ाई को रोकने और अन्य बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए कुछ नहीं किया गया।

# विपक्ष के नेता देश को कमजोर करने वाले लोगों की आवाज उठाते हैं : सीएम नायब सिंह सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** देश के अलग-अलग राज्यों में अवैध रूप से रह रहे रोहिंग्याओं के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को मीडिया से बातचीत के दौरान रोहिंग्याओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। हरियाणा सीएम ने मीडिया से बातचीत के दौरान एक सवाल का जवाब देते हुए आरोप लगाया कि रोहिंग्याओं को कांग्रेस या इंडी गठबंधन के लोग कहीं ना कहीं संरक्षण देते हैं। रोहिंग्या अपने देश में जाएं। हम देखते हैं कि पाकिस्तान में विभाजन के बाद हिंदू समुदाय की स्थिति कितनी बदल गई। बांग्लादेश में क्या स्थिति है। इस मुद्दे पर इंडी गठबंधन मौन हो जाता है। वह जुबान के ऊपर इलेक्ट्रॉनिक ताला लगा लेते हैं, कुछ नहीं बोलते हैं।

उन्होंने आगे कहा कि यदि केंद्रीय मंत्रिमंडल से कोई नेता छींक देगा तो तुरंत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर देते हैं। विपक्ष की ये हालत है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष नेता लोगों की आवाज नहीं उठाते। वे इस देश को कमजोर करने वाले लोगों की आवाज उठाते हैं।

सीएम ने आगे कहा कि पीएम मोदी के द्वारा किए गए अच्छे कामों की भी उन्हें चर्चा करनी चाहिए। इन्हें केंद्र सरकार के काम दिखाई नहीं देते। ये जिन सड़कों के ऊपर से चलते हैं उन्हें नरेंद्र मोदी की सरकार ने बनाया है। पीएम मोदी ने लोगों और विपक्ष के लोगों का जीवन सरल बनाया है, उन्हें वो दिखाई नहीं देता। पीएम मोदी ने लगातार एमएसपी बढ़ाकर दी, ये भी विपक्ष को दिखाई नहीं देता।

सीएम ने आगे कहा कि यूपी के शासन में यूरिया और डीएपी के दाम बढ़े थे। इन दामों का किसानों के ऊपर बोझ बढ़ा था। उन्होंने आगे कहा कि देश के अंदर आज किसान हित की सरकार है।

# तमिल पिता, पंजाबी मां, कनाडा की नई प्रधानमंत्री के लिए अनीता आनंद का नाम क्यों सबसे आगे?

एजेंसी



**नई दिल्ली।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने करीब 10 साल के शासन के बाद गत सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। इसके अलावा उन्होंने पार्टी नेता का पद छोड़ने की भी घोषणा की। ट्रूडो के इस्तीफे के बाद उनके फैसले की दुनिया भर में चर्चा की जा रही है। जस्टिन ट्रूडो के इस्तीफे ने एक नई राजनीतिक हल चल बढ़ा दी है।

ट्रूडो के इस्तीफे के बाद सभी के मन में सवाल है कि आखिर कनाडा का अगला पीएम कौन होगा। इस बीच माना जा रहा है कि लिबरल पार्टी की वरिष्ठ सदस्य अनीता आनंद प्रमुख रूप से एक उम्मीदवार के रूप में उभर रही हैं। अगर ऐसा होता है तो वे इस पद पर चुनी जाने वाली पहली अश्वेत महिला और भारतीय मूल की पहली कनाडाई महिला के रूप में इतिहास बना देंगी।

अनीता आनंद परिवहन मंत्री और आंतरिक व्यापार मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले उन्होंने कनाडा के राष्ट्रीय रक्षा मंत्री के रूप में भी जिम्मेदारी निभाई है। कनाडा की पीएम की रेस में अनीता आनंद का नाम सबसे आगे है। अगर वह कनाडा की अगली पीएम बनती हैं तो भारत और कनाडा के बीच बिगड़े रिश्तों में सुधार की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। जस्टिन ट्रूडो के शासन में दोनों देशों के बीच के रिश्ते अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गए थे।

अनीता आनंद भारतीय मूल की कनाडाई महिला है। वह कनाडा की लिबरल पार्टी की वरिष्ठ सदस्य हैं। अनीता आनंद का जन्म 20 मई 1967 को केंटविले, नोवा स्कोटिया में हुआ।

उनके माता- पिता भारतीय मूल के थे। पिता एस.वी. आनंद दक्षिण भारत से थे और वह एक डॉक्टर थे।

उनकी माता एक एनास्तेसियोलॉजिस्ट हुआ करती थीं और वह पंजाब से थीं। जानकारी के अनुसार अनीता के माता-पिता 1960 के दशक में कनाडा चले गए थे।

अनीता आनंद ने क्वींस यूनिवर्सिटी से बैचलर ऑफ आर्ट्स किया हुआ है। उन्होंने डलहौजी यूनिवर्सिटी से लॉ की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी से मास्टर्स डिग्री प्राप्त की है। बताया जाता है कि पढ़ाई के दौरान ही उन्होंने कानून और प्रशासन में भी विशेष ध्यान दिया। अपने करियर की शुरुआत अनीता आनंद ने एक वकील और प्रोफेसर के रूप में की। वह टोरंटो विश्वविद्यालय में कानून की प्रोफेसर भी रह चुकी हैं।

कनाडा की लिबरल पार्टी की वरिष्ठ सदस्य अनीता आनंद इस समय कनाडा की अगली पीएम की रेस में सबसे आगे हैं।

# घरों तक पहुंची लॉस एंजिल्स में लगी भयानक आग

## भीषण आग के कारण हजारों लोगों को अपना घर खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा

एजेंसी



**लॉस एंजिल्स।** दक्षिण कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग अब रिहायशी इलाकों तक पहुंच गई है। तेजी से फैल रही इस आग में सैकड़ों घर जल गए हैं। कई प्रमुख सड़कें बंद हो गई हैं। भीषण आग के कारण हजारों लोगों को अपना घर खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अधिकारी व्यापक निकासी और आपातकालीन घोषणाओं के साथ स्थिति को संभालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

लॉस एंजिल्स के पेसिफिक पेलिसेड्स इलाके में फैली बेकाबू आग ने अब तक 2,900 एकड़ से ज़्यादा क्षेत्र को जला कर खाक कर दिया है। इस आग को बुझाने के सारे इंतजाम फेल होते नजर आ रहे हैं। अधिकारियों ने लोगों को घरों को छोड़ निकल कर जाने के निर्देश दिए हैं।

लॉस एंजिल्स के अधिकारियों ने बताया कि बवंडर जैसी हवाओं की वजह से आग को बुझाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारियों ने अनुमान जताया है कि अगर आग इसी रफ्तार से फैली तो अभी और बुरा दौर देखना पड़ सकता है।

समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार ये आग जैसे ही सनसेट बुलेवार्ड सहित प्रमुख सड़कों के पास पहुंची, ठीक इसी दौरान अधिकारियों ने सड़क पर मौजूद वाहनों के चालकों को अपनी गाड़ी छोड़कर भागने को कहा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कई लोगों ने वाहनों को अपने आंखों के सामने जलते हुए देखा। सड़कों पर अपने वाहन में फंसे लोगों ने आग की भयावहता को बताया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि उसको रोक पाना मुश्किल था। अधिकारियों ने तुरंत लोगों से अपनी कारों को खाली करने को कहा। अग्निशमन दल ने आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहनों के लिए रास्ता साफ करने के लिए छोड़े गए वाहनों को बुलडोजर से गिराना शुरू कर दिया।

मालिबू और सांता मोनिका इलाकों में भी लोगों को घरों से बाहर जाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। आग से बचने के लिए कुछ लोगों को समुद्र तट पर शरण लेने पर विचार करना पड़ रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि ये आग केवल छह घंटों में 1,000 एकड़ तक बढ़ गई। अधिकारियों के साथ आम लोगों के लिए ये आग एक चुनौती बन गई है। बता दें कि सैन फर्नांडो के उत्तर में स्थित हर्स्ट की आग ने 100 एकड़ को जला दिया है।

एएनआई ने सीएनएन के हवाले से बताया कि पासाडेना से निकाले गए प्रत्यक्षदर्शी बॉबी ओलिवर ने कहा कि खिड़कियां बंद होने के बावजूद भी धुआं असहनीय था। हम सभी लोग आग को करीब से देख रहे थे। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुछ पुलिस के लोग आए और कहा कि अभी अपने घरों को खली करो। ओलिवर ने किसी तरह जरूरी सामान उठाया और बाहर निकल गई। उन्होंने आगे कहा कि बाहर का मंजर बेहद डरावना था।

दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया इस समय सूखे का दंश झेल रहा है। वहीं, उत्तरी कैलिफ़ोर्निया में भारी बारिश हुई है। लॉस एंजिल्स काउंटी में अब मध्यम सूखा है। वैज्ञानिकों ने कहा कि मौसम के पैटर्न में भारी अंतर ने जंगल की आग के लिए अनुकूल परिस्थितियां पैदा कर दी हैं।

1 अक्टूबर से दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया में बहुत कम बारिश हुई है और राज्य का 30 प्रतिशत से अधिक हिस्सा वर्तमान में सूखे की स्थिति में है। वहीं, जनवरी में भी बारिश होने की कोई संभावना नहीं है। इस वजह से स्थिति और भी खराब होने की संभावना है।

# हत्या के विरोध में पत्रकारों ने निकाला मौन जुलूस

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** सैकड़ों पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ के बीजापुर में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की जघन्य हत्या के विरोध में बुधवार को एकजुट होकर कलेक्ट्रेट परिसर में मौन जुलूस निकाला।

पत्रकारों ने इस हत्या के बाद सीबीआई जांच की मांग करते हुये राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित ज्ञापन प्रषासन को सौंपा और पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की जरूरत पर भी जोर दिया। पत्रकार कल्याण समिति के बैनर तले सैकड़ों पत्रकारों ने छत्तीसगढ़ राज्य के बीजापुर जिले में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर की जघन्य हत्या के विरोध में मौन जुलूस निकाला। इस अवसर पर राजेश श्रीवास्तव, शशिराज सिन्हा, अजय शुक्ला, शिविन्द्र प्रताप सिंह, नीरज सिंह, संतोष राय, रविन्द्र मिश्र, बृजेश मिश्र, जुबेर अहमद, मो. अब्बास, आदित्य भारद्वाज, वरूण यादव, अंकित श्रीवास्तव, संजय विश्वकर्मा, अभिषेक शुक्ल, राजेश मिश्रा,विनोद विश्वकर्मा, नितिश कुमार, स्वदेश कुमार, वत्सल गुप्ता, विरेन्द्र पाण्डेय, सुशील स्वामी, काजू सिंह, ष्षमीम अहमद अतुल तिवारी, प्रो. आशाराम यादव, अमित मिश्रा, इम्तियाज अहमद, जेड हुसैन सहित तमाम सम्पादक, पत्रकार, छायाकार आदि प्रमुख रहे। इस मौके पर जौनपुर जिले के पत्रकारों ने एकजुट होकर छत्तीसगढ़ के पत्रकार की हत्या के विरोध में अपनी आवाज बुलन्द की। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने हत्याकाण्ड की सीबीआई जांच कराने की मांग किया। साथ ही मृतक पत्रकार के परिजनों को 1 करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की बात की। इसके अलावा मृतक पत्रकार के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की भी मांग की गयी। ज्ञापन के बाद सभी पत्रकारों ने पत्रकार भवन में श्रद्धांजलि सभा आयोजित करके पुष्पांजलि अर्पित किया। वरिष्ठ पत्रकार राजकुमार सिंह ने देश में पत्रकारों के साथ हो रही घटनाओं का जिक्र करते हुये पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने जौनपुर में हुये पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव हत्याकाण्ड की याद भी दिलाई जिसमें जिला प्रशासन की लापरवाही के चलते पत्रकार की जान चली गयी। ग्रामीण पत्रकार संघ के अध्यक्ष संजय आस्थना सहित अन्य पत्रकारों ने कहा कि अगर पत्रकार असुरक्षित होंगे तो देश में लोकतंत्र खतरे में पड़ जाएगा। सभी ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पत्रकार मुकेश चन्द्राकर को सड़क निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार का खुलासा करने के कारण अपनी जान गंवानी पड़ी। ज्ञापन में मुकेश चन्द्राकर के परिजनों को 1 करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता देने, हत्याकाण्ड की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराने और इस मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग की गयी है। वरिष्ठ पत्रकार कमर हसनैन दीपू ने कहा कि जब पूरा देश नया साल मना रहा था तो हम सब पत्रकार साथी मुकेश चन्द्राकर की हत्या पर शोक में डूबे हुये थे। उन्होंने इस मामले की जल्द जांच के साथ न्याय मिलने की आवश्यकता पर बल दिया। वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार व्यक्त किये और पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर किया।

## फर्जी कम्पनी बनाकर ठगी करने वाला एक शातिर वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** थाना लाइन बाजार पुलिस टीम द्वारा फर्जी कम्पनी बनाकर ठगी करने वाला 01 शातिर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार।डॉ0 कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियो/वांछित की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के दिशा-निर्देशन में एवं सहायक पुलिस अधिक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना लाइन बाजार के नेतृत्व में, थाना लाइन बाजार पुलिस टीम द्वारा फर्जी कम्पनी बनाकर जनता के पैसा फ्राड करने के सम्बन्ध में थाना लाइन बाजार पर पंजीकृत मु0अ0सं0 12/2025 धारा 316(2), 318(4),338,336 (3),340(2) बीएनएस का वांछित अभियुक्त अशोक श्रीवास्तव स/ह बंशीधर श्रीवास्तव निवासी अमेहता पोस्ट रामपुर थाना खानपुर जनपद गाजीपुर को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेजा गया।

# एस.यू.डी. लाइफ का नया यूनिट लिंक्ड फंड लॉन्च: एस.यू.डी. लाइफ मिड कैप मोमेंटम इंडेक्स फंड

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** जनपद 6जी श्रंदनंतल 2025 स्टार यूनियन दाई-इची लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एस.यू.डी. लाइफ) ने नए साल में एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह फंड पॉलिसीधारकों को भारत के तेजी से बढ़ते मिडकैप मार्केट में निवेश करने का शानदार मौका दे रहा है। मिडकैप कंपनियां वे होती हैं जिनका काफी मजबूत बिजनेस मॉडल होता है और जो तेजी से बढ़ने के लिए तैयार होती हैं। हालांकि, मिडकैप स्टॉक्स में थोड़ा उतार-चढ़ाव ज्यादा होता है लेकिन लार्ज-कैप सूचकांकों की तुलना में यह लंबे समय में बेहतर रिटर्न दे सकते हैं। मोमेंटम इन्वेस्टिंग यानी उन स्टॉक्स पर फोकस करना जो अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं और कमजोर स्टॉक्स को समय-समय पर हटा देना। एस.यू.डी. लाइफ मिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड हर 6 महीने में री-बैलेंस होता है जिससे मजबूत और कम अस्थिरता वाले स्टॉक्स पर फोकस बना रहता है।

यह फंड निफ्टी मिडकैप 150 मोमेंटम 50 इंडेक्स को ट्रैक करता है। यह इंडेक्स मिडकैप स्टॉक्स को उनके प्राइस मोमेंटम के आधार पर चुनता है। इसका मतलब है कि यह फंड उन कंपनियों में निवेश करता है, जो लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं और आगे ग्रोथ दिखा रही हैं। यह फंड आपको कम लागत में मिडकैप स्टॉक्स का डाइवर्सिफाइड पोर्टफोलियो बनाने का मौका देता है ताकि आप अलग-अलग सेक्टर्स की ग्रोथ का फायदा उठा सकें।

एस.यू.डी. लाइफ के चीफ इन्वेस्टमेंट ऑफिसर प्रशांत शर्मा के मुताबिक, ÷यह फंड उन लोगों के लिए है जो मिडियम से हाई रिस्क लेने के लिए तैयार हैं और लंबे समय में अपने निवेश को बढ़ाना चाहते हैं। अगर आप अपने पोर्टफोलियो में स्मार्ट और मोमेंटम-ड्रिवन निवेश जोड़ना चाहते हैं तो यह आपके लिए सही है।÷

एस.यू.डी. लाइफमिडकैप मोमेंटम इंडेक्स फंड के साथ आप मार्केट के ट्रेंड्स से आगे रह सकते हैं। यह फंड आपको भारत के मिडकैप मार्केट की ग्रोथ का फायदा उठाने के साथ-साथ आपको अपनी लाइफइंश्योरेंस कवर को भी बनाए रखने का मौका देता है। आज ही निवेश करें और अपने भविष्य के लिए एक मजबूत कदम उठाएं। यह फंड वर्तमान में एस.यू.डी. लाइफस्टार ट्यूलिप, एस.यू.डी. लाइफ वेल्थ क्रिएटर, एस.यू.डी. लाइफवेल्थ बिल्डर और एस.यू.डी. लाइफई-वेल्थ रोयाल के तहत उपलब्ध होगा।

# कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सख्त निर्देश दिए गए कि कुंभ मेला 2025 के दृष्टिगत क्षतिग्रस्त मार्ग तत्काल ठीक कर ली जाए, प्रत्येक मार्ग पर साइनेज बोर्ड, डिवाइडर पेंटिंग कैटआई और रेडियम रिफ्लेक्टर लगाए जाए। प्रत्येक टोल प्लाजा पर शौचालय की साफ सफाई कराने, अलाव लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने एक्सईएन पीडब्ल्यूडी से सड़कों पर साइनेज बोर्ड लगाने के संबंध में जानकारी ली और निर्देशित किया कि जल्द से जल्द साइनेज बोर्ड लग जाए और जो भी सड़के ब्लैक टॉप होनी है उन्हें शीघ्र ही ब्लैक टॉप कर ली जाए। अगर सड़क दुर्घटना हुई तो संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाएगी। एक्सईएन निर्माण खंड के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए 2 दिन के भीतर निर्धारित स्थलों पर साइनेज बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अनियमित रूप से बने कट बंद कर दिए जाए और इसके संबंध में प्रमाण पत्र भी 15 जनवरी तक उपलब्ध कराए जाए। उन्होंने कहा कि ब्रेकर को तोड़ने वालों के ऊपर मुकदमा दर्ज कराया जाए। सड़कों पर सफेद पट्टी लगाने के निर्देश दिए। अनफिट बसे किसी भी दशा में संचालित ना हो। रिफ्लेक्टर सभी गाड़ी में लग जाए। जिन सड़कों पर अवरोध है उनपर अभियान चलाकर खाली कराए। इस दौरान जिलाधिकारी ने चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स के संदर्भ में जानकारी लेते हुए साइनेज बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इस दौरान बैठक में अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लो0 नि0 द्वारा अवगत कराया गया कि महाकुंभ के दृष्टिगत पीपा पुल जनपद जौनपुर में अचला देवी घाट एवं मियांपुर के बीच संपर्क मार्ग के आगे गोमती नदी पर तथा मुबारकपुर से खानपुर संपर्क मार्ग के आगे गोमती नदी के बलुआ घाट पर पांटून सेतु की सामग्री जनपद प्रयागराज भेजा गया है, जिससे 6 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक पीपा पुल बंद रहेगा। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, परियोजना निदेशक, अधिशासी अभियंता, एआरटीओ, यातायात निरीक्षक, एसीएमओ सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# पूर्वांचल कप 2025 में जौनपुर हुआ विजयी



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा परिषद के सौजन्य से विभाग द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल के मार्गदर्शन में जौनपुर में नव वर्ष के अवसर पर पूर्वांचल कप 2025 का आयोजन किया गया। यह राज्यस्तरीय प्रतियोगिता रही जिसमे अलग अलग जनपद से अपनी प्रतिभागिता रही। प्रतियोगिता में जौनपुर, गोरखपुर, मिर्ज़ापुर, प्रतापगढ़, बलिया, कौशाम्बी से टीम ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन पाली ग्राउंड मडियाहूं जौनपुर में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य श्री बृजेश सिंह प्रिंसु रहे। कार्यक्रम संयोजक विनीत सिंह ने आये हुए सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।आज प्रतियोगिता के क्रम में फाइनल मैच जौनपुर और गोरखपुर के बीच हुआ जिसमें जौनपुर पहले बल्लेबाजी करते हुए 167/10 विकेट बनायी जबकि गोरखपुर की टीम भी 20 ओवर के 167/10 पर आल आउट हो गयी। सुपर ओवर में गोरखपुर ने पहले बल्लेबाजी करके 07 रन बनायी और जौनपुर की टीम आखिरी ओवर में विजयी हुई। मुख्य अतिथि द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल के मार्गदर्शन में शिक्षकों द्वारा सभी कार्यक्रम को तन्मयता से किये जाने की सराहना की गई। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से रविचन्द्र यादव, विनीत सिंह. आशुतोष मिश्रा, प्रिन्स मौर्या, अतुल यादव एवं विजय कुमार यादव ग्राम प्रधान आदि लोग उपस्थित रहे।

## अपहरण के शाजीस में एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** वादी मुकदमा थाना पवई जनपद आजमगढ द्वारा एक प्रार्थना पत्र दिया गया कि वादी की पुत्री उम्र लगभग 17 वर्ष समय करीब सुबह 4 बजे घर से कही चली जाने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 361/24 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात के पंजीकृत किया गया। आज वादी मुकदमा के साथ पीड़िता थाना पवई पर उपस्थित आयी एवं पीड़िता ने अपने बयान अन्तर्गत धारा 180 बीएनएसएस में बताया गया कि गुलशन पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम असपतपुर जगदीशपुर थाना फूलपुर आजमगढ़ द्वारा पीड़िता को बहला फुसलाकर भगाया गया था। विवेचना व संकलित साक्ष्य से मुकदमा उपरोक्त में धारा 87 बीएनएस की बढोत्तरी की गयी तथा अभियुक्त गुलशन पुत्र विजय बहादुर निवासी ग्राम असपतपुर जगदीशपुर थाना फूलपुर आजमगढ़ उम्र करीब 22 वर्ष का नाम प्रकाश में लाया गया। उ0नि0 सुर्लभ पाण्डेय मय हमराह का0 अनुराग यादव, का0 अशोक यादव के साथ मुखबिर खास की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त में प्रकाश में आये अभियुक्त गुलशन उपरोक्त को फत्तनपुर मोड़ के पास से पुलिस हिरासत में लिया गया अभियुक्त का चालान न्यायालय किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### गौपूजन कर वितरित किए गए बोरे से बने वस्त्र



**आजमगढ़।** नगरपालिका आजमगढ़ की कान्हा गौशाला में गौपूजन कर वितरित किए गए बोरे से बने वस्त्र। बुधवार को मुजफ्फरपुर स्थित कान्हा गौवंश आश्रय स्थल में नगर अधिशासी अधिकारी विवेक कुमार त्रिपाठी की उपस्थिति में विहिप गोरक्षा के पदाधिकारीयों द्वारा विधिवत गौपूजन करते हुए बोरे से बने सौ से अधिक वस्त्र वितरित किए गए साथ ही गौशाला की सेवा में लगे सभी कर्मचारियों को पटका पहनाकर और कंबल देकर पदाधिकारियों द्वारा स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बतौर अतिथि सेवा भारती के प्रान्त संगठन मंत्री सत्येंद्र, प्रान्त संरक्षक गोरक्षा अशोक अग्रवाल, प्रान्त अध्यक्ष राणा प्रताप राय सोनू, लोक दायित्व के केंद्रीय संयोजक पवन कुमार जी रहे। विहिप गोरक्षा के जिलाध्यक्ष चंदन सिंह ने बताया की कान्हा गौवंश आश्रय स्थल पर बोरा वितरण कार्यक्रम किया गया है और इसी तरह आगे भी जनपद की गौशालाओं में कार्यक्रम होते रहेंगे। इस अवसर पर दीनानाथ सिंह, गौरव रघुवंशी, राघवेंद्र मिश्रा लड्डू, कथावाचक अलंकार कौशिक, सदानंद सिंह, प्रशांत, उत्कर्ष, आशीष यादव, राहुल सोनकर, बृजेश, अजीत, शिवम समेत अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कड़ाके की ठंड में वृद्धाश्रम में भारत विकास परिषद ने किया गर्म कपड़े का वितरण




**आजमगढ़।** ठंड को ध्यान में रखते हुए भारत विकास परिषद एलीट शाखा के तत्वाधान में फरिहा स्थित वृद्धाश्रम में गर्म कपड़े और अलाव के लिए ईंधन की व्यवस्था की गई। शाखा द्वारा वृद्धाश्रम रहने वाले 32 वृद्ध महिलाओं और 48 वृद्ध पुरुषों में स्वेटर, शाल, टोपी आदि वितरित किए गए। वृद्धाश्रम में अलाव जलाने के लिए शाखा द्वारा लकड़ी की भी व्यवस्था कराई गई। साथ ही खाने पीने के लिए गजक, लाई, चुरा का भी वितरण हुआ। अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने बताया कि बढ़ते हुए ठंड के कहर से बेसहारों को राहत दिलाने का शाखा ने संकल्प लिया है। संस्था समय समय पर इस तरह का आयोजन करती रहती है। इस अवसर पर डेविड अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, गिरिराज अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, लतिका अग्रवाल आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में जनवरी सत्र के प्रवेश शुरू

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज ने सत्र जनवरी 2025 की प्रवेश प्रक्रिया को बुधवार को प्रारम्भ कर दिया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने प्रवेश संबंधी कार्यक्रमों की जानकारी से सुसज्जित एडमिशन ब्रोशर का भी विमोचन किया।

विश्वविद्यालय की सत्र जनवरी 2025 की प्रवेश प्रक्रिया का शुभारंभ करते हुए कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि विश्वविद्यालय ने इस बार प्रवेश प्रक्रिया को बहुत सरल एवं सुलभ बनाया गया है। छात्रों को आवेदन करने में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। यूजीसी की गाइडलाइन के अनुसार छात्रों को अपना आधार और मोबाइल नंबर लिंक करने के पश्चात ही प्रवेश प्रक्रिया संपादित की जाएगी। विश्वविद्यालय के दक्ष तकनीकी विशेषज्ञों ने इस प्रक्रिया को अत्यंत सरलीकृत कर दिया है जिससे छात्रों को फॉर्म भरने में किसी भी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

विश्वविद्यालय ने जनवरी सत्र में 23 परास्नातक कार्यक्रमों, 8 स्नातक कार्यक्रमों, 10 जागरूकता कार्यक्रमों, 22 डिप्लोमा कार्यक्रमों तथा 48 प्रमाण पत्र कार्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ किया है।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने प्रवेश के उद्घाटन सत्र में ऑनलाइन जुड़े हुए सभी 12 क्षेत्रीय केंद्रों प्रयागराज, लखनऊ, बरेली, आगरा, आजमगढ़, अयोध्या, झांसी, मेरठ, गाजियाबाद, कानपुर, वाराणसी तथा गोरखपुर क्षेत्रीय केंद्र के समन्वयकों को निर्देशित किया कि वह केंद्र पर आने वाले छात्रों की हर संभव सहायता करें जिससे उन्हें प्रवेश लेते समय किसी भी तरह की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

उद्घाटन सत्र में स्पॉट एडमिशन लेने वाले एम ए राजनीति विज्ञान प्रथम वर्ष के छात्र गोपीचरन यादव को कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने अपने हाथों से पाठ्य सामग्री प्रदान की। गोपीचरन ने बताया कि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मुक्त विश्वविद्यालय की पाठ्य सामग्री स्तरीय होने के कारण उन्होंने दूरस्थ शिक्षा से पढ़ाई करने का निर्णय लिया। प्रारंभ में प्रवेश प्रभारी प्रोफेसर जयप्रकाश यादव ने ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चयन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रोफेसर आशुतोष गुप्ता ने कुलपति का स्वागत तथा कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्या शाखाओं के निदेशक एवं प्रभारीगण उपस्थित रहे।

## बार्डर चेकपोस्ट का किया उद्घाटन

**मौदहा हमीरपुर।** कुम्भ मेला को देखते हुए पुलिस विशेष सतर्कता बरतने का काम कर रही है जिसके चलते बुधवार को चेकपोस्ट का उद्धघाटन क्षेत्राधिकारी ने किया इस दौरान कोतवाली प्रभारी भी मौजूद रहे। महाकुंभ को देखते हुए पुलिस ने विशेष सतर्कता बरतने का काम शुरू कर दिया है और जनपद से गुजरने वाले श्रृद्धालुओं सहित अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी विनीता पहल ने क्षेत्र के कपसा तिराहे पर एक चेकपोस्ट का उद्घाटन किया साथ ही उसमें पुलिस की तैनाती की है।बताते चलें कि महाकुंभ में लगभग चालीस करोड़ लोगों के पहुंचने का अनुमान है जिसके चलते क्षेत्र से बांदा के रास्ते काफी श्रृद्धालुओं का आवागमन होगा।


# कार्यालय नगर पंचायत गोशाईगंज, अयोध्या

पत्रांक : 487/न0पं0गो0/वर्ष- 2024-25 दिनांक : 07.01.2025

नगर पंचायत गोशाईगंज में नामान्तरण के लिये निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है, इन भवनो पर पूर्व से दर्ज भवन स्वामी हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 15 दिन के अन्दर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा। जिसका विवरण निम्नवत है :-

| क्रम सं. | भवन संख्या एवं वर्ष | पूर्व में दर्ज भवन स्वामी/खारिज होने वाला नाम | दर्ज होने वाला नाम | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| | | मोहल्ला कटरा (शिवपुरी कालोनी) | | |
| 1 | 519-3/4-2016 547-2024 पर | नूरूल हसन, फखरूल हसन व नजीरूल हसन पुत्रगण स्व0 मुस्ताक अली | मो0 मुस्लिम पुत्र स्व0 मुश्ताक अली | हिबानामा |
| 2 | 44 | श्री राम जनम वर्मा पुत्र पुल्लुर वर्मा | श्री रामदीन वर्मा पुत्र स्व0 पुल्लुर वर्मा | हिबानामा |
| | | मोहल्ला तेलियागढ | | |
| 3 | 197, 523-2024 | मो0 शफीक पुत्र स्व0 मो0 उमर | शाबाना खातुन पत्नी स्व0 मो0 शफीक, मो0 सुफियान, मो0 इमरान पुत्रगण स्व0 मो0 शफीक | वरासत |
| | | मोहल्ला गोशाईगंज | | |
| 4 | 241-2024 | श्रीमती तलीमुलनिशां पत्नी मो0 इदरीश | मो0 शमशीर, खुर्शीद आलम, मो0 जमशेद, मो0 जावेद | वरासत |
| 5 | 242-2024 | श्रीमती तलीमुलनिशां पत्नी मो0 इदरीश | मो0 शमशीर, खुर्शीद आलम, मो0 जमशेद, मो0 जावेद | वरासत |
| 6 | 78, 157-2024 | श्रीमती सायमा खातुन पत्नी मो0 सिकन्दर | मो0 सिकन्दर बक्श पुत्र समसूदीन, मो0 फैसल, फरहान नाबालिग पुत्रगण सिकन्दर बक्श | वरासत |
| 7 | 100 का जुज भाग | श्री मो0 रजा पुत्र स्व0 अनवर अली | श्री मो0 सलमान पुत्र मो0 रजा 18X34 | हिबानामा |
| 8 | 687-2024 | श्री मो0 हसन पुत्र करीमुल्लाह | मो0 अरशद, नूर लैइन, अन्सारी मो0 अहमद पुत्रगण स्व0 मो0 हसन | वरासत |
| 9 | 100 का जुज भाग | श्री सलमान पुत्र मो0 रजा | श्री लाल मोहम्मद पुत्र शमशुद्दीन 18X34 | बैनामा |
| 10 | 1082-2024 | श्रीमती रोशनजहाँ पत्नी बाबर अली 6X20 फिट | कैसर जहाँ पत्नी नौसाद अहमद | हिबानामा |
| | | मोहल्ला तेलियागढ | | |
| 11 | 264-2024 | विन्देश्वरी प्रसाद साव उर्फ नन्हे लाल पुत्र स्व0 भगौती प्रसाद | श्रीमती सविता देवी साव पत्नी विन्देश्वरी प्रसाद व मोहित कुमार साव, सुमित कुमार साव पुत्रगण स्व0 विन्देश्वरी प्रसाद | वरासत |

**लिपिक**
**नगर पंचायत गोशाईगंज**
**अयोध्या**

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत गोशाईगंज**
**अयोध्या**


# प्रयागराज महानगर के 13 मंडलों को मिले नए मंडल अध्यक्ष

**दो मंडलों को अभी करना होगा और इंतजार**

**अवधनामा संवाददाता**



### जिलाध्यक्ष प्रयागराज महानगर हेतु नामांकन 9 जनवरी को

**प्रयागराज।** संगठन पर्व के तहत भाजपा में बूथ से लेकर मंडल अध्यक्ष तक की चुनाव प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब बारी है जिला अध्यक्षों के चुनाव की। इसी के तहत 9 जनवरी को जिलाध्यक्ष प्रयागराज महानगर हेतु नामांकन प्रक्रिया की जाएगी। भाजपा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने बताया कि अध्यक्ष हेतु प्रदेश संगठन के निर्देश व नियमानुसार नामांकन किया जाएगा।

**प्रयागराज।** संगठन पर्व के तहत भाजपा में बूथ से लेकर मंडल अध्यक्ष तक के चुनाव की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। बुधवार को प्रदेश नेतृत्व द्वारा भाजपा प्रयागराज महानगर के कुल 15 मंडलों में से 13 मंडलों के नए मंडल अध्यक्षों की घोषणा की गई। जिला चुनाव अधिकारी भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रो रामशंकर कठेरिया व संगठन चुनाव पर्यवेक्षक इलाहाबाद मंडल प्रदेश महामंत्री व सदस्य विधान परिषद अनूप गुप्ता की देखरेख में संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई। सिविल लाइन स्थित भाजपा कार्यालय में नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों का मुंह मीठा कराकर स्वागत अभिनंदन किया गया। भाजपा प्रयागराज महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र ने कहा कि प्रदेश व काशी प्रांत नेतृत्व के दिशा निर्देशों के तहत बूथ और मंडल अध्यक्ष के चुनाव संपन्न हुए। नवनिर्वाचित मंडल अध्यक्षों को काशी प्रांत अध्यक्ष दिलीप पटेल, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्र, देवेश सिंह, मनोज कुशवाहा, रमेश पासी, अवधेश चंद्र गुप्ता, रवि केशरवानी, प्रवक्ता राजेश केशरवानी, मीडिया प्रभारी विवेक मिश्रा, राम जी शुक्ला, राजेश पटेल, राकेश भारती, प्रशांत शुक्ला, दीप द्विवेदी, प्रमोद मोदी आदि कार्यकर्ताओं ने बधाई दी। खुल्दाबाद मंडल से अपूर्वा चंद्रा, कीडगंज से कबीर जायसवाल, भारद्वाज मंडल से अजय पासी, सिविल लाइन से मनोज श्रीवास्तव, सदर गंगा पट्टी से अनिल कुमार मौर्या, सदर यमुना पट्टी से श्रवण पाल, मुट्ठीगंज से परमानंद वर्मा, राजरूप पुर से पारस श्रीवास्तव, नैनी मंडल से रजत कुमार दुबे, प्रीतम नगर से दिग्विजय सिंह, विश्वविद्यालय मंडल से अवनीश तिवारी, मीरापुर मंडल से गया प्रसाद निषाद, चौक मंडल से सुमित कुमार वैश्य को संगठन ने मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है।

## डॉ. प्रबल नियोगी की टीम ने रचा इतिहास



**प्रयागराज।** एसआरएन अस्पताल में पहली बार डॉ. प्रबल नियोगी और उनकी टीम ने आईसीजी तकनीक का उपयोग करते हुए जटिल गॉल ब्लैडर की लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सफलतापूर्वक की। यह सर्जरी अस्पताल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हुई। मरीज को गॉल ब्लैडर में सूजन और संक्रमण की गंभीर समस्या थी। सर्जरी से 2 घंटे पहले मरीज को आईसीजी डाई का इंजेक्शन दिया गया, जिससे सर्जरी के दौरान पित्ताशय और पित्त नलिका को साफ देखा जा सका। यह तकनीक डॉक्टरों को गॉल ब्लैडर और पित्त की नली की स्थिति समझने में काफी मददगार साबित हुई। इस सर्जरी के दौरान डॉ. प्रबल नियोगी की टीम में डॉ. वैभव श्रीवास्तव, डॉ. विशाल, डॉ. राजकुमार, डॉ. संजय सिंह, डॉ. डी. कुमार, डॉ. कृष्णा सिंह और डॉ. अखिलेश भी मौजूद थे। उनकी सामूहिक मेहनत और कुशलता ने इस सर्जरी को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। डॉ. प्रबल नियोगी ने कहा कि यह हमारे अस्पताल के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। आईसीजी तकनीक के उपयोग से सर्जरी को अधिक सुरक्षित और आसान बनाया जा सकता है। यह मरीजों के इलाज में एक नई दिशा है।इस सर्जरी ने एसआरएन अस्पताल को चिकित्सा क्षेत्र में नई तकनीक से लैस किया है और आधुनिक तकनीक के उपयोग के लिए प्रेरित किया है।

# वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों पर रेल मंत्रालय ने दिया अपडेट, कहा- बजट का 76% रेलवे ने नौ महीनों में खर्चे

**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के बारे में बड़ी जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार, वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की परियोजना सुरक्षा और गति परीक्षण के दौर से गुजर रहा है। रेलवे ने इस परियोजना और अपने बजटीय आवंटन के बारे में आगे क्या बताया।



रेल मंत्रालय ने वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के बारे में बड़ी जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार, वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की परियोजना सुरक्षा और गति परीक्षण के दौर से गुजर रहा है और जल्द ही यात्री इसके जरिए विश्वस्तरीय सुविधाओं का लाभ उठा सकेंगे। रेल मंत्रालय ने इसके साथ ही चालू वित्तीय वर्ष के दौरान अपने खर्चे का भी ब्यौरा दिया है। मंत्रालय ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में रेलवे ने अपने बजटीय परिव्यय का 76 प्रतिशत खर्च कर दिया है। मंत्रालय ने कहा है, भारतीय रेलवे की 5 जनवरी, 2025 तक की नवीनतम व्यय रिपोर्ट के अनुसार, क्षमता वृद्धि में भारी निवेश हो रहा है। इसका उद्देश्य भारत में रेल यात्रा को विश्व स्तरीय अनुभव बनाना है।

**विकास**

**मंत्रालय ने बताया कि चालू वित्त वर्ष के पहले नौ महीनों में रेलवे ने अपने बजटीय परिव्यय का 76 प्रतिशत खर्च कर दिया है।**

रेल मंत्रालय के अनुसार, 2024-25 के अनुसार रेलवे की ओर से कुल पूंजीगत व्यय का अनुमान 2,65,200 करोड़ रुपये है। इसमें सकल बजटीय सहायता 2,52,200 करोड़ रुपये की है। रेलवे के अनुसार 1,92,446 करोड़ रुपये पहले ही खर्च किए जा चुके हैं। रेलवे ने कहा, रोलिंग स्टॉक (पटरियों पर दौरने वाले वाहनों) के लिए बजटीय प्रावधान 50,903 करोड़ रुपये का था। इसमें से 5 जनवरी तक 40,367 करोड़ रुपये खर्च किए गए। खर्च की गई राशि रोलिंग स्टॉक के लिए आवंटित बजट का 79 प्रतिशत है।

मंत्रालय ने कहा, सुरक्षा संबंधी कार्यों में 34,412 करोड़ रुपये के बजटीय आवंटन में से 28,281 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जो आवंटित राशि का 82 प्रतिशत है। प्रेस नोट में कहा गया है कि सरकार ने रेलवे को विश्व स्तरीय इकाई में बदलने को प्राथमिकता दी है, जो किफायती लागत पर प्रतिदिन औसतन ÷2.3 करोड़ भारतीयों को परिवहन सुविधा प्रदान करेगी।

रेलवे ने बताया है कि पिछले एक दशक से लगातार पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) का सकारात्मक असर 136 वंदे भारत ट्रेनों, ब्रॉड गेज में लगभग 97 प्रतिशत विद्युतीकरण, नई लाइनें बिछाने, गेज परिवर्तन, पटरियों के दोहरीकरण, यातायात सुविधाओं में वृद्धि, सार्वजनिक उपक्रमों और महानगरीय परिवहन में निवेश के रूप में दिखाई दे रहा है।

रेलवे ने बताया, नए बदलावों से यात्रा अनुभव में क्रांतिकारी बदलाव आएगा। भारतीय रेलवे का यह परिवर्तन विकसित भारत की दूरदर्शिता और भारतीय रेलवे की ओर से मिशन मोड में आधुनिकीकरण परियोजनाओं पर खर्च किए बिना संभव नहीं होता।÷ रेलवे के अनुसार भारत अपनी विशाल भौगोलिक, सांस्कृतिक और भाषाई विविधता के साथ सबसे अधिक आबादी वाला देश होने जैसी चुनौतियों का सामना करता है। इनके बावजूद, भारतीय रेलवे एक नए, आधुनिक और कनेक्टेड भारत के निर्माण के लिए बदलाव की ओर बढ़ रहा है।

# इंडियन बैंक के लखनऊ अंचल प्रबंधक एवं पराग लखनऊ मंडल अध्यक्ष ने एमओयू का आदान-प्रदान

**लखनऊ।** लखनऊ पराग मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इंडियन बैंक की ओर से दुग्ध उत्पादन करने वाले किसानों के लिए तैयार किए गए विशेष डिजिटल उत्पाद औपचारिक रूप से एमओयू का हस्ताक्षर उपरांत आदान -प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम में पराग मंडल की ओर से महाप्रबंधक विकास बाल्यान एवं इंडियन बैंक की ओर से लखनऊ अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया। जिसकी प्रति अंचल प्रबंधक लखनऊ श्री प्राणेश कुमार एवं पराग मंडल अध्यक्ष सुश्री शिखा सिंह तोमर ने एक दूसरे को प्रदान की। इस कार्यक्रम में लखनऊ पराग अधिकारी नीलेश श्रीवास्तव तथा पराग सुपरवाइजर सहित इंडियन बैंक मवई शाखा प्रबंधक अमित वर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इंडियन बैंक लखनऊ के अंचल प्रमुख श्री प्राणेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश भारत में सबसे तेज गति से विकास के पथ पर अग्रसर राज्य है। इसे




स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में इंडियन बैंक भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस एमओयू के द्विपक्षीय निष्पादन से हम अपने कृषक ग्राहकों को, जो कि पराग प्लांट में दुग्ध उपलब्ध करा रहे हैं, उन्हें डिजिटल माध्यम से रु. 2 लाख तक कृषि ऋण किसान क्रेडिट कार्ड बिना किसी कोलेटरल उपलब्ध करवाने की दिशा में एक अहम कदम है, जिससे दुग्ध उत्पादन में सहयोग करके किसानों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने एवं पराग तक ज्यादा से ज्यादा दुग्ध उपलब्धता कराने में सहयोग प्रदान किया जा सके। अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार ने पराग अधिकारियों का स्वागत करते हुए बताया कि आज उत्तर प्रदेश में हमारी कुल 1081 शाखाएं, 536 एटीएम , 4343 बी सी लोकेशन तथा 6469 टच पॉइंट का विस्तृत नेटवर्क है 7 श्री प्राणेश ने कहा कि इंडियन बैंक में ग्राहकों आवश्यकता के अनुसार डिजिटल प्रोडक्ट डिजाइन किए जा रहे हैं ताकि हम ग्राहकों को प्रभावशाली और त्वरित सेवा दे सकें। मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ श्री सुधीर कुमार गुप्ता ने एमओयू की सफलता के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं एवं सभी किसानों को इसका बढ़चढ़ कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## बजट से पहले कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने सरकार को भारत में गरीबों की आमदनी बढ़ाने, मनरेगा मजदूरी में इजाफा करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि के लिए कदम उठाने का सुझाव दिया है। कांग्रेस नेता ने कोविड के दौरान सरकार की नीतियों पर भी सवाल उठाया है। वे क्या-क्या बाले, आइए जानें।

चालू वित्त वर्ष के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि अनुमान में कटौती के बाद मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने सरकार पर निशाना साधा है। कांग्रेस ने कहा है कि विकास और निवेश पर मंदी के बादल छा गए हैं, इसे दूर करने के लिए कठोर कदम उठाने की जरूरत है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा है कि केंद्रीय बजट से पहले आर्थिक मोर्चे पर निराशाजनक पृष्ठभूमि हुई है।

रमेश ने सुझाव दिया कि भारत में गरीबों की आमदनी बढ़ाने, मनरेगा मजदूरी में इजाफा करने और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि समय की मांग है। रमेश ने जीएसटी व्यवस्था को हास्यास्पद रूप से जटिल बताते हुए इसे सरल बनाने और मध्यम वर्ग के लिए आयकर में राहत की भी मांग की। कांग्रेस नेता रमेश ने एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार की ओर से वित्त वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के लिए जारी अग्रिम अनुमानों में महज 6.4 प्रतिशत की वृद्धि की बात कही गई है।

उन्होंने कहा, यह चार साल का निचला स्तर है और वित्त वर्ष 2024 (2023-24) में दर्ज 8.2 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में इसमें बड़ी कटौती की गई है। रमेश के अनुसार, यह आरबीआई के हाल के 6.6 प्रतिशत की वृद्धि के अनुमान से भी कम है, जबकि आरबीआई ने पूर्व में 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान जताया था। रमेश ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ ही हफ्तों में, भारतीय अर्थव्यवस्था का आधार कमजोर हो गया है।

# क्या आप भ्रमित हैं? स्काईस्कैनर लेकर आया है 2025 में सबसे सस्ते डेस्टिनेशन और ट्रैवल आसान बनाने के हैक्स

**नई दिल्ली।** अग्रणी ग्लोबल ट्रैवल ऐप, स्काईस्कैनर ने आज अपनी 'वांडरलॉस्ट' रिपोर्ट जारी की। इसमें खुलासा हुआ है कि 94 प्रतिशत भारतीय होलिडे के प्लान को लेकर ओवरथिंकिंग करते हैं, जिसके कारण उन्हें ट्रिप पर जाना मुश्किल हो जाता है। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि भारतीय इस साल ट्रैवल की क्या योजना बना रहे हैं। लगभग आधे (49 प्रतिशत) अपनी अगली ट्रैवल योजना बना रहे हैं। इस रिपोर्ट में यह खुलासा भी किया गया है कि ट्रैवल के लिए भारतीयों के निर्णय किन चीजों से प्रभावित होते हैं, और किन कारणों से वो अगली ट्रैवल के लिए बुकिंग नहीं कर पाते हैं।

जनवरी के साथ एक नई शुरुआत होती है। यह समय 2025 में एडवेंचर की योजना बनाने के लिए सबसे अच्छा समय है। 89 प्रतिशत भारतीय इस महीने साल के महत्वपूर्ण निर्णयों की योजना बनाएंगे। हालाँकि 75 प्रतिशत भारतीय सैलानियों के लिए ट्रिप की योजना बनाना उतना ही मुश्किल काम है, जितना मुश्किल काम रिलेशनशिप गोल्स बनाना है। लैस-दैन-परफेक्ट चॉईस (96 प्रतिशत), कॉस्ट की फिक्र (95 प्रतिशत) और ओवरथिंकिंग (94 प्रतिशत) जैसी बाधाओं के कारण वो अपनी होलिडे के लिए बुकिंग नहीं कर पाते हैं। सैलानी ट्रैवल की योजना को लेकर अति सावधान भी होते हैं, और अपने विकल्पों को बार-बार देखते हैं, फिर चाहे वो फ्लाईट (41 प्रतिशत) हों, होटल (35 प्रतिशत) हों या एक्टिविटीज़ (35 प्रतिशत)। वो चाहते हैं कि बुकिंग करने से पहले हर चीज बिल्कुल परफेक्ट हो।

स्काईस्कैनर की वांडरलॉस्ट रिपोर्ट में भारतीय सैलानियों के बीच ट्रैवल प्लानिंग के बढ़ते तनाव के बारे में खुलासे किए गए हैं। ट्रैवल एंड डेस्टिनेशन एक्सपर्ट, मोहित जोशी ने बताया, ''ट्रिप की प्लानिंग रोमांचक होनी चाहिए, लेकिन कई लोगों के लिए यह बहुत मुश्किल बन जाती है। हमारी वांडरलॉस्ट रिपोर्ट में सामने आया है कि हर 5 भारतीय सैलानियों में से 1 (22 प्रतिशत) सैलानी अपने होलिडे प्लान को फाईनल करने में एक महीने का समय लेता है। यह उतना ही समय है, जो कोई अपनी उच्च शिक्षा का निर्णय लेने में लगाता है। इसके बाद भी, लगभग आधे (45 प्रतिशत) भारतीयों ने 2024 में जितनी छुट्टियों की योजना बनाई थी, उससे ज्यादा छुट्टियाँ लीं।''

उन्होंने आगे कहा, ''स्काईस्कैनर में हम ट्रैवल का जोश बढ़ाना और प्लानिंग का अनुभव सुगम बनाना चाहते हैं। हमारे मनी-सेविंग टूल्स और फीचर्स बेहतरीन डील्स से लेकर नए डेस्टिनेशन तक हर कदम पर ट्रिप की प्लानिंग आसान बनाने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं। हमारा चीपेस्ट मंथ फीचर तारीखों के लचीलेपन के साथ फ्लाईट के लिए सबसे बजट-फ्रेंडली समय दिखाता है, और किसी भी डेस्टिनेशन पर जाने के लिए सबसे किफायती महीना खोजने में मदद करता है। साथ ही एक्सप्लोर एवरीव्हेयर सर्च की मदद से सैलानी अपने बजट में बेहतरीन डेस्टिनेशन खोज सकते हैं, जो कीमतों के अनुसार सूचीबद्ध होते हैं। हमारे अनेकों ट्रैवल हैक्स और टिप्स के साथ हम चाहते हैं कि 2025 का साल आपके लिए ट्रैवल करने का साल बने।''

ट्रैवल के मानसिक तनाव को समझने के लिए स्काईस्कैनर ने न्यूरोलॉजी डॉक्टर और न्यूरोसाईंटिस्ट, डॉ. फाये बेगेटी से संपर्क किया, जिन्होंने बताया, ''वांडरलॉस्ट एक भ्रम की स्थिति है, जो ट्रैवल प्लानिंग के वक्त निर्णय न ले पाने के कारण उत्पन्न होती है।

# बीमा सखी योजना में एक महीने के भीतर 50 हजार से अधिक पंजीकरण

**नई दिल्ली।** एलआईसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उद्घाटन के एक महीने बाद बीमा सखियों के लिए कुल 52,511 पंजीकरण हुए हैं। कंपनी के अनुसार 27,695 बीमा सखियों को पॉलिसी बेचने के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं और 14,583 बीमा सखियों ने पॉलिसी बेचना शुरू कर दिया है। बीमा कंपनी ने और क्या कहा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महिला सशक्तिकरण जरिए विकसित भारत की पहल के तहत भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने बीमा सखी योजना की शुरुआत की है इसमें महीने के भीतर 50,000 से अधिक पंजीकरण हो चुके हैं।

एलआईसी ने बुधवार को एक बयान में कहा कि उद्घाटन के एक महीने बाद बीमा सखियों के लिए कुल 52,511 पंजीकरण हुए हैं। कंपनी के अनुसार 27,695 बीमा सखियों को पॉलिसी बेचने के लिए नियुक्ति पत्र जारी किए गए हैं और 14,583 बीमा सखियों ने पॉलिसी बेचना शुरू कर दिया है।

इस अवसर पर एलआईसी के प्रबंध निदेशक व मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा, हमारा उद्देश्य एक वर्ष के भीतर देश की प्रत्येक पंचायत को कम से कम एक बीमा सखी से कवर करना है।

उन्होंने कहा कि एलआईसी महिलाओं को उचित कौशल प्रदान करके और उन्हें मजबूत डिजिटल उपकरणों से सशक्त बनाकर बीमा सखी धारा को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना में व्यवसाय पर अर्जित कमीशन के अलावा तीन साल के लिए मासिक भुगतान का लाभ भी शामिल है। योजना के अनुसार, प्रत्येक बीमा सखी को पहले वर्ष 7,000 रुपये, दूसरे वर्ष 6,000 रुपये तथा तीसरे वर्ष 5,000 रुपये मासिक वजीफा (भुगतान) दिया जाएगा।

# मेक माय ट्रीप ने पेश किया अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिए उद्योग का पहला आंशिक भुगतान विकल्प

यात्रियों के लिए तकनीक आधारित समाधान प्रदान करने की अपनी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, भारत की प्रमुख ऑनलाइन ट्रैवल कंपनी मेक माय ट्रीप ने अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की बुकिंग को और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए एक नया फीचर पेश किया है। नया लॉन्च किया गया आंशिक भुगतान विकल्प यात्रियों को कुल किराए का केवल 10-40प्रतिशत अग्रिम भुगतान करके बुकिंग की पुष्टि प्राप्त करने में मदद करता है। यह सटीक प्रतिशत एयरलाइन, यात्रा मार्ग और अग्रिम बुकिंग अवधि जैसे कारकों पर निर्भर करता है। बाकी बची राशि का भुगतान या तो यात्रा तिथि से पहले या बुकिंग के 45 दिनों के भीतर, जो भी पहले हो, बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के करना होगा। यह उद्योग में पहली बार पेश किया गया फीचर यात्रियों, विशेष रूप से बड़े परिवारों या समूहों की एक आम समस्या का समाधान भी करता है, जिन्हें अंतरराष्ट्रीय उड़ान की बुकिंग के समय पूरा टिकट मूल्य एकमुश्त चुकाने में कठिनाई हो सकती है। आंशिक भुगतान विकल्प चुनने वाले यूजर्स पूरे भुगतान को पूरा करने के बाद, किराया नियमों के अनुसार अपनी पुष्टि की गई बुकिंग में बदलाव भी कर सकते हैं।

आंशिक भुगतान विकल्प के लाभों को उजागर करते हुए मेक माय ट्रीप के मुख्य परिचालन अधिकारी, फ्लाइट्स, हॉलिडेज़ और गल्फ सौजन्य श्रीवास्तव ने कहा यात्रा को सरल और अधिक सुलभ बनाना ही हमेशा से हमारे मिशन का मुख्य उद्देश्य रहा है। तकनीक और नवाचार का उपयोग करके, हम लगातार उन वास्तविक चुनौतियों का समाधान कर रहे हैं, जिनका सामना यात्री करते हैं। यह उद्योग में पहली बार पेश किया गया आंशिक भुगतान फीचर हमारे इसी संकल्प का भी प्रमाण है, जो अधिक भारतीय यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की बुकिंग के लिए अधिक सुविधा और लचीलापन प्रदान करता है।

प्रारंभिक प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही है, जिसमें एकल यात्रियों, जोड़ों और परिवारों द्वारा लॉन्ग-हॉल और शॉर्ट-हॉल दोनों प्रकार की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए इस विकल्प को अपनाते हुए देखा गया है। आंशिक भुगतान विकल्प का उपयोग करके 1 लाख से अधिक के अंतरराष्ट्रीय टिकट खरीदने वाले यात्रियों का प्रारंभिक अनुपात सामान्य औसत से काफी अधिक रहा है। आंशिक भुगतान विकल्प का उपयोग करके 1 लाख से अधिक के अंतरराष्ट्रीय टिकट खरीदने वाले यात्रियों का प्रारंभिक अनुपात सामान्य औसत से काफी अधिक रहा है।

मेक माय ट्रीप ने हमेशा यात्रा को आसान बनाने के लिए व्यावहारिक और उपयोगकर्ता-केंद्रित समाधान पेश करने पर ध्यान केंद्रित किया है, ताकि यात्रियों को अधिक लचीलापन और सुविधा मिल सके। कंपनी ने कई विशेषताएं लॉन्च की हैं, जैसे 'जीरो कैंसलेशन' यह फीचर यात्रियों को अप्रत्याशित परिस्थितियों के कारण बुकिंग रद्द करने की स्थिति में कवरेज प्रदान करता है। 'फेयर लॉक' यह फीचर ग्राहकों को थोड़ी सी राशि देकर उड़ान का किराया लॉक करने की सुविधा देता है, जिससे वे एक निर्धारित अवधि के भीतर उसी मूल्य पर टिकट खरीद सकते हैं। फ्री डेट चेंज यह सुविधा यात्रियों को बिना किसी झंझट के प्रस्थान से 2 घंटे पहले तक अपनी उड़ान की तारीख बदलने का विकल्प देती है।

## तार-चढ़ाव के बाद बाजार में सपाट क्लोजिंग

बुधवार को प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक कमजोर शुरुआत के बाद सपाट बंद हुए। इस दौरान सेंसेक्स 50.62 (0.06%) अंकों की गिरावट बाद 78,148.49 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 18.96 (0.08%) अंक कमजोर होकर 23,688.95 पर पहुंच गया। आइए जानें सर्राफ बाजार का विस्तृत हाल। घरेलू शेयर बाजार में बुधवार का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहा। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन प्रमुख बेंचमार्क सूचकांक कमजोर शुरुआत के बाद सपाट बंद हुए। इस दौरान सेंसेक्स 50.62 (0.06%) अंकों की गिरावट बाद 78,148.49 पर पहुंच गया। दूसरी ओर, निफ्टी 18.96 (0.08%) अंक कमजोर होकर 23,688.95 पर पहुंच गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने के बीच बुधवार को रुपया लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ 13 पैसे गिरकर 85.87 (अनंतिम) डॉलर के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया।

# वेस्टर्न डिजिटल ने शैक्षणिक संस्थानों में सीसीटीवी स्टोरेज संभालने के लिए महत्वपूर्ण समाधान पेश किए

**नई दिल्ली।** सीसीटीवी शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा बढ़ाने में एक अहम भूमिका निभाते हैं। बड़े शिक्षा परिसरों के विशाल सर्विएलेंस नेटवर्क में लगातार रिकॉर्डिंग करने, डेटा को सुरक्षित रूप से स्टोर करने, और फुटेज तुरंत प्राप्त करने के लिए प्रभावशाली स्टोरेज समाधान बहुत आवश्यक होते हैं। डब्लूडी पर्पल प्रो की हार्ड डिस्क ड्राइव 24/7 रिकॉर्डिंग करते रहने के लिए बनाई गई हैं। ये हाई कैपेसिटी के साथ विश्वसनीयता भी प्रदान करती हैं। ऑलफ्रेम टेक्नोलॉजी वाली ये ड्राइव वीडियो प्लेबैक बढ़ाकर फ्रेम लॉस को कम करती हैं, जिससे संचालन सुगम बनता है। आउटडोर कैमरे बाहर लगे होते हैं, जो अत्यधिक खराब मौसम को भी झेलते हैं, ऐसे में डब्लूडी पर्पल एससी अल्ट्रा एंड्योरेंस माईक्रो एसडी कार्ड जैसे टिकाऊ समाधान भरोसेमंद परफॉर्मेंस प्रदान करते हैं, जिनके लिए मेंटेनेंस की जरूरत भी बहुत कम होती है।




वेस्टर्न डिजिटल के डायरेक्टर सेल्स, एमईए एंड इंडिया, ओवेस मोहम्मद ने कहा, ''शैक्षणिक संस्थान अपने परिसरों में विस्तृत सर्विएलेंस सिस्टम्स का उपयोग कर रहे हैं, इसलिए ऐसे स्टोरेज समाधान बहुत महत्वपूर्ण हो गए हैं, जो लगातार काम करते रहने और विश्वसनीयता प्रदान करने के लिए बनाए गए हों।'' उन्होंने बताया, ''हमारा डब्लूडी पोर्टफोलियो इन जरूरतों को पूरा करने के लिए बनाया गया है। ये ड्राईव चरम परिस्थितियों में भी लगातार रिकॉर्डिंग कर सकती हैं। ये अत्यधिक टिकाऊ हैं, और परिसरों को सुरक्षित रखने के लिए निरंतर मॉनिटरिंग कर सकती हैं।''

64 सिंगल स्ट्रीम कैमरों तक को सपोर्ट करने और एआई एनालिटिक्स की क्षमता के साथ, डब्लूडी पर्पल प्रो हार्ड डिस्क ड्राईव की मदद से संस्थान अनेक फीड्स को प्रभावी तरीके से संभाल सकते हैं तथा परिसर की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक जानकारी निकाल सकते हैं। साथ ही, डब्लूडी पर्पल माईक्रो एसडी कार्ड्स में कार्ड हैल्थ मॉनिटरिंग जैसे फीचर्स इसका मेंटेनेंस आसान बनाते हैं, ताकि नेटवर्क आउटेज के दौरान भी रिकॉर्डिंग लगातार चलती रहे।

वेस्टर्न डिजिटल का डब्लूडी पोर्टफोलियो संस्थानों को टिकाऊ, विस्तारयोग्य और सचेत मॉनिटरिंग प्रदान करता है, जिसकी मदद से वो किसी भी घटना के प्रति प्रभावशाली प्रतिक्रिया देते हुए सुगम संचालन बनाए रख सकते हैं।

## एयरटेल ने महाकुंभ आरम्भ होने से पहले प्रयागराज में किया नेटवर्क कवरेज विस्तार

**लखनऊ।** जैसे-जैसे लाखों श्रद्धालु और भक्त महाकुंभ के लिए प्रयागराज में एकत्रित हो रहे हैं, एयरटेल ने अपने ग्राहकों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए हैं।

एयरटेल ने शहर में 287 नई साइट्स स्थापित की हैं। 340 से अधिक मौजूदा साइट्स को ऑप्टिमाइज़ किया है और मोबाइल कवरेज को बढ़ाने के लिए 74 किलोमीटर से अधिक अतिरिक्त फाइबर बिछाया है। कई किलोमीटर के क्षेत्र में विस्तारित कुंभ मेला क्षेत्र में एयरटेल ने 78 सक्रिय सेल ऑन व्हील्स (सीओडब्लू) तैनात किए हैं। यह सभी उपाय मेला क्षेत्र के अलावा राजमार्गों, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डे, होटलों और प्रयागराज के प्रमुख क्षेत्रों में भी कनेक्टिविटी सुनिश्चित करेंगे।

किसी भी नेटवर्क से संबधित आपातकालीन स्थिति के लिए त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के लिए एयरटेल ने झूसी, अरैल और संगम क्षेत्रों में 3 वॉर रूम स्थापित कर रहें हैं। एक समर्पित आपदा प्रबंधन टीम का गठन किया गया है, जो अतिरिक्त जनरेटर, डीजल और महत्वपूर्ण उपकरणों से लैस है, ताकि नेटवर्क संबंधित किसी भी स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।


इसके अतिरिक्त, प्रयागराज ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से एयरटेल ने महाकुंभ मेला स्थल के प्रवेश और निकासी बिंदुओं पर 780 से अधिक पोल कियोस्क स्थापित किए हैं, जो बड़ी भीड़ को प्रभावी तरीके से प्रबंधित करने और श्रद्धालुओं की मदद करने के लिए कार्य करेंगे। ये कियोस्क महत्वपूर्ण सुरक्षा निर्देश प्रदर्शित करेंगे, ताकि लाखों लोगों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित हो सके।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 18वीं टोयोटा ड्रीम कार आर्ट कॉन्टेस्ट की घोषणा

**बैंगलोर।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) को 18वीं टोयोटा ड्रीम कार आर्ट कॉन्टेस्ट (टीडीसीएसी) की पेशकश करते हुए बेहद खुशी है। यह एक वार्षिक प्रतियोगिता है, जिसमें युवा कलाकारों को अपनी रचनात्मकता को उजागर करने और एक अनूठे तथा प्रेरक मंच पर मोबिलिटी के भविष्य की कल्पना करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। यह प्रतियोगिता बच्चों को अपने सपनों की कारों को चित्रित करके मोबिलिटी के भविष्य की कल्पना करने के लिए आमंत्रित करती है। यह प्रतियोगिता 6 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक पूरे भारत में बच्चों के लिए खुली है। प्रतियोगिता के बारे में टीडीसीएसी को एक राष्ट्रीय और वैश्विक दोनों तरह की प्रतियोगिता के रूप में तैयार किया गया है-

राष्ट्रीय प्रतियोगिता तीन श्रेणियों में शिखर के नौ विजेताओं की पहचान करती है-

1. श्रेणी 1-7 वर्ष या उससे कम आयु




2. श्रेणी 2- 8-11 वर्ष की आयु
3. श्रेणी 3- 12-15 वर्ष की आयु

शीर्ष नौ कलाकृतियाँ वैश्विक प्रतियोगिता के लिए आगे भेजी जायेंगी जो अप्रैल 2025 के बाद आयोजित की जाएगी।

भागीदारों को योर ड्रीम कार थीम के तहत कलाकृतियाँ बनाने के लिए आमंत्रित किया जाता है, जो अभिनव सोच और अप्रतिबंधित रचनात्मकता को प्रोत्साहित करता है। शिखर के 9 विजेताओं में प्रत्येक श्रेणी के 3 विजेता होंगे जिन्हें वैश्विक प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान मिलेगा और प्रमाणपत्र तथा डिजिटल उपहार वाउचर दिए जाएँगे। इसके अलावा, 18 फ़ाइनलिस्ट को उनके रचनात्मक योगदान के सम्मान में डिजिटल प्रमाणपत्र और उपहार वाउचर प्राप्त होंगे।

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के वाइस प्रेसिडेंट श्री वरिंदर कुमार वाधवा ने कहा, ÷टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में, हम युवा प्रतिभाओं को निखारने और बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा देने में गर्व महसूस करते हैं। टोयोटा ड्रीम कार आर्ट कॉन्टेस्ट एक कला प्रतियोगिता से कहीं अधिक है - यह एक ऐसा मंच है जो युवा मस्तिष्क को बड़े सपने देखने और नवाचार से प्रेरित भविष्य की कल्पना करने के लिए सशक्त बनाता है। पिछले कुछ वर्षों में, हम इन युवा कलाकारों की असाधारण रचनात्मकता और दृष्टिकोण से प्रेरित हुए हैं, जो अपनी कलाकृति के माध्यम से भविष्य की कल्पना खूबसूरती से करते हैं। यह वैश्विक प्रतियोगिता उनकी कल्पना का सम्मान करती है और उससे खुश होती है। आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलने की उनकी यात्रा का समर्थन करती है। अब जब हम 18वें संस्करण का अनावरण कर रहे हैं, हम भारत भर के बच्चों के साथ जुड़ने और उनकी अविश्वसनीय प्रतिभा को वैश्विक मंच पर लाने के लिए तत्पर हैं।÷

इस प्रतियोगिता में पिछले कुछ वर्षों के दौरान जबरदस्त भागीदारी रही है। ऐसे 16वें और 17वें आयोजन में भारतीय प्रतिभागियों को उल्लेखनीय वैश्विक प्रशंसा मिली। 2024 में, टीडीसीएसी के 17 वें आयोजन के दौरान, वैश्विक प्रतियोगिता में विशाखापत्तनम की सुश्री पेरूरी लक्ष्मी सहस्र ने प्रतिष्ठित सर्वश्रेष्ठ फाइनलिस्ट पुरस्कार जीता। इससे रचनात्मकता के इस अंतरराष्ट्रीय उत्सव में भारत का स्थान पक्का हो गया।

## डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीय दिवस पर अपनी पुस्तक का विमोचन किया

**लखनऊ।** प्रख्यात लेखिका और शिक्षाविद् डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने अपनी पीएचडी शोध पर आधारित पुस्तक फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879 -1947) का विमोचन प्रवासी भारतीय दिवस के शुभ अवसर पर किया। 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का उद्घाटन भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 9 जनवरी, 2025 को किया जाएगा। डॉ. रेखा चतुर्वेदी स्वर्गीय पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी (राज्यसभा सांसद) की पोती हैं। पंडित बनारसी दास चतुर्वेदी ने प्रवासी भारतीयों पर उल्लेखनीय कार्य किया है। डॉ. रेखा चतुर्वेदी ने कहा, फिजी में भारतीयों का इतिहास तथा उनका जीवन (1879-1947) भारतीय गिरमिटिया मजदूरों के जीवन और उनके संघर्षों पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। यह पुस्तक भारतीय प्रवासी समाज के बलिदानों को पहचानने और उनकी कहानियों को आने वाली पीढ़ियों के लिए संजोने



का आह्वान भी करती है। गिरमिटिया मजदूरों को उस समय के ब्रिटिश शासन के दौरान कुली के नाम से जाना जाता था। यह भारत के औपनिवेशिक इतिहास का एक दर्दनाक और शर्मनाक हिस्सा है। दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस, त्रिनिदाद, गुयाना और फिजी जैसे देशों में इन गिरमिटिया मजदूरों को अमानवीय परिस्थितियों में कठोर और अत्यंत कठिन कार्य करने के लिए मजबूर किया गया।

# कानपुर ने मुजफ्फरपुर को 46 रनों से हराया

## स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में 17वें वर्ष क्रिकेट प्रतियोगिता का चौथा दिन

अवधनामा ब्यूरो



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते मुख्य अतिथि

**कुशीनगर।** पडरौना शहर के यूएनपीजी कॉलेज के खेल मैदान में पडरौना क्रिकेट क्लब द्वारा 17वें वर्ष स्व. कृष्णा साहा व स्व. विमलेश मल्ल की स्मृति में आयोजित क्वालिटी टीवीएस कप क्रिकेट प्रतियोगिता के चौथे दिन बुधवार को कानपुर और मुजफ्फरपुर के बीच ग्रुप बी का पहला मैच खेला गया। इसमें कानपुर की टीम ने मुजफ्फरपुर को 46 रनों से पराजित किया। मैच में 47 रनों की शानदार पारी खेलते हुए तीन विकेट लेने वाले कानपुर के शुभम को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

कानपुर टीम के कप्तान नीरज वर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। कानपुर के सलामी बल्लेबाज शुभम और तरूण ने काफी अच्छी शुरूआत की और दोनों के बीच 73 रनों की साझेदारी हो गई। तरूण का जब विकेट गिरा तो खेलने आए जयदीप ने पारी को संभाल लिया और महज 10 ओवर की गेंदबाजी में ही टीम का स्कोर 100 के पार करा दिया। निर्धारित 25 ओवर के खेल में कानपुर की टीम सभी विकेट खोकर 205 रन बना सकी। इसमें शुभम ने 47, तरूण ने 31, जयदीप ने 44, अभिषेक ने 35 व अंकित ने नाबाद 15 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। वहीं मुजफ्फरपुर की तरफ से गेंदबाजी करते हुए अतुल ने चार, सतीश, दीपक ने दो-दो, मयंक व आशीष ने एक-एक विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुजफ्फरपुर की टीम की शुरुआत ठीक रही, लेकिन जब 31 रन के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज गुरजन का विकेट गिरा तो टीम दबाव में आ गई। मध्यक्रम में आने वाले बल्लेबाज भी ज्यादा देर तक विकेट पर नहीं टिक सके।

आशुतोष व मयंक ने कुछ देर के लिए पारी को संभाले रखा और धीरे-धीरे सम्मानजनक स्कोर तक टीम को पहुंचाया। 25वें ओवर की गेंदबाजी में सभी विकेट खोकर मुजफ्फरपुर की टीम 159 रन के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। इसमें अमन ने 35, आशुतोष ने 68, मयंक ने 20 रनों का सर्वाधिक योगदान दिया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई के अंक को हासिल नहीं कर सका। कानपुर के गेंदबाज शुभम ने तीन, नीरज, तरूण व अभिषेक ने दो-दो व गौरव ने एक विकेट लिया। कमेंट्री प्रिंस तिवारी, अरशद राज व नजमुद्दीन ने की।

स्कोरिंग अभिषेक गैरी ने किया। इससे पूर्व प्रतियोगिता का शुभारंभ रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौड़, हाटा विधायक मोहन वर्मा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कमलेश कुमार वर्मा, रेडियोलॉजिस्ट डॉ. पल्लवी सिंह, भाजपा नेता कृष्ण मुरारी जायसवाल, प्रत्युष चक्रवर्ती, शुभांकर सिंह, अमित द्विवेदी व विक्रम अग्रवाल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया।

# एकमुश्त समाधान योजना का दूसरा चरण 15 जनवरी तक

अवधनामा ब्यूरो



एक मुश्त के तहत लोगों को जागरूक करते विभाग के अधिकारी

**कुशीनगर।** बिजली के बकाया बिलों की वसूली के लिए शुरू की गई एकमुश्त समाधान योजना का दूसरा चरण पहली जनवरी से शुरू हो गया है जो 15 जनवरी तक चलाया जाएगा। तीन चरणों में लागू की गई योजना का पहला चरण 31 दिसंबर को समाप्त हुआ था। योजना के तहत उपभोक्ताओं को बकाया बिल जमा करने के लिए एकमुश्त राशि जमा करने के साथ-साथ किस्तों में भी भुगतान की सुविधा दी जा रही है।

प्रदेश में एकमुश्त समाधान योजना का पहला चरण पूरा होने के पश्चात 1 जनवरी से 15 जनवरी तक दूसरे चरण की एकमुश्त समाधान योजना शुरू हो गई है। इसके तहत एक किलोवाट भार तक तथा पांच हजार रुपए के मूल बकाए पर घरेलू उपभोक्ताओं को योजना के द्वितीय चरण में विलंबित बिलों के एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज में सर्वाधिक 80 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। किश्तों में भुगतान पर 65 प्रतिशत की छूट

- राजस्व वसूली व विद्युत बिल सुधार के लिए लगा कैंप

मिलेगी। जनपद के बिजली बिल के बकाएदारों से राजस्व जमा कराने के लिए अधिशासी अभियंता संजय सागर, उपखंड अधिकारी शशिकांत गुप्ता, अवर अभियंता शुभम गौड व दिलीप कुमार के नेतृत्व मे टीम द्वारा पडरौना व दुदही क्षेत्र मे घर-घर भ्रमण कर कैंप लगाकर योजना का लाभ व समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। कहना ना होगा कि बिजली बिल के बकाएदारों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से सरकार ने 15 दिसंबर से एकमुश्त समाधान योजना की शुरुआत की है। योजना का पहला चरण 31 दिसंबर तक चला, अब एक जनवरी से दूसरा चरण शुरू हो गया है, जो 15 जनवरी तक चलेगा। बिजली विभाग के अवर अभियंता शुभम गौंड ने कहा कि जिन उपभोक्ता को अपना बिल गलत लग रहा है या बिल से संबंधित कोई भी समस्या हो तो वह मीटर रीडिंग की वीडियोग्राफी लेकर पडरौना उपकेंद्र अथवा कैंपों उपस्थित होकर अपनी समस्या का समाधान व योजना के अंतर्गत चल रही छूट का लाभ प्राप्त कर सकते है।

## शिक्षा दिवस के रूप में मनी लेखक और समाज कर्मी चुन्नीलाल धम्मसेवक की 78वीं जयंती





अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** अम्बेडकर मिशन के प्रखर कार्यकर्ता रहे और बौद्ध धम्म की शिक्षाओं के प्रचार प्रसार को आजीवन समर्पित निर्वाण प्राप्त चुन्नीलाल धम्मसेवक की 78वीं जयंती बुधवार को शिक्षा दिवस के रूप में मनाई गई। बौद्ध धम्म के अनुरूप त्रिसरण पंचशील कार्यक्रम के बाद छोटे बच्चों को स्टेशनरी वितरित कर अच्छी शिक्षा हासिल करने के संदेश दिए गए। 2009 में जूनियर हाईस्कूल सांगापुर से प्रधानाध्यापक पद से सेवानिवृत्त हुए निर्वाण प्राप्त धम्मसेवक की बेसिक शिक्षा विभाग में छवि एक अच्छे शिक्षक के रूप में रही।वे शिक्षक के साथ जीवन भर बामसेफ, अम्बेडकर कल्याण समिति आदि सामाजिक संगठनों से जुड़े रहे। बौद्ध गीत माला के साथ उनकी दो पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं। सुखी परिवार, सुखी संसार नाम की उनकी पुस्तक प्रकाशन के बाद खासी चर्चा में रही है। बुधवार को अपनी मां कैलाश कुमारी धम्मसेवक के मार्गदर्शन में बामसेफ के जिला संयोजक संजीव भारती और किसमता भारती ने बच्चों को स्टेशनरी और मिठाइयां वितरित की और उन्हें बाबा साहब डॉ अम्बेडकर और चुन्नीलाल धम्मसेवक के जीवन दर्शन की जानकारी देते हुए अच्छी शिक्षा हासिल करने के संदेश दिए। वीपत,राजीव रंजन भारती, राजेन्द्र प्रियदर्शन, ज्योति प्रियदर्शन, विवेक, प्रतिमा, मोहित कश्यप, संतराम, सुरेश कुमार, दर्शिका, पिंकी आदि मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा अभियान कमजोर, रोज बढ़ रही अतिक्रमण और जाम की समस्या

अवधनामा संवाददाता






**अमेठी।** सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाएं रोकने के एक महीने का विशेष अभियान जिले में काफी कमजोर है। जिले के सभी कस्बे और नगर अतिक्रमण और अवैध निर्माण की समस्या से जूझ रहे हैं। अमेठी में ओवर ब्रिज बनने के बाद भी जाम की समस्या दूर नहीं हो पाई है। नगर पंचायत अमेठी,नगर पालिका जायस और नगर पंचायत मुसाफिर खाना में दुकानदारों ने सड़क तक निर्माण कर लिया है। पैदल चलने के लिए फुटपाथ नहीं रह गये हैं। अतिक्रमण की समस्या दूर नहीं हो पा रही है। मुख्य मार्गो पर लोक निर्माण विभाग की जमीनों पर अवैध निर्माण बढ़ रहे हैं। रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनने के बाद भी जाम की समस्या दूर नहीं हो पा रही है। बुधवार को गांधी चौक, सगरा तिराहा, गुड़ मंडी, रजिस्ट्री ऑफिस के पास कई बार जाम लगने से राहगीरों को परेशान होना पड़ा। ट्रैफिक ड्यूटी में होमगार्ड और पीआरडी के जवानों को लगाया गया है। जाम लगने पर इनको दिनभर डंडा पीटना पड़ता है। ईओ अभिनव यादव ने बताया कि यथाशीघ्र नगर में अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया जाएगा। सड़क तक दुकान लगाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### पुलिसकर्मियों ने हटवाए ठेले फुटपाथ के दुकानदार परेशान

**अमेठी।** बुधवार को पुलिस कर्मियों ने नगर की सड़कों पर लगे ठेले हटवाए, फुटपाथ के दुकानदार काफी परेशान दिखे। सड़क तक स्थायी निर्माण करने वाले लोगों पर पुलिस मौन रही।

पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने नगर की यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया।

## जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनेगा मायावती का जन्मदिन

**गौरीगंज/अमेठी।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की चार बार मुख्यमंत्री रहीं बहन सुश्री मायावती का जन्म दिन 15जनवरी को जनकल्याणकारी दिवस के रूप में मनाया जाएगा। बुधवार को बुलाई गई विधानसभा कमेटियों की बैठकें ठंड की शिकार हो गई। अधिकांश सेक्टर अध्यक्ष बैठक में नहीं पहुंच पाए।जोनवार बैठकें करके 15 जनवरी के स्थानीय एक मैरिज लान में समर्थकों की भीड़ जुटाने की योजना तैयार की गई है। अमेठी विधानसभा कमेटी की बैठक विधानसभा अध्यक्ष लक्ष्मण प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। किशन सिंह, अनिल कुमार, सुरेन्द्र कुमार, हेमराज, अमृत लाल, श्याम कुमार आदि मौजूद रहे। विधान सभा इकाई गौरीगंज की बैठक सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी प्रेम चंद की अध्यक्षता में हुई।

## तीन साल में पूरी हुई 85 परियोजनाएं, जल जीवन मिशन में सबसे पीछे है वेलस्पन कम्पनी का काम



अवधनामा संवाददाता

- अधिशासी अभियंता ने की प्रोजेक्ट मैनेजरों के साथ समीक्षा बैठक
- एक दर्जन से अधिक परियोजनाओं की जलापूर्ति व्यवस्था में मिली है गड़बड़ी

**अमेठी।** जल निगम के अधिशासी अभियंता इंजीनियर अनिल कुमार राव ने बुधवार को जिले में काम कर रही तीन कम्पनियों के प्रोजेक्ट मैनेजरों और अवर अभियंताओं के साथ बैठक करके कार्यो की प्रगति की समीक्षा की। वेलस्पन कम्पनी का काम सबसे पीछे है। अधिशासी अभियंता ने कम्पनी के विरुद्ध कार्रवाई के लिए नोटिस जारी की है। जल जीवन मिशन के अन्तर्गत काम कर रही वेलस्पन कम्पनी को पिछले तीन साल के भीतर कार्यो की खराब प्रगति के लिए दस करोड़ रुपए का जुर्माना हो चुका है, फिर भी काम की प्रगति में कोई खास सुधार नहीं हुआ है। जिले में जलजीवन मिशन के अन्तर्गत कुल 487 परियोजनाएं हैं। 85 परियोजनाओं के काम पूरा हो चुके हैं। 190 परियोजनाओं में हर घर जलापूर्ति की जा रही है। अधिकांश शिकायतें जलापूर्ति की व्यवस्था को लेकर आ रही हैं। रोड रिस्टोरेशन को लेकर शिकायतें लगभग शून्य हो गई हैं। अब तक पूर्ण शिरोपरि जलाशयों की संख्या 185 है। 94 फीसदी जल कनेक्शन किए जा चुके हैं। भेंटुआ संवाद के अनुसार कमासिन में परियोजना का काम काफी धीमी गति से चल रहा है। पाइप लाइन डालने के लिए खोदे गए गड्ढे भरे नहीं गये हैं। भादर संवाद के अनुसार घोरहा में परियोजना का काम छः महीने से ठप है।

## उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने दिया ज्ञापन



**अमेठी।** बुधवार को उद्योग उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक से मुलाकात कर उन्हें रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में प्रतिदिन प्रतापगढ़ से कानपुर जाने वाली इंटरसिटी एक्सप्रेस में बोगी बढ़ाने की मांग की गई है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल की अगुवाई में आधा दर्जन से अधिक व्यापारियों ने स्टेशन अधीक्षक से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा है। जिला अध्यक्ष हरिशंकर जायसवाल ने बताया कि इंटरसिटी एक्सप्रेस व्यापारियों के लिए बहुत ही लाभदायक है। प्रतापगढ़ से कानपुर के लिए सुबह प्रतिदिन ट्रेन जाती है। रात्र लगभग 9:30 बजे पुनः वापस आती है। जिससे व्यापारियों व्यापार बढ़ाने के लिए खरीदारी करने के लिए लखनऊ और कानपुर आने जाने लाभ होता है। अक्सर अधिक भीड़ होने के कारण व्यापारियों को काफी परेशानी होती है। इसके लिए ट्रेन में बोगी बढ़ाने के लिए रेल मंत्री को संबोधित ज्ञापन रेलवे अधीक्षक को सौंपा गया है। रेलवे अधीक्षक ने व्यापारियों के ज्ञापन को हेडक्वार्टर भेजने का भरोसा दिया है। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुशील जायसवाल, शिवम प्रजापति, संजीव बरनवाल, संदीप कसौधन, घनश्याम सोनी अनूप कश्यप दीपक कश्यप घनश्याम वर्मा, शिवम यादव, अभिनव गौरव आदि मौजूद रहे।

### ट्रैक्टर-ट्रालियों में लगवाये रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद आज दिनांक 08-01-2025 को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत जिलाधिकारी डा0 वी0 के0 सिंह के निर्देशानुसार एआरटीओ प्रशासन वी0एन चौधरी तथा एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा मण्डी सचिव सूरज सहाय के सहयोग से सातनपुर मण्डी समिति में 42 ट्रैक्टर-ट्रालियों रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये गये। किसानों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा अवगत कराया गया कि वाहन पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप न लगे होने पर रू0 10 हजार जुर्माना आरोपित किया जाता है। वाहन पर रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगे होने पर अंधेरे में टेप के चमकने से पीछे चलने वाले वाहनों तथा व्यक्तियों को पता चल जाता है

# नगर की सफाई व्यवस्था के रीढ़ हैं सफाई सेवक : विनय

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** ठंड व बढ़ते शीतलहर को देखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पडरौना नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष विनय जायसवाल के ने सफाई कर्मचारियों

- नपा ने वितरण किया सफाई कर्मचारियों मे गर्म कपड़ा

को ठंड से बचाव के लिए जैकेट, कार्डिगन, स्वेटर तथा विंड चीटर वितरण किया।

नगर पालिका के जलकल भवन परिसर में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सफाई क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सफाई सेवकों को सम्मानित कर भी किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि सफाई सेवक नगर की सफाई व्यवस्था की रीढ़ हैं जिनका ख्याल रखना नगरपालिका का पहला कर्तव्य है। पीएम मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ के विजन स्वच्छ भारत को साकार करने के लिए हमारे सफाई मित्रों की भूमिका अति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नगर की सम्मानित जनता के आशीर्वाद से अध्यक्ष पद संभालने के साथ ही हर वर्ष ठंड के मौसम में सफाई मित्रों को निःशुल्क गर्म कपड़े वितरित करने के नियम को लागू कर दिया गया था जिसे नए कार्यकाल में भी यथावत रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान उनके साथ प्रतिनिधि मनीष बुलबुल जायसवाल के अलावा ईओ सन्तराम सरोज, सफाई नायक अरुण सिंह, अनिल कुमार, घनश्याम सहित स्टोर लिपिक महेंद्र चौधरी, अशोक गुप्ता, मनोज सिंह, अभय मारोदिया, शुभम सिंह मंथन, गौरव चौबे, रामु पाण्डेय के अलावा नपा के सभी सफाई मित्र व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## किसान दिवस 15 जनवरी को

**कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** जनपद के किसानों के समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक माह में तृतीय बुधवार को किसान दिवस का आयोजन किया जाता है, माह जनवरी का किसान दिवस तृतीय बुधवार दिनांक 15 जनवरी 2025 को प्रातः 11 बजे से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित को निर्देशित किया है कि निर्धारित तिथि को स समय कलेक्ट्रेट सभागार में सम्यक सूचनाओं के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## गाजीपुर के लेखपाल से जनता परेशान

**अमेठी/भादर अवधनामा संवाददाता।** गाजीपुर के लेखपाल की कार्यप्रणाली से गांव की जनता त्रस्त है। लेखपाल सुविधा शुल्क के बगैर कोई काम नहीं करता। पैसे लेकर आय प्रमाण पत्र में आय को घटाना बढ़ाना लेखपाल के बायें हाथ का खेल हो गया है। सम्पूर्ण समाधान दिवस में लगातार शिकायत के बावजूद एस डी एम और तहसील प्रशासन लेखपाल के बचाव में लगा हुआ है। बुधवार को ग्राम प्रधान ने जिलाधिकारी से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है। डी एम को दिए शिकायती पत्र में ग्राम प्रधान कमलेश कुमारी ने लेखपाल अवधेश कुमार पर गंभीर आरोप लगाएं हैं। ग्राम प्रधान ने जनसुनवाई में बैठे अधिकारी को अपने आरोपों के सम्बन्ध में साक्ष्य भी दिखाए। लेखपाल एक ही व्यक्ति का अलग अलग तिथियों में तीन तीन बार आय प्रमाण पत्र जारी कर चुके हैं। भादर के हनुमान को लेखपाल ने 25 नवम्बर 2024 को 480000/रु का आय प्रमाण पत्र जारी किया।

# डीआईओएस के फर्जी हस्ताक्षर से शिक्षकों की पदोन्नति का मामला गरमाया, जांच के आदेश

अवधनामा ब्यूरो

**जनता इंटर कालेज रामकोला का मामला**

**कुशीनगर।** जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में फर्जी हस्ताक्षर के जरिए शिक्षकों की पदोन्नति कराने का गंभीर मामला सामने आया है। रामकोला के जनता इंटरमीडिएट कॉलेज के दो शिक्षकों की पदोन्नति की पत्रावली डीआईओएस के फर्जी हस्ताक्षर के साथ संयुक्त शिक्षा निदेशक (जेडी) गोरखपुर को भेजी गई। मामला प्रकाश में आने पर जेडी गोरखपुर ने पूरे प्रकरण की जांच के आदेश दिए हैं।

जनता इंटरमीडिएट कॉलेज रामकोला की ओर से दो शिक्षकों की पदोन्नति की पत्रावली डीआईओएस कार्यालय से जेडी कार्यालय भेजी गई। पत्रावली में सहायक अध्यापक राम अवध कुमार यादव को अंग्रेजी प्रवक्ता पद पर और मुकेश कुमार को इतिहास प्रवक्ता के पद पर पदोन्नति देने का उल्लेख था। हालांकि, जब जेडी गोरखपुर सतीश सिंह ने तत्कालीन डीआईओएस रवींद्र कुमार सिंह से संपर्क किया तो उन्होंने ऐसी कोई पत्रावली भेजने से इनकार किया। जेडी गोरखपुर ने 30 दिसंबर को डीआईओएस कुशीनगर को पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही फर्जी हस्ताक्षर से भेजी गई मूल पत्रावलियों को वापस करने का आदेश दिया। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य फूलबदन कुशवाहा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अन्य उच्चाधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उन्होंने डीआईओएस कार्यालय में बड़े स्तर पर फर्जीवाड़े की आशंका जताई और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बता दें कि डीआईओएस कार्यालय में शासनादेश के विपरीत लंबे समय तक एक लिपिक को अटैच कर कार्य लिया गया। इस मामले में भी जांच की जरूरत बताई जा रही है।

### नए डीआईओएस से उम्मीदें

तत्कालीन डीआईओएस रवींद्र कुमार सिंह के रिटायर होने के बाद नए डीआईओएस के कार्यभार ग्रहण करने की प्रतीक्षा की जा रही है। कार्यवाहक डीआईओएस डॉ. भूपेंद्र कुमार मिश्रा ने आश्वासन दिया है कि जांच पूरी कर दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**बोले जेडी गोरखपुर-** जेडी गोरखपुर सतीश सिंह ने बताया कि फर्जी हस्ताक्षर से पत्रावली भेजने का मामला गंभीर है। नए डीआईओएस के चार्ज लेने के बाद जांच को जल्द पूरा कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## एचएमपीवी वॉयरस से बचाव हेतु स्वास्थ्य महकमा अलर्ट

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** मेडिकल कॉलेज प्रशासन ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस (एचएमपीवी) को लेकर सतर्क है। इलाज के लिए आने वाले लोगों को डॉक्टर सावधानी बरतने की सलाह दे रहे हैं। ओपीडी से इमरजेंसी तक डॉक्टर अलर्ट मोड में दिख रहे है। इमरजेंसी में सभी स्वास्थ्यकर्मी एप्रेन और मास्क पहने थे। एसएनसीयू वार्ड में अंदर जाने से लोगों को रोकने के लिए गेट पर एक-एक कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। हालांकि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार इसे सामान्य वायरस होने का दावा कर रहे हैं। बदलते मौसम में सांस रोगियों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। इसी बीच एचएमपीवी वायरस के देश में दस्तक देने के बाद स्वास्थ्य महकमा सतर्क हो गया है। मेडिकल कॉलेज के चिल्ड्रेन वार्ड और एसएनसीयू और पीआईसीयू वार्ड में बच्चों को अलग-अलग बेड पर भर्ती किया गया था। इनमें सर्वाधिक सांस और सर्दी जुकाम से संक्रमित बच्चे भर्ती थे। वहीं ओपीडी और इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को मास्क का प्रयोग करने की सलाह डॉक्टर देते नजर आए। इमरजेंसी से ओपीडी में तैनात सभी स्वास्थ्यकर्मी मास्क लगाए हुए थे। सभी मरीजों को अलग-अलग बेड पर भर्ती किया गया था। ओपीडी में 200 से अधिक ऐसे मरीज आए, जिन्हें सांस लेने में दिक्कत, सर्दी और जुकाम था। वहीं दवा, पर्ची काउंटर और ओपीडी में कतार में खड़े मरीज मास्क नहीं लगाए थे।

# बीच रास्ते से मरीज को एंबुलेंसकर्मियों ने वापस लौटाया, वीडियो वॉयरल

अवधनामा ब्यूरो

- तीमारदारों की दुहाई के बाद भी नहीं पसीजे एंबुलेंसकर्मी
- दुदही क्षेत्र के दशहवा गांव का है मामला

**कुशीनगर।** जिले में एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक एम्बुलेंस कर्मचारियों की लापरवाही सामने आई है। सड़क हादसे में घायल एक व्यक्ति को जिला अस्पताल ले जाने के बजाय एंबुलेंस कर्मियों ने आधे रास्ते से ही वापस लाकर मरीज को उतार दिया। मरीज के तीमारदारों की दुहाई के बाद भी एंबुलेंस कर्मी नहीं पसीजे। इस कृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।

बता दें कि सरकार आम लोगों की तत्काल सेवा उपलब्ध कराने के लिए निःशुल्क 108, 102 एम्बुलेंस चला रही है ताकि घटना दुर्घटना, प्रसव, या अन्य कोई मामला हो लोग एंबुलेंस का सहारा ले सके। लेकिन एंबुलेंस कर्मचारियों की मनमानी व लापरवाही के कारण सरकार की निःशुल्क एंबुलेंस सेवा लोगों को नहीं मिल पा रही है। ऐसा ही एक मामला कुशीनगर जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुदही पर तैनात 108 एंबुलेंस कर्मचारियों की सामने आया है। दुदही क्षेत्र के दशहवा गांव निवासी एक व्यक्ति सड़क हादसे में घायल हो गया था। परिजन सीएचसी लाए, जहां से हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजन 108 नंबर एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में एंबुलेंस कर्मी को परिजन कुछ जानकारी लेना चाहे जिसपर एंबुलेंस कर्मी भड़क गए और परिजनों को डांटने लगे और एंबुलेंस बीच रास्ते में लेजाकर रोक दिया। उधर मरीज जीवन और मौत से जूझ रहा था। परिजन एंबुलेंस कर्मचारियों से गुहार लगाने लगे लेकिन लापरवाह कर्मचारी नजर अंदाज करते रहे। आखिरकार मरीज को जिला अस्पताल न ले जाकर 15 किमी दूर से पुनः सीएचसी दुदही वापस लाकर उतार दिया। तीमारदारों की गुहार के बाद भी लापरवाह एंबुलेंस कर्मचारियों की संवेदना नहीं जगी। इसका वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। वीडियो वायरल होने के बाद जिम्मेदार जांच में जुट गए। इस संबंध में सीएमओ डॉ सुरेश पटारिया ने बताया कि मामले को जांच कराया गया। एंबुलेंस में पहले से एक मरीज बुक था। जबकि दूसरा मरीज बाइक से जा रहे थे। पहले वाले मरीज को छोड़कर इन्हें एम्बुलेंस में बैठकर ले जाया गया। एंबुलेंस में मरीज के तीमारदार बेमतलब बहसबाजी कर वीडियो बना रहे थे।

# आवास विहीन परिवारों का मोबाइल एप के माध्यम से होगा सर्वे

अवधनामा ब्यूरो

- सर्वे कराने में सीडीओ ने जन सामान्य से की सहयोग की अपील
- पीएमएवाईजी का सर्वे प्रारंभ

**कुशीनगर।** मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्तमान में आवास विहीन परिवारों को आवासीय सुविधा उपलब्ध कराए जाने के लिए पीएमएवाईङ्जी सर्वे प्रारम्भ किया गया है। जनपद में आवास विहीन परिवारों का मोबाईल एप के माध्यम से सर्वे हेतु कुल 341 सर्वेयर का रजिस्ट्रेशन आवास सॉफ्ट पर कराया गया है। उल्लेखनीय है कि पीएमएवाई-जी सर्वे 2024 उपर्युक्त सर्वेयर के अतिरिक्त पात्र परिवार द्वारा अपने परिवार का स्वयं सर्वे किए जाने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इस प्रकार सर्वे 2024 में प्रत्येक पात्र परिवारों के सर्वे में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होगी तथा पात्र परिवार सर्वे से वंचित भी नहीं होगें। 07 जनवरी 2025 से पात्र परिवारों का सर्वेक्षण प्रारम्भ करा दिया गया है। सर्वेयर द्वारा मोबाईल एप पर सर्वप्रथम आधार संख्या के द्वारा ई-केवाईसी किया जायेगा, जिसमें सर्वेयर का फेस एथेंटिकेशन भी होगा। एक सर्वेयर के द्वारा अधिकतम 03 गांवों का ही सर्वे किया जायेगा। सर्वेयर की भांति लाभार्थी द्वारा स्वयं या प्रतिनिधि का ई केवाईसी कर सर्वे किया जायेगा। स्वयं या प्रतिनिधि के माध्यम से केवल एक ही परिवार का सर्वे सम्भव होगा। (एक मोबाईल, एक सर्वे)। उन्होंने बताया कि सर्वे में परिवार की मुखिया अनिवार्य रूप से वरिष्ठ महिला होगी। महिला न होने की स्थिति में वरिष्ठ पुरूष होगा। सर्वे में सर्वप्रथम परिवार के मुखिया का विवरण अंकित किया जायेगा। सर्वेयर द्वारा कच्चे घर की बजाय पक्के घर का फोटो लेता है तो उसकी जिम्मेदारी तय की जायेगी। यह ध्यान दिया जाए कि लाभार्थी के आवास का फोटोग्राफ लेते समय यदि पड़ोस के पक्के आवास को कोई भाग कैप्चर होता है तो लाभार्थी पात्रता से स्वत बाहर हो जायेगा।

# मनरेगा योजना: धन के दुरूपयोग पर जिला प्रशासन का कड़ा रुख

**अवधनामा संवाददाता**



- 02 महिला मेट व 01 तकनीकी सहायक की सेवाएं समाप्त ग्राम विकास अधिकारी हुए निलम्बित
- ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व तकनीकी सहायक के विरूद्ध दर्ज हुई एफ.आईआर.
- शासकीय धन की वूसली के लिए कार्यवाही हुई प्रारम्भ

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र द्वारा विगत दिवस विकास खण्ड नवाबगंज अन्तर्गत ग्राम पंचायत शिवपुर मोहरनिया में मनरेगा योजनान्तर्गत पिल्लू के खेत से मेलाराम के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य तथा ग्राम पंचायत माधौपुर निदौना में मनरेगा योजनान्तर्गत ही पहलवान के खेत से जंगल तक मिट्टी पटाई कार्य का औचक स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान शासकीय धन का दुरूपयोग पाये जाने पर 01 ग्राम विकास अधिकारी को निलम्बित किया गया एंव 02 महिला मेट व 01 तकनीकी सहायक की सेवाएं समाप्त की गयी। ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व तकनीकी सहायक के विरूद्ध थाना रूपईडीहा में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है तथा शासकीय धन की वसूली के लिए कार्यवाही भी प्रारम्भ हो गयी है।

खण्ड विकास अधिकारी की आख्या के अनुसार ग्राम पंचायत-शिवपुर मोहरनिया में पिल्लू के खेत से मेलाराम के खेत तक मिट्टी पटाई कार्य हेतु 05 दिसम्बर से 18 दिसम्बर 2024 तक 22 श्रमिको को 14 दिवस का रोजगार देते हुए रू. 72,996=00 एवं 19 दिसम्बर 2024 से 01 जनवरी 2025 तक 74 श्रमिकों को 14 दिवस का रोजगार देते हुए रू. 2,42,451=00 इस प्रकार कुल धनराशि रू. 3,15,447=00 का व्यय हुआ है। जबकि स्थलीय निरीक्षण के समय कार्य होना नहीं पाया गया। इसी कार्य पर 04 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक 59 श्रमिकों का 14 दिवस का मस्टररोल जारी कराया गया है। जिस पर महिला मेट श्रीमती सुमन द्वारा पुनः शासकीय धन के दुरूपयोग के उद्देश्य से फर्जी तरीके से एन.एम.एम.एस. पर फोटो भी अपलोड की गयी है। स्थलीय निरीक्षण में शासकीय धन रू. 3,15,447=00 का फर्ज़ीवाड़ा मिलने पर सीडीओ श्री चन्द्र के निर्देश पर मनरेगा गाइड-लाइन के अनुसार थाना-रूपईडीहा में ग्राम प्रधान-शिवपुर मोहरनिया श्रीमती प्रीति, तकनीकी सहायक उपेन्द्रनाथ व ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता-2023 की धारा 316(5) के अन्तर्गत प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज कराते हुए ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। साथ ही साथ महिला मेट श्रीमती सुमन व तकनीकी सहायक उपेन्द्रनाथ की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने तथा ग्राम प्रधान, ग्राम विकास अधिकारी व तकनीकी सहायक प्रत्येक से समानुपातिक आधार पर कुल शासकीय धन की वसूली करने का निर्देश दिया गया है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत-माधौपुर निदौना में मनरेगा योजनान्तर्गत पहलवान के खेत से जंगल तक मिट्टी पटाई कार्य के निरीक्षण में पाया गया कि 04 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक 90 श्रमिकों के 14 दिवस का मस्टर रोल निर्गत किया गया है। जबकि स्थलीय निरीक्षण के समय कार्य बन्द पाया गया। जिससे स्पष्ट है कि महिला मेट श्रीमती परवीन जहां द्वारा बिना कार्य पर श्रमिक नियोजित कर फर्जी तरीके से एन.एम.एम.एस. पर फोटो अपलोड की गयी है। निरीक्षण में पाया गया कि कार्य पर अभी भुगतान नही हुआ है। किन्तु परवीन जहां द्वारा भुगतान कराये जाने के उद्देश्य से ही फर्जी तरीके से एन.एम.एम.एस. पर फोटो अपलोड की गयी है। जिसके लिए महिला मेट परवीन जहां, ग्राम विकास अधिकारी रोहित कुमार एवं तकनीकी सहायक उपेन्द्रनाथ को दोषी मानते हुए ग्राम ग्राम विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए महिला मेट एवं तकनीकी सहायक की सेवायें तत्काल प्रभाव से समाप्त करने के निर्देश दिये गये हैं।

# लोकतंत्र रक्षक सेनानी स्वर्गीय रामदुलार मौर्य की मनाई गई 12वीं पुण्यतिथि

**अवधनामा संवाददाता**




**सुल्तानपुर।** लोकतंत्र रक्षक सेनानी स्वर्गीय रामदुलार मौर्य की बरसी पर चौक सब्जी मंडी स्थित उनके निवास पर उनके पौत्र आशीष कुमार मौर्य (पत्रकार) ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिसमें सादगी व उनके सिद्धांत प्रियता को जीवन में उतारने का लोगों ने संकल्प लिया। लंबे समय तक जिले में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जीवन भर बेसहारा लोगों की मदद कर ख्याति अर्जित करने वाले राजनीतिक व्यक्तित्व स्वर्गीय रामदुलार मौर्य की बुधवार को चौक सब्जी मंडी इलाके में 12 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इमरजेंसी के दौर में मीशा के तहत जेल की भी उन्होंने यातना सही थी। इसलिए उन्हें लोकतंत्र रक्षक सेनानी के रूप में जाना जाता था। इस अवसर पर आयोजित सभा में विभिन्न राजनीतिक दलों के सामाजिक संगठनों के लोग मौजूद रहे। आशीष कुमार मौर्य (पत्रकार) के संयोजन में सभा के दौरान पूर्व विधायक हरिचरन यादव ने कहा कि स्वर्गीय रामदुलार मौर्य साधारण व्यक्तियों की चिंता करते थे। उन्होंने अपने जीवन काल में आम लोगों के लिए आवाज बुलंद कर उन्हें न्याय दिलाने में भरपूर मदद की। इस मौके पत्रकार एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ0 अवधेश शुक्ला,राम सुंदर यादव एडवोकेट, राम सुरत मौर्य एडवोकेट, प्रतीक कुमार मौर्य, अमित मौर्य, मनोज मौर्य, रवि मौर्य, आशीष मिश्रा, शिव कुमार दुबे, नवीन शर्मा, संजय कुमार यादव नवीन,कन्हैया लाल यादव, राजेश्वर प्रसाद मौर्य, अनिरुद्ध चौरासिया, राजबहादुर यादव, अशुतोष मिश्रा, वरिष्ठ पत्रकार जगन्नाथ वर्मा, राजेश शुक्ला कोटेदार, ज्वाला प्रसाद मिश्र,छेदी लाल यादव,आरके मौर्य, चंदन अग्रहरि, सतीश मौर्य, सुनील मौर्य,राम ,विद्या भूषण मिश्रा, शिशिर सिंह, गोपाल शुक्ला आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय किसान मेला का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, हमीरपुर द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय कृषक संगोष्ठी / मेला कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में राजकीय उद्यान कम्पनीबाग, हमीरपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज प्रजापति, सदर विधायक, हमीरपुर द्वारा फीता काटकर कृषक मेले का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व विधायक सदर हमीरपुर द्वारा सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण व दीप प्रज्जवल कर मेले का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कम्पनीबाग परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया गया और किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए औद्यानिकी की क्षेत्र में और लोगों को प्रेरित कर इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करनें के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कृषक भाइयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान भाइयों को परम्परागत खेती के तरीके की जगह नवीन तकनीको को अपनाकर कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करनें हेतु उपाय करना चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिक मात्रा में उत्पादित होने वाले लोकल/क्षेत्रीय उत्पादों जैसे मुसम्मी / नीबू आदि की मार्केटिंग की व्यवस्था करनें को कहा तथा जनपद में औषधीय खेती कर रहे कृषकों की सराहना करते हुए औषधीय खेती व अधिक आय की फसलों को बढ़ावा देने व आर्गेनिक इण्डिया से जुड़ने की सलाह दी। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषकों को बताया कि इस मेले का आयोजन कृषकों को नवीन तकनीकी जानकारी प्रदान करनें हेतु किया गया है जिससे कृषक अपनी आय को दुगुना कर सकें। कृषकों को अपने खेतो के चारो ओर कांटेदार पौधों जैसे नीबू/करौदा/मुसम्मी आदि रोपित कर अपनी फसलों को सुरक्षित करनें के साथ अपनी आय में भी वृद्धि करनें हेतु सुझाव दिया। मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति द्वारा कृषक भाइयों का उत्साहवर्धन किया गया तथा जनपद की जलवायु को देखते हुए उन्नत किस्म की फसलों का चयन कर तथा उद्यान/कृषि विभाग से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय को बढ़ाने हेतु आग्रह किया तथा उद्यान विभाग के प्रयासों की प्रशंसा की।

# मौदहा में फिर गरजा नगरपालिका का बुलडोजर

**अवधनामा संवाददाता**



**मौदहा हमीरपुर।** नगरपालिका द्वारा चलाया जा रहा सुंदरी करण और विस्तारीकरण अभियान काफी समय बाद फिर शुरू हो गया और बुलडोजर ने जहां अवैध अतिक्रमण हटाने का काम किया तो वहीं विस्तारीकरण के चलते दूकानदारों के चबूतरे भी खोद दिए जिसका व्यापारियों तथा दूकानदारों ने जमकर विरोध किया और खुलेआम नगरपालिका के जिम्मेदारों पर पक्ष पात का आरोप भी लगाया।नगरपालिका द्वारा कस्बे में विस्तारीकरण और चौडीकरण के साथ ही सुंदरीकरण का काम किया जा रहा है जिसे नगरपालिका द्वारा तीन चरणों में किया जाना है जिसके पहले चरण में मलीकुआ चौराहा से डा.यादव के मकान तक अभियान चलाया जाना था और नगरपालिका ने मलीकुआ चौराहा से नेशनल चौराहा तक का काम पूरा कर दिया गया था लेकिन सबसे अधिक संकरा इलाका नैशनल चौराहा से देवीऔराह तक के अतिक्रमण और चौरीकरण को लेकर नगरपालिका के पसीने छूट रहे थे जिसके चलते लगभग डेढ़ महीने तक अभियान ठप्प रहा इस दौरान कई बार व्यापार मण्डल के नेताओं और जिम्मेदार अधिकारियों के बीच बैठक में बातचीत भी हुई लेकिन वह बेनतीजा रही। बुधवार को अधिशासी अधिकारी सीमा तोमर, नायब तहसीलदार महेंद्र गुप्ता के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस के साथ ही नगरपालिका के कर्मचारी बुलडोजर लेकर पहुच गए।इस दौरान जगह जगह नगरपालिका के जिम्मेदारों और व्यापारियों के बीच तीखी बहस भी हुई लेकिन नगरपालिका का बुलडोजर चलता रहा।इस दौरान जमकर राजनीति भी हुई।और सभी का केंद्र देवी चौराहा स्थित एक विशेष भवन और तीन दूकानें रही।हालांकि समय के आभाव के चलते देवी चौराहा तक पहुंच कर नगरपालिका का बुलडोजर वापस जरूर हो गया लेकिन अगले दिन जब बुलडोजर गरजेगा तो जमकर राजनीति होना तय मानी जा रही है।इस दौरान कस्बे के युवाओं ने जमकर आनंद लिया और लगभग एक हजार युवक आरंभ से अंत तक मौजूद रहे जिनके कारण बुलडोजर चलाते समय चालक को भी कुछ दिक्कत महसूस हुई।

**कुएं में भी गरजा बुलडोजर**

एक ओर सरकार कुओं और तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए मोटी रकम खर्च कर रही है लेकिन सुंदरीकरण के नाम पर हो रही राजनीति की भेंट नेशनल चौराहे पर स्थित सैकड़ों साल पुराना कुंआ भी चढ़ गया वहीं जिम्मेदारों ने कुएं को बचाने के बजाए अपने सामने बुलडोजर कार्यवाही करवा दी हालांकि इस मामले में जिम्मेदार कुछ भी बोलने के लिए तैयार नहीं है।

## फिर चर्चा में आई जयसिंहपुर तहसील

**सुल्तानपुर।** बीजेपी की योगी सरकार भू माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के सीधे निर्देश जारी हैं ,बावजूद इसके जनपद सुल्तानपुर के कुछ राजस्वकर्मी रातों-रात लखपति और करोड़पति बनने का सपना देख रहे हैं। उसके लिए वह सरकारी जमीनों की का भी सौदा भू-माफियाओं से करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ऐसा ही एक सनसनी खेज मामला जयसिंहपुर तहसील के ग्राम पंचायत राजापुर से जुड़ा मामला चर्चा में आया है। इस करोड़ो की जमीन पर कब्जे की खबर पर क्षेत्रीय नेता भी खामोश हैं।नाराज ग्रामीणों ने डीएम कृतिका ज्योत्सना के सामने पेश होकर ग्रामीणों ने कहा कि गाटा संख्या 567 स्कूल की जमीन, गाटा संख्या 568 खेल का मैदान, 565 खाद गढ़वा तथा गाटा संख्या 554 चकमार्ग स्थित है जो कि ग्रामसभा की सुरक्षित भूमि है। ग्रामीणों ने शिकायती पत्र में कहा गया है कि गाँव के निवासी नसीमुद्दीन सुत मोहब्बत अली शाह ने अधिकारियों व कर्मचारियों को गुमराह करके गाटा संख्या 567 व 568 को श्रेणी -6 आबादी घोषित करवा दिए है

# प्रोजेक्ट अलंकार योजना की समीक्षा के लिए डीएम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई बैठक

**अवधनामा संवाददाता**

**बहराइच।** माध्यमिक शिक्षा विभाग अन्तर्गत संचालित प्रोजेक्ट अलंकार योजना अन्तर्गत राजकीय विद्यालय भवनों का निर्माण एवं मरम्मत, शौचालय, स्वच्छ पेयजल, प्रयोगशाला, अतिरिक्त कक्षों तथा मल्टीपर्पज हाल के निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि प्रोजेक्ट अन्तर्गत शासन द्वारा निर्धारित गाइडलाईन एवं मानक के अनुसार निर्माण कार्यो का गुणवत्तापरक ढंग से कराया जाय। डीएम ने डीआईओएस को निर्देश दिया कार्यस्थलों का नियमित रूप से निरीक्षण करते हुए यह सुनिश्चित किया जाय कि शासन द्वारा निर्धारित मानक एवं गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण हो रहे है। डीएम ने डीआईओएस को निर्देश दिया कि तहसील स्तरीय उप समितियों के साथ बैठक कर उन्हें भी योजना के लिए जारी दिशा निर्देशों तथा गाईडलाइन की समुचित जानकारी प्रदान की जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि प्रोजेक्ट अलंकार अन्तर्गत ऐसे शासकीय विद्यालय जहां पर किन्ही कारणों से कार्य प्रभावित है वहां पर तहसील स्तरीय उप समितियों के माध्यम से निरीक्षण कराकर कार्यो में आ रही बाधा को दूर कराया जाय। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार, अधि.अभि. लो.नि.वि. प्रदीप कुमार, कार्यदायी संस्था सिडको के घनश्याम बिरला सहित अन्य अधिकारी व सम्बन्धित विद्यालयों के प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# फिरोजाबाद महोत्सव को जीरो वेस्ट इवेंट के रूप में मनाया जाए: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



- डीएम ने जलेसर चौराहे का किया निरीक्षण, दिए निर्देश
- यहां पर गोल चौराहा व यू टर्न का निर्माण कर जनता को जाम से किया जाए मुक्त : जिलाधिकारी

**फिरोजाबाद।** आगामी फिरोजाबाद महोत्सव की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी रमेश रंजन ने आयोजन स्थल पी0डी0 जैन इण्टर कालेज का निरीक्षण किया, इस दौरान उनके साथ नगर आयुक्त रिषीराज, मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 विशु राजा, पर्यटन अधिकारी विशाल श्रीवास्तव उपस्थित रहें, जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि तहसील की टीम लगाकर महोत्सव स्थल की पैमाइश करायें, जिससे महोत्सव के लिए उपलब्ध भूमि का उपयोग व्यवस्थित ढ़ंग से किया जा सके, साथ ही साथ नगर आयुक्त सम्पूर्ण महोत्सव की प्लानिंग करेंगे, उपलब्ध स्थान की प्रोपर डिजायनिंग करेंगे, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि छोटी-छोटी संगोष्ठियों के आयोजन हेतु 100 व्यक्तियों की क्षमता वाले 2 क्लोज हॉल बनाए जाए, जिससे वहां पर चर्चा-परिचर्चा की जा सके, साथ ही साथ महोत्सव में आवश्यकतानुसार स्टॉलों की संख्या बढाई जाऐं, साथ ही नगर आयुक्त से कहा कि इस महोत्सव को जीरो बेस्ट इवेंट के रूप में मनाया जाए, साथ ही जिलाधिकारी ने यहां पर ट्रैफिक की व्यवस्था सुचारू रूप से व्यवस्थित की जाए, इसके लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया, जिससे महोत्सव में किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो, साथ ही उन्होने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए भी व्यवस्था करने हेतु निर्देशित किया। इसके पश्चात् जिलाधिकारी ने नगर आयुक्त रिषीराज के साथ जलेसर चौराहें का निरीक्षण किया, आए दिन जिलाधिकारी को यह शिकायत प्राप्त हो रही थी की जलेसर चौराहे पर जाम लगा रहता है, जिससे नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पडता है, इसी कारण जिलाधिकारी ने यहां पर निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को निर्देशित किया कि यहां पर लगे बिजली के खम्भे और ट्रैफिक लाइटों के पोलों को दूसरी जगह स्थानान्तरित किया जाए, यहां पर यू टर्न बनाया जाए, साथ ही यहां गोल चौराहें का निर्माण हो, साथ ही अधिशाषी अभियंता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत के तारों को व्यवस्थित किया जाए।


## रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

## प्रयाग स्टेशन पर अस्थायी ठहराव

आगामी कुम्भ मेला–2025 के मद्देनजर, रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु उत्तर रेलवे द्वारा दिनांक 10.01.2025 से 28.02.2025 तक निम्नलिखित रेलगाड़ियों को प्रयाग स्टेशन पर 2 मिनट का अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है :–

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | प्रयाग स्टेशन पर प्रस्तावित समय–सारणी | |
|---|---|---|
| | आगमन | प्रस्थान |
| 20416 इंदौर–वाराणसी काशी महाकाल सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 01:23 | 01:25 |
| 20941 बांद्रा टर्मिनस–गाजीपुर सिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 01:58 | 02:00 |
| 12382 नई दिल्ली–हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस | 02:13 | 02:15 |
| 12669 एमजीआर चेन्नै सेंट्रल–छपरा गंगा कावेरी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 02:28 | 02:30 |
| 22434 आनन्द विहार (ट)–गाजीपुर सिटी सुहेलदेव सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 04:28 | 04:30 |
| 12165 लोकमान्य तिलक (ट.)–गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 04:43 | 04:45 |
| 22183 लोकमान्य तिलक (ट.)–अयोध्या कैंट साकेत सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 04:43 | 04:45 |
| 12539 यशवंतपुर–लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 05:23 | 05:25 |
| 11055 लोकमान्य तिलक (ट.)–गोरखपुर गोदान एक्सप्रेस | 09:03 | 09:05 |
| 11059 लोकमान्य तिलक (ट.)–छपरा एक्सप्रेस | 09:03 | 09:05 |
| 18205 दुर्ग–नौतनवाँ एक्सप्रेस | 11:18 | 11:20 |
| 22103 लोकमान्य तिलक (ट.)–अयोध्या कैंट सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 11:58 | 12:00 |
| 22683 यशवंतपुर–लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 13:18 | 13:20 |
| 22550 प्रयागराज–गोरखपुर वंदे भारत एक्सप्रेस | 15:27 | 15:29 |
| 22549 गोरखपुर–प्रयागराज वंदे भारत एक्सप्रेस | 12:58 | 13:00 |
| 11071 लोकमान्य तिलक (ट.)–बलिया कामायानी एक्सप्रेस | 16:28 | 16:30 |
| 15102 लोकमान्य तिलक (ट.)–छपरा अंत्योदय एक्सप्रेस | 18:33 | 18:35 |
| 22468 गांधीनगर केपीटल–वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 20:43 | 20:45 |
| 22613 रामेश्वरम–अयोध्या कैंट श्रद्धासेतु सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 22:53 | 22:55 |
| 22969 ओखा–बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 23:23 | 23:25 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# कप्तान सोमेन बर्मा का कार्यकाल, जनता और मीडिया से संवाद का बना नज़ीर

**अवधनामा संवाददाता**

**सुल्तानपुर।** सोमेन बर्मा के लिए सुलतानपुर जनपद चुनौतियों से भरी पारी रही,लेकिन चुनौती शायद कम रही।जिसके चलते बड़े बड़े कांड के तौर पर देखा जाए तो बीते वर्ष दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में हुए संप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की घटना हो, अधिवक्ता हत्या काण्ड में सुलतानपुर कोतवाल पर आरोपियों को लेकर संरक्षण के आरोप हों।जलनिगम के जेई की हत्या हो, या यूँ कहें कि भरत जी सोनी सर्राफ डकैती कांड हो, जिसने यूपी पुलिस को हिलाकर रख दिया था। सर्राफा डकैती जैसी वारदात को पूर्व स्वॉट टीम प्रभारी उपेन्द्र सिंह व कोतवाली नगर के पूर्व चौकी इंचार्ज मुकेश कुमार के साथ यूपी एसटीएफ द्वारा सुलझाया यही सबसे बड़ी उपलब्धि रही।उन्हें जिले की जनता इसलिए भी याद करेगी, चूंकि देवी प्रतिमा स्थापना व विसर्जन के तौर पर देखा जाए,तो बंगाल के बाद सुलतानपुर दूसरे पायदान पर रह कर अभूतपूर्व कीर्तिमान स्थापित करता रहा है।जिसपर एसपी सोमेन बर्मा द्वारा दो वर्षो के कार्यकाल के दरमियान खुद ब खुद देवी प्रतिमा की सफल स्थापना काबिले तारीफ रही है। आज से ढाई साल पहले जून 2022 में एसपी रहे विपिन मिश्रा के डीआईजी बनने, स्थानांतरण होने के बाद जिले की कमान संभालने वाले 2012 बैच के आईपीएस सोमेन बर्मा का कार्यकाल मुसीबतों से भरा रहा।चार्ज लेते ही लंभुआ थाना क्षेत्र में हुई मां बेटी की हत्या के बाद से लगातार जिले की हर छोटी बड़ी घटनाओं के खुलासे में एसपी सोमेन बर्मा सफल रहे।


## कार्यालय अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या

पत्रांक : 487/सम्पत्ति अनुभाग/2024-25 दिनांक : 08.01.2025

### आवश्यक सूचना

समस्त हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कृष्णा त्रिपाठी पत्नी स्व0 माधव प्रसाद त्रिपाठी निवासी ई-24, रोहिणी आवासीय योजना खुर्दाबाद अयोध्या द्वारा निम्न सम्पत्ति को मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर वरासतन दर्ज करने हेतु अयोध्या विकास प्राधिकरण अयोध्या से अनुरोध किया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:-

| क्र. | मृतक/मूल आवंटी का नाम व पता | योजना का नाम एवं सम्पत्ति का विवरण | सम्बन्ध प्रमाण पत्र के अनुसार उत्तराधिकारी का नाम व पता |
|---|---|---|---|
| | स्व0 माधव प्रसाद त्रिपाठी पुत्र स्व0 पाटनदीन त्रिपाठी ई-24, रोहिणी योजना खुर्दाबाद अयोध्या | ई-24, रोहिणी आवासीय योजना खुर्दाबाद अयोध्या | 1. श्रीमती कृष्णा त्रिपाठी पत्नी स्व0 माधव प्रसाद त्रिपाठी 2. कु0 पुष्पांजली त्रिपाठी पुत्री स्व0 माधव प्रसाद त्रिपाठी आदि |

उपरोक्त विवरण के अनुसार उत्तराधिकारी अपने पक्ष में अयोध्या विकास प्राधिकरण अयोध्या के अभिलेखो में वरासत कराना चाहते है, यदि किसी हितबद्ध व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशित तिथि से 1 माह के अन्दर अयोध्या विकास प्राधिकरण अयोध्या को सूचित करने का कष्ट करें। निर्धारित अवधि के उपरान्त प्राप्त आपत्तियो पर विचार नहीं किया जायेगा।

**प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति**
**अयोध्या विकास प्राधिकरण अयोध्या**


## दुष्कर्म आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन मे जनपद में चलाये जा रहे विशेष अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में एवं क्षेत्राधिकारी जसराना के कुशल नेतृत्व में थाना जसराना पुलिस टीम द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त मनीष पुत्र राजवीर निवासी कुवरपुर थाना रिजोर जनपद एटा को मुखबिर खास की सूचना पर थाना सारन जनपद फरीदाबाद, हरियाणा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के साथ मुकदमा उपरोक्त की पीडिता की बरामदगी भी की गयी है। अभियुक्त के विरूद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 286/2024 धारा 87/137(2)/142/64 बीएनएस व = पाक्सो एक्ट पंजीकृत है। अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 शेर सिंह, व0उ0नि0 मुनेश कुमार, प्रशिक्षु उ0नि0 पुष्पेन्द्र सिंह, म0का0 109 शैली राघव थाना जसराना फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

## दहेज हत्या में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा दहेज हत्या में वांछित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। बुधवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति वाहन चेकिंग के दौरान दहेज प्रतिषेध अधिनियम से संबंधित एक अभियुक्त भूपेन्द्र कुमार पुत्र राजेश उर्फ घासी निवासी गढी भाऊ थाना नगला सिंघी जनपद फिरोजाबाद को ग्राम गढी भाऊ से गिरफ्तार किया गया, गिरफ्तारी के आधार पर थाना पुलिस ने अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की है।

## पचोखरा पुलिस ने गरीब महिला पुरुषों को बांटे कंबल



**टूंडला।** थाना पचोखरा पुलिस ने गरीब असहाय लोगों को कड़कड़ाती ठंड में कंबल करीब 40 महिला एवं पुरुषों को वितरण किए। इस दौरान थाना प्रभारी पचोखरा पारुल मिश्रा के नेतृत्व में थाना परिसर में गरीब असहायों को कंबल वितरण किए। उन्होंने कहा कि कड़कड़ाती ठंड में गरीब, असहाय, मजदूर, साधू, संतों को कंबल वितरण करना एक पुनीत कार्य हैं। ऐसे कार्य करने से लोगों को ठंड से बचाया जा सकता हैं। इस मौके पर करीब 40 महिला एवं पुरुषों को कंबल वितरण किए गये। जिसे पाकर सभी के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर पचोखरा पुलिस स्टॉफ मौजूद रहा।

# टीचर्स क्लब ने जीता नुमाइश क्रिकेट टूर्नामेंट



- गौरव पाठक मैन ऑफ द मैच एवं आशीष यादव मैंन ऑफ द सीरीज चुने गए

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** महोत्सव एवं प्रदर्शनी के तत्वाधान में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले स्पोर्ट्स स्टेडियम में किया गया। फाइनल मुकाबले में टीचर्स क्लब ने मोतीझील क्रिकेट क्लब को 12 रन से हराकर ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया। टूर्नामेंट में जनपद की 12 टीमों ने भाग लिया। टीचर क्लब के कप्तान विपिन चौहान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने या फैसला लिया। मंगलवार को खेले गए फाइनल मुकाबले में टीचर्स क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अनूप के शानदार 73 रन, गौरव पाठक के 42 रन तथा विपिन ठाकुर के 38 रनों की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 181 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। मोतीझील क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए देवांश ने 2 विकेट , निशांत, अजय और आशीष यादव ने 1-1 विकेट लिया। जवाब में खेलने उतरी मोतीझील क्लब की टीम निर्धारित ओवरों में 169 रन ही बना सकी जिसमें ओम और नवीन ने 35-35 रन, निशांत ने 24, अभिषेक ने 22 रन बनाए। टीचर्स क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए गौरव पाठक ने 3 विकेट, मोहित और सलमान ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए गौरव पाठक को मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन के लिए आशीष यादव को मैन ऑफ द सीरीज चुना गया। मुख्य अतिथि एस एस जी आई एवं डी पी एस चेयरमैन डॉ विवेक यादव ने विजेता और उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर प्रदर्शनी कार्यकारिणी के वरिष्ठ सदस्य विशन चंद्र अग्रवाल, शांति स्वरूप पाठक, सईद नकवी तथा धर्मेंद्र बंसल ने मुख्य अतिथि विवेक यादव का स्वागत एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मैच में अंपायरिंग सौरभ पाठक तथा गौरव सोनी ने की। स्कोरिंग इंद्रजीत सिंह मधु ने की। मैच के दौरान कपिल चतुर्वेदी, कुलदीप यादव, रिशी दुबे आदि लोग उपस्थित थे। बीएसए डॉ राजेश कुमार, जिला पीटीआई प्रमिला पाठक, ब्लॉक पीटीआई राजेश जादौन, अवधेश सिंह राठौर, अर्चना चौधरी समेत कई शिक्षकों ने टीम को बधाई दी।

# समाजवादी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की मासिक बैठक संपन्न



**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** समाजवादी पार्टी जिला पार्टी कार्यालय पर समाजवादी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड की मासिक बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता यूथ ब्रिगेड के जिला अध्यक्ष सत्यम पांडे ने किया और संचालन गुलाम यासीन ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष श्री राम निहोर यादव एवं यूथ के प्रभारी राम प्यारे सिंह पटेल उपस्थित थे।बैठक को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष राम निहोर यादव ने कहा कि नौजवान ही समाजवादी पार्टी का रीड होता है। नौजवान समाजवादी पार्टी के नीतियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करता है। इसलिए आप जवानों की जिम्मेदारी है कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करें और संगठन को और अधिक मजबूत करने का काम करें। क्योंकि इस भाजपा सरकार में नौजवानों का शोषण चरम सीमा पर है। नौजवानों का कोई सुनने वाला नहीं है। बैठक को संबोधित करते हुए यूथ के प्रभारी राम प्यारे सिंह पटेल ने कहा कि आप नौजवानों की जिम्मेदारी है कि समाजवादी पार्टी को मजबूत करें और आम जनमानस से मिलने का काम करें जिससे संगठन और मजबूत हो सके।

# पॉलिथीन हटाओ, थैला अपनाओं का इटावा नुमाइश में चला अभियान

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** पॉलिथीन ये दो शब्द आज हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा बन गए हैं। लेकिन क्या हम जानते हैं कि ये हमारे पर्यावरण के लिए कितने हानिकारक हैं? पॉलिथीन का पूरी तरह से विघटन होने में सैकड़ों साल लग जाते हैं। यह मिट्टी को प्रदूषित करता है, जल स्रोतों को दूषित करता है और कई तरह के जीवों के लिए खतरा बन गया है यह बात स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के ब्राण्ड एम्बेसडर डॉ हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, अपना दल (एस) ने अखिल भारतीय समाज उत्थान न्यास/ समिति एवं नगर पालिका परिषद के इस्पेक्टर नथ्थी लाल कुशवाहा की सयुक्त टीम के सहयोग प्रदर्शनी महोत्सव मे आये हुए दुकनदारो तथा ग्राहको समझाते हुए थैलों को फ्री वितरण किया गया। महामहिम राज्यपाल द्वारा सम्मानित डॉ0हरीशंकर पटेल राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अपना दल (एस) ने लोगों को जागरूक एवं थैलों को फ्री में वितरण करते हुए कहां कि पॉलिथीन पूरी तरह से हानिकारक है। यह पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए खतरा है। कुलदीप सक्सेना स0अ0ने बताया पॉलिथीन मिट्टी में मिलकर उसे बंजर बनाती है। मंजूलता राजपूत प्र0अ0 पॉलिथीन में कई तरह के हानिकारक रसायन होते हैं जो खाद्य पदार्थो के संपर्क में आने पर हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इन्जी.राजेश वर्मा सेवानिवृत अधीक्षण अभियंता ने बताया पॉलिथीन नालियों को जाम कर देती है और जल के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित करती है। रमेशचन्द्र प्रधानाध्यापक ने कपड़े, जूट के थैले की उपयोगिता का इस्तेमाल पर जोर दिया। अशोक यादव प्रा0अ0अनिल राजपूत प्र0अ0ने पेपर बैग को भी अच्छा विकल्प बताया। राजेश सिंह प्रधानाध्यापक अशोक राजपूत प्रधानाध्यापक ने सयुक्त रूप से आम जनमानस को समझाते हुए बताया कि खरीदारी करते समय कपड़े या जूट के थैले को जरूर साथ लेकर आएं। संजीव शाक्य स0अ0ने बताया कि अपने परिवार और दोस्तों को पॉलिथीन के नुकसान के बारे में बताएं और उन्हें भी पॉलिथीन का उपयोग ना करने के लिए प्रेरित करें। नगर पालिका परिषद के सफाई नायक रजनीश राठौर एवं उनकी टीम का यादगार सहयोग रहा।

# रात भर चली छापेमारी नहीं मिले मुख्य आरोपी

**अवधनामा संवाददाता**

- गिरफ्तारी के लिए बनाई गई तीन टीमें
- नामजद दो गिरफ्तार हो रही पूछताछ

**भरुआ सुमेरपुर।** मंगलवार को हुए गोली कांड के नामजद आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने रात भर छापेमारी की। लेकिन मुख्य आरोपी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके। आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने तीन टीमें बनाई है। यह टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी कर रही है।मंगलवार को कस्बे के पूर्व चेयरमैन स्व.आनंदी प्रसाद पालीवाल के पुत्र राहुल उर्फ टिंकू पालीवाल एवं आलोक पालीवाल के मध्य खेत में पानी लगाने को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद में गाली गलौज के बाद हुई गोलीबारी में टिंकू पालीवाल के सुरक्षाकर्मी फूल सिंह प्रजापति की गोली लगने से मौत हो गई थी। टिंकू पालीवाल ने अपने सगे भाई आलोक पालीवाल,अजय पालीवाल, संजय पालीवाल, पुनीत पालीवाल एवं इस्लाम खान के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घटना के बाद पुनीत पालीवाल एवं इस्लाम खान को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों से पूछताछ चल रही है। इनके कब्जे से पुलिस ने कुछ हथियार भी बरामद किए है। मुख्य आरोपीय आलोक पालीवाल, अजय पालीवाल व संजय पालीवाल पुलिस की पकड़ से दूर हैं। इनको पकड़ने के लिए पुलिस ने रात भर छापेमारी की है। लेकिन पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके हैं। थानाध्यक्ष अनूप कुमार सिंह ने बताया कि तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की तीन टीमें बनाई गई है। लगातार छापेमारी हो रही है। कुछ अहम सुराग हाथ लगे हैं। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# दो दिवसीय कृषक संगोष्ठी संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, हमीरपुर द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत जनपद स्तरीय दो दिवसीय कृषक संगोष्ठी / मेला कार्यक्रम का आयोजन जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में राजकीय उद्यान कम्पनीबाग, हमीरपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनोज प्रजापति, सदर विधायक, हमीरपुर द्वारा फीता काटकर कृषक मेले का उद्घाटन किया गया। जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी व विधायक सदर हमीरपुर द्वारा सरस्वती प्रतिमा का माल्यार्पण व दीप प्रज्जवल कर मेले का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने कम्पनीबाग परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का अवलोकन किया गया और किसानों का उत्साहवर्धन करते हुए औद्यानिकी की क्षेत्र में और लोगों को प्रेरित कर इसी प्रकार उत्कृष्ट कार्य करनें के लिए कहा। जिलाधिकारी ने कृषक भाइयों को सम्बोधित करते हुए कहा कि किसान भाइयों को परम्परागत खेती के तरीके की जगह नवीन तकनीको को अपनाकर कम लागत में अधिक उपज प्राप्त करनें हेतु उपाय करना चाहिए। जिलाधिकारी ने अधिक मात्रा में उत्पादित होने वाले लोकल/क्षेत्रीय उत्पादों जैसे मुसम्मी / नीबू आदि की मार्केटिंग की व्यवस्था करनें को कहा तथा जनपद में औषधीय खेती कर रहे कृषकों की सराहना करते हुए औषधीय खेती व अधिक आय की फसलों को बढ़ावा देने व आर्गेनिक इण्डिया से जुड़ने की सलाह दी। मुख्य विकास अधिकारी ने कृषकों को बताया कि इस मेले का आयोजन कृषकों को नवीन तकनीकी जानकारी प्रदान करनें हेतु किया गया है जिससे कृषक अपनी आय को दुगुना कर सकें। कृषकों को अपने खेतो के चारो ओर कांटेदार पौधों जैसे नीबू/करौदा/मुसम्मी आदि रोपित कर अपनी फसलों को सुरक्षित करनें के साथ अपनी आय में भी वृद्धि करनें हेतु सुझाव दिया।मुख्य अतिथि सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति द्वारा कृषक भाइयों का उत्साहवर्धन किया गया तथा जनपद की जलवायु को देखते हुए उन्नत किस्म की फसलों का चयन कर तथा उद्यान/कृषि विभाग से अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ लेकर अपनी आय को बढ़ाने हेतु आग्रह किया तथा उद्यान विभाग के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के आयोजक आशीष कटियार जिला उद्यान अधिकारी ने किसानों को विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्होंने कहा की किसान भाई उद्यान विभाग के पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीकरण कराकर योजनाओं का लाभ प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर ले सकते हैं। डा0 दुर्गेश कुमार, एसो0प्रो0 ब्रम्हानन्द कृषि महाविद्यालय राठ, सरजू नारायन, एसो0 प्रोफेसर कृषि प्रसार ब्रम्हानन्द कृषि महाविद्यालय राठ ने भी अपने-अपने विषय से सम्बंधित तकनीकी जानकारी प्रदान की। डा0 हबीब खान, पूर्व अध्यक्ष मृदा विज्ञान केन्द्र द्वारा हमीरपुर का नक्शा तथा जागेन्द्र द्विवेदी द्वारा एग्रोटूरिज्म-उद्यान मॉडल जिलाधिकारी को भेंट किया गया।

# ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन प्रारंभ



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व के तहत ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 08 जनवरी 2024 से स्थानीय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में प्रारंभ हुआ। यह आयोजन आने वाले 10 जनवरी 2025 तक जारी रहेगा। इस प्रतियोगिता में एनटीपीसी सिंगरौली परियोजना के आस-पास के सभी ग्रामीण क्षेत्रों के लगभग 2500 युवा खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन एनटीपीसी सिंगरौली के परियोजना प्रमुख राजीव अकोटकर, पीयूषा अकोटकर, अध्यक्षा, वनिता समाज, जोसेफ बास्टीयन, महाप्रबंधक, ऑपरेशन एंड मेंटेनेन्स एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा गुब्बारे उड़ा कर किया गया। उद्घाटन समारोह में राजीव अकोटकर ने कहा, ÷यह खेल कूद प्रतियोगिता ग्रामीण खिलाड़ियों के लिए एक बेहतरीन मंच है, जिससे वह खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बना सकते हैं। एनटीपीसी सिंगरौली इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा रही है और उन्हें आत्मविश्वास एवं ऊँचाईयों तक पहुँचने का अवसर दे रही है। इस कार्यक्रम में कबड्डी, क्रिकेट, रस्सा कस्सी, लॉन्ग जंप, हाई जंप, वालीबॉल, फुटबॉल और 100 मीटर रेस जैसी प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। यह ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता एनटीपीसी सिंगरौली के नैगम सामाजिक दायित्व विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक, डॉ. ओम प्रकाश के कुशल नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।

## कार्यपालक प्रशिक्षुओं के साथ किया संवाद

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी वरिष्ठ नेतृत्व टीम के साथ एक प्रेरणादायक संवाद सत्र का आयोजन किया, जिसमें ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) के नेतृत्व में ईटी - 2023 बैच ||| के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस आयोजन ने एनटीपीसी विंध्याचल की युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को उजागर किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और गूंजते एनटीपीसी गीत के साथ हुई, जिसने सत्र के लिए एक प्रेरणादायक माहौल तैयार किया। त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (आर एल आई) ने स्वागत भाषण दिया, जिसमें उन्होंने कार्यपालक प्रशिक्षुओं को मूल्य निर्माता बनने और एनटीपीसी के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने निरंतर सीखने और जानबूझकर अभ्यास की महत्ता को रेखांकित करते हुए कार्यपालक प्रशिक्षुओं को विश्वस्तरीय पेशेवर बनने की प्रेरणा दी। राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) ने एनटीपीसी विंध्याचल के लोगों पहले दृष्टिकोण पर जोर दिया, जो सतत सफलता और एक प्रमुख कार्यस्थल बनाने के लिए नींव है। उनके विचारों में एनटीपीसी की नीति-आधारित पहलों के प्रति प्रतिबद्धता स्पष्ट थी। ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेन्स और एडीएम) ने एनटीपीसी विंध्याचल में अपने संपूर्ण अनुभव को साझा किया, और कार्यपालक प्रशिक्षुओं को अपनी रुचियों को अन्वेषण करने और जीवनभर सीखने की प्रेरणा दी। इसी तरह, राजशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन) ने कार्यपालक प्रशिक्षुओं के छात्रों से कॉर्पोरेट पेशेवरों में बदलाव को एनटीपीसी के ऊर्जा क्षेत्र में गतिशील विकास से जोड़ते हुए समझाया। उन्होंने प्रशिक्षण काल को ज्ञान, सहयोग और विकास के अवसरों से भरी एक ऊर्जावान अवधि के रूप में प्रस्तुत किया। सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (ग्रीन केमिकल्स और बिजनेस एक्सीलेंस) ने नींव के वर्षों की महत्ता पर जोर देते हुए इसे ज्ञान और सीखने के लिए एक अनमोल समय बताया।

# अज्ञात कारणों से पशुबाड़े में लगी आग, बकरियां जिंदा जली

**अवधनामा संवाददाता**



**भरुआ सुमेरपुर।** बीतीरात पलरा में अज्ञात कारणों के चलते पशुबाड़े में आग लग जाने से एक दर्जन बकरियां जलकर खाक हो गई। पड़ोसियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। आग से लगभग डेढ़ लाख की संपत्ति जल जाने का अनुमान है।

बीतीरात पलरा निवासी मूकबधिर रामप्यारी पुत्री सुंदर प्रजापति के पशुबाड़े में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। जब तक लोग जान पातें तब तक आग ने विकराल रुप धारण कर लिया पड़ोसियों की आंख खुलने पर घटना का पता चल सका। पड़ोसियों ने शोर मचाकर लोगों को एकत्र किया और आग पर काबू पाया जब तक आग बुझी तब तक एक दर्जन बकरियां जलकर खाक हो चुकी थी। आग से करीब डेढ़ लाख के नुकसान का अनुमान है। ग्राम प्रधान रामखिलावन श्रीवास ने बताया कि गांव निवासी सुंदर प्रजापति की पुत्री मूकबधिर है और शादी के बाद विधवा होने के कारण पिता के पास मायके में रहकर बकरी पालन करके जीवन यापन करती है। घटना की सूचना लेखपाल को दे दी गई है।

## एनसीएल मुख्यालय में हुई पेंशन अदालत संबंधी त्रिपक्षीय समन्वय बैठक

**सोनभद्र/सिंगरौली।** बुधवार को भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) मुख्यालय में सीएमपीएफ संबंधी त्रिपक्षीय समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान रीज़नल कमिशनर सीएमपीएफ़, सिंगरौली, पीयूष कान्त जैन, असिस्टेंट रीज़नल कमिशनर (सीएमपीएफ) नवीन निश्चल, विभागाध्यक्ष (सीएमपीएफ), एनसीएल संजय सिन्हा, प्रबन्धक (कार्मिक/ सीएमपीएफ), एनसीएल अशोक कुमार त्रिवेणी, मुख्यालय स्तरीय जेसीसी मेम्बर्स, सीएमओएआई प्रतिनिधि, सीएमपीएफ कार्यालय की टीम एवं बड़ी संख्या में एनसीएल कर्मी तथा संविदाकर्मी उपस्थित रहे।

एनसीएल द्वारा इस त्रिपक्षीय समन्वय बैठक एवं पेंशन अदालत का आयोजन कर्मियों की सीएमपीएफ एवं पेंशन से संबंधित समस्याओं के निराकरण के उद्देश्य से किया गया।

# भाजपा कार्यशाला में नवनियुक्त पदाधिकारी हुए सम्मानित

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** भारतीय संविधान के जनक भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के द्वारा दिया गया भारतीय संविधान को भाजपा द्वारा संविधान गौरव अभियान के रुप में दिनांक- 11 से 25 जनवरी तक मनाया जायेगा जिसके अंतर्गत बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय राबर्ट्सगंज पर जिला कार्यशाला सम्पन्न हुयी। कार्यशाला में बतौर मुख्यअतिथि के रुप में जिला प्रभारी अनिल सिंह मौजूद रहे। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष नन्दलाल व संचालन जिला महामंत्री/कार्यक्रम संयोजक कृष्णमुरारी गुप्ता ने किया।कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि अनिल सिंह ने कहा कि संविधान गौरव अभियान भारतीय संविधान के 75 वर्ष पूरे होने पर उत्सव स्वरुपी अभियान है, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने जिस पथ पर चलने का सपना देखा था आज भारतीय जनता पार्टी उस पथ पर चल रही है बाबा साहब की सोच थी की पूरे देश मे सामाजिक समरसता आर्थिक समरसता व लोगो मे सद्भाव बना रहे तभी देश की उन्नती संभव है जब वो कानून मंत्री थे तभी उन्होने लाये गये धारा 370 का जमकर विरोध किया था उन्होने सदन मे कहा कि कश्मीर अपने देश का अभिन्न हिस्सा है इसको धारा 370 जैसे बेडियो में डालकर देश से अलग करना बहुत ही अनुचित कदम है देश का संविधान बन रहा था तब उनकी सोच थी की इस देश के वे सभी नागरिक जो किसी भी जाति या पंथ के हो उनका जीवन समानरुप से हो इसके लिए उन्होने एक फैक्ट्री एक्ट भी बनाया था। बाबा साहब के पाथेय को उनके सिद्धांत को जिसकी परिकल्पना थी अन्त्योदय, आज बाबा साहब केनाम पर तमाम राजनीतिक दल अपनी रोटी सेंकते है और उनके सिद्धांतो उनकी परिकल्पना को भूल जाते है लेकिन आज भारतीय जनता पार्टी की मोदी जी की सरकार द्वारा अन्त्योदय को ध्यान मे रखकर कई योजनाएं केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कि जा रही है जैसे गरीब आवास योजना, गरीब अन्न योजना, गरीब स्वास्थ्य योजना या हर घर नल योजना, यह सब अन्त्योदय को साकार करने की सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष नन्दलाल ने कहा कि बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवन का जो उद्देश्य था वही हमारे संगठन के मुखिया पं0 दीनदयाल उपाध्याय जी की भी परिकल्पना थी जिसमें अन्त्योदय का विकास प्रमुख था। समाज के उन लोगो को विकास की मुख्यधारा में जोडा जाय हर उस अंतिम व्यक्ति तक सरकार की हर योजना पहुंचे आज ऐसा प्रयास हमारी पार्टी की सरकारों ने लगातार किया है। जिससे उस अंतिम व्यक्ति के जीवन मे मूलभूत परिवर्तन देखने को मिलता है इसलिए यह माना जाता है कि जब तक अंतिम व्यक्ति का विकास नही होगा तब तक भारत विश्व गुरु नही बन सकता।

# वार्षिक कैलेंडर का लोकार्पण



**अवधनामा ब्यूरो**

**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैंफई के आधिकारिक वार्षिक कैलेंडर 2025 का लोकार्पण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डा0) पीके जैन ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो0 (डा0) चन्द्रवीर सिंह, चिकित्सा अधीक्षक प्रो0 (डा0) एस0पी0 सिंह, संकायाध्यक्ष चिकित्सा प्रो0 (डा0) सुनील कुमार, प्रभारी मीडिया सेल डॉ विनय कुमार गुप्ता, सदस्य मीडिया सेल डा0सुगन्धी शर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उमाशंकर तथा विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी अनिल कुमार पाण्डेय आदि उपस्थित रहे। वार्षिक कैलेंडर 2025 का लोकार्पण करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो0 (डा0) पीके जैन ने कहा कि विश्वविद्यालय के आधिकारिक वार्षिक कैलेण्डर के जारी होने से विश्वविद्यालय के कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अवकाश सम्बन्धित समस्त जानकारी आसानी से एक ही जगह उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि बेहद कम समय में प्रभारी मीडिया सेल डॉ विनय कुमार गुप्ता के प्रयास से विश्वविद्यालय का आधिकारिक वार्षिक कैलेंडर -2025 मूर्त रूप ले पाया है। इसके लिए डॉ विनय बधाई के पात्र हैं। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो0 (डा0) चन्द्रवीर सिंह ने बताया कि वार्षिक कैलेंडर में विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अवकाशों का पूर्ण विवरण है। इस आधिकारिक वार्षिक कैलेंडर का प्रयोग अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के प्रत्येक कार्यालय में किया जाएगा। प्रभारी मीडिया सेल डॉ विनय कुमार गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय का आधिकारिक वार्षिक कैलेंडर 2025 विश्वविद्यालय के प्रत्येक कार्यालय में उपलब्ध होने के साथ ही विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी ई-फार्मेट में उपलब्ध होगी ताकि कोई भी विश्वविद्यालय की साइट पर जाकर इसे आसानी से डाउनलोड कर सके।

## बुधवार को हुआ पोस्टमार्टम शव पहुंचा गांव

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** गोलीबारी में जान गंवाने वाले फूल सिंह प्रजापति का बुधवार को पोस्टमार्टम हुआ। शाम को परिजन शव लेकर गांव पहुंचे। शव के घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

मंगलवार को इटरा गांव में भाइयों के मध्य हुए विवाद में गोलाबारी में बांदा जनपद के जसपुरा थानाक्षेत्र के नरजिता गांव निवासी फूल सिंह प्रजापति की मौत हो गई थी। बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने परिजनों को सौंपा था। शाम को शव के गांव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी कलावती, पुत्र चंद्र किशोर व हरिश्चंद्र,पुत्री सुखवासा एवं विमला को रोता बिलखता छोड़ गया है। कस्बे में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग जगह - जगह कस्बे के इस चर्चित परिवार के मध्य हुए विवाद की चर्चा करते हुए नजर आ रहे हैं। सुबह से लेकर शाम तक चाय पान होटल के साथ बाजार में यह घटना लोगों की जुबान पर बनी हुई है।

# काकोरी ट्रेन एक्शन का इटावा से है गहरा नाताः डॉ. राना

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** काकोरी ट्रेन एक्शन का शताब्दी वर्ष चल रहा है। काकोरी ट्रेन एक्शन की ऐतिहासिक घटना से इटावा जिले का गहरा संबंध रहा है। इतिहास और स्वाधीनता आंदोलन से सरोकार रखने वालों को इसकी जानकारी है लेकिन इटावा की नई पीढ़ी के हर व्यक्ति को भी अपने उस गौरवशाली अतीत की जानकारी होनी ही चाहिए। मसलन संयुक्त प्रांत में काकोरी ट्रेन एक्शन में तत्कालीन इटावा का क्या योगदान था? दरअसल काकोरी एक्शन में मुकुंदीलाल का नाम प्रमुखता से आता हैं जिन्हें चंद्रशेखर आजाद सरीखे उनके साथी 'भारतवीर' के नाम से बुलाते थे। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में भारतवीर मुकुंदीलाल ऐसे सूरमा हैं जिन्होंने हमें गुलामी की भंवर से निकालकर आजादी की सौगात दी। आकाश गंगा के तारे की तरह वह आज भी चमक रहे हैं। इटावा महोत्सव प्रदर्शनी पंडाल में आयोजित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सम्मेलन को संबोधित करते हुए चंबल संग्रहालय के महानिदेशक डॉ.शाह आलम राना ने उक्त बात कही। आगे उन्होंने कहा कि चंबल म्यूजियम में काकोरी केस से संबधित सभी फाइलें, पत्र, दस्तावेज संरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि औरैय (पूर्व में इटावा का हिस्सा)के रहने वाले मुकंदीलाल गुप्ता को 'भारतवीर' कहने की सबसे बड़ी वजह है कि उन्होंने सशस्त्र क्रांति की मशाल की लौ को कभी मद्धिम होने नहीं दिया। मुकुंदीलाल ने अपने गुरू गेंदालाल दीक्षित के साथ मिलकर संयुक्त प्रांत के कलेक्टर, सुपरिटेंडेंट सहित अंग्रेज भक्त अधिकारियों को एक ही दिन हमला करके मार डालने की गुप्त योजना बनाई थी। अगर यह एक्शन सफल होता तो इंग्लैण्ड तक तहलका मच जाता लेकिन दलपत सिंह की मुखबरी ने सब पानी फेर दिया। मुकुंदीलाल की गिरफ्तारी हुई, मैनपुरी षड्यंत्र केस चला और जेल में अमानवीय और असंख्य यातनाएं दी गई। वे अपने एक पत्र में लिखते हैं-'जेल से कुछ साथी भाग निकले, इसके बाद हम लोगों को बेड़ियों और हथकड़ियों के साथ बांध दिया जाता था। रात को 11बजे गिनती होती थी। उसी समय भंगी आता था जो कनस्तरों में पेशाब आदि करा ले जाता था। इसके अतिरिक्त यदि रात को पेशाब लगे तो तसलों में ही करना पड़ता था। सुबह को उन्हीं तसलों में खाना दिया जाता था। 'भारतवीर मैनपुरी केस की अमानवीय यंत्रणा भरी सजा पूरी काटकर निकले। फिर भी न कभी टूटे न हारे। फिरंगियों से देश को खदेड़ने के लिए तत्काल वे शचीन्द्रनाथ बख्शी के मार्फत हिन्दुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन में शामिल हो गए। हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन को चलाने का पूरा दारोमदार राम प्रसाद 'बिस्मिल' के कंधे पर आ गया था। सभी क्रांति केन्द्रों को संचालित करने में आर्थिक संकट आने लगा तब 25 दिसंबर 1924 को पीलीभीत जिले के बमरौली गांव में रईस बलदेव प्रसाद के घर डकैती डाली गई जो कि सूदखोरी और शक्कर की खाण्डसार का काम करते थे। फिर इसी जिले में 9 मार्च 1925 को बिचपुरी गांव में जमींदार टोटी कुर्मी के घर तथा 24 मई 1925 को प्रतापगढ़ जिले के द्वारकापुर गांव में शिवरतन बनिया के यहां डकैती डाली गई। राम प्रसाद 'बिस्मिल'के नेतृत्व में डाली गई डकैती में कुछ खास हाथ नहीं आया। पार्टी चलाने के लिए जहां पैसों की सख्त जरूरत थी वहीं बड़े पैमाने पर हथियार खरीदने के लिए काकोरी एक्शन का खाका तैयार कर लिया गया।


सनातन गर्व
महाकुम्भ पर्व
॥सर्वसिद्धिप्रदः कुम्भः॥
महाकुम्भ प्रयागराज
2025
दिव्य-भव्य-डिजिटल
एकता का महाकुम्भ
महाकुम्भ 2025 के लिए
प्रयागराज है तैयार
अलौकिक अनुभूति के लिए आएं महाकुम्भ नगर
• 4,000 हेक्टेयर में विस्तृत • 25 सेक्टर में सुव्यवस्थित • 1,850 हेक्टेयर में पार्किंग • 1,50,000 शौचालय • 1,60,000 सुसज्जित टेंट
• 67,000 एलईडी स्ट्रीट लाइट • 2 नए विद्युत सब स्टेशन • 66 नए विद्युत ट्रांसफॉर्मर • 2,000 सोलर हाइब्रिड स्ट्रीट लाइट
• 1,249 किमी पेयजल पाइपलाइन • 200 वाटर एटीएम • 85 नलकूपों की स्थापना • 7,000 बस का बेड़ा • 550 शटल बस का बेड़ा • 7 नए बस स्टॉप
• 30 पाण्टून ब्रिज (400 किमी में) • 9 पक्के घाटों की स्थापना • 7 रिवर फ्रंट रोड • 12 किमी में अस्थायी घाट • 14 नए फ्लाईओवर एवं अंडरपास
• 11 नए कॉरिडोर का विकास • 3,000 स्पेशल सहित 13,000 रेल गाड़ियां • प्रयागराज एयरपोर्ट पर नया टर्मिनल
स्वस्थ महाकुम्भ
• सरकारी/प्राइवेट अस्पतालों में 6,000 बेड तैयार
• मेला क्षेत्र में 43 अस्पताल, 381 चिकित्सक तैनात
• 125 रोड, 7 रिवर एवं एक एयर एम्बुलेंस तैनात
• शहर के अस्पतालों में अतिरिक्त 6,000 बेड आरक्षित
स्वच्छ महाकुम्भ
• 850 समूहों में 10,200 स्वच्छताकर्मियों की तैनाती
• स्वच्छता निगरानी के लिए 1,800 गंगादूतों की तैनाती
• 25,000 लाइनर बैगयुक्त डस्टबिन, 300 सक्शन गाड़ियां
• जीपीएस से लैस 120 टिपर-हापर और 40 कॉम्पेक्टर ट्रक
सुरक्षित महाकुम्भ
• 37,000 पुलिसकर्मी एवं 14,000 होमगार्ड की तैनाती
• 2,750 एआई बेस्ड सीसीटीवी एवं 80 वीएमडी टीवी स्क्रीन
• 3 जल पुलिस स्टेशन, 18 जल पुलिस कंट्रोल रूम, 50 फायर स्टेशन
• 50 फायर स्टेशन, 20 फायर पोस्ट, 50 वॉच टावर, 4,300 फायर हाइड्रेंट
प्रमुख आकर्षण
• श्रद्धालुओं-पर्यटकों की मदद के लिए ट्रैवल गाइड • मार्गदर्शन के लिए कुम्भ सहायक AI चैटबॉट
• मानसिक शांति के लिए बर्ड साउंड थेरेपी • देशभर के हस्तशिल्पियों/कारीगरों का संगम
• संगम में श्रद्धालुओं को बोट राइड की सुविधा • वेदों-पुराणों की कथा का बखान करते चौराहे
• सांस्कृतिक मंचों पर गायन/वादन/नृत्य प्रस्तुतियां • प्रत्येक दिशा में वाहन पार्किंग की उत्तम व्यवस्था
• प्रत्येक पॉइंट पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती • हाईवे के थानों पर भी चिकित्सा सुविधा
आकस्मिक सेवाएं
आवास एवं आहार
मेला प्रशासन
यूपी की उपलब्धियां
कुम्भ सहायक चैटबॉट हेतु QR कोड स्कैन करें
कुम्भ सहायक
वाट्सऐप नं. 8887847135
पर 'नमस्ते' भेजें
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश
UPGovtOfficial
CMOUttarpradesh
CMOfficeUP
mahakumbh_25/
upmahakumbh
MahaKumbh_2025
https://kumbh.gov.in/